सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 27.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-86 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 02 सितम्बर 2023
15 सफर, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

अवधनामा

www.avadhnama.com

Ideal Wedding Destination
LALBAGH
LAWN & BANQUET
Next To Nishat Hospital, Lalbagh, Lucknow
Bookings Open
Also Contact For Catering With
Muqim Price & Service Gaurantee
+91- 8004208938, 9161111102

इंडिया की कोऑर्डिनेशन कमेटी में 14 मेंबर होंगे, बैठक में 3 प्रस्ताव पास किए गए

हम डरने वाले नहीं: खड़गे

दल

- गठबंधन के लोगो पर नहीं बन पाई सहमति
- एक साथ लोकसभा चुनाव लड़ने का लिया संकल्प
- जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया थीम पर लड़ेंगे चुनाव

नई दिल्ली। विपक्षी गठबंधन इंडिया की तीसरी बैठक मुंबई में संपन्न हो गई है। तीसरी बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन करते हुए सभी राजनीतिक दलों के नेता मौजूद रहे। इस दौरान शिवसेना यूबीटी के उद्धव ठाकरे ने कहा कि हमारा गठबंधन लगातार मजबूत हो रहा है। हम एक साथ चुनाव लड़ने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम मित्र परिवारवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे। इसके साथ उन्होंने दावा किया कि इससे गठबंधन से भाजपा घबरा गई है। इंडिया गठबंधन की जीत जरूर होगी। उन्होंने कहा कि तानाशाही और भ्रष्टाचार के खिलाफ हम लड़ाई लड़ेंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि बैठक में कई पहलुओं पर चर्चा हुई। महंगाई बेरोजगारी के खिलाफ हमें लड़ना होगा। केंद्र सरकार पर हमला करते हुए उन्होंने कहा कि वह 100 रुपये बढ़ाते हैं और 2 रुपये कम करते हैं। केंद्र की सरकार गरीबों के खिलाफ काम करती है और उद्योगपतियों के साथ मिलकर चलती है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि हम डरने वाले नहीं। उन्होंने कहा कि सभी दलों ने इस बैठक का अच्छे से संचालन किया। पहले मेरे आवास पर बातचीत के दौरान गठबंधन की रूपरेखा बनी, पटना की बैठक में एजेंडा तय हुआ और अब मुंबई में सभी ने एक-दूसरे के सामने अपनी बात रखी है. सबका एक ही लक्ष्य है- बेरोजगारी और बढ़ती ईंधन की कीमतों और एलपीजी सिलेंडर की कीमतों से कैसे लड़ें? उन्होंने (भाजपा) पहले कीमतें बढ़ाई और कीमतों में मामूली कमी की मैं कह सकता हूं कि मोदी जी कभी गरीबों के लिए काम नहीं करेंगे। कल राहुल गांधी ने एक रिपोर्ट दिखाई कि कैसे अडानी की आमदनी बढ़ गई है। शिव सेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने कहा कि आज भारत की पार्टियों ने तीन प्रस्ताव पारित किये।

कॉर्डिनेशन कमेटी में यह नाम

शिवसेना (एम) सांसद संजय राउत ने 14 सदस्यीय समन्वय समिति (कॉर्डिनेशन कमेटी) के नामों की घोषणा की - के.सी. वेणुगोपाल (कांग्रेस), शरद पवार (एनसीपी), टीआर बालू (डीएमके), हेमंत सोरेन (जेएमएम), संजय राउत (शिवसेना-उद्धव गुट) , तेजस्वी यादव (राजद), अभिषेक बनर्जी (टीएमसी), राघव चड्ढा (आप), जावेद अली खान (सपा), ललन सिंह (जेडीयू), डी राजा (सीपीआई), उमर अब्दुल्ला (नेशनल कॉन्फ्रेंस), महबूबा मुफ्ती (पीडीपी), सीपीआई (एम) से एक और सदस्य की भी घोषणा की जाएगी।

इसरो वैज्ञानिकों ने मंदिर पहुंचकर लिया भगवान का आशीर्वाद

- सुबह 11.50 बजे श्रीहरिकोटा से लॉन्च होगा आदित्य एल-1

बंगलुरू। इसरो का सूर्य मिशन आदित्य-एल1 लॉन्चिंग के लिए तैयार है। लॉन्चिंग की लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और अगर सबकुछ सही रहा तो शनिवार यानी दो सितंबर को सुबह करीब 11.50 बजे आदित्य-एल1 को लॉन्च कर दिया जाएगा। भारत के पहले सौर मिशन की लॉन्चिंग से पहले इसरो के वैज्ञानिकों ने भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन कर उनका आशीर्वाद लिया। इसरो के वैज्ञानिकों की एक टीम आदित्य-एल1 के एक छोटे मॉडल के साथ आंध्र प्रदेश स्थित तिरुमाला श्री वेंकटेश्वर मंदिर दर्शन करने पहुंचे। आदित्य-एल1 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्पेस पोर्ट से लॉन्च किया जाएगा। इसरो के पहले सौर मिशन से पहले भारतीय अंतरिक्ष संगठन के चीफ एस सोमनाथ भगवान का आशीर्वाद लेने मंदिर पहुंचे। एस सोमनाथ ने तिरुपति जिले के चेंगालम्मा परमेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना की और मिशन की सफलता के लिए प्रार्थना की। पूजा अर्चना के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आदित्य एल1 की उल्टी गिनती शुरू हो गई है और इसे कल सुबह करीब 11.50 बजे लॉन्च किया जाएगा। आदित्य एल1 सैटेलाइट सूरज का अध्ययन करेगी। एल1 पॉइंट तक पहुंचने में इसे 125 दिन का समय लगेगा।

धीरेंद्र ओझा ने केंद्रीय संचार ब्यूरो के महानिदेशक का पदभार संभाला

नई दिल्ली। 1990 बैच के भारतीय सूचना सेवा अधिकारी धीरेंद्र ओझा ने केंद्रीय संचार ब्यूरो के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया। वह मनीष देसाई का स्थान लेंगे, जिन्हें पीआईबी में प्रधान महानिदेशक के रूप में स्थानांतरित किया गया है। इस कार्यभार से पहले, श्री ओझा एनएमडब्ल्यू और ईएमएमसी के अतिरिक्त प्रभार के साथ प्रेस रजिस्ट्रार, आरएनआई, नई दिल्ली के रूप में कार्यरत थे। वह एनएमडब्ल्यू और ईएमएमसी का अतिरिक्त प्रभार संभालते रहेंगे। अपने तीन दशक से अधिक के करियर के दौरान, श्री ओझा ने भारत के चुनाव आयोग में निदेशक और महानिदेशक और दुबई में विशेष संवाददाता सहित विभिन्न कार्यभार संभाले हैं।

उन्होंने विभिन्न पदों पर दूरदर्शन

18 जिलों में अटल आवासीय विद्यालय योजना शुरू

श्रमिक राष्ट्र का निर्माता: सीएम योगी

तोहफा

- अब 57 जिलों में भी की जाएगी शुरुआत

लखनऊ। भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न से सम्मानित अटल बिहारी वाजपेयी का सपना था कि देश के निम्न आय वर्ग के लोगों तक भी वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर्स और सुविधाओं तक पहुंच हो।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा व अंत्योदय की प्रेरणा को साकार करने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश में 18 अटल आवासीय विद्यालयों की शुरुआत की जा रही है। यह विद्यालय न केवल श्रमिकों, निराश्रितों व वंचित वर्ग के बच्चों के लिए शिक्षा का सपना साकार करने वाला कदम होगा बल्कि गुरुकुल परंपरा के मूल्यों को साथ लेकर भारतीय मूल्यों का संवर्धन कर युवाओं की एक ऐसी पौध विकसित करेगा जो पूरी दुनिया में भारत के सच्चे मूल्यों के ध्वजवाहक बनेंगे। यह बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन सभागार में आयोजित अटल आवासीय विद्यालय गुरूवार्ता संगम कार्यक्रम में टीचरों व स्टूडेंट्स् से संवाद करते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि फिलहाल प्रदेश के 18 संभागों में 6वीं से 12 क्लास के मध्य सीबीएसई पैटर्न पर संचालित होने वाले 12 से 15 एकड़ में फैले वर्ल्ड क्लास फैसिलिटीज युक्त अटल आवासीय विद्यालय न केवल स्टूडेंट्स के कौशल विकास का केंद्र बनेंगे, बल्कि देश की उन्नति में योगदान देने वाले श्रमिकों, वंचितों व निराश्रितों के बच्चों के लिए शिक्षा के साथ ही समेकित विकास का मार्ग प्रशस्त करेंगे। इसे अब जल्द ही 57 जिलों में भी शुरू किए जाने की तैयारी है। इस अवसर पर सीएम योगी ने अटल आवासीय विद्यालय के लिए चयनित स्टूडेंट्स को स्कूली किट वितरित करते हुए उन्हें व्यक्तिगत तौर पर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। सीएम योगी ने कार्यक्रम में 18 अटल आवासीय विद्यालयों के प्रिंसिपल्स, 130 चयनित टीचर्स, 137 आउटसोर्सिंग स्टाफ व 848 एमटीएएस समेत कनिष्ठ कार्मिकों को संबोधित करते हुए कहा कि कोरोना काल मे जिन बच्चों ने अभिभावकों को खोया है उनके लिए हमने बाल सेवा योजना शुरू की। उन्हे भी इसमें प्रवेश का लाभ दिया जायेगा। अटल जी कहा करते थे कि आदमी न बड़ा होता है, न छोटा होता है, आदमी सिर्फ आदमी होता है। श्रमिक राष्ट्र का निर्माता है। वह अपनी मेहनत पसीने से राष्ट्र के निर्माण मे सहयोग देता है, लेकिन उसकी जिंदगी खानाबदोश होती है। आज यहां, कल कही और होगा, उसके पीछे उसके बच्चे भी ऐसे ही सफर करते हैं। इन्हीं बच्चों के लिए ये अटल आवासीय विद्यालय हैं।

यूपी में आईएएस अधिकारियों के तबादले, 9 जिलों के डीएम बदले

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को नौ जिलों के डीएम बदल दिए। ये बदलाव आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर भी किया गया है, क्योंकि चुनाव आयोग तीन साल का कार्यकाल पूरा कर चुके अधिकारियों को हटाने के सामान्य निर्देश देता है। इसलिए उन आईएएस अधिकारियों के जिले भी बदल दिए गए हैं, जिन्हें मार्च 2024 में वहां करीब तीन साल पूरे हो जाते।

ललितपुर के डीएम आलोक सिंह को कानपुर देहात का डीएम बनाया गया है। बिजनौर के डीएम उमेश मिश्रा को कुशीनगर और रामपुर के डीएम रवींद्र कुमार मंदर को बिजनौर का डीएम बनाया गया है। एटा के डीएम अंकित कुमार अग्रवाल को रामपुर का डीएम और भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के सीईओ प्रेम रंजन सिंह को एटा का डीएम बनाया गया है। बस्ती की डीएम प्रियंका निरंजन को मीरजापुर का डीएम बनाया गया है। उनके स्थान पर मीरजापुर की डीएम दिव्या मित्तल को बस्ती भेजा गया है। गोरखपुर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तवर को संतकबीरनगर का डीएम बनाया गया है। विशेष सचिव आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स अक्षय त्रिपाठी को ललितपुर का डीएम बनाया गया है। अक्षय त्रिपाठी 25 जून 2022 को लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष के पद से हटाया गया था, तब से उनकी तैनाती अपेक्षाकृत कम महत्व के पद पर चल रही थी। यूपी में कई आईएएस अफसरों के तबादले किए गए हैं। सुभाष चन्द्र शर्मा को प्रमुख सचिव पिछड़ा वर्ग कल्याण बनाया गया है। वह साल 1996 बैच के हैं। इसी प्रकार नरेंद्र भूषण को प्रमुख सचिव विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। वह 1992 बैच के ऑफिसर हैं। इसके अलावा राज्य सरकार ने 1987 बैच के आईएएस अधिकारी हेमंत राव को राजस्व परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया है। परिषद के अध्यक्ष संजीव मित्तल 30 अगस्त को सेवानिवृत्त हो गए थे। यूपी के 16 उप जिलाधिकारी रैंक के अधिकारियों को समयमान वेतनमान दे दिया गया है।

दिल्ली में तीन दिन का 'लॉकडाउन'

एडवाइजरी

- दिल्ली में तीन दिन नो एंट्री रहेगी
- भारी वाहनों के रूट डायवर्ट, वर्क फ्रॉम होम की सलाह

नई दिल्ली। दिल्ली में होने वाली जी-20 की बैठक को लेकर साइबर सिटी में तैयारियां जोरों पर हैं। बैठक के मद्देनजर ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। 7 सितंबर की रात 12 बजे से 10 सितंबर की रात 12 बजे तक दिल्ली में बड़े वाहनों की नो एंट्री रहेगी। यह पाबंदी धौला कुआं रूट पर होगी।

इस रूट पर न केवल भारी वाहन, बल्कि बसों को भी दिल्ली में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। वाहनों के लिए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू कर दिया गया है। इसके अलावा इस रूट पर निजी वाहनों से जाने वालों को भी उस वक्त रोका जाएगा जब विदेशी डेलीगेट्स की मूवमेंट होगी। डीसीपी ट्रैफिक विरेंद्र विज ने बताया कि दिल्ली में मुख्य कार्यक्रम 9 सितंबर को है, जबकि 8 सितंबर से डेलीगेट्स का दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचना शुरू हो जाएगा। वहीं कुछ डेलीगेट्स होटल लीला व ट्राइडेंट होटल में ठहरेंगे। ऐसे में यहां भी वाहनों की मूवमेंट रोकी जाएगी, जिसके चलते वाहन चालकों को परेशान होना पड़ सकता है।

मणिपुर में जरूरत पड़े तो हेलिकॉप्टर से करें जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। मणिपुर लंबे जातीय संघर्ष से जूझ रहा है, ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को केंद्र और राज्य सरकार से लोगों के लिए भोजन, दवाएं उपलब्ध कराने के इंतजाम करने को कहा है। शीर्ष कोर्ट ने कहा कि राज्य के कुछ क्षेत्रों में आर्थिक नाकेबंदी का सामना कर रहे लोगों को भोजन और दवाओं जैसी बुनियादी वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने राज्य सरकार से इससे निपटने के लिए सभी विकल्प तलाशने का भी निर्देश दिया। अदालत ने कहा कि जरूरत पड़ने पर हेलिकॉप्टर से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जाए। इससे पहले, मामले के मानवीय पहलुओं से निपटने के लिए सुप्रीम कोर्ट की तरफ से गठित न्यायाधीशों की समिति की ओर से पेश वरिष्ठ वकील मीनाक्षी अरोड़ा ने पीठ को दो मुद्दों की जानकारी दी थी। समिति की तरफ से बताया गया कि मणिपुर के मोरेह क्षेत्र में नाकाबंदी के कारण लोग खाने-पीने की सामान्य चीजों से वंचित हैं। दूसरा, कुछ राहत शिविरों में खसरा और चिकनपॉक्स का प्रकोप है। शुरुआत में सीजेआई ने अरोड़ा से पूछा कि समिति सीधे सरकार तक पहुंचने की बजाय अदालत के सामने क्यों पेश हो रही है। इसके बाद सीजेआई ने सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता को समिति में नियुक्त नोडल अधिकारियों का औपचारिक नोटिस भेजने का निर्देश दिया ताकि समिति सीधे सरकार तक पहुंच सके। इस पर प्रतिवादियों की ओर से उपस्थित वरिष्ठ वकील जयदीप गुप्ता ने हस्तक्षेप किया और कहा कि जब नाकेबंदी की बात आई तो समिति कुछ नहीं कर सकी।

जमीनी हकीकत का मूल्यांकन करे सरकार

सीजेआई ने कहा कि नाकाबंदी एक जटिल और संवेदनशील मुद्दा है जिस पर सावधानीपूर्वक के साथ विचार करने की जरूरत है क्योंकि ये नाकाबंदी अक्सर स्थानीय लोगों या समूहों की तरफ से की जाती है। उन्होंने कहा कि सरकार को जमीनी हकीकत का मूल्यांकन करने के बाद स्थिति से निपटने के लिए उचित कदम उठाने चाहिए। एक अन्य वकील ने अदालत से इस बात पर ध्यान देने का आग्रह किया कि इस तरह की नाकाबंदी न केवल मोरेह बल्कि राष्ट्रीय राजमार्ग-2 (जो दीमापुर से इंफाल तक चलती है) सहित अन्य क्षेत्रों को भी प्रभावित कर रही है। इसके बाद ही पीठ ने केंद्र और मणिपुर सरकार को आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति और वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

अपने समाज को आगे बढ़ाएं: द्रौपदी मुर्मू

संवाद

- राष्ट्रपति ने संरक्षित जनजातियों के छात्रों से मुलाकात की

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को विशेष संरक्षित जनजातियों के विद्यार्थियों से कहा कि वह अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करते हुए आगे बढ़ें और अपने समाज को भी आगे बढ़ाएं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

राष्ट्रपति ने अपने छत्तीसगढ़ प्रवास के दूसरे दिन राजभवन में विशेष संरक्षित जनजातियों के विद्यार्थियों और अन्य सदस्यों से मुलाकात की और उनसे संवाद किया। इस अवसर पर राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मौजूद थे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने राज्य की विशेष रूप से संरक्षित जनजातियों बैगा, पहाड़ी कोरवा, कमार, बिरहोर और अबूझमाड़िया जनजाति के सदस्यों से संवाद करते हुए कहा कि जब भी वे देश में भ्रमण करती हैं तो वहां विशेष संरक्षित जनजाति के सदस्यों से अवश्य मिलती हैं। उन्होंने कहा, ''हम जानते है कि वे शैक्षणिक एवं सामाजिक-आर्थिक रूप से पिछड़े हैं। समाज में जो कमजोर है उन्हें प्रोत्साहित करना चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा, ''आज हमारा देश चंद्रमा तक पहुंच गया है।

मुख्तार अंसारी के साले सहित गैंग के सात अपराधियों का बदला गया जेल

अवधनामा संवाददाता

गाजीपुर। माफिया मुख्तार अंसारी के साथ-साथ रिश्तेदारों और गुर्गों पर शासन का शिकंजा कसना शुरू हो गया है। एक सप्ताह के अंदर मुख्तार के साले सहित सात शातिर अपराधियों और सजायाफ्ता को प्रदेश के विभिन्न जनपदों के कारागार में भेजा गया है। ऐसे में किसी को कानपुर तो किसी को सोनभद्र और जिला कारागार इटावा के लिए रवाना किया गया है।

अब भी जिला कारागार के विभिन्न बैरकों में करीब छह की संख्या में माफिया के खास बंद हैं। शासन द्वारा बीते 21 अगस्त की देर शाम आए फरमान के बाद जेल प्रशासन ने दूसरे दिन 22 अगस्त की सुबह तक मुख्तार के पांच गुर्गों का जेल स्थानांतरण कर दिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से मुख्तार के करीबियों में खलबली मच गई है। मुख्तार के साले अनवर शहजाद को जिला कारागार से सोनभद्र जेल, अमित राय को कानपुर देहात जेल, जफर उर्फ चंदा को संतकबीर नगर जेल भेजा गया है। इसके अलावा सरफराज उर्फ मुन्नी बस्ती जेल, जाकिर हुसैन उर्फ विक्की को जिला कारागार से जलौन- उरई जेल स्थानांतरित किया गया। कड़ी सुरक्षा के बीच इन्हें विभिन्न कारागार के लिए ले जाया गया। वहीं मुख्तार के गुरु हरिहर एवं गुर्गे भीम सिंह को भी अन्यत्र जनपदों के कारागार भेज दिया गया। दोनों सजायाफ्ता हैं। अस्सी के दशक में सैदपुर और करंडा सहित जिले के कई इलाकों में दहशत के पर्याय बने हुए थे। दोनों सरगना वर्तमान में आजीवन कारावास की सजा भुगत रहे हैं। कुख्यात अपराधी भीम सिंह को अवधेश राय हत्याकांड में आजीवन कारावास की सजा हुई थी। जबकि सैदपुर कोतवाली के मुड़ियार गांव निवासी रमपत सिंह हत्याकांड में हरिहर सिंह को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। बीते 28 अगस्त को शासन के निर्देश पर दोनों कैदियों को बीते 29 अगस्त को कड़ी सुरक्षा के बीच इटावा जिला कारागार ले जाया गया। अभी भी मुख्तार के करीब पांच से छह खास गुर्गे जिला कारागार में बंद हैं। इस संबंध में डिप्टी जेलर रविंद्र यादव ने बताया कि शासन के निर्देश कार्रवाई हुई है।

भारतीय मूल के थर्मन शनमुगरत्नम चुने गए नौवें राष्ट्रपति

सिंगापुर। सिंगापुर में जन्मे भारतीय मूल के पूर्व मंत्री थर्मन शनमुगरत्नम सिंगापुर के नए राष्ट्रपति चुन लिए गए हैं। उन्होंने 70.4 प्रतिशत वोट के साथ देश की राष्ट्रपति पद की दौड़ में जीत हासिल की। सिंगापुर के चुनाव विभाग ने इस बारे में जानकारी दी। बता दें कि सिंगापुर में एक दशक से भी अधिक समय बाद देश के नौवें राष्ट्रपति चुनाव के लिए शुक्रवार को मतदान किया गया। इस चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबला बताया जा रहा था। त्रिकोणीय मुकाबले में थर्मन के अलावा देश के नौवें राष्ट्रपति की दौड़ में दो अन्य उम्मीदवार सिंगापुर सरकार इन्वेस्टमेंट कॉर्प (जीआईसी) के पूर्व मुख्य निवेश अधिकारी एनजी कोक सोंग और देश के स्वामित्व वाली संघ-आधारित बीमा समूह एनटीयूसी इनकम के पूर्व प्रमुख टैन किन लियान शामिल थे। बता दें कि निवर्तमान राष्ट्रपति हलीमा याकूब का छह साल का कार्यकाल 13 सितंबर को समाप्त होगा।

जया वर्मा सिन्हा बनीं रेलवे बोर्ड की पहली महिला अध्यक्ष

मंजूरी

- 1988 बैच के रेलवे यातायात सेवा की अधिकारी हैं सिन्हा
- बालासोर हादसे के दौरान जनता व सरकार के बीच सेतु थीं जया

नई दिल्ली। जया वर्मा सिन्हा ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ के रूप में कार्यभार संभाला। वह भारतीय रेलवे और रेलवे बोर्ड के 166 साल के इतिहास में यह पद संभालने वाली पहली महिला हैं। रेलवे यातायात सेवा की वरिष्ठ अधिकारी जया वर्मा सिन्हा ने शुक्रवार को रेलवे बोर्ड की पहली महिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाल लिया।

1988 बैच की भारतीय रेलवे यातायात सेवा की अधिकारी, सिन्हा वर्तमान में रेलवे बोर्ड के सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास) के रूप में काम कर रही हैं। वह ऐसे समय में बोर्ड का प्रभार संभालेंगी जब भारतीय रेलवे को केंद्र सरकार से रिकॉर्ड बजटीय आवंटन प्राप्त हुआ है। केंद्रीय बजट 2023-24 में भारतीय रेलवे को 2.74 लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत परिव्यय आवंटित किया गया है। यह राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर को किया गया अब तक का सबसे अधिक आवंटन है। वित्त वर्ष 2022-23 में रेलवे के लिए 1.37 लाख करोड़ रुपये का सकल बजटीय आवंटन किया गया था। रेलवे बोर्ड की पहली महिला मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और अध्यक्ष के पद पर नियुक्त की गई जया वर्मा सिन्हा ने हाल ही में हुए बालासोर हादसे के दौरान रेलवे की ओर से बतौर सदस्य (संचालन और व्यवसाय विकास) मीडिया से बातचीत में अहम भूमिका निभाई थी और जटिल सिग्नल प्रणाली के बारे में विस्तार से समझाया था। इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पढ़ीं जया ने चार वर्षों तक बांग्लादेश के ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग में रेलवे सलाहकार के रूप में भी काम किया। बांग्लादेश में उनके कार्यकाल के दौरान कोलकाता से ढाका तक मैत्री एक्सप्रेस का उद्घाटन किया गया था। उन्होंने पूर्वी रेलवे, सियालदह डिवीजन के मंडल रेल प्रबंधक के रूप में भी काम किया। जया वर्मा सिन्हा का संगम नगरी से गहरा रिश्ता रहा। प्रयागराज में ही उनका जन्म हुआ। स्कूली शिक्षा से लेकर स्नातक एवं परास्नातक भी उन्होंने प्रयागराज से ही किया। उनके पिता वीबी वर्मा सीएजी ऑफिस में क्लास वन अफसर रहे। इसी तरह उनके बड़े भाई जयदीप वर्मा भी यूपी रोडवेज में क्लास वन अफसर रहे।

कन्या भोज करवा कर किया गया कांवरिया स्वागत समारोह एवं कांवरिया हेल्पलाइन कार्यक्रम का समापन

अवधनामा संवाददाता

मोहम्मदी-खीरी। कांवरिया स्वागत समारोह एवं कांवरिया हेल्पलाइन कार्यक्रम का समापन कन्या भोज करवा कर किया गया। 17वां कांवरिया स्वागत समारोह कांवरिया हेल्पलाइन के आयोजक समाजसेवी शिवम राठौर ने बताया साठ दिवसीय कार्यक्रम में इस बार हर बार का रिकार्ड मेले का टूटा है भण्डारे में लाखों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया है। सफलता पूर्वक भण्डारे का पूरा श्रेय बाबा को समर्पित कर रहा हूं। सफल आयोजन संपन्न होने पर 101 कन्याओं को कन्या भोज कराकर कार्यक्रम का समापन के दौरान कन्याओं पर पुष्प वर्षा क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों द्वारा की गई। गोला मोहम्मदी मार्ग पर कांवरियों के किसी भी प्रकार की समस्याओं को लेकर सुविधा के लिए 10 किलोमीटर की परिधि में फ्लेक्स लगाए गए थे। कांवरिया हेल्पलाइन के द्वारा कांवरियों द्वारा लगाए गए फ्लेक्स पर सूचना मिलने पर तत्काल प्रभाव से उनको सुविधा उपलब्ध कराई गई जिसमें 11 ट्रैक्टर, 23 गाड़ियों के पंचर 20 मोटरसाइकिलों की मरम्मत, 6 जनरेटर की मरम्मत, तीन साइकिल मरम्मत सहित सैकड़ो कांवरियों को निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया, पण्डित चंद्रभाल मिश्र, संजीव मेहरोत्रा, ठाकुर दिनेश सक्सेना, प्रदीप वर्मा पप्पू, मनोज गुप्ता, गोविन्द गुप्ता, रजनी सैनी, सुशील वर्मा, सभासद राम सिंह, उर्मिला देवी, बिजेंदर, उदय प्रताप, लक्ष्मी कुशवाहा, आशीष, मोनू, करन राठौर, पुनीत बाजपेई, नीरज राठौर, अनूप, शिवम सिंह, अमन राठौर, नंदू राठौर, नन्हे, आनंद, संदीप मिश्रा, अर्जुन राठौर, अश्विनी कश्यप, बबलू, अश्वनी राजपूत सहित कार्यक्रम के सहयोगी मौजूद रहे।

बाइक सवार युवक पर तेंदुए ने किया हमला

अवधनामा संवाददाता

लखीमपुर खीरी। वन रेंज गोला क्षेत्र में जमुनाबाद फार्म के निकट शारदा ब्रांच नहर की पटरी पर जा रहे बाइक सवार पर तेंदुए ने अचानक हमला कर दिया। हमले में घायल युवक को गोला सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है शुक्रवार दोपहर बक्खारी गांव निवासी 34 वर्षीय प्रमोद कुमार बाइक से नहर के निकट तालाब में मछली पकड़ रहे अपने एक रिश्तेदार को खाना देने जा रहा था। जैसे ही वह बाइक से जमुनाबाद फार्म के किनारे बड़ी नहर की पटरी पर झाल के पास पहुंचा, तभी झाड़ियों में छिपे बैठे तेंदुए ने उसे पर छलांग लगा दी तेंदुआ उसकी गर्दन से पकड़कर झाड़ियां की ओर खींचने लगा। इसी दौरान पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ट्रॉली पर सवार लोग शोर मचाने लगे। इससे तेंदुआ प्रमोद को छोड़कर झाड़ियों में घुस गया। लोगों ने घायल प्रमोद को 108 एंबुलेंस से गोला सीएचसी में भर्ती कराया। सूचना पर वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और जानकारी हासिल की। उन्होंने ग्रामीणों से खेतों में टोली बनाकर जाने को कहा है उपचार के बाद प्रमोद को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

10000/रू0 का ईनामिया वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना खमरिया पुलिस द्वारा मु0अ0स0 163/2023 धारा 2(ख)1/3 यू0पी0 गैंगेस्टर एक्ट के वांछित 10000/रू0 के ईनामिया व थाना के टॉप 10 अभियुक्तो की सूची मे सूचीबद्ध अभियुक्त छोटे लाल भार्गव पुत्र ज्ञानी भार्गव निवासी ग्राम ईश्वारा थाना खमरिया जिला खीरी को बेहटा चौराहा से एक अदद अवैध तमन्चा 315 बोर व कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया, बरामदगी / गिरफ्तारी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 172/2023 धारा 3/25 पंजीकृत किया गया, आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है ।

किसान का शव बरादम

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के पूरे बाबूजी मजरे जमुरवां गांव के रहने वाले एक 45 वर्षीय किसान अपने खेतों की तरफ जाने की बात घर से कहकर निकला और संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया और जब देर शाम तक घर नहीं पहुंचा तो घर वालों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी और नाते रिश्तेदारी सहित आसपास रात भर खोजबीन करते रहे सुबह भी उसका कहीं अता-पता नहीं चला तो परिजनों ने एक लिखित सूचना कोतवाली पुलिस को दी तहरीर के आधार पर पुलिस भी ग्रामीणों के साथ लापता किसान की तलाश शुरू की तो उसका शव अतरेहटा गांव के पास से नैय्या नाले में बरामद हुआ है, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बता दें कि पूरे बाबूजी मजरे जमुरवा का रहने वाला राम सुमिरन 45 पुत्र गुरु प्रसाद बीते बृहस्पतिवार को दोपहर में घर से खेतों की तरफ जाने की बात कह कर निकला था और देर शाम तक घर नहीं पहुंचा। परिजनों सहित ग्रामीणों द्वारा उसकी खोजबीन शुरू की गई किंतु कहीं उसका अता पता नहीं चल पाया सुबह भी जब कहीं उसका पता नहीं चला तो परिजनों ने मामले की जानकारी कोतवाली पुलिस को दी पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से उसकी तलाश शुरू की तो उसका शव अतरेहटा गांव के पास से महराजगंज नैय्या नाले में बरामद हो गया।

जिला कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता

रायबरेली। सहकारिता आंदोलन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने हेतु जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला को ऑपरेटिव डेवलपमेंट कमेटी की बैठक बचत भवन सभागार में हुई। इस बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बी-पैक्स की आदर्श और बहुउद्देशीय एवं बहुआयामी स्तर को अपनाये जाने की प्रगति पर समीक्षा की गयी। बी-पैक्स बहुउद्देशीय ग्रामीण सहकारी समितियों के खोले जाने की योजनाएं है। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में नए बहुउद्देशी पैक्स/प्राथमिक डेयरी/मत्स्य पालन सहकारी समितियां गठित करने का लक्ष्य पूरा किया जाए। साथ ही जनपद में एफपीओ का गठन करके उन्हें मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि बि-पैक्स गैस एजेंसी, रिटेल पेट्रोल एवं डीजल आउटलेट इत्यादि खोलने के लिए अधिकृत है। योजना का लाभ देने के लिए पैक्स को चयनित किया जाए। उन्होंने कहा कि साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में जन औषधि केंद्र खोले जाएं और प्रधानमंत्री किसान समृद्धि केंद्र प्रारंभ करके उसे प्रोत्साहित किया जाए। पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत पंचायत स्तर पर हरित ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाए।

इसके संबंध में एआर कोऑपरेटिव सुरेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि जनपद में बी-पैक्स की आदर्श उपविधियों को अपना लिया गया है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 37 बी- पैक्स के सापेक्ष 37 में हार्डवेयर उपलब्ध कराए जा चुका है तथा इंस्टॉलेशन भी कर लिया गया है। एआर कोऑपरेटिव ने जिलाधिकारी को बताया कि विकेन्द्रीकृत खाद्यान्न भंडारण योजना में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बी-पैक्स के चयन की प्रक्रिया चल रही है। क्रियान्वयन एजेंसी द्वारा चयनित एफपीओ से समझौता कराया जा चुका है और गैस एजेंसी, रिटेल पेट्रोल एवं डीजल आउटलेट इत्यादि खोलने के प्रस्ताव पर बोर्ड से जवाब मांगा गया है। बी-पैक्स में जन औषधि मऊ, उमरन, गौरा, हरदो,शिवगढ़, मीठापुर बढ़या में खोले जाने का प्रस्ताव है। 160 पैक्स उर्वरक ऋण वितरण का कार्य किया जा रहा है। पीएम कुसुम योजना के अंतर्गत विकासखंड डलमऊ की घुरवारा बी-पैक्स एक किलोवाट का सोलर पैनल लगा है जिससे कंप्यूटर एवं अन्य उपकरण संचालित होते हैं।

2 अपराधियों के विरूद्ध गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई

सीतापुर। मानपुर थाना पुलिस ने दो अपराधियों पर गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। दोनों शातिर अपराधी बताए जा रहे है। मानपुर थाना पुलिस ने रफाकत पुत्र मुन्ना खाँ निवासी बखरिया थाना मानपुर व रोहित निषाद पुत्र विशम्भर निवासी शीतलपुरवा थाना लहरपुर के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की है। पुलिस का कहना है कि दोनों शातिर एवं अभ्यस्त किस्म के अपराधी हैं। जिनके विरुद्ध चोरी, नकबजनी, अवैध मादक पदार्थ, शराब, शस्त्र रखने जैसे अपराधों के संबंध में करीब डेढ़ दर्जन से अधिक अभियोग पंजीकृत है। पुलिस का कहना है कि रोहित वर्तमान समय में जेल में निरुद्ध है। इन अपराधियों की अपराध से अर्जित सम्पत्ति के सम्बन्ध में सूचना एकत्र की जा रही है। जिसके बाद संबंधित संपत्ति की जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी।

दहेज की लिए तलाक बोलकर घर से निकाला, मामला दर्ज

पीड़िता का मोबाइल भी तोड़ डाला

अवधनामा संवाददाता

शाहाबाद/हरदोई। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी चांद खां निवासी एक विवाहिता ने अपने पति सहित दस ससुराली जनों पर दहेज में दो लाख की नकदी और बुलेट मोटरसाइकिल की मांग पूरी न होने पर पीटने और तलाक देकर घर से निकाल देने का मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शाहाबाद कोतवाली के ग्राम गढ़ी चांद खां निवासी इल्मा पुत्री गुलफाम खां के अनुसार 15 अगस्त 2021 को जनपद शाहजहांपुर के थाना कांट के ग्राम इकनौरा निवासी मोहतजिम पुत्र अखलाक हुसैन के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के साथ संपन्न हुआ था। बकौल इल्मा उसके पिता ने अपनी हैसियत के हिसाब से विवाह में दहेज भी दिया लेकिन जब वह ससुराल पहुंची तो उसके ससुरालीजन दहेज में बुलेट मोटरसाइकिल, दो लाख की नगदी एवं एक सोने की चेन की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे और अक्सर ताने देकर उसकी पिटाई की जाती थी। इल्मा के अनुसार 8 अगस्त 2023 को रात्रि लगभग 10:00 बजे दहेज की मांग को लेकर इल्मा को उसके पति, सास, ननंद, ननदोई और पति के दोस्त ने पीटा उसके बाद पति ने तीन बार तलाक बोलकर उसे कमरे में बंद कर दिया।

मोबाइल में रिकॉर्डिंग होने की वजह से इल्मा का मोबाइल भी तोड़ डाला गया । जब वह कमरे से निकली तो उसने पूरी दास्तान अपने पिता को बताई। 17 अगस्त को इल्मा के पिता उसकी ससुराल पहुंचे तो इल्मा को सारे कपड़े और जेवर रखकर उसके पिता के साथ भेज दिया गया। इल्मा ने शाहाबाद कोतवाली में पति मोहतशिम, सास हमीदा बेगम, ननद मारिया पुत्री अखलाक, जेठ मुस्तकीम, चचेरे भाई ओवैस पुत्र एख्तेदार हुसैन, पति का दोस्त तैयब पुत्र जाहिद, ननद अजरा,खतीजा ननदोई आरिफ और खालिद के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है । प्रभारी निरीक्षक डीके सिंह ने बताया तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक की मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मौत

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला परिवार प्रबोधन प्रमुख एवं बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक रमेश अवस्थी (62) का लखनऊ मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। यह सूचना पाते ही संघ परिवार से जुड़े लोगों में गहरा अशोक व्याप्त हो गया। उनके पार्थिव शरीर को महराजगंज लाया गया, तो हजारों की तादात में लोग उमड़ पड़े और नम् आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

आपको बता दें कि, मृदुल स्वभाव के धनी सामाजिक कार्यकर्ता एवं नगर पंचायत महराजगंज के पूर्व नामित सभासद रमेश अवस्थी की गणना क्षेत्र के विशिष्ट लोगों में की जाती रही है। वर्तमान में उनकी पत्नी सुधा अवस्थी भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष भी हैं। श्री अवस्थी अपने कार्यों की वजह से हर कार्यक्रमों में मौजूद मिलते थे। पिछले 15 दिनों पहले उनकी तबीयत खराब हुई, कई अस्पतालों में दिखाने के बाद उन्हें किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ में भर्ती कराया गया, जहां आईसीयू में उन्हें रखा गया था। इलाज के दौरान बृहस्पतिवार की रात लगभग 11:52 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। यह खबर जब महराजगंज पहुंची तो शोक की लहर व्याप्त हो गई। प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह के अलावा आरएसएस के विभाग संयोजक संजय सिंह के साथ-साथ भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव पाल, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप यादव, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभात साहू, भाजपा नगर अध्यक्ष सूर्य प्रकाश वर्मा, महराजगंज बार एसोसिएशन महराजगंज के अध्यक्ष विद्यासागर अवस्थी, महामंत्री पंकज श्रीवास्तव, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव, भूपेश मिश्रा सहित सैकड़ो लोगों ने उनकी अंतिम क्रिया में भाग लिया, और गहरा शोक जताया।

विवाहिता की चारा चरा रहे लोगों ने बचाई जान

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। रक्षाबंधन पर अपने मायके गई 19 वर्षीया विवाहिता ने उस समय नैय्या नाला के पुल से पानी में छलांग लगा दी, जबकि उसका पति उसे मायके से विदा करा कर ससुराल लाने के लिए गया था। यह देख आसपास मौजूद लोग हतप्रभ रह गए। लेकिन जैसे ही वह पानी में डूब पाती जानवर चरा रहे लोगों ने पानी में कूद कर उसको डूबने से बचा लिया, और परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजन युवती को लेकर सीएचसी महराजगंज पहुंचें, जहां उसका इलाज किया गया। आपको बता दें कि, घटना शुक्रवार दोपहर की है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मऊ गांव निवासी सुशील कुमार की पत्नी आंचल (19) रक्षाबंधन पर अपने मायके पहरावां गांव आई हुई थी, उसका पति उसे छोड़कर अपने घर मऊ वापस चला गया था। आज रक्षाबंधन के बाद जब आंचल का पति उसे विदा कराने अपनी ससुराल पहरावा पहुंचा तो पति-पत्नी के बीच में ससुराल आने को लेकर कहा सुनी हो गई, आंचल का कहना था कि, वह अभी ससुराल नहीं जाएगी, इसी बात को लेकर पति-पत्नी में विवाद हो गया। हालांकि आंचल के माता-पिता ने आंचल को समझने का प्रयास किया, किंतु वह नहीं मानी और घर से निकलकर कुछ ही दूर पर महराजगंज चंद्रापुर रोड पर स्थित नैना नाल के पुल से पानी में चलांग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। किंतु युवती को डूबता देख जानवर चरा रहे लोग उसे बचाने पानी में कूद पड़े और उसे लेकर बाहर आए तथा परिजनों को सूचना दी।

गोताखोर नदी में डूबे व्यक्ति को ढूंढने में असफल! गांव वालों ने निकाला शव

गुरुवार को भैंसटा नदी में डूबा था युवक

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। भैंसटा नदी में डूबे युवक को ढूंढने पहुंचें गोताखोर कुछ ही देर में हार मान ली । उसके बाद वहां स्थानीय गांव के लोगों ने युवक को ढूंढ निकालने का ज़िम्मा लिया और शुक्रवार की सुबह 20 घंटे मशक्कत के बाद उसका शव बरामद किया। मामला कोतवाली देहात के इटौली गांव का है। बताया गया है कि कोतवाली देहात के इटौली गांव निवासी 30 वर्षीय झंकार सिंह पुत्र नन्हे सिंह गुरुवार की दोपहर को अपने बछड़े को वहीं पास से निकली भैंसटा नदी में नहला रहा था, कुछ दूरी पर नारी का साग लगा था। झंकार उसे तोड़ने पहुंचा,तभी वह गहरे पानी में डूब गया। इसका पता होते ही वहां पूरा गांव इकट्ठा हो गया, पुलिस ने पहुंच कर युवक की तलाश के लिए गोताखोरों को बुलाया, लेकिन देर शाम तक गोताखोर वहां नहीं पहुंच सके थे। पुलिस उनकी राह देखती रही। उसके बाद गोताखोर वहां पहुंचे और कुछ देर तक युवक को ढूंढने में सफल रहे और वापस लौट गए। उनके जाने के बाद गांव के नौजवानों आगे आए और नदी में नाव डाल कर डूबे युवक की तलाश करने लगे। तकरीबन 20 घंटे बाद शुक्रवार की सुबह 10 बजे झंकार सिंह का शव नदी से बरामद किया जा सका। शव बरामद होने की खबर सुन कर वहां काफी भीड़ लग गई। पुलिस ने शव को अपने कब्ज़े में लेते हुए उसका पोस्टमार्टम कराया है।

संक्षिप्त समाचार

जिला अधिवक्ता संघ की एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष नरेश चंद्र वर्मा का निधन

लखीमपुर खीरी। 1977 में लखीमपुर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे ,पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक,वरिष्ठ अधिवक्ता, जिला अधिवक्ता संघ की एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष नरेश चंद्र वर्मा (82) का निधन।

डीएम ने किया वेयरहाउस का निरीक्षण

लखीमपुर खीरी। लोकसभा चुनाव अगले साल होने हैं, लेकिन अभी से ही तैयारी शुरू कर दी गयी है। खीरी जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड, पंचकुला हरियाणा से प्राप्त 3600 वीवीपैट की एक्सेप्टेंस टेस्ट प्रोसीजर अर्थात एटीपी 24 अगस्त से चल रही है, उक्त कार्य को भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड, से आये इंजीनियरों के माध्यम से कराया जा रहा है। इस कार्यों के पर्यवेक्षण के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी/डीएम महेन्द्र बहादुर सिंह ने एडीएम संजय कुमार सिंह के साथ शुक्रवार को वेयरहाउस का निरीक्षण किया और उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक वीवी पैट की जॉच भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड, के इंजीनियरों के माध्यम से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, यह कार्य 02 सितंबर तक पूर्ण होने की सम्भावना है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र, लखनऊ द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 11 सितंबर 2023 से आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के प्रयोगार्थ जनपद उपलब्ध ईवीएम एवं वीवी पैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य भी भारत इलेक्ट्रॉनिक लिमिटेड, के इंजीनियरों की टीम द्वारा कराया जायेगा। इस हेतु अपर उप जिलाधिकारी राजीव निगम को नोडल अधिकारी नामित किया गया है, जिनके पर्यवेक्षण में जनपद में उपलब्ध ईवीएम -वीवीपैट की फर्स्ट लेवल चेकिंग का कार्य पूर्ण कराया जायेगा।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक

हरदोई। विकास भवन स्थित स्वर्ण जयंती सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के संबंध में समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि विभागीय पोर्टल पर ससमय सूचनाओं को अद्यतित करें। कार्यालय में सूचना प्रेषण की सुचारू व्यवस्था बनायी जाए। सूचना प्रेषण में किसी भी प्रकार की देरी न की जाये। उन्होंने कहा कि खराब रैंकिंग वाले अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी। सभी विभाग अपनी फ्लैगशिप स्कीमों के डाटा प्रेषण को लेकर अलर्ट मोड में रहें। प्रतिदिन डाटा प्रेषण की मॉनिटरिंग की जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह, जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार सिंह व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सेवा निवृत कर्मचारियों को सम्मानित की दी विदाई

सीतापुर। पुलिस विभाग में सेवानिवृत कर्मचारियों को गुरुवार को सम्मानदेकर विदा किया गया। पुलिस लाइन्स में आयोजित विदाई समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार ने सेवानिवृत्त हुए अधिकारी व कर्मचारीं फूल माला पहनाकर विदाई दी। इस दौरान पुलिस विभाग में उनके द्वारा डयूटी के कार्यकाल के अनुभवों को साझा किया गया। उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद करते हुए उनकी कर्तव्यनिष्ठा की सराहना की गयी। यहां बता दें कि उपनिरीक्षक दुर्गा प्रसाद सिंह,मुख्य आरक्षी सतेन्द्र बाबू दुबे, आरक्षी सुखराज व चतुर्थ श्रेणी श्याम किशोर गुरुवार को सेवानिवृत हुए है। इन सभी को सम्मानित कर विदाई दी गई। इस मौके पर अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

संदना/सीतापुर। संदना थाना पुलिस ने एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की बाइक भी बरामद की है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है। संदना थाना पुलिस टीम ने संदना कस्बे के पास सिधौली मिश्रित मार्ग पर नाकेबंदी कर चेकिंग की। यहां पुलिस ने दीपू नाई पुत्र साहब दीन निवासी कस्बा व थाना संदना को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की एक मोटर साइकिल बरामद की है। पुलिस का कहना है की दीपू ने इस बाइक को लखनऊ से चोरी किया था। जिसके बाद उसकी नंबर प्लेट बदलकर इस्तेमाल कर रहा था।

बहना ने भाई की कलाई पर प्यार बांधा है

जिले भर में अस्था व उल्लास के साथ मनाया गया रक्षा बंधन पर्व

अवधनामा संवाददाता

सीतापुर। भाई व बहन के अटूट प्यार व स्नेह का पर्व रक्षाबंधन जिले भर में अस्था, श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। गुरुवार को जिले भर में रक्षा बंधन पर्व की धूम रही।

पारंपरिक रीति रिवाज से बहनों ने भाइयों का तिलक कर आरती उतारी और भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर उनकी लंबी उम्र की कामना की। इस लम्हे पर बहनों ने भाइयों को मिठाई खिलाई, तो भाइयों ने बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार भेंट किए। इस दौरान सरकार ने भी खुशियों का पिटारा खोल रखा था। केंद्र सरकार ने रसोई गैस की कीमतें घटाई तो राज्य सरकार ने रोडवेज से बस यात्रा फ्री कर रखीं थीं। इन डबल सौगात से बहनों के चेहरे खिल उठे थे। महिलाएं बस से निशुल्क यात्रा कर भाईयों के घर पहुंची और उनकी कलाईयों पर रक्षा सूत्र बांधा।

जिला कारागार, सामाजिक संस्थाओं, संरक्षण गृहों व अनाथ आश्रम में भी यह पर्व धूमधाम से मनाया गया। भद्रा की छाया व सूतक से इतर गुरुवार को शुभ मुहूर्त में बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा। भाई के लिए बनाए पकवान व सेवइयां खिलाकर उनकी खुशी की ईश्वर से बहनों से मंगल कामना की। भाई-बहन के इस पर्व पर पूरे जिले में गहमागहमी रही। मिठाई की दुकानों पर जमकर खरीदारी हुई। रक्षाबंधन के दिन भी सुबह से ही राखी की दुकानों व गिफ्ट कार्नरों पर लोगों की भीड़ उमड़ी रही। इस खास पर्व पर रोडवेज बसों व टैक्सी वाहनों में भी खासी भीड़ रही। बहुत से दो पहिया वाहनों पर भी सफर करते नजर आए।

अवैध असलहों के साथ तीन गिरफ्तार

सीतापुर। जिले में अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने तीन लोगों को अवैध असलहों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से अवैध असलहे बरामद किए हैं। तीनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने संबंधित थानों में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। महोली कोतवाली पुलिस टीम ने ग्राम छहेलिया के निकट छापेमारी की। यहां पर पुलिस ने छहेलिया निवासी पदुम बहादुर सिंह पुत्र श्याम बहादुर सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा मय कारतूस के बरामद किया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। इधर लहरपुर कोतवाली पुलिस टीम ने अवैध तंमचा व कारतूस के साथ मेंहदी पुत्र स्वर्गीय अतहर निवासी मोहल्ला बागवानी टोला थाना लहरपुर को गिरफ्तार किया है।

जनपद में शुरू हुआ सघन कुष्ठ रोगी खोज अभियान

अवधनामा संवाददाता

हरदोई। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जनपद में शुक्रवार से सघन कुष्ठ रोगी खोज अभियान शुरू हुआ जो 30 सितंबर तक चलेगा। अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता और पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता घर-घर जाकर संभावित कुष्ठ रोगियों की पहचान करेंगे। इस संबंध में जिला कुष्ठ रोग अधिकारी डा. धीरेन्द्र सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कुष्ठ रोगियों की जल्द से जल्द पहचान कर उन्हें उपचार मुहैया कराना है, जिससे कुष्ठ रोग से होने वाली विकलांगता को रोका जा सके। इसके साथ ही कुष्ठ रोग के बारे में जागरूकता पैदा करना एवं इससे जुड़ी हुई भ्रांतियों को समाप्त करने का प्रयास करना है। जिला कुष्ठ रोग अधिकारी ने बताया कि इस अभियान के तहत दो साल से ऊपर की आयु के सभी व्यक्तियों में कुष्ठ रोग के संभावित लक्षणों की जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुष्ठ रोग का शीघ्र पता चल जाए तो इसका उपचार मल्टी ड्रग थेरेपी (एम.डी.टी.) से संभव है। एमडीटी के उपचार के बाद इस रोग की पुनरावृत्ति दुर्लभ होती है। कुष्ठ रोग के लक्षण नजर आने पर अपने क्षेत्र की आशा या एएनएम से संपर्क करें या निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पर

जाकर परामर्श लें । सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर एमडीटी का प्रावधान है। कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्ति को नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जाने के लिए प्रेरित करना चाहिए, ताकि उनका पूर्ण इलाज हो सके। उन्होंने कहा कि समाज में कोई भी ऐसा व्यक्ति जो कुष्ठ रोग से प्रभावित था और उसका इलाज मल्टी ड्रग थेरेपी (एमडीटी) के माध्यम से हो चुका है तो उनके साथ घूमने, बैठने, खाने इत्यादि पर किसी प्रकार का भेदभाव नहीं करना चाहिए। क्या है कुष्ठ रोग कुष्ठ एक संक्रमण रोग है। यह 'माइकोबैक्टीरियम लेप्रे' नामक जीवाणु के कारण होता है, जो एक एसिड-फास्ट रॉड के आकार का बेसिलस है। यह त्वचा की, तंत्रिका क्षति और मांसपेशियों को कमजोर करता है। कुष्ठ रोग में त्वचा पर हल्के रंग के धब्बे दिखाई देते हैं। धब्बे संवेदना रहित होते हैं और रोग की शुरुआत बहुत धीमी गति से होती है। यह तंत्रिकाओं, त्वचा और आंखों को प्रभावित करता है।

वकीलों के प्रदर्शन को लेकर पुलिस रही सतर्क, एसपी ने किया भ्रमण

मुस्तैद पुलिस कर्मियों को निर्देशित करते एसपी उदय शंकर सिंह

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। हापुड़ में शांतिपूर्वक चल रहे धरना-प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं पर पुलिस द्वारा की गई लाठी-चार्ज की निंदा करते हुए प्रदेश के सभी जनपद न्यायालयों में अधिवक्ताओं ने धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिये हैं।

अधिवक्ताओं के प्रदर्शन को लेकर पुलिस प्रशासन भी सतर्क हो गया है। शुक्रवार को सुबह से ही न्यायालय परिसर के अलावा कलेक्ट्रेट में भारी पुलिस बल तैनात रहा। हालांकि वकीलों ने कोई प्रदर्शन नहीं किया इसके बावजूद पुलिस मुस्तैद दिखी। उधर एसपी ने भ्रमण कर कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बताते चलें कि हापुड़ में शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं के ऊपर पुलिस ने बर्बरतापूर्वक लाठी-चार्ज किया था। जिसमें कई अधिवक्ता गंभीर रूप से घायल हो गये थे। इस घटना के बाद से प्रदेश के अधिवक्ताओं में खासी नाराजगी व्याप्त है।

वकीलों ने प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को ज्ञापन भेजकर हापुड़ के डीएम, एसपी व सीओ को तत्काल निलंबित करते हुए दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। इतना ही नहीं जिले में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन व अखिल भारतवर्षीय युवा अधिवक्ता महासभा के तत्वाधान में भी पदाधिकारियों ने प्रदर्शन कर सीएम को ज्ञापन भेजा था और शुक्रवार को कचेहरी में धरना-प्रदर्शन किए जाने की चेतावनी दी गई थी। जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बड़ी संख्या में जनपद न्यायालयों के साथ-साथ कलेक्ट्रेट के सभी प्रमुख द्वारों पर पुलिस व पीएसी बल को तैनात कर दिया था। ड्यूटी को परखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक जनपद न्यायालय पहुंचे और शांति व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के लिए ड्यूटी पर मुस्तैद पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने कहा कि ड्यूटी पूरी ईमानदारी के साथ निभायें। इसमें कोताही नहीं होनी चाहिए।

हर व्यक्ति को मिले जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभः अजीत रावत

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। सदर तहसील अंतर्गत ऊंच डीह ग्राम पंचायत पर शुक्रवार को आयोजित की गई ग्राम चौपाल में मुख्य अतिथि ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के विषय में लोगों को दी गई जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी दिए गए निर्देश पात्र व्यक्तियों को उपलब्ध काराएँ योजनाओं का लाभ। वही मुख्य अतिथि अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष वी सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने वहां मौजूद डीडीओ शेषनाथ चौहान व एडीओ पंचायत की अध्यक्षता में ग्राम पंचायत पर जन चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्या सुनी गई वहीं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के द्वारा चलाई जा रही विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, किसान निधि, उज्ज्वला योजना, स्वरोजगार, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास, शौचालय, सड़क, नाली, सोलर लाइट सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए संबंधित लोगों को भी अवगत कराया कि जिन भी पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा है वह गांव के ग्राम प्रधान के माध्यम से अपना पात्रता और संबंधित प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए और योजनाओं का लाभ लें इस बीच किसी भी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा लापरवाही की जा रही है तो उसकी लापरवाही जिलाधिकारी से बताते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी हर पात्र व्यक्ति को लाभ देने के लिए सरकार हर गांव हर घर तक मुहिम चलाकर लोगों को उनके हक दिलाने के लिए हर संभव मदद कर रही है।

सेवानिवृत होने पर दी गयी विदाई

उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता। पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा ने एच्छिक, अधिवर्षता आयु पूर्ण करसेवानिवृत होने वाले अधि/कर्मचारीगण के सम्मान में आयोजित किया गया विदाई समारोह। इस अवसर पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा सेवानिवृत होने वाले अधि/कर्मचारीगण को प्रशस्ति पत्र/ उपहार भेंट कर उनके सुखमय जीवन की कामना के साथ विदाई दी गयी। सेवानिवृत होने वाले तीन उप निरीक्षको तथा/एक मुख्य आरक्षी सहित कुल चार अधिकारी कर्मचारी का सेवानिवृत्ति होने पर आज विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी उ0नि0 श्री हरीराम सिंह, उ0नि0 श्री देवेन्द्र सिंह, उ0नि0 श्री रामदास, मुख्य आरक्षी श्री धर्मवीर सिंह रहे।

रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

जालौन अवधनामा संवाददाता। जिला भाजपा महिला मोर्चा द्वारा रक्षाबंधन का पावन पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार रक्षाबंधन के पावन पर्व पर स्नेह यात्रा कार्यक्रम में मजदूर वर्ग रिक्शा चालक दूधवाले भैया श्रमिक ई रिक्शा चालकों को रक्षा सूत्र बांधकर मिष्ठान खिलाकर पवित्र स्नेह प्यार का पर्व रक्षाबंधन मनाया भाजपा महिला मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष उर्विजा दीक्षित व जिलाध्यक्ष उषा गुप्ता ने कहा कि रक्षाबंधन स्नेह और प्यार का पवित्र त्यौहार है हम सब ने समाज में उपेक्षित समझे जाने वाले लोगों को रक्षा सूत्र बांधकर उन्हें अपनेपन और समानता का संदेश दिया जिसमें सभी पदाधिकारी बहने उपस्थित रही।

फसल बीमा योजना हेतु एचडीएफसी एरगो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमि. को नामित किया

अवधनामा संवाददाता

मैनपुरी। उप कृषि निदेशक ने बताया कि खरीफ 2023-24 हेतु प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना हेतु एच.डी.एफसी. एरगो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमि. को नामित किया गया है, खरीफ-2023 अन्तर्गत धान, मक्का, बाजरा, मूंगफली की फसलें अधिसूचित की गयी हैं, क्षेत्रीय कार्मिकों द्वारा अवगत कराया गया है कि ईसन, सैंगर व अरिंद नदियों में बाढ़ के दृष्टिगत फसलों के नुकसान की संभावना है। उन्होने कृषकों से कहा है कि ऐसे कृषक जिनके द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत अपना बीमा कराया गया है, वह फसल नुकसान के सम्बन्ध में कम्पनी के टोल फ्री नम्बर- 18002660700 व 18008896568 पर कॉल कर अवगत करा सकते हैं, अथवा सम्बन्धित बैंक शाखा को सूचित कर सकते हैं, क्राप इंश्योरेंस एप पर अथवा किसान एप, निकटतम राजकीय कृषि बीज भंडार पर सूचित कर सकते हैं।

पीएम विश्वकर्मा योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए करे ऑनलाइन आवेदन

अवधनामा संवाददाता

बलरामपुर। उपायुक्त उद्योग राजेश कुमार पांडे ने पांडे ने बताया की स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री जी द्वारा पीएम विश्वकर्मा योजना पूरे भारत में लागू किये जाने की घोषणा की गयी है, योजनान्तर्गत 18 पारम्परिक व्यावसायों जैसे बढ़ई, दर्जी, बोटमेकर, सोनार, कुम्हार अस्त्रकार, लोहार, हथौडा व टूलकिट मेकर, ताला निर्माण, मूर्तिकार, मोची, राजमिस्त्री, मैट मेकर, खिलौना निर्माण, नाई, फूलों का हार बनाने वाले, धोबी, मछली पकड़ने वाली जाली का निर्माण आदि को शामिल किया गया है। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित है इस योजना का लाभ परिवार के किसी एक सदस्य द्वारा किसी एक ट्रेड में प्राप्त किया जा सकता है यहाँ परिवार से आशय पति, पत्नी व अविवाहित बच्चों से है,आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर, बैंक पासबुक, राशन कार्ड (राशन कार्ड न होने की दशा में परिवार के सभी सदस्यों का आधार कार्ड)। आवेदक को पंजीकरण की तिथि से सम्बंधित ट्रेड से जुड़ा हुआ होना चाहिए तथा पिछले 05 वर्षो में केन्द्र सरकार या किसी राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में ऋण लाभ प्राप्त न किया गया हो,पी. एम. मुद्रा एवं पीएम स्वनिधि ई श्रम कार्ड धारक भी इस योजना का लाभ उठा सकते है इस योजनान्तर्गत आवेदकों को प्रशिक्षणोंपरान्त सम्बन्धित ट्रेड में गुणवत्ता प्रमाणन, ब्राडिंग, ई-कामर्स, बाजार लिंकेज, टूलकिट इन्सेंटिव प्रशिक्षण भत्ता जैसी सुविधा प्रदान किये जाने का प्रावधान है। योजनान्तर्गत 5 दिवसीय बेसिक कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले लाभार्थियों को कौशल सत्यापन के पश्चात रूपये 15 हजार का टूलकिट इंसेन्टिव ई-रूपी / ई - बाउचर के रूप में प्रदान किया जायेगा तथा सम्बन्धित ट्रेड में लाभार्थी को रूपये 01 लाख का ऋण 5 प्रतिशत ब्याज की दर से 18 महीने की अवधि तक के लिए उपलब्ध कराने का प्रावधान है।

रोडवेज बस बिजली पोल से टकराई

- सवारिया हुई भयभीत
- बस का हिस्सा जला
- बिजली बंद करा ग्रामीणों ने सवारियों को बाहर निकाला

अवधनामा संवाददाता

नवाबगंज फर्रूखाबाद। क्षेत्र के गांव सिरमौरा बांगर बड़ी पुलिया के पास शुक्रवार को तड़के एटा डिपो की रोडवेज बस अचानक बिजली पोल से टकराकर पलट गई। बस बिजली को पोल को तोड़ते हुए अचानक गहर खडड में जा गिरने से विद्युत सप्लाई का तार टूट गया और बस में करेंट दौड़ने लगा। बस में सवार लोग दहशत में आ गए लेकिन बस पानी में जा गिरी बस के गहरे गड्ढे में गिरने से एकदम चीख पुकार मच गई। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े तब ग्रामीणों ने विद्युत विभाग में फोन कर बिजली सप्लाई बंद कराई।

बाद में लोगों को बस से बाहर जैसे तैसे निकाला गया लेकिन सुबह अंधेरा होने के कारण किसी मीडिया कर्मी को इसकी खबर तक नहीं लगी जब सुबह लोगों ने इधर-उधर सूचना दी तब मीडिया कर्मी भी मौके पर पहुंचे वहां घायल अवस्था में एटा डिपो के बस चालक अवधेश कुमार तथा बस के परिचालक सौरभ कुमार मौके पर मिले। उन्होंने बताया कि उनकी बस फरुखाबाद से दिल्ली के लिए सवारियां भरकर जा रही थी जिसमें चालक अवधेश कुमार ने बताया कि अचानक उसके सामने नीलगाय आ गया जिसको बचाने के चक्कर में बस एकदम अनियंत्रित हो गई और विद्युत पोल को तोड़ते हुए खडड् में जा गिरी। चालक ने बताया कि बस में चालक पर परिचालक के अलावा तीन स्टाफ तथा तीन विकलांग सवारियां और दो सवारियां अन्य बैठी हुई बताई हैं जिनको ग्रामीणों ने किसी तरह निकाल कर बाहर किया और चालक अवधेश कुमार ने बताया कि सवारिया हल्की चुटल थी इसलिए वह अपने गंतव्य को रवाना हो गई लेकिन मजे की बात यह रही की इतनी बड़ी घटना घटने के बाद भी थाना पुलिस को इसकी कोई भनक भी नहीं लगी और सभी सवारियां अपने-अपने गंतव्य को रवाना हो गई लेकिन घायल अवस्था में बस के ड्राइवर कंडक्टर मौके पर बैठे हुए थे द्य कंडक्टर सौरभ कुमार थोड़ी देर बाद कस्बे से दवा लेने चला गया था। ड्राइवर अवधेश कुमार ने बताया कि उनके आरएम बस के अधिकारी आ रहे हैं उनके आने के बाद ही बस को निकलवाने की कार्रवाई की जाएगी।

डीएम सुनेंगे आज तहसील करहल में जन-समस्याएं

मैनपुरी अवधनामा संवाददाता। जन शिकायतों के त्वरित निस्तारण हेतु शासन के निर्देशों के क्रम में आयोजित होने वाला सम्पूर्ण समाधान दिवस 02 सितम्बर को समस्त तहसीलों में आयोजित होगा। जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह तहसील करहल में उपस्थित रहकर सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनता की शिकायतों को सुनेंगे। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों से समय से तहसील करहल में आयोजित सर्म्पूण समाधान दिवस में उपस्थित होने को कहा है। मुख्य विकास अधिकारी तहसील किशनी में एवं अपर जिलाधिकारी तहसील घिरोर में उपस्थित रहकर जन-समस्याएं सुनेंगे।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह आज जनपद में

मैनपुरी अवधनामा संवाददाता। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह दि. 02 सितम्बर को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं, प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार पर्यटन मंत्री प्रातः 09.15 बजे से शिविर कार्यालय निकट रेलवे क्रासिंग करहल रोड पर जन-समस्याओं की सुनवाई करेंगे, अपरान्ह 01.05 बजे कान्हा गो आश्रय स्थल, नगर पालिका परिषद का निरीक्षण करेंगे, तद्उपरान्त अपरान्ह 01.30 बजे निज आवास सिरसागंज के लिए प्रस्थान करेंगे।

नाली विवाद में दो पक्ष में चले ईट पत्थर, तीन घायल

नवाबगंज फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता। थाना क्षेत्र के ग्राम डुड़ियापुर निवासी सुखबीर सिंह का आरोप है गांव के नरेंद्र सिंह काफी समय से नाली बंद किए हुए थे। शुक्रवार को नाली खोलने को लेकर विवाद हो गया द्य इसी बात को लेकर दोनों पक्ष में जमकर ईट पत्थर लाठी डंडे चले जिसमें एक तरफ से माधुरी पत्नी नरेंद्र सिंह घायल है और दूसरी तरफ से उर्मिला देवी उर्फ मलोदश्री पत्नी शिव दर्शन रीना देवी पत्नी सुखबीर सिंह सत्यम पुत्र विनोद कुमार गंभीर रूप से घायल हुए घायलों के उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।

प्रदेश की सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगा एनडीएः राजीव

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के एनडीए में शामिल होने से उत्तर प्रदेश की सभी सीटों पर जीत मिलेगी। पदम् विभूषण स्व. पासवान के बेदाग छवि के कारण प्रदेश में पार्टी का मजबूत जनाधार है।

यह बात शुक्रवार को लोजपा रामविलास उत्तर प्रदेश पूर्वी अध्यक्ष राजीव पासवान एडवोकेट ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होने कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चिराग पासवान के नेतृत्व में पार्टी दिनों दिन तरक्की कर रही है। पार्टी एनडीए में शामिल हो गई है। जिससे लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटों पर एनडीए जीत दर्ज करेगा। उन्होने कहा कि लोजपा रामविलास कई राज्यों के साथ-साथ प्रदेश में पदम् विभूषण स्व. पासवान की बेदाग छवि के कारण संगठन का मजबूत जनाधार है। जिसका फायदा सीधा भाजपा को मिलेगा। एक बार देश में मोदी के नेतृत्व में पूर्ण बहुमत की सरकार बनेगी। स्व. पासवान जी के अधूरे सपनों को चिराग पासवान आने वाले समय में पूरा करेंगे। देश में युवा वर्ग चिराग पासवान के नेतृत्व में तेजी से जुड़ रहा है। आने वाला दिन लोजपा रामविलास का होगा। तत्पश्चात उन्होने संगठन मजबूती के उद्देश्य से राजू पासवान को जिले की कमान सौंपी। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को मनोनयन पत्र सौंपते हुए जल्द ही कमेटी की घोषणा किए जाने की जिम्मेदारी सौंपी। उपस्थित लोगों ने नवमनोनीत जिलाध्यक्ष का मालापहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर लोजपा किसान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष राजीव पासवान, जिलाध्यक्ष राजू पासवान, प्रेमशंकर प्रजापति, अनिल पासवान, गुड्डू यादव, शिवबरन, सुखसागर लोधी, राम विशाल पासवान, महेंद्र सिंह परिहार आदि मौजूद रहे।

50 दिन से 70 गांव जलमग्न

अमृतपुर फरुखाबाद। तहसील क्षेत्र के लगभग 60 से 70 गांव 50 दिन गंगा के जल से जल मग्न रहा। लेकिन घूसखोरी अधिकारियों ने अपनी मनमानी के चलते प्रधान से मिलकर बाढ़ राहत में गोलमाल करने में नहीं चूके। और ग्राम प्रधानों ने भी अपने चहेतों को बाढ़ राहत सामग्री देने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। शासन व प्रशासन लगातार बाढ़ पीड़ितों के लिए हर संभव मदद करने के लिए तैयार रहा।

अमृतपुर कानूनगो मानसिंह ने बाढ़ राहत वितरण में अपने सहयोगी लेखपाल श्याम बाबू के साथ मिलकर धन उगाई का वीडियो वायरल हुआ। उधर मुख्यमंत्री के आने की भनक अधिकारियों को लगता ही कानूनगो मानसिंह को निलंबित कर दिया गया लेकिन सहयोगी लेखपाल अभी भी कार्रवाई से बहुत दूर है। वही एक वीडियो और वायरल हो रहा है जो राजेपुर राठौरी का बताया जा रहा है जिसमें दो शख्स बाढ़ राहत सामग्री को एक दुकान से निकलकर दूसरी जगह रखना जा रहे दिखाई पड़ रहे हैं।

सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत, अधेड़ घायल

- सड़क पार कर रहे अधेड़ को बाइक सवार ने ठोकर मारते खुद गिरा

अवधनामा संवाददाता

फाजिलनगर, कुशीनगर। कस्बे के जैन मंदिर चौराहे के पास फाजिलनगर- बघौचघाट मार्ग पर तेज गति सवार बाइक के चपेट में आने से एक अधेड़ सहित बाइक सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद घायल युवक को सीएचसी पहुंचाया गया जहां इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। पटहेरवा थाना क्षेत्र के बसडीला महंथ निवासी गोविन्द प्रसाद पुत्र राजकिशोर शुक्रवार की शाम अपने बाइक से फाजिलनगर आया था।

देर शाम साढ़े सात बजे के आसपास वापस अपने घर घर जा रहा था कि कस्बे के जैन मंदिर चौराहे के पास नगर पंचायत के पटखौली निवासी लालबहादुर जो सड़क पार कर रहे थे उनको अनियंत्रित होकर ठोकर मारते हुए स्वतः भी बाइक से गिर गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचना देते हुए बाइक सवार को सीएचसी फाजिलनगर पहुचाया जहां इलाज के दौरान बाइक सवार की मौत ही गयी। इस घटना में घायल अधेड़ को एक निजी अस्पताल में पहुचाया गया जहां उसके प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कालेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार द्वारा बिना हेलमेट का तेज गति से बाइक चला रहा था जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया अगर हेलमेट पहना होता तो शायद उसको कम चोट आई होती। इस संबंध में चौकी प्रभारी मृतुन्जय वर्मा ने बताया कि शव को पीएम के लिये भेज दिया गया है तहरीर मिलने पर आगे की कारवाई किया जायेगा।

सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य के बयान की निंदा

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। अखिल भारत हिंदू महासभा की मासिक बैठक कैंप कार्यालय आईटीआई रोड में संपन्न हुई। जिसमें संगठन मजबूती व पिछले दिनों सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा दिए गए विवादित बयान हिंदू नाम का कोई धर्म नहीं है, केवल धोखा है की सभी कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से कटु आलोचना करते हुए प्रदेश की योगी सरकार से मांग किया कि इस नास्तिक हिंदू विरोधी व समाज में आपसी घृणा व द्वेष उत्पन्न करने वाले स्वामी को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश महामंत्री मनोज त्रिवेदी ने स्वामी प्रसाद मौर्य की निंदा करते हुए उसे आगरा के पागलखाने भेजने की बात कही। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म व सनातन दोनों एक ही पर्याय हैं जो कि विश्व कल्याण व वसुदेव कुटुंबकम की बात करते हैं। हमारी संस्कृति ही हमें पैरों के नीचे एक चींटी भी आने पर रास्ता बदलने की ओर अग्रसर करती है। सपा प्रमुख को संज्ञान लेकर इस पागल को सपा से शीघ्र हटा देना चाहिए अन्यथा जो अभी थोड़ा बहुत सपा बची है वह भी शीघ्र ही निचले पायदान पर चली जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से जिला प्रवक्ता स्वामी राम आसरे आर्य, करण सिंह पटेल, शशिकांत मिश्रा, श्रवण कुमार, शिवाकांत तिवारी, संतोष नेता, गजेंद्र मौर्य, अर्जुन प्रसाद वैद्य, एसके गुप्ता भी मौजूद रहे।

घर में सो रहे बुजुर्ग किसान का गला काटा, फिर सिर कूचा

- भूमि विवाद में वारदात की आशंका

अवधनामा संवाददाता

गाजीपुर। जिले के तिरछी गांव स्थित मकान में सो रहे बुजुर्ग किसान की बीती रात बेरहमी से हत्या कर दी गई। गला भी कटा था और सिर भी कूंचा गया था। शुक्रवार सुबह लहूलुहान शव मिलने के बाद हंगामा मच गया। वारदात की जानकारी होते ही परिजनों के रोने- बिलखने से घटना स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसपी ओमवीर सिंह और एसपी सिटी ज्ञानेंद्र कुमार ने घटना स्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों एवं परिजनों से पूछताछ की। फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य संकलन किया। किसान की पत्नी ने भूमि विवाद में गांव के दो लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के तिरछी गांव निवासी रामनाथ चौहान (70) देर रात करीब नौ बजे खाना खाकर मकान से करीब 50 मीटर दूर दूसरे मकान में अकेले सोने चले गए। सुबह एक ग्रामीण जब कमरे में पहुंचा तो चौकी पर रामनाथ चौहान का शव पड़ा था। आस-पास जमीन पर खून पसरा हुआ था। उसने शोर मचाया तो लोग मौके पर पहुंचे। परिजन रोने-बिलखने लगे। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। भुड़कुड़ा सीओ के नेतृत्व में तीन थानों की फोर्स मौके पर पहुंच गई। कुछ देर बाद एसपी और एसपी सिटी भी घटना स्थल पर पहुंचे। छानबीन करने के साथ परिजनों से पूछताछ की। रामनाथ चौहान की पत्नी जयमंगली देवी ने बताया कि गांव के ही दो लोगों से एक भूमि को लेकर विवाद चल रहा है। उन्होंने हत्या का आरोप उन्हीं दो लोगों पर लगाया। एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि किसान की हत्या हुई है। परिजनों से तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्जकर कार्रवाई की जाएगी।

मरीजों के जी का जंजाल बने हैं, प्राइवेट अस्पताल

- किसी की जा चुकी है जान तो किसी की साधारण बीमारी बन गई जानलेवा

अवधनामा संवाददाता

लोटन सिद्धार्थनगर। जिले के पूर्वी भाग में स्थित कस्बा लोटन बजार मे इस समय प्राइवेट अस्पताल के भवँर जाल में उलझ कर मरीज अपना जान गवां रहे हैं या फिर मामूली बीमारी को जानलेवा बना रहे हैं।

यह अस्पताल संचालक दलालों के माध्यम से मरीजों को अपने जाल में फसा कर इलाज करते है कभी कभी मरीजों की मौत भी हो जाती है। विभागीय उदासीनता से कोई कार्यवाही नही हो पाती है। लोगों का कहना है कि लोटन कस्बे में आधा दर्जन निजी अस्पताल चल रहा है। जहा पर एक भी प्रशिक्षित डाकटर नही रहते है और आपरेशन का कार्य किया जाता है कुछ महीने पहले एक महिला का प्रसव के लिए आपरेशन किया गया था, जिसकी आपरेशन के दौरान मौत हो गई थी। जिम्मेदारों द्वारा मामला रफा दफा कर दिया गया। अल्ट्रासाउंड करने के लिए बिना रेडियो लॉजिस्ट के ही अल्ट्रासाउंड सेंटर चल रहा।

इस संचालित अस्पतालों की गोपनीय जांच कराई जाए तो पुरे जिले में अबैध अस्पतालों की भरमार है। प्रेग्नेंट महिलाएं प्राइवेट अस्पताल को लेकर चिंतित रहती है की कही हमारे साथ भी बड़ा हादसा न हो जाए। हमारे बच्चे किस मां के सहारे रहेंगे। सुत्रों का कहना है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोटन मे कार्यरत एक डॉ का अल्ट्रासाउंड सेंटर चलता है, जो अस्पताल के बगल में ही स्थित है। जहा जरुरतमंदो को वही भेजा जाता है। जानकारो का कहना है कि कभी कभी गलत रिपोर्ट भी दे दिया जाता है। जिससे परिवार के लोग गलत रिपोट के कारण परेशान हो जाते है। गलत जगह पैसा खर्च करने के बाद जब कभी जिले पर उसी मरीज का अल्ट्रासाउंड कराते है तो रिपोर्ट की जानकारी होती है। कुछ क्षेत्रीय लोग जांच करने की मांग की है। सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं को महीने मे चार बार नि शुल्क अल्ट्रासाउंड करने का निर्देश है चर्चा है की कुछ नामित अल्ट्रासाउंड द्वारा महिलाओं से पैसा भी लिया जाता है विभागीय लोगो के जानकरी होने पर मरीज से लिया पैसा भी वापस कराया गया है।

एसडीएम ने विभागों को लिखा पत्र

अवधनामा संवाददाता

अमृतपुर फर्रुखाबाद। तहसील के एसडीएम रविंद्र सिंह ने बाढ़ से उत्पन्न होने वाली जन समस्याओं से निपटने के लिए। विभागों को पत्र लिखकर बाढ़ पीढ़ियों की समस्या निस्तारण करने की कार्वाई करे। प्राप्त जानकारी के अनुसार उपजिला अधिकारी अमृतपुर रविंद्र सिंह ने आज जिला पंचायत राज अधिकारी एक्सियन लोक निर्माण विभाग एक्सियन विद्युत प्रभारी, चिकित्सा अधिकारी राजेपुर, खंड शिक्षा अधिकारी, सहित कई विभागों को पत्र लिखकर अवगत कराया की बाढ़ में जो विद्यालय बंद रहे उनकी साफ सफाई कराई जाए तहसील अमृतपुर के क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत में मच्छर और लार्वा को समाप्त करने के लिए हर जगह दवा का छिड़काव होना आवश्यक है। एक्शियन लोक निर्माण विभाग, को पत्र लिखकर बाढ़ से प्रभावित इलाकों में जो मार्ग बाढ़ से टूट गए उन संपर्क मार्गो को दुरुस्त करने के लिए कहा स्वास्थ्य विभाग प्रति दिन गांव गांव कैंप लगाकर जरूरतमंदों को दवाइयां वितरित कर बाढ़ से प्रभावित लोगों को बीमारियों से बचाने का कार्य करे।

G20 भारत 2023 INDIA

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

आज़ादी का अमृत महोत्सव

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता / टीआरडी / हजरतगंज, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्यों के लिए मुहरबंद खुली ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

1	ई निविदा सूचना संख्या	टीआरडी–9–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–23
2	कार्य का नाम	लखनऊ मंडल के वाराणसी में बची हुई वाशिंग लाइनों (3 लाइनों) का विद्युतीकरण के लिए 25 केवी सिंगल फेज ओएचई की डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग का कार्य।
3	अनुमानित लागत	रू० 1,40,26,608.39
4	बयाना राशि	रू० 2,20,100 / –
5	कार्य पूर्ण करने की अवधि	6 माह
6	निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय तथा खोलने की तिथि	दिनांक 25.09.2023 को 15.00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15.00 बजे के बाद
7	प्रस्ताव की वैधता	निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन
8	उत्तर रेलवे की बेबसाइट	अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की बेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है।

9 **पात्रता मापदण्डः** निविदाकर्ता तब तक निविदा डालने योग्य नहीं है, जब तक कि वह निम्नलिखित पात्रता मापदंड पूरा नहीं करताः 1. निविदाकर्ता का न्यूनतम औसत वार्षिक संविदात्मक कारोबार वी/एन या 'वी' जो भी कम हो होना चाहिए, जहां वी = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में एन = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियां आमंत्रित की गई हैं। 2 निविदाकर्ता पिछले सात वित्तीय वर्ष (निविदा के आमंत्रित करने के एक महिने पहले के अन्तिम दिन तक), 'कम से कम एक समान प्रत्येक तीन कार्य का 30 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो' या 'कम से कम एक समान प्रत्येक दो कार्य का 40 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो' या 'कम से कम एक समान एक कार्य का 60 प्रतिशत न्यूनतम विज्ञापित राशि का कार्य किया हो'। एक समान कार्य की परिभाषा होगीः Similar work means design, supply, erection testing & commissioning of 50 Hz, single phase 25 kV AC OHE. 3. निविदाकर्ता अपने आफर के साथ बिजली के ठेकेदारों के वैध लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति अवश्य जमा करें।

नोटः इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव नजरअंदाज/खारिज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण बेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। **सं०: टीआरडी –9–सीनि०डी०ई०ई०–लखनऊ–23 दिनांक 30.08.2023** 2715/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

स्कूल के शिक्षकों के हद दर्जे के उत्पीड़न ने ली छात्रा की जान

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी। शहर के एक नामी स्कूल में छात्रा को अवैध फीस व जाति को लेकर इतना प्रताड़ित किया कि वह आत्महत्या करने को मजबूर हो गई। इस हादसे का दुखद पहलू यह कि एक शिक्षक ने मौत के बाद छात्रा को मनगढ़ंत चरित्र की आड़ में बदनाम किया। परिजनों को छात्रा का सुसाइड नोट भी मिल गया। पीड़ित की पुलिस ने एक नहीं सुनी। थकहार कर परिजनों ने एसपी से गुहार लगाई। एसपी की फटकार के बाद कॉलेज के दो शिक्षकों के खिलाफ धारा 306 में मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार शहर के घासीराम तालाब के पास रहने वाली नसरीन बानो का कहना है कि 2018 में उनके पति की हार्ट अटैक से मौत के बाद परिवार भुखमरी की कगार पर आ गया। वर्ष 2022 में उन्होंने अपनी दो बेटियों सानिया बानो व मारिया बानो का प्रवेश अजीमुद्दीन अशरफ इस्लामियां इंटर कॉलेज में कराया। 27 मई को शिक्षिका वस्फी खातून द्वारा सानिया से 11 सौ रुपये फीस लेकर कम की रसीद दी गई। गरीबी के कारण सानिया ने इसका विरोध किया। इसके बाद सानिया को प्रताड़ित किया जाने लगा। शिक्षिका ने छात्रा से कहा कि नीची जाति की होकर ऊंची जातियों की बराबरी करती हो। आधार बनवाने से ऊंची जाति की नहीं बन सकती। मां ने एसपी को जानकारी दी कि बीते चार अगस्त को छात्रा को प्रताड़ित करते हुए कक्षा के बाहर खड़ा कर दिया गया और उसी दिन घर आकर सानिया ने फांसी लगाकर जान दे दी। सुसाइड नोट में जाति सूचक शब्दों से तंग आने की बात कही गई। मां ने बताया कि कॉलेज के शिक्षक तौहीद ने दो कदम आगे जाते हुए यह कहकर बदनाम किया कि जिस युवक से छात्रा की दोस्ती थी उससे परेशान होकर उसने जान दी है।

मातम में बदली खुशियां, तालाब में डूबे मासूम की मौत

जैदपुर बाराबंकी। थाना क्षेत्र के ग्राम नवाबपुर मजरे कोडरी मे एक 4 वर्षीय अबोध बालक की घर के सामने स्थित तालाब मे डूब कर मृत्यु हो गयी। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक अवधेश त्रिपाठी ने परिजनों की सहमति पर पंचायतनामा कराकर अंतिम संस्कार करा दिया।

नवाबपुर कोडरी निवासी दीपू चौहान का परिवार गुरुवार को रक्षाबंधन के दिन सभी लोग मशगूल थे। इसी बीच 4 वर्षीय पुत्र अभिजीत घर के सामने ही स्थित तालाब मे गिर गया तालाब से निकल न पाने के कारण अबोध की डुबकर मौत हो गयी। देर शाम् अभिजीत की तलाश मे जुटे परिजनों ने तालाब मे पड़े शव को देखकर दंग रह गये। त्यौहार के दिन हुई घटना के बाद पूरे गांव मे कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंचे उपनिरीक्षक अवधेश त्रिपाठी ने परिजनों की सहमति से पंचायतनामा भरकर शव को परिजनों को सौंप दिया। जिसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है।

हर्ष उल्लास के साथ जिले भर में मनाया गया रक्षाबंधन पर्व

अवधनामा संवाददाता

बाराबंकी/मसौली। पूरे जिले में रक्षाबंधन पर्व बड़े ही धूमधाम से व हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। तय तारीख को भद्रा के चलते गुरुवार को यह त्योहार मनाया गया। क्षेत्र में भाई बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर बहनों ने भाइयों की कलाई पर प्रेम भरा धागा बांध कर पर्व के पवित्र रस्म को निभाया। वहीं भाइयों ने अपनी बहनों को ढेरों उपहार दिए और उनकी रक्षा का संकल्प लिया। उल्लेखनीय है कि रक्षाबंधन का पर्व भाई-बहन के संबंधों की पवित्रता का प्रतीक माना जाता है।

उल्लेखनीय हो हिंदू मुस्लिम को एकसूत्र मे बाँधने वाले

रक्षाबंधन त्योहार के मौके पर बहने अपने भाई की आरती उतार कर राखी बांधती हैं। इसी राखी के महत्व को समझते हुए भाई भी बहन की रक्षा का शपथ लेता है। साथ ही बहन को उपहार भी देता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी रक्षाबंधन पर्व पर हर तरफ उत्साह नजर आया।

देर रात तक रही बाजारों में रौनक

रक्षाबंधन पर्व पर बुधवार की देर रात तक बाजारों में रौनक बनी रही। कस्बा मसौली, बांसा, बड़ागांव, त्रिलोकपुर, सहाबपुर, रामपुर सहादतगंज सहित ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों में देर रात तक दुकानें खुली रहीं। राखी व मिठाई की दुकानों पर अधिक भीड़ रही। सुंदर व आकर्षक ढंग से सजी राखी की दुकानों पर बहनें अपनी अपनी पसन्द की राखी की खरीदारी करती रहीं। बहुत सारी बहनों ने रात में तो कुछ ने गुरुवार की सुबह भाईयों की कलाई पर राखी बांधी। भाइयों ने बहनों को गिफ्ट भेंट करते हुए उनकी रक्षा हेतु संकल्प लिया। कस्बे से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रक्षाबंधन पर्व का उत्साह बना रहा। पर्व के दृष्टिगत सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। चौराहों एवं बाजारों में पुलिस मुस्तैद दिखी।

लखनऊ बाराबंकी में चोरी की गई दो बाइक समेत एक गिरफ्तार

मसौली बाराबंकी। चेकिंग के दौरान मसौली पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी की दो बाईके बरामदे की है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष अभिषेक तिवारी के संयोजन मे चौकी प्रभारी त्रिलोकपुर रणजीत यादव, उपनिरीक्षक नरेंद्र द्विवेदी, हेड कांस्टेबल प्रशांत त्रिपाठी, शिवकांत, आकाश मौर्य, अंकुर शुक्रवार की सुबह करीब 11 बजे ग्राम हबीबपुर के निकट वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी त्रिलोकपुर की ओर से जा रहे बाईक सवार को रोकने की कोशिश की तो बाइक सवार तेज रफ्तार मे भाग निकला पुलिस ने पीछा किया तो गांव मे ही पंकज मिश्रा के घर के सामने पुलिस ने घेर कर पकड़ लिया पुलिस की पकड़ मे आया युवक रामनगर थाना क्षेत्र के ग्राम अशोकपुर थाल निवासी अनुज कुमार यादव पुत्र मुरलीधर यादव है जिसके कब्जे से बरामद मोटरसाइकिल नम्बर यूपी 32 एलसी 7432 लखनऊ तहसील के पास से चोरी की थी।

अधिवक्ताओं ने पैदल मार्च कर की नारेबाजी

अवधनामा संवाददाता

अयोध्या। हापुड़ में धरना प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं पर पुलिस लाठी चार्ज के विरोध में राज्य विधिक परिषद उ.प्र . के आवाहन पर रुदौली के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को पैदल मार्च कर पुलिस विरोधी नारेबाजी की । इसके बाद मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित चार सूत्रीय मांग पत्र एसडीएम रुदौली व तहसीलदार को सौंप कर घटना की कड़े शब्दों में निंदा की । आंदोलित अधिवक्ता एक दिवसीय न्यायिक कार्य से विरत रहकर घटना पर विरोध जताया ।मांग पत्र में प्रमुख रूप से हापुड़ में पुलिस क्षेत्राधिकारी को बर्खास्तगी की मांग तथा धरना कर्मियों अधिवक्ताओं के ऊपर बर्बरता पूर्वक की गई लाठी चार्ज में शामिल पुलिस के दोषी अधिकारी एवं पुलिस कर्मियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर प्रभावी कार्यवाही की मांग हुई । घायल अधिवक्ताओं को उपचार हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया जाय व प्रशासनिक अधिकारियों का हापुड़ जनपद से स्थांतरण कराए जाने की मांग की। इस मौके पर तहसीलदार रुदौली राजेश कुमार वर्मा,बार अध्यक्ष हरिनारायण यादव,महामंत्री सन्तोष कुमार पाण्डेय ,साहब सरन वर्मा, प्रमोद ,अजय,राम रतन, चौधरी अजीमुद्दीन, मो फहीम, नन्द किशोर , बल देव, अब्दुल हई, अफसर रजा, शाह अदनान सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। एसडीएम श्री सिंह ने भी घटना की निंदा की तथा उन्होंने बताया कि मांग पत्र मिला है उचित माध्यम से इसे शासन को भेजा जाएगा। वही मिल्कीपुर में भी हापुड़ में वकीलों पर हुए लाठी चार्ज का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। पूरे प्रदेश के अधिवक्ताओं में आक्रोश है मिल्कीपुर तहसील के अधिवक्ताओं का विरोध प्रदर्शन तीसरे दिन भी आज जारी रहा। बार एसोसिएशन तहसील मिल्कीपुर के अध्यक्ष पवन शुक्ला की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

29 अगस्त को हापुड़ में पुलिस द्वारा बर्बरता पूर्वक महिला व पुरुष अधिवक्ताओं पर अकारण लाठी चार्ज किया गया इसके बाद से प्रदेश भर के अधिवक्ताओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। तथा बीते 30 अगस्त को अधिवक्ता मनोज चौधरी गाजियाबाद तहसील परिसर में अपने चेंबर में दोपहर में खाना खा रहे थे उसी वक्त अज्ञात बदमाशों ने अधिवक्ता मनोज चौधरी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

गांव के पश्चिम चनिया ताल में मिला बालक का शव

अवधनामा संवाददाता

महराजगंज। घघली थाना क्षेत्र के ग्राम सभा खानपुर में एक बालक का शव गांव के पश्चिम स्थित चनिया ताल में मिला। मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही में जुटी। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा खानपुर निवासी रोहन पुत्र सत्तन 12 वर्ष बृहस्पतिवार की रात खाना खाने के बाद गांव में चल रहे डीजे देखने अपनी मां से बता कर गया। डीजे बंद होने पर रात तक घर न लौटने पर परिजन उसकी तलाश करने लगे। शुक्रवार को भी सुबह से ही तलाश जारी था तभी दोपहर में किसी ग्रामीणों ने गांव के पश्चिम सिवान में स्थित चनिया ताल में बालक के शव होने की जानकारी गांव में दी। ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे तथा शव को पहचान उसे घर लाए। बांए आंख पर चोट का निशान था रोहन दो भाई और दो बहनों में सबसे छोटा भाई था कक्षा पांच में पढ़ता था। परिजनों ने स्थानीय पुलिस को घटना की सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक डा कौस्तुभ ने कहा कि घटना स्थल का निरीक्षण किया गया है। जाँच होकर आवश्यक कार्यवाही होगी।

जागरूकता चौपाल में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना की दी जानकारी

अपराध छुपाने से अपराधियों का हौसला बढ़ जाता है: डॉ राजेश

अवधनामा संवाददाता

विद्यालय में आयोजित पाठशाला को संबोधित करते क्षेत्राधिकारी डॉ राजेश तिवारी

बीकापुर- अयोध्या। कोतवाली अंतर्गत नगर पंचायत के तेंदुआ माफी में संचालित देश दीपक आदर्श इंटर कॉलेज में शुक्रवार को महिला सशक्तिकरण एवं महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। जागरूकता चौपाल में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना मिशन शक्ति दीदी के तहत छात्राओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, शक्ति मोबाइल ,महिला हेल्प डेस्क, महिला रिपोर्ट, पुलिस चौकी परामर्श केंद्र आदि के बारे में जानकारी दी गई। साइबर क्राइम से बचाव के लिए भी जरूरी टिप्स दिया गया और जागरूक किया गया। हेल्पलाइन नंबर 1090 ,1076, 108, 112 ,181 के बारे में जानकारी दी गई। तथा छात्राओं में पंपलेट वितरण किया गया। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर राजेश कुमार तिवारी न केवल अध्यापक की भूमिका में नजर आए बल्कि उन्होंने स्कूली छात्राओं से रूबरू होते हुए अभिभावक और दोस्ताना अंदाज में उन्हें निडर होकर हर प्रकार की गैर कानूनी हरकतों का विरोध करने का टिप्स दिया। तथा बच्चों से दोस्ताना अंदाज में कुछ किस्से सुनाए तो बच्चों से भी उनके मन की बात जानने की कोशिश की। बताया कि सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित सुरक्षा और अधिकार के लिए तमाम नियम और कानून बनाए गए हैं उनकी जानकारी रखना चाहिए तथा जरूरत पड़ने पर इस्तेमाल करना चाहिए। अपराध छुपाने से अपराधियों का हौसला बढ़ जाता है। और वह बड़ी घटना को अंजाम देते हैं। छात्राओं को किसी भी विषम परिस्थितियों में आत्मबल को मजबूत करके अपराध और उत्पीड़न का विरोध करने का टिप्स दिया गया। बीकापुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार राय ने छात्राओं का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि अपने घर परिवार और आसपास हो रहे किसी भी महिला उत्पीड़न का विरोध करना चाहिए और पुलिस को सूचित करना चाहिए। उन्होंने स्कूटी और बाइक चलाते समय यातायात के नियमों का भी पालन करने को कहा जिससे सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा और सशक्तिकरण से संबंधित शपथ भी ली गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय के प्रबंधक धीरेंद्र उपाध्याय प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, अजय तिवारी, महिला आरक्षी सरोज यादव, प्रियंका पांडेय सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

संविदा कर्मियों की बहाली को लेकर कार्य बहिष्कार जारी

सहारनपुर। संविदा कर्मियो की बहाली को लेकर विद्युत संविदा कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के बैनर तले तीसरे दिन भी संविदा कर्मियो ने कार्य बहिष्कार जारी रखा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार विद्युत संविदा कर्मचारी संघ उत्तर प्रदेश के बैनर तले तीसरे दिन भी संविदाकर्मियो की बहाली को लेकर कार्य बहिष्कार जारी रहा। आज तीन दिन बीत जाने के बाद भी किसी भी अधिकारी ने विद्युत संविदाकर्मियो के बीच मे पहुंचकर उनकी समस्याओ को जानने को प्रयास तक नही किया। जिसके कारण सभी विद्युत संविदाकर्मियो मे भारी रोष बना हुआ है। कार्य बहिष्कार करने वाले विद्युत संविदाकर्मियो को कहना है कि जब तक उनकी मांगो को समाधान नही होता, तब तक कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। कार्य बहिष्कार में संगठन के प्रदेश महामंत्री रामभूल सैनी, प्रदेश कोषाध्यक्ष अनिल कुमार, जिलाध्यक्ष विपिन विशिष्ट, मौ.हसन, नितिन सैनी, ब्रजपाल, मुकीम, रजनीश, प्रवीण आदि संविदा कर्मी शामिल रहे।

पुलिस मुठभेड़ में गौकशी में वांछित 25 हजार का ईनामी बदमाश गिरफ्तार

फायरिंग में बदमाश घायल, जिला अस्पताल में कराया भर्ती

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। थाना फत्तेहपुर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गौकशी में वांछित 25 हजार के ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसको चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जबकि एक बदमाश अधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। बदमाश के कब्जे से अवैध शस्त्र व एक बाईक बरामद हुयी है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ.विपिन ताडा के निर्देश पर जनपद में गौकशी की घटनाओ को रोकने व गौकशी के वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना फत्तेहपुर पुलिस ने एक गौकशी में वांछित 25 हजार के ईनामी बदमाश को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। घटनाक्रम के मुताबिक थाना फत्तेहपुर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक बाईक सवार पर दो युवक ग्राम जयसिंघा मोड की तरफआने वाले हैं, जिनके पास अवैध असलहा भी है। मुखबिर की सूचना पर थाना फत्तेहपुर पुलिस ग्राम जयसिंघा मोड पर चेकिंग करने लगी, तो दो युवक बाईक पर आते हुए दिखाये दिये, जब उन्हें रूकने का इशारा किया, तो दोनो व्यक्ति पुलिस पार्टी के ऊपर फायरिंग करके ग्राम जयसिंघा के जंगल की तरफभागे। थाना फत्तेहपुर पुलिस ने भी फायरिंग का मुंहतोड़ जवाब देते हुए आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की। फायरिंग में गोली लगने से एक बदमाश घायल हो गया तथा इसका एक अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। घायल बदमाश का नाम वजीर पुत्र नजीर निवासी ग्राम गदेवडा थाना फत्तेहपुर जनपद सहारनपुर है। बदमाश वजीर 25 हजार का इनामी अभियुक्त है, जो थाना रामपुर मनिहारन से धारा 3, 5क, 8 गौवध निवारण अधिनियम व 3/11 पशु क्रूरता अधिनियम में गोकशी के मुकदमे में वांछित चल रहा है तथा थाना फत्तेहपुर का हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त भी है। इसके अलावा इस पर जनपद व उत्तराखण्ड राज्य के विभिन्न थानो में गंभीर धाराओ में करीब 20 मुकदमे दर्ज है। घायल बदमाश को अस्पताल में भर्ती कराया गया है तथा फरार बदमाश की तलाश हेतु कॉम्बिंग की जा रही है।

नुक्कड़ नाटक कर टीकाकरण कराने को किया जागरूक

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। मेरठ सेवा समाज के तत्वावधान में जनपद के विभिन्न ग्रामों में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सभी लोगों को टीकाकरण कराने को जागरूक किया गया। ग्रुप पार्टनर प्रोजेक्ट सीआरएस और मेरठ सेवा समाज द्वारा चिलकाना चालाकपुर, घोघरेकी, पंचकुआ, कमेला कालोनी, आजाद कालोनी क्षेत्रों में तीन दिवसीय नुक्कड़ नाटक कराये गये, जिसका मकसद लोगों तक आगामी आई.एम.आई. के दिनों में टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित करना तथा बच्चों को लगने वाले टीके के सम्बन्ध में जनसमुदाय को जागरूक करना है। ये अभियान 7 अगस्त 2023 से शुरू है और यह अगस्त, सितम्बर अक्टूबर के दूसरे सोमवार तक चलेगा। जो कि पूरे सप्ताह चलाया जायेगा। नुक्कड़ नाटक शहर के एचपी सैन्टरों पर किये जायेंगे। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने नुक्कड़ नाटक की सराहना की और इस संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कोर से. बीएमसी. गुलअफ्शां, एमएम राखी की रानी, नुक्कड़ नाटक एवं रंग यात्रा की पूरी टीम वैष्णवी मित्तल, अरिहन्त जैन, मोहित यादव, अमन राजपूत, अंशिका गौतम, दिनेश तेजान विमल शर्मा आदि शामिल रहे।

संक्षिप्त समाचार

हादसे में घायल बाइक सवार की मौत

मसौली बाराबंकी। बीती रात्रि हाइवे पर स्थित बिन्दौरा चौराहे के निकट अज्ञात वाहन की चपेट मे आने से बाईक सवार की जिला अस्पताल मे इलाज के दौरान मौत हो गयी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उन्नाव जनपद के शुक्लागंज के गंगाघाट निवासी 30 वर्षीय दुर्गेश पाण्डेय पुत्र रमेश चन्द्र गोण्डा से अपने घर के लिए बाईक से जा रहा था हाईवे पर बिन्दौरा चौराहे के करीब रात्रि करीब 11 बजे अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी जिसमें दुर्गेश पाण्डेय बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने हाईवे ऐम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा जहां चिकित्साको ने मृतक घोषित कर दिया।

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने राखी बंधवाया

पूरा बाजार- अयोध्या। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित ने सराय राशी में अपने पैतृक आवास पर महिलाओं से राखी बधाकर उन्हें उपहार भी किया इस कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर के हिस्सा लिया जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित ने कहा कि रक्षाबंधन पर्व हमें एकता के सूत्र में भी बांधता है इस पर्व से हमें महिलाओं की रक्षा की प्रेरणा मिलती है महिलाओं की रक्षा हमें तन मन धन से करनी चाहिए यह हमारी पौराणिक परंपरा भी है इस अवसर पर अंकुर सिंह विजय प्रताप सिंह डॉ टी वी सिंह सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग भी उपस्थित थे

रामनगरी में सीएम योगी को बांधी गई राखी

अयोध्या। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर श्रावणकुंज मंदिर में सीएम योगी आदित्यनाथ का अनोखे अंदाज बांधी गई राखी मनाया गया रक्षाबंधन का त्योहार युवा महन्थ रामेश्वरी शरण ने सीएम योगी आदित्यनाथ को प्रदेश की बहनों की रक्षा के लिए भेजा रक्षा सूत्र और उनके तस्वीर पर राखी बांध कर लिया उनसे आशीर्वाद महन्थ रामेश्वरी शरण का बयान सीएम योगी एक सन्त है और वे भी एक सन्त इस रिश्ते से हम दोनों के बीच भाई बहन का रिश्ता है प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तारीफ करते हुवे कहा कि दो सौ रुपये गैस के दाम कम करके की बहनों को रक्षाबंधन के त्योहार पर बड़ा तोहफा दिया है और सीएम योगी के साशन काल मे बहने सुरक्षित है और कानून व्यवस्था राज है और यही मंगलकामना करती हूं कि ऐसे ही कानून व्यवस्था का राज बना रहे।

बरामद किया 11.02 किलो गांजा, तीन गिरफ्तार

बृजमनगंज (महराजगंज)। पुलिस ने शुक्रवार को मिश्रौलिय और बृजमनगंज कस्बे से तीन लोगो को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 11.02 किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों को जेल भेज दिया। बृजमनगंज थानाध्यक्ष श्याम सुन्दर तिवारी ने बताया कि मिश्रौलिया चौराहे के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। आरोपी ज्ञानदास निवासी मिश्रौलिया खास के पास से पुलिस ने गांजा बरामद किया। जिसमें सुभाष जायसवाल और प्रमिला जायसवाल बृजमनगंज को गिरफ्तार किया। दोनो जगहों से कुला मिलाकर 11.02 किलो गांजा बरामद किया गया है। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम थानाध्यक्ष श्याम सुन्दर तिवारी, उ0नि0 तारकेश्वर वर्मा, मदन मोहन मिश्रा, हे0का0 बलिराम यादव, राजेश कुमार, मनीष सिंह, अशरफ अली, शकुन्तला चौधरी, संजीव कुमार, रजनीश कुमार, पवन यादव, म0का0 रीमा, बेबी शामिल रहे।

हाइटेंशन तार लगाने पर की आपत्ति

महराजगंज। सिसवा विकास खंड के अंतगत करमही निवासी अमित कुमार चौधरी सहित दो अन्य लोगों ने जिलाधिकारी को पत्रक देकर हाइटेंशन तार को खींचने पर आपत्ति दर्ज कराई हैं। ग्रामीण अमित आशुतोष और अमितेश चौधरी ने पत्रक में उल्लेख किया है कि करमही निवासी विद्युत उपभोक्ता गोपाल प्रसाद मिश्र के निजी राइसमिल प्लांट हेतु नलकूप के लिए 11 हजार बोल्ट का हाइटेंशन तार विद्युत विभाग द्वारा लगाया जा रहा है। लेकिन तार के रास्ते में सरकारी और मान्यता प्राप्त विद्यालय के साथ साथ आवास भी पड़ रहा है। जिससे लोगों में भय बना रहेगा। उन्होंने उल्लेख किया है कि इसके पूर्व विद्युत अधिकारियों से अपनी आपत्ति दर्ज कराई गई थी लेकिन आश्वाशन के बाबजूद भी किसी भी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई।

सकुशल संपन्न हुआ कोटेदार का चुनाव

महबूबगंज अयोध्या। ग्राम सभा उनियार बाजार में कोटेदार का चुनाव शकुशल संपन्न हुआ जिसका परिणाम भी घोषित हो गया है दीपक पुत्र रामनिहाल 05 वोट, पवन सोनी पुत्र स्व0 शिवप्रसाद सोनी 221 वोट मिले। वहीं मिथिलेश सिंह पत्नी रणजीत (चिंटू) सिंह 299 वोट प्राप्त कर विरोधियों को पस्त किया।

बिजली की तार चोरी करने वाले दो चोर गिरफ्तार

चोरों के कब्जे से 250 मीटर विद्युत तार बरामद

अवधनामा संवाददाता

सहारनपुर। थाना कोतवाली देहात पुलिस ने विद्युत तार चोरी करने वाले 02 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 250 मीटर विद्युत तार बरामद किया है। गौरतलब रहे कि 1 सितम्बर को रंजन मिश्रा अपर अभियन्ता 33/11 केवी उपकेन्द्र मानकमऊ ने अज्ञात चोरो द्वारा इद्रा कालोनी के पीछे पीर के सामने जंगल ग्राम शेखपुरा क्षेत्र से 11000 केवी का तार चोरी करने के सम्बन्ध में थाने पर मुकदमा पंजीकृत कराया था। थाना कोतवाली देहात के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार चाहल के नेतृत्व में बिजली तार चोरी में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गयी। चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर कोतवाली देहात पुलिस टीम ने चोरी की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त आजाद पुत्र शहीद निवासी शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात सहारनपुर व जुल्फिक्कार पुत्र यामीन निवासी शेखपुरा कदीम थाना कोतवाली देहात को 250 मीटर केबिल 11000 केवी सहित गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। अभियुक्तों ने पूछताछ में बताया कि वह लोग नशे के आदि हैं, जिस कारण उन्होंने इन्द्रा कालोनी के पीछे जंगल से बिजली का तार बेचने के लिये चोरी किया था। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार चाहल, उपनिरीक्षक गुलाब तिवारी, कांस्टेबल प्रदीप कुमार व रवि राठी शामिल रहे।

डाक्टर प्रभु नाथ गुप्ता को राज्य पुरस्कार मिलने पर लगा बधाइयों का तांता

नौतनवा,महराजगंज। प्राथमिक विद्यालय बेलवा खुर्द ब्लाक लक्ष्मीपुर में प्रधानाध्यापक के रूप में कार्यरत डाक्टर प्रभु नाथ गुप्ता को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए राज्य शिक्षक पुरस्कार योजना 2022 के लिए चयनित किए जाने पर क्षेत्र के लोग काफी खुश हैं। क्षेत्र के लोगों को यह जानकारी मिलने पर प्रभु नाथ गुप्ता के घर पहुंच कर लोग बधाई दे रहे हैं। महराजगंज जनपद के रूद्रपुर शिवनाथ में 1967 में जन्मे डाक्टर प्रभु नाथ गुप्ता बचपन से ही मेधावी रहे, इन्होंने अपने मेहनत के बल पर पीएचडी तक शिक्षा प्राप्त की तथा 1999 मे बेसिक शिक्षा विभाग में चयनित हुए।2004 मे इन्हें प्रधानाध्यापक के पद पर पदोन्नति दिया गया। जिसके लिए इन्हें पुरस्कृत भी किया जाता रहा। डाक्टर प्रभु नाथ गुप्ता को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए जिलाधिकारी महराजगंज द्वारा 2021 व2022 में उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान, अनमोल रत्न शिक्षक सम्मान इसके अतिरिक्त खेल,पत्र, पत्रिका के लेखन, काव्य पाठ व लेखन, नाटक, तथा कोशिश में अच्छे कार्यों के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी,डायट,व जनप्रतिनिधियों द्वारा सम्मानित किया गया है।

पीसीएस जे में 14वी रैंक लाकर आकांक्षा ने बढ़ाया मान

अवधनामा संवाददाता

बृजमनगंज (महराजगंज)। यूपी पीसीएस-जे में फरेंदा की बेटी आकांक्षा मिश्रा ने 14वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र के साथ-साथ जिले का नाम रोशन किया। उनकी सफलता से परिवार व क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। नगर पंचायत फरेंद्रा निवासी रमा मिश्रा की सुपुत्री आकांक्षा मिश्रा ने पहली ही प्रयास में पीसीएस- जे में 14वीं रैंक हासिल कर जनपद का नाम रोशन कर दिया। आकांक्षा मिश्रा की प्राथमिक शिक्षा चन्द्रा चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल आनन्दनगर से प्रारम्भ हुई। इंटर गोरखपुर से एलएलबी गुजरात व एलएलएम कोलकाता से पास करने के बाद लखनऊ यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर रही थी। 30 अगस्त 2023 को यूपी पीसीएस जे की परीक्षा परिणाम घोषित हुआ तो परिवार की खुशी का ठिकाना नही रहा। आकांक्षा मिश्रा के पिता क्षेमेंद्र मिश्रा बैंक कर्मचारी और बाबा के डी मिश्रा सेठ आनंदराम जयपुरिया इंटर कालेज प्रवक्ता रहे। पैतृक गांव लक्ष्मीपुर विकास खंड के ग्राम पंचायत सेमरहवा ऊर्फ जमुहनिया में ग्रामीणों में खुसी की लहर दौड़ गई। लोगों का मानना है कि सरस्वती इस परिवार में स्वयं वास करती है। आकाक्षा इस सफलता का पूरा श्रेय अपने परिवार सहित गुरुजनों को देती है। इसकी सफलता पर चंद्रा चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल के प्रबन्धक सुधेश मोहन श्रीवास्तव व स्टाफ द्वारा बहुत बहुत बधाई।

समन्दर पार करके आई मुस्लिम बहन ने बाँधा भाई को रक्षा सूत्र

अयोध्या। रक्षा बंधन के पावन पर्व पर जहाँ एक ओर दूर दूर से आकर बहनें अपने भाई को राखी बाँध रही थी वहीँ यहां से 4,000 किलोमीटर दूर विदेश(जॉर्जिया) में एम बी बी एस की पढ़ाई कर रही एक बहन अपने भाई को राखी बांधने रुदौली आई। तहसील रूदौली के अधिवक्ता/पत्रकार अब्दुल जब्बार की बेटी अंसारी फ़ातिमा शिफा रूदौली से अपनी प्राम्भिक शिक्षा सिटी पब्लिक स्कूल व कैरियर मांटेसरी स्कूल व डी एस एम लॉयन्स पब्लिक स्कूल से शिक्षा प्राप्त कर नीट की परीक्षा पास कर जॉर्जिया में पिछले एक साल से एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है।रक्षा बंधन पर वह दो सप्ताह की छुट्टी लेकर अपने भाई अंसारी अरक़म को राखी बांधने अचानक रुदौली आई। ब्रहस्पतिवार को सुबह भाई अंसारी अरक़म अपनी बहन को याद कर मायूस था लेकिन सुबह अचानक 7 बजे बहन को अपने सामने पाकर खुशी से फूला नहीं समाया।

मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। भाजपा जिला कार्यालय पर शुक्रवार को प्रधानमंत्री के आवाहन पर पूरे देश में चल रहे ÷मेरी माटी मेरा देश÷ कार्यक्रम अंतर्गत भाजपा जिला संयोजक कन्हैया पासवान की अध्यक्षता में जिला कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक बांसी राजा जय प्रताप सिंह रहे। इस दौरान भाजपा जिला संयोजक कन्हैया पासवान ने कहा भाजपा प्रधानमंत्री जी के आवाहन पर चल रही मेरी माटी मेरा देश÷ के नियमित हम ग्रामीण स्तर पर जा कर गांव गांव के प्रत्येक घर से चुटकी भर मिट्टी कलश में एकत्रित करेंगे यह यात्रा गांव से शुरू हो कर दिल्ली तक जाएगी। यह पावन यात्रा एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव से 140 करोड़ देशवासियों को जोड़ने का कार्य करेगा। इस अवसर पर सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष लाल बाबा, राम कुमार कुंवर, बृज बिहारी मिश्रा, क्षेत्रिय अध्यक्ष पि0मो0 शिवनाथ चौधरी, जिला महामंत्री/कार्यक्रम संयोजक विपिन सिंह, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्या, घनश्याम मिश्रा, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्रा, मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, मोर्चा जिलाध्यक्ष गण, मंडल अध्यक्षगण, मंडल प्रभारीगण, नगर पालिका/पंचायत अध्यक्ष गण, ब्लॉक प्रमुखगण पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निपुण लक्ष्य को लेकर प्रधानाध्यापकों के साथ हुई बैठक

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय भारतभारी में शुक्रवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार के नेतृत्व में न्याय पंचायत बढ़नी, परसा इमाद एवं महुआरा के समस्त प्रधानाध्यापकों एवं प्रभारी प्रधानाध्यापकों की मासिक समीक्षा बैठक की गई। बैठक में खण्ड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज द्वारा निपुण तालिका, शिक्षक डायरी, शिक्षण योजना, ट्रैकर, प्रिंट रिच मैटेरियल, सहायक शिक्षण सामग्री आदि विषयों पर विस्तार से प्रोजेक्टर के माध्यम से विद्यालयवार समीक्षा की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि विभागीय दिशा निर्देशों का पालन सभी शिक्षक समय से करें। वर्तमान समय में कई कार्य विद्यालय स्तर पर पेंडिंग है जिसे शीघ्र ही पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि निर्देशों का पालन विद्यालय के समस्त शिक्षकों को करना है। विशेष शिक्षक अंजनी कुमार सिंह ने सभी प्रधानध्याको को समर्थ मोबाइल ऐप के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को प्रेरणा पोर्टल पर लिंक करने के लिए बताया गया।

प्रशासन की मौजूदगी में अवैध कब्जे पर नपा का चला बुलडोजर

अवधनामा संवाददाता

बांसी सिद्धार्थनगर। मंगल बाजार स्थित रामलीला मैदान की जमीन पर स्थानीय लोगों द्वारा वर्षों से किए गए अवैध कब्जे पर उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार व प्रभारी तहसीलदार राघवेंद्र पाण्डेय की उपस्थिति में आखिरकार नपा का बुलडोजर चल ही गया। विदित हो कि जिलाधिकारी के निर्देश पर अधिकारियों की मौजूदगी में बीते बुधवार को ही राजस्व टीम द्वारा पैमाइश कर रामलीला मैदान की जमीन को चिन्हित कर दिया गया था। राम लीला मैदान की जमीन के अन्दर आने वाले अवैध कब्जेदारों से स्वतः जमीन खाली करने के निर्देश के साथ प्रशासन द्वारा मौका भी दिया गया। कब्जा न हटाए जाने पर शुक्रवार को नपा के बुलडोजर के साथ मौके पर टीम सहित पहुंचे अधिकारियों की देखरेख में 17 लोगों के अस्थायी कब्जों को बुलडोजर द्वारा हटवा दिया गया। इस बावत उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार द्वारा बताया गया कि स्थाई कब्जेदारो को नोटिस /बेदखली के बाद हटाया जायेगा। बताया जाता है कि उक्त जमीन रामलीला मैदान के रुप में आरक्षित है।और पहले यहाँ रामलीला का मंचन भी होता था। उक्त दौरान सुरक्षा के दृष्टिगत भारी पुलिस बल के साथ सीओ देवी गुलाम व कोतवाल अनुज सिंह भी मौजूद रहे।

ब्लॉक परिसर अकबरपुर में बना शौचालय शो पीस

अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। जनपद के मुख्यालय अकबरपुर ब्लॉक परिसर में स्थित सामुदायिक शौचालय बना शोपीस जिसका शिलान्यास अकबरपुर ब्लॉक प्रमुख देविका वर्मा द्वारा 03-04-2023 को किया गया। लेकिन ब्लॉक परिसर में आने जाने वाले ग्रामीणों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। मीडिया कर्मियों द्वारा शुक्रवार को ब्लॉक परिसर का पड़ताल किया गया तो शौचालय में ताला बंद मिला। ब्लॉक में आने जाने वाले लोगों से मीडिया कर्मी ने जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि जब से शौचालय बना है कभी खुला नहीं देखा। इस विषय पर जब मीडिया कर्मियों ने जब जानकारी लेनी चाहि तो अकबरपुर खण्ड विकास अधिकारी दिनेश कुमार मौर्य ने कहा कि हम जवाब देने के अधिकृत नहीं है।

जुलूसे सानिये ज़हरा का 49वां दौर सम्पन्न

जलालपुर, अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। अकबरपुर तहसील क्षेत्र के इटरौरा गांव में अंजुमन जुल्फेकारे हैदरी के नेतृत्व में जुलूसे सानिये जहरा शीर्षक से 49वें दौर का वार्षिक मातमी जुलूस शुक्रवार को निकाला गया। अलम, ताबूत व जुल्जनाह के साथ निकले जुलूस में मुकामी व बैरूनी अंजुमन के सदस्यों ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की। इसके साथ ही उलेमाओं ने कर्बला के शहीदों पर प्रकाश डालकर माहौल को भावुक बना दिया। आयोजन समिति से जुड़े सैयद मोहम्मद अब्बास ने बताया कि जुलूस में अंजुमन फिरदोसिया गोपालपुर बिहार, अंजुमन सिपाहे हुसैनी भनौली सादात सुल्तानपुर, अंजुमन हुसैनी ब्रदर्स कानपुर, अंजुमन हैदरिया रजि. अब्दुल्लाहपुर, अंजुमन जाफरिया रजि. पेवाड़ा लोरपुर व अंजुमन जुल्फेकारे हैदरी ने गमगीन माहौल में नौहाख्वानी की। वहीं दौराने जुलूस मौलाना सैयद हेलाल अब्बास, मौलाना सैयद शारिब अब्बास ने तकरीर करते हुए जुलूस का समापन किया।

सिद्धार्थनगर का कार्यकाल सेवा काल का अविस्मरणीय दौर: चंदेश्वर सिंह

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। सेवानिवृत के उपरांत होने वाली विदाई का क्षण भावुक करने वाला होता है, यह एक प्रशासनिक प्रक्रिया है। सरकारी सेवा में रहने वाले प्रत्येक कर्मचारी को इससे गुजरना पड़ता है। प्रभारी डीएफओ नवीन प्रकाश शाक्य ने यह बातें शुक्रवार को यहां तैनात रहे डीएफओ चंदेश्वर सिंह के सेवानिवृति पर आयोजित विदाई समारोह के दौरान कही। संतकबीर नगर के डीएफओ प्रभातकांत पांडेय ने कहा कि चंदेश्वर सिंह सेवा के दौरान अपने अच्छे कार्य और व्यवहार के कारण वर्तमान में कार्य कर रहे लोगों के प्रेरणा स्रोत बने रहेंगे। शरद कुमार श्रीवास्तव, सुभाष त्रिपाठी, पंकज त्रिपाठी ने पूर्व डीएफओ के दो वर्ष चार माह के कार्यकाल को कम समय में बेहतर समन्वय के साथ कार्य करने की क्षमता की तारीफ की। पूर्व डीएफओ चंदेश्वर सिंह ने कार्य में सहयोग करने वाले सभी के प्रति भावुक हो आभार जताया। कहा कि 35 वर्ष की सेवा में उन्होंने प्रदेश के विभिन्न जिलों में कार्य किया है, लेकिन सिद्धार्थनगर का कार्यकाल उनके सेवा काल का अविस्मरणीय दौर रहा है। इस दौरान उन्हें अंग वस्त्र, धार्मिक पुस्तकें, स्मृति चिन्ह देकर विदा किया गया। इस दौरान गर्जन राम, रजेश कुमार, ओंकार नाथ वरुण, शिव कुमार गुप्ता, देवेश मिश्रा, निखिल श्रीवास्तव, मो. वारिस, संजय श्रीवास्तव, गौरीशंकर वर्मा, सचिन, सिद्धार्थ पांडेय आदि मौजूद रहे।

गोवंश में लंपी स्किन डिजीज को लेकर बैठक

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। अपर मुख्य सचिव (पशुधन), उप्र शासन के निर्देश के क्रम में शुक्रवार को पशुपालन विभाग द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में गोवंश में लंपी स्किन डिजीज की मिशन मोड में रोकथाम हेतु जनपद स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के प्रारंभ में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जीवन लाल ने लम्पी स्किन डिजीज पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस वर्ष जनपद में लम्पी स्किन डिजीज के टीका हेतु 20 हजार डोज निदेशालय से प्राप्त हुआ था, जिसमें से 16900 डोज पशुओं में टीकाकरण कर दिया गया है। शेष डोज आकस्मिक टीकाकरण हेतु सुरक्षित रखा गया है। बताया कि लम्पी स्किन डिजीज को लेकर विभाग पूरी तरह से संवेदनशील एवं सक्रिय है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सभी उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, पशु चिकित्सा अधिकारी एवं नगर पालिका क्षेत्र के अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि अगर किसी भी क्षेत्र से लंपी स्किन डिजीज की सूचना मिलती है, तो तत्काल उसे क्षेत्र का भ्रमण टीम बनाकर किया जाए और पशु चिकित्सा की टीम तत्काल उस पशु का इलाज करें एवं पशुपालकों को लम्पी स्किन डिजीज के बचाव हेतु आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया जाए। जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी भनवापुर एवं इटवा को निर्देशित करते हुए कहा कि उनके क्षेत्र में गोवंश के सड़क पर घूमने की सूचना मिल रहे है उसको तत्काल टीम के साथ पकड़वाकर गौशाला पहुंचना सुनिश्चित करें। बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी नरेंद्र मोहन नाथ त्रिपाठी ने कहा कि जिलाधिकारी महोदय के दिए निर्देशों का शत प्रतिशत पालन होना चाहिए तथा नेपाल बॉर्डर एरिया के पशु चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र का प्रतिदिन भ्रमण करें तथा जिला प्रशासन के सहयोग से नेपाल से आ रहे गोवंशों को रोकने का भी प्रयास करें। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर महेंद्र तिवारी ने कहा कि लंबी स्क्रीन डिजीज को नियंत्रित करने के लिए यह मिशन मोड की बैठक का तात्पर्य सभी में इस बीमारी के प्रति अफवाह न फैले इसके लिए जागरूकता फैलाना है। डॉ महेंद्र तिवारी ने कहा कि लंपी स्किन डिजीज की तरह ही स्किन डिजीज पॉक्स वायरस में भी नॉड्यूलस बनते हैं, तथा टेंपरेचर हाई होता है। उसको हम कतई लंपी स्किन डिजीज ना माने क्योंकि लंपी स्क्रीन डिजीज किसी भी गौवंश में बिना श्योर हुए हम नहीं कह सकते हैं।

किसी भी गोवंश में लंपी स्किन डिजीज के प्राथमिक लक्षण दिखने के उपरांत उसका वैक्सीनेशन ना करें क्योंकि तत्काल वैक्सीनेशन करने पर डिजीज काफी प्रभावशाली हो जाएगा और जानवर के मरने की भी संभावना ज्यादा हो जाएगी। कहीं भी इस रोग के बारे में जानकारी मील तो कंट्रोल रूम को सूचना दें। इसके प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर प्रदीप कुमार हैं जिनका मोबाइल नंबर 8004132187 है।

सब इंस्पेक्टर शत्रुघ्न और शशिकांत बने इंस्पेक्टर

अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता। जिले के थानों मे तैनात दो उपनिरीक्षकों का प्रमोशन होने पर उन्हें इंस्पेक्टर का दर्जा मिल गया । इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने थ्री स्टार का बैज लगाकर चौकी प्रभारी किछौछा शत्रुघ्न यादव और पुलिस लाइन में तैनात शशिकांत यादव का सम्मान किया। बसखारी थाने के किछौछा चौकी प्रभारी शत्रुघ्न यादव और पुलिस लाइन में तैनात रहे शशिकांत यादव का सरकार व विभाग से प्रमोशन मिला है। पदोन्नति पाने पर इन दोनों को पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार सिन्हा ने कंधों पर थ्री स्टार बैज लगाकर बधाई दी। पुलिस अधीक्षक ने दोनों दरोगाओं को इंस्पेक्टर बनाए जाने पर शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर पीआरओ पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण आदि मौजूद रहे।

प्रधान व ग्रामीणो ने अधिशासी अभियंता से ट्रांसफार्मर लगने की मांग की

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। विकास खण्ड लोटन क्षेत्र के ग्राम हरिगांव में कुछ दिन से बिजली नहीं आ रही है इसकी शिकायत को लेकर अधिशासी अभियंता सिद्धार्थनगर विद्युत विभाग को ग्राम प्रधान व ग्रामीणो ने प्रार्थना पत्र देकर ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है। लोगों का कहना है जब गांव में विद्युत सप्लाई हुई थी उसे समय 63केवी का ट्रांसफार्मर लगा था कुछ दिन बाद जल गया, फिर 25 केवी का ट्रांसफार्मर लगा, वह भी जल गया पुनः ट्रांसफार्मर 25 केवी ट्रांसफार्मर लगया गया जो की एक महीने के अंदर पुनः जल गया लोगों ने विभाग से 63 केवी का ट्रांसफार्मर लगाये जाने की मांग किया है ताकी बिजली की समस्या हल हो सके। जिसमें भारत ग्राम प्रधान मनीष दिनेश राजू संजय विनय जसवंत राघवेंद्र विजय वीरेंद्र राम शंकर मनीष संदीप ओम प्रकाश दीपेंद्र आदि ने माग किया है।

नवागत डीडीओ से मिला राकसंप का प्रतिनिधि मण्डल

सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। नवागत डीडीओ गोपाल प्रसाद कुशवाहा से राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का प्रतिनिधि मण्डल शुक्रवार को विकास भवन स्थित उनके कार्यालय में मिल कर उनको जनपद में कार्यभार ग्रहण पर स्वागत किया। इस दौरान डीडीओ ने प्रतिनिधि मण्डल से परिचय प्राप्त कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को शत प्रतिशत क्रियान्वयन करने की अपेक्षा की। प्रतिनिधिमण्डल ने डीडीओ को भरोसा दिलाया कि कभी भी शिकायत का मौका नही मिलेगा। प्रतिनिधि मण्डल में राकसंप के जिलाध्यक्ष सुजीत जायसवाल, कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामकरन गुप्ता, राजेश मिश्र, कैलाश मणि त्रिपाठी, विनय श्रीवास्तव, कली मुर्रज़फर आदि शामिल रहे।

वनमहोत्सव कार्यक्रम के तहत प्राथमिक विद्यालय देवरिया में पौधा रोपण

अवधनामा संवाददाता

मिठवल सिद्धार्थनगर। प्रकृति में तमाम तरह के औषधीय पौधे मानव जीवन के लिए वरदान साबित हो रही है प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह

औषधीय पौधे मानव जीवन के लिए वरदानः महिंद्रा फाइनेंस

पर्यावरण को बचाने के लिए अधिक से अधिक बृक्षो का रोपण करें। उक्त विचार एरिया कलेक्शन मैनेजर गायत्री शुक्ला जी ने वन महोत्सव कार्यक्रम अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय देवरिया मिठवल में संबोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आज पर्यावरण खतरे में है अधिक से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण को बचाया जा सकता है ऐसे में औषधीय पौधे लगाना मानव जीवन के लिए और भी हित कर होगा। ब्रांच एकाउंटेंट संतोष दूबे जी एवं आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसो. के जिला अध्यक्ष श्री हेमन्त शुक्ला जी ने कहा कि क्षिति जल पावक गगन समीरा पंचतत्व से बना शरीरा इस बात को ध्यान में रखते हुए हमेशा पाँच तत्व की रक्षा करना चाहिए और यह तभी संभव होगा जब हम अधिक वृक्षारोपण का कार्य करें। आज हम सभी को यह शपथ लेना होगा कि किसी भी शुभ अवसर पर एक वृक्ष जरूर लगाएंगे और पर्यावरण मित्र कहलाएंगे इस अवसर पर रत्नेश श्रीवास्तव, धीरज दूबे, सिद्धार्थ, वेद दूबे, चंद्रमौलि, अनुराग, दीपकभट्ट, प्रेम पाण्डेय, हिमांशु आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बच्चों को दिलाई गई शपथ

डुमरियागंज सिद्धार्थनगर। डुमरियागंज विकासखंड के परिषदीय विद्यालयों में स्वच्छता पखवाड़ा के अंर्तगत बच्चों को शिक्षकों द्वारा स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तथा जागरूकता अभियान के अंर्तगत बच्चों को साफ सफाई के प्रति जागरूक किया गया। कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय भारत भारी में स्वच्छता पखवाड़ा के अंर्तगत विद्यालय के सभी बच्चों को प्रार्थना सभा में प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद नदीम द्वारा स्वच्छता शपथ दिलाया गया।

इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाध्यापक मोहम्मद नदीम ने बताया कि सभी बच्चे सबसे पहले स्वयं, अपने परिवार, मुहल्ले एवं गाँव एवं अपने कार्यस्थल से स्वच्छता की शुरुआत करेंगे। गांव-गांव, गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करेंगे। उन्होंने आगे बताया कि 1 सितम्बर से 15 सितम्बर 2023 तक समस्त विद्यालयों एवं शिक्षण संस्थानों में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जाना है।

टेम्पो सहित 18 बोरी यूरिया को एसएसबी ने पकड़ा, कस्टम को किया सुपुर्द

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता। 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी खुनुवा के जवानों ने 18 बोरी यूरिया खाद व टेम्पू को जब्त किया। शुक्रवार को 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की सीमा चौकी खुनुवा के नाका दल ने अवैध तरीके से ले जा रहे 18 बोरी यूरिया खाद के साथ टेम्पू को जब्त किया। यह जानकारी देते 43वीं वाहिनी के कमांडिंग अधिकारी शक्ति सिंह ने बताया कि सीमा स्तम्भ संख्या 555 के समीप चेतरा गांव के रास्ते से खाद की तस्करी होने वाली है। सूचना प्राप्त होते ही सीमा चौकी खुनुवा से उप निरीक्षक हरेन्द्र सिंह पवार के नेतृत्व में मुख्य आरक्षी अशोक कुमार, आरक्षी संजय कुमार और आरक्षी अभय कुमार के साथ नाका दल चेतरा गाँव के लिए रवाना हुई। चिन्हित स्थान के समीप नाका दल ने देखा कि एक टेम्पू नेपाल सीमा की तरफ जा रहा है। संदेह के आधार पर नाका दल ने टेम्पू चालक को रुकने का इशारा किया परन्तु एसएसबी को देखते ही टेम्पू चालक टेम्पू छोड़कर भागने लगा। नाका दल द्वारा उस चालक का पीछा किया गया परन्तु काफी अँधेरा व नेपाल सीमा नजदीक होने के कारण वह नेपाल क्षेत्र में भाग गया। तत्पश्चात, नाका दल द्वारा टेम्पू की तलाशी ली गई जिसमें 18 बोरी यूरिया बरामद हुआ। नाका दल द्वारा 18 बोरी यूरिया सहित टेम्पू (यूपी 55टी-6697) को जब्त कर उचित कागजी कार्यवाही के उपरांत कस्टम सीमा शुल्क कार्यालय खुनुवा को सुपुर्द कर दिया गया।

सहकारी समितियों का भविष्य हो रहा उज्ज्वल: जगदम्बिका पाल

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जनपद में बी पैक्स सदस्ता महा अभियान का आयोजन शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थिति गेस्ट हाउस मे हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डुमरियागंज सांसद जगदम्बिका पाल रहे। सांसद जगदम्बिका पाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहाँ जिस प्रकार बैंक डिफाल्टर हो रहे थे और जनता का पैसा डूबता देखें जा रहे थे इसको भाजपा सरकार उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बैंको को बढ़ावा देने एवं डिफाल्टर से बचाने सहित किसानो का पैसा डूबने से बचाने के लिए नियम क़ानून बनाकर जनता का पैसा उन्हें मिल सके बेहतर प्रयास किये जा रहे जिसमे सिद्धार्थनगर भी शामिल है।

सांसद ने कहाँ सहकारी समिति नैनो डी ए पी एवं यूरिया खाद को बढ़ावा दे रही जिसके उपयोग से किसानो की आय बढ़ेगी लागत घटेगा वही बंद सहकारी बैंको के पैसे का भुगतान भी किया जा रहा जिससे किसानो के चेहरे खिल रहे है वही समिति को बढ़ावा देने के लिए एक अभियान पुरे जनपद मे चलाया जा रहा है सहकारी समिति अध्यक्ष कुंवर विक्रम सिंह ने कहाँ जनपद मे 24 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य मिला जिसमे सदस्ता शुल्क 200 से लेकर 5000 हजार तक लगाया गया जिसमे पुरे जिले समितियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार सदस्ता अभियान चलाकर किसानो को जोड़ने का लक्ष्य है। इस दौरान कन्हैया पासवानजिला संयोजक भाजपा, दिलीप चतुर्वेदी क्षेत्रीय सह संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ, अजय उपाध्याय अध्यक्ष सहकारी फेडरेशन, वकील वर्मा एआर को आपरेटिव, आशीष शुक्ला अवधेश, महेंद्र लोधी संचालक डीसीबी एवं सभी तहसील के अपर अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी सहित ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश मिश्रा, पूर्व चेयर मैन एसपी अग्रवाल, साधना श्रीवास्तव व किसानो की उपस्थिति रही।

अवार्ड फंक्शन एवं सार्टिफिकेट वितरण

अवधनामा संवाददाता

सिद्धार्थनगर। विकास खण्ड लोटन मे चल रहे उमा टेक्निकल डिग्री कालेज के संस्था में शुक्रवार को कालेज के कमरे मे अवार्ड फक्सन एवं सार्टिफिकेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमे शिक्षण कार्य पूरा कर चुके छात्र छात्राओं को सार्टिफिकेट वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आलोक कुमार त्रिपाठी (प्रधानाचार्य जनता इण्टरमीडिएट कालेज,) बनियाडीह ने कहाँ कि आज के समय के मे बिना टेक्निकल के किसी भी विभाग मे नौकरी मिलना मुश्किल है।

आप लोगों को चाहिए कि पढाई के साथ साथ टेक्निकल एजुकेशन की जानकारी हासिल करे। भाजपा के मण्डल प्रभारी राम नेवास यादव ने कहा की इस समय शिक्षा के साथ साथ कम्प्यूटर की जानकारी होनी जरूरी है तभी सफलता मिल सकती इस समय हर व्यक्ति के पास मोबाइल फोन है वह भी आधा कम्प्यूटर का कार्य करता है शिक्षा की ही देन है की भारत एक नम्बर मे गिना जाता है। उमा टेक्निकल संस्थान खुलने से दुर नही जाना पड रहा है आप के चौराहे पर टेक्निकल शिक्षा मिल जा रहा। कार्यक्रम के दौरान शम्भू कुशवाहा, चीफ ड्राईरेक्टर सुरजीत कुमार मोदनवाल, चीफ ड्राईरेक्टर इरफान अहमद, प्रधानाचार्य रामबेलास यादव, दुर्गेश प्रजापति, दिव्या सिंह, पवन मौर्या, प्रेमचन्द मोदनवाल, प्रथम रैंक हासिल करने वाली छात्रा प्रतिभा जायसवाल, सदा नन्द, द्वितीय रैक हासिल करने वाले विपिन, शिवांगी सिहं, पल्लवी त्रिपाठी, काजल सिंह सहित तमाम छात्र व छात्राएं मौजूद रही।

सम्पूर्ण समाधान दिवस आज

बस्ती अवधनामा संवाददाता। सम्पूर्ण समाधान दिवस सभी तहसीलों में शनिवार 02 सितम्बर को आयोजित किया जायेंगा। उक्त जानकारी एडीएम कमलेश चन्द्र ने दी है। उन्होने बताया कि जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हर्रैया तहसील में आयोजित होगा, जिसमें सभी जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। उन्होने निर्देश दिया है कि पूर्व में प्राप्त सभी शिकायतों का निस्तारण कर आख्या की प्रति लेकर अधिकारी आयेंगे।

जि. वि. सेवा प्राधिकरण कार्यालय में साक्षात्कार 11 को

बस्ती अवधनामा संवाददाता। अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रजनीश कुमार मिश्र ने बताया कि प्राविधिक स्वयं सेवको की नियुक्ति के लिए जिला मुख्यालय एवं तहसीलों हेतु आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लिया जायेंगा। उन्होने बताया कि जिला मुख्यालय के अभ्यर्थीगण आगामी 11 सितम्बर को, तहसील बस्ती सदर हेतु 12 सितम्बर को तथा तहसील हर्रैया, भानुपर एवं रुधौली हेतु 13 सितम्बर को प्रातः 09.30 से 10.30 बजे तक जनपद न्यायालय परिसर स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में साक्षात्कार लिया जायेंगा। नियत समय से आधा घण्टा पूर्व अपने मूल प्रपत्रों के साथ उपस्थित होना अनिवार्य है।

स्कूल में थप्पड़ कांड

आज हम बेहद आहत हैं। नींद और मानसिक चैन गायब हो गए हैं। हमने ऐसे स्कूल और शिक्षक की कल्पना भी नहीं की थी। ऐसा स्कूल, जहां सहपाठी की पिटाई महज इस आधार पर कराई जाए कि वह मुसलमान है! स्कूलों और कक्षाओं में कब से हिंदू-मुसलमान होने लगा? यह स्थिति तब बेहद नाजुक और संवेदनशील हो जाती है, जब एक महिला शिक्षक अपने छात्रों को आदेश दे कि मुस्लिम सहपाठी को थप्पड़ मारो! शिक्षिका को यह अधिकार किस संविधान और कानून में दिया गया है? कानून तो स्पष्ट है कि अब कोई भी अध्यापक, किसी भी छात्र को, स्कूल परिसर या क्लास-रूम में, शारीरिक रूप से पीट कर आहत, चोटिल नहीं कर सकता। उसे मानसिक आघात नहीं पहुंचा सकता, जो जिंदगी भर उसे मथता रहे। फिर भी हमारे ग्रामीण, पिछड़े इलाकों के स्कूलों में छात्रों को पिटाई का दंड दिया जाता है। चलो, इसे गुरु-शिष्य की प्राचीन परंपरा का एक उदाहरण माना जा सकता है, लेकिन शिक्षक ही 'सांप्रदायिक जहर' फैलाने लगे, तो उसका दंड क्या होना चाहिए? पश्चिमी उप्र के मुजफ्फरनगर जिले के एक गांव में ऐसा ही हुआ है। मुजफ्फरनगर सांप्रदायिक दंगों के लिए कुख्यात रहा है। स्कूली छात्र यूकेजी का विद्यार्थी है। उसे '5' का पहाड़ा आता था अथवा नहीं, लेकिन महिला शिक्षिका ने कक्षा के छात्रों को आदेश दिया कि वे उस छात्र के गाल पर थप्पड़ मारें। सहपाठियों को वैसा ही करना पड़ा, लेकिन छात्र का चेहरा लाल हो गया, तो शिक्षिका ने कमर पर मारने के निर्देश दिए। यदि किसी छात्र को पहाड़े नहीं आते या याद नहीं हैं अथवा उसने गृह-कार्य नहीं किया है, तो किस कानून की धाराओं में प्रावधान हैं कि उस बच्चे को थप्पड़ मारे जाएं? सिर्फ यही नहीं, उस शिक्षिका का यह कथन भी सार्वजनिक हुआ है-मैंने तो डिक्लेयर कर दिया, जितने भी मुहम्मडन बच्चे हैं, इनके वहां चले जाओ।' शिक्षिका की मानसिकता साफ है कि मुस्लिम छात्र किसी दूसरे इलाके के स्कूल में चले जाएं अथवा मदरसों में चले जाएं।

क्यों चले जाएंज.भारत में प्राथमिक शिक्षा अनिवार्य और निःशुल्क है। यदि शिक्षक स्कूल में पढ़ा रहे हैं और किसी भी छात्र का प्रवेश किया गया है, तो शिक्षक जाति, धर्म, मत, संप्रदाय और नस्ल के आधार पर कोई फैसला नहीं ले सकता। स्कूल में हिंदू-मुसलमान विभेद करने वाली शिक्षिका को ऐसे अधिकार किसने दिए हैं? दरअसल हम शिक्षिका का दोहरा अपराध मानते हैं। एक तो उसने थप्पड़ कांड कराया है। दूसरे, उसने एक छात्र को चोटिल, आहत किया है। जीवन भर के मानसिक घाव दिए हैं। वह शिक्षिका दंड की भागी है। लगभग ऐसी ही घटना जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के एक स्कूल में हुई है। वहां प्रधानाचार्य और अध्यापक ने 10वीं कक्षा के छात्र को इसलिए पीटा, क्योंकि उसने ब्लैक बोर्ड पर 'जय श्रीराम' लिख दिया था। वहां छात्र हिंदू था और शिक्षक मुसलमान थे। यह कैसी शिक्षा-संस्कृति पनपती जा रही है? ऐसी घटनाएं राजस्थान, झारखंड, मध्यप्रदेश, कश्मीर, बंगाल आदि राज्यों में होती रही हैं। कश्मीर में एक प्राध्यापक ने अनुच्छेद 370 रद्द करने का विरोध किया, तो उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया। किसी ने प्रधानमंत्री मोदी का पुतला जलाया, तो उस पर रासुका थोप दिया गया और जेल में ठूंस दिया गया। यह क्या हो रहा है हमारे देश में? एनसीआरईटी के लंबे समय तक निदेशक रहे प्रो. जेएस राजपूत की टिप्पणी बेहद मर्माहत लगती है कि उन्होंने 1962 में पढ़ाना शुरू किया था, लेकिन आज वह अध्यापक होने पर ही शर्मिन्दा महसूस कर रहे हैं। बेशक आरोपित शिक्षिका के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है, लेकिन धाराएं कमजोर और जमानती हैं। यही नहीं, गांव और समाज के प्रधाननुमा चेहरे, पिटने वाले बच्चे के पिता और पुलिस पर, दबाव बना रहे हैं कि समझौता कर लिया जाए। मुद्दे को सांप्रदायिक रंग न दिया जाए, लेकिन थप्पड़ कांड वाली शिक्षिका की जिम्मेदारी कौन तय करेगा? घरों में चलने वाले ऐसे स्कूल छात्रों को कैसी तालीम दे रहे हैं? सांप्रदायिक जहर पढ़ाया जाएगा, तो देश के हालात कैसे हो सकते हैं? वैसे भी हमारी राजनीति, समाज और सोच सांप्रदायिक तौर पर विभाजित है। कमोबेश ऐसे स्कूलों पर ताला लटका दिया जाना चाहिए।

सजा टली है, राहुल दोषी रहेंगे!

के. विक्रम राव

अब तक राहुल गांधी को तीन बार अदालत से फटकार पड़ चुकी है। पहली बार तो माफी मांग कर जान बचायी। प्रधानमंत्री को कह दिया था चौकीदार चोर है। नरेंद्र मोदी अपने को राष्ट्र का पहरेदार कहते थे। तब सर्वोच्च न्यायालय ने राहुल को प्रताड़ित किया था। उन्होंने तत्काल क्षमा याचना की। फिर आया उनके पूर्वजों का अखबार नेशनल हेरल्ड का मामला जहां वित्तीय अपराध का इल्जाम लगा था। पटियाला हाउस कोर्ट से मां सोनिया के साथ वहां राहुल भी पचास हजार रुपए के मुचलके पर रिहा हुए थे। तीसरा कल (4 अगस्त 2023) जब सर्वोच्च न्यायालय ने लताड़ के साथ राहत भी दे दी। तीन-सदस्यीय खंडपीठ ने असाधारण चेतावनी दी सार्वजनिक जीवन में रहने वाले को सावधानी बरतनी चाहिए। राहुल ने कहा था मोदी उपनाम वाले सभी चोर क्यों होते हैं? ऐसी पुरानी राजनीतिक पार्टी के एक पूर्व अध्यक्ष को इस तरह की चेतावनी मिलना बड़ी ग्लानिदायिनी है। सर्वोच्च न्यायालय से अभी राहुल गांधी को सिर्फ अल्पकालीन राहत मिली है, पूर्ण रुपेण छुटकारा नहीं। मुकदमा तो सूरत की सेशंस कोर्ट में चलेगा। पेशी निरंतर होंगी। फौजदारी का जुर्म जो है। असली मुद्दे को राजनीतिक चालबाजी से धूमिल करने की कोशिश ज्यादा चल नहीं पाएगी। मामला न्यायालय का है, कानूनवाला है। जैसे नेशनल हेरल्ड के फर्जीवाड़े का मुद्दा। इस केस में कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी को नई दिल्ली कोर्ट से जमानत मिल गई थी। हेरल्ड केस में राहुल गांधी की जमानत उनकी बहन प्रियंका ने दी थी। वहीं सोनिया गांधी का बेल-बॉन्ड पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटोनी ने भरा। इस वयोवृद्ध एंटोनी साहब का सुपुत्र अनिल एन्टोनी ही आज भाजपा की केरल इकाई का अध्यक्ष है। हालांकि सोनिया गांधी ने कहा कि ये भाजपा सरकार विपक्ष को फंसाने का काम कर रही है। लेकिन हम डरने वाले नहीं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने सीधे प्रधानमंत्री का नाम लेते हुए कहा मोदीजी झूठे आरोप लगाते हैं जिससे कि विपक्ष झुक जाए। लेकिन मैं और कांग्रेस पार्टी नहीं झुकेंगे। क्या विडंबना है कि खुर्राट कांग्रेसी सब समझते हैं, फिर भी प्रचार कर रहे हैं कि मानो उनके 53-वर्षीय तरुण नेता कानूनी जंग जीत गए हों। अभी तो सूरत सत्र न्यायालय में सुनवाई चालू होगी। पेशी दर पेशी होगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगी रोक दोष-सिद्ध तक ही है, जब तक जिला कोर्ट में सुनवाई चल रही है। राहुल गांधी पर मानहानि का मुकदमा ठोकने वाले याचिकाकर्ता पूर्णेश मोदी ने कहा भी था अब इस मामले में कानूनी लड़ाई समाज के साथ मिलकर सेशंस कोर्ट में जारी रखेंगे। यानी कि उसी कोर्ट में जहां राहुल गांधी ने मेट्रोपॉलिटन अदालत के फैसले को चुनौती दी थी और याचिका लगाई थी। यह मामला और दोष सिद्धि पर शाश्वत रोक लगाने का अनुरोध अभी लंबित है।

सुप्रीम कोर्ट द्वारा राहुल गांधी को दी गई सुविधा उनकी अपील पर सेशन कोर्ट का फैसला आने तक ही रहेगी। यानी राहुल गांधी को लेकर मोदी सरनेम केस मामले की सुनवाई सूरत की सत्र अदालत में चालू रहेगी। अर्थात गुजरात की पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक पूर्णेश मोदी ने 2019 में राहुल गांधी के खिलाफ उनके सभी चोरों का सरनेम मोदी कैसे है वाला आपराधिक मानहानि का मुकदमा कायम रहेगा। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने चौकीदार चोर है वाले बयान को लेकर अवमानना वाले मामले में माफी मांग ली थी। अतः वह तो खत्म है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपने हलफनामा में बिना किसी शर्त माफी मांग ली थी। राहुल गांधी के अपने माफीनामे में शब्द थे कोर्ट का अपमान करने की न तो मेरी कोई मंशा थी और न ही मैंने जानबूझ कर ऐसा किया था। मैं अदालत की न्यायिक प्रक्रिया में किसी तरह की बाधा नहीं पहुंचाना चाहता था। भूलवश मुझसे गलती हुई है। लिहाजा इसके लिए मैं क्षमा चाहता हूं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

प्रदेश में सिंचाई रकबा और फसल उत्पादन बढ़ने से भी गाय-भैंस की सेहत सुधरी है। गाय-भैंस को खुरा सहित अन्य बीमारियों से बचाने के लिए सरकार द्वारा समय पर टीकाकरण अभियान शुरू करने से भी इस क्षेत्र में सुधार हुआ है। सरकार द्वारा पौष्टिक पशु आहार की अनेक इकाइयां खुलने से प्रदेश में महज चार साल में साढ़े चार हजार टन से अधिक दूध उत्पादन बढ़ गया। आज प्रदेश में पशुओं के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। सिंचाई का रकबा बढ़ने, कृषि उत्पादन बढ़ने से प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ रहा है।

दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भरता की राह पर मध्यप्रदेश

कृषि आधारित अर्थ-व्यवस्था में पशुपालन एवं डेयरी व्यवसाय महत्वपूर्ण स्थान रखता है। यह व्यवसाय जनसामान्य के कल्याण, सामाजिक, आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संयुक्त राष्ट्र संघ के आंकड़ों के अनुसार भारत विश्व में सबसे बड़ा दूध उत्पादक देश है और दुनिया भर के कुल दूध का 21 से 23 फीसदी भारत में उत्पादन होता है। भारतीय संस्कृति में सदियों से पशुपालन ने अर्थ-व्यवस्था और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत में श्वेत क्रांति के माध्यम से

हर्षवर्धन पाण्डे

दूध के उत्पादन का काम सहकारी डेयरियों के जरिए किया गया जो बेहद सफल रहा। सहकारी डेयरी उत्पादन के काम ने दुनिया भर में सहकारी समितियों का झंडा बुलंद किया है।

मध्यप्रदेश सरकार ने डेयरी उत्पादन को प्रोत्साहन देने के लिए कई अभियान चलाए हैं। केंद्र सरकार पशुपालन और दुग्ध उत्पादन के माध्यम से समुदायों की आय बढ़ाना चाहती है। मध्यप्रदेश की शिवराज सरकार भी पशुपालकों की समृद्धि और डेयरी विकास के लिए अनेक नवाचार कर रही है। आज भी प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषकर भूमिहीन, छोटे किसानों और महिलाओं में पशुपालन आजीविका का एक महत्वपूर्ण साधन है। पशुपालन विभाग ने अपनी गतिविधियाँ जारी रखते हुए पशुपालकों की सुविधा का हरसंभव ध्यान रखा है। इसके लिए पशुओं की दुग्ध उत्पादन क्षमता को प्रतिदिन बढ़ाया जा रहा है। प्रदेश में गौ-वंश सुरक्षा, संरक्षण और संवर्धन के लिए भी बड़े स्तर पर कार्ययोजना तैयार की गई है। खेती की तरह डेयरी व्यवसाय को लाभ का सौदा बनाने के हरसंभव प्रयास शिवराज सरकार कर रही है।

प्रदेश में वर्ष 2001 में 190 दुग्ध सहकारी समितियां थीं, जिन्हें बढ़ाकर 10 हजार 205 किया गया जिससे दूध का संकलन तेजी से प्रदेश में बढ़ने लगा। इन समितियों ने कोरोना संक्रमण काल में भी दुग्ध उत्पादन का सिलसिला जारी रखा। 2021 -22 में 9. 06 लाख किलोग्राम प्रतिदिन दुग्ध का औसत संकलन रहा। कोरोना की चुनौतियों और लाकडाउन के दौरान 8.70 लाख प्रतिदिन दुग्ध का संकलन किया गया। जनजातीय समुदाय को लाभान्वित करने के लिए इंदौर और जबलपुर दुग्ध संघों द्वारा बकरी के दूध का संकलन, हरे चारे का भी वितरण और विक्रय शुरू हुआ है। सरकार ने दुग्ध उत्पादकों के लिए डी वार्मिंग और मेधावी पुरस्कार जैसी योजनाएं शुरू की जिनसे उन्हें सीधे लाभ मिला है। पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम के तहत भी प्रदेश में 260 गर्भदान मैत्री प्रशिक्षित किए गए। मध्यप्रदेश में 2016-17 में 13 हजार 445 टन दूध उत्पादन हो रहा था, जो वित्तीय वर्ष 2020-21 में बढ़कर 17 हजार 999 टन हो गया जो एक बड़ी उपलब्धि है। प्रदेश में सिंचाई रकबा और फसल उत्पादन बढ़ने

से भी गाय-भैंस की सेहत सुधरी है। गाय-भैंस को खुरा सहित अन्य बीमारियों से बचाने के लिए सरकार द्वारा समय पर टीकाकरण अभियान शुरू करने से भी इस क्षेत्र में सुधार हुआ है। सरकार द्वारा पौष्टिक पशु आहार की अनेक इकाइयां खुलने से प्रदेश में महज चार साल में साढ़े चार हजार टन से अधिक दूध उत्पादन बढ़ गया। आज प्रदेश में पशुओं के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं। सिंचाई का रकबा बढ़ने, कृषि उत्पादन बढ़ने से प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ रहा है। इस वर्ष भी प्रदेश में दुग्ध उत्पादन तेजी से बढ़ने के आसार हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य कृषि आमदनी को दोगुना करने का है, जिसमें पशुपालन विभाग महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सभी गाय-भैंस वंशीय पशुओं को एफ.एम.डी. और ब्रुसेल्ला रोग का टीका लगाया गया है। कार्यक्रम में लक्षित पशुओं को यूआईडी टैग लगाया गया है। राज्य शासन द्वारा बेसहारा गौ-वंश के संरक्षण के लिये कई हजार गौशालाओं का संचालन प्रारंभ हो चुका है। इसके अलावा कई गौ-शालाएँ निर्माणाधीन हैं। प्रदेश में साढ़े 8 लाख से ज्यादा निराश्रित गौ-वंश हैं। अशासकीय संस्थाओं द्वारा 627 गौ-शालाओं में एक लाख 66 हजार निराश्रित गौ-वंश का पालन किया जा रहा है। आगर-मालवा जिले की सुसनेर तहसील के गाँव सालरिया में 462.63 हेक्टेयर क्षेत्र में गौ-अभयारण्य अनुसंधान एवं उत्पादन केन्द्र स्थापित है। केन्द्र में लगभग 5000 से अधिक वृद्ध, बेसहारा और बीमार गौ-वंश की सेवा की जा रही है। अभयारण्य में गौ-काष्ठ, वर्मी कम्पोस्ट खाद, गौ-मूत्र फिनायल आदि भी बनाया जा रहा है। हितग्राही मूलक योजनाओं में 514 मुर्रा सांड, 119 गौ-सांड, 6827 कुक्कुट इकाई, 2950 कड़कनाथ के लिये अनुदान राशि दी गई। आचार्य विद्यासागर गौ-संवर्धन योजना में अब तक 6800 हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा चुका है। प्रदेश में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 543 ग्राम प्रतिदिन रही, जो राष्ट्रीय औसत 352 ग्राम से अधिक है। राष्ट्रीय गोकुल मिशन में पशु प्रजनन प्रक्षेत्र रतौना (सागर) में गोकुल ग्राम की स्थापना की गई है जहाँ पर थारपारकर, साहीवाल आदि देशी गायों की नस्लों का संरक्षण और संवर्धन होगा। प्रदेश में गौ-भैंस वंशीय पशुओं की उन्नत नस्ल तैयार कराने में मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम द्वारा संचालित केन्द्रीय वीर्य संस्थान भोपाल अग्रणी भूमिका निभा रहा है। केन्द्रीय वीर्य संस्थान में सेक्स सॉरटेड सीमन उत्पादन प्रयोगशाला के लिये 47.50 करोड़ की परियोजना स्वीकृत की गई जो देश की तीसरी प्रयोगशाला है। यहाँ साहीवाल, गिर, थारपारकर गाय और मुर्रा जाफराबादी आदि भैंस नस्लों से 90 प्रतिशत बछिया और सीमित मात्रा में बछड़ों का उत्पादन किया जायेगा। इससे उन्नत किस्म की दुधारू गाय, भैंस अधिक मात्रा में मिलेंगी।

पशुपालन और दुग्ध उत्पादन में रोजगार की नई संभावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना चला रही है। कुल दुग्ध उत्पादन में अब यह प्रदेश देश में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। प्रदेश में प्रति व्यक्ति दुग्ध उपलब्धता राष्ट्रीय औसत से काफी अधिक हो गई है। दुग्ध उत्पादों से आम जनता का स्वास्थ्य बेहतर हो रहा है, साथ ही रोजगार के नए अवसर भी बन रहे हैं। इस क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाओं को देखते हुए मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना शुरू की गई है। प्रदेश में 2.5 करोड़ से अधिक पशुओं को यूआईडी टैग लगाए गए हैं जो देश में सबसे अधिक है। पशुओं का उपचार पशुपालकों के पास जाकर शुरू हुआ है जिसके अंतर्गत प्रदेश में 406 नए पशु चिकित्सा वाहनों के माध्यम से पशु चिकित्सक तथा सहयोगी, घर-घर जाकर पशु चिकित्सा सेवा उपलब्ध करा रही है। केन्द्रीय मैत्री (बहुउद्देशीय ग्रामीण कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता) योजना के तहत मैत्री कार्यकर्ताओं को कृत्रिम गर्भाधान कार्य के अलावा कृमिनाशक टीकाकरण, दुग्ध उत्पादन नापना, पशुओं की टैगिंग कर पंजीयन करने आदि के कार्य भी किये जाते हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आय के साधन में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। मुख्यमंत्री पशुपालन विकास योजना के भी प्रदेश में अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं।

नूंह हिंसा : बड़ा अपराधी कौन हिंसा करने वाला या कराने वाला

नूंह की बहुत ही भयावह प्रायोजित हिंसा निसंदेह अब शांत है किंतु हिंसा के अवशेष चीख-चीखकर हिंसा की निर्दयता, भयावहता का बखान कर रहे हैं। आम समाज ने प्रशासनिक कार्रवाई के बाद राहत की सांस ली होगी किंतु जिनका घरबार-परिवार तथा कारोबार सब इस हिंसा के तांडव में लुट चुका वे कभी इस घटना को भुला नहीं पायेंगे।

हरियाणा सरकार ने भारी दबाव के बाद अपराधी लोगों पर तथा उनकी संपत्ति पर सख्त कार्रवाई प्रारंभ की है। गृहमंत्री अनिल विज इस घटना के बाद गुस्से में है उन्होंने घटना की सूचना देर से सही मिलते ही वहां फोर्स तैनात कर दी है। हिंदु समुदाय के भुक्तभोगी

डॉ उमेश प्रताप वत्स

लोगों की पुकार सुन हरियाणा सरकार ने योगी का बुलडोजर भी इस क्षेत्र के माफियाओं के अवैध निर्माण व संपत्ति नष्ट करने के लिए वहां घटना स्थल पर भेज दिये हैं जिनकी कार्रवाई से उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, आसाम के बाद हरियाणा भी इस सूची में नामांकित हो गया है। आश्चर्य इस बात का है कि हमेशा की तरह अर्बन नक्सलियों के गिरोह से कुछ बुद्धिजीवी बुलडोजर की कार्रवाई को रोकने के लिए उच्च न्यायालय तक पहुंच गये तथा आइ.एन.डी.आइ.ए तथाकथित स्वयं को इंडिया कहने वाले गठबंधन की कुछ नामी पार्टियां दोषियों के व उनकी अवैध संपत्ति को बचाने हेतु संरक्षण में खड़ी हो गई है। क्यों ये लोग बार-बार धर्म विरोधी, हिंदू विरोधी अथवा देश विरोधी लोगों

नूंह की घटना कोई सामान्य घटना नहीं थी और ना ही किसी उकसाने का परिणाम थी। भाजपा, बजरंग दल, मोनू मानेसर आदि के नाम से यह नैरेटिव सैट करने का प्रयास किया जा रहा है कि हमला करने वाले हमला करने को विवश हो गए थे क्योंकि उनको हमला करने के लिए हिंदू समुदाय के लोगों ने विवश कर दिया था।

के संरक्षण में खुलकर सामने आ जाती है। क्यों पूरे परिदृश्य को बदलने के लिए बार-बार विमर्श बदले जाते हैं। क्यों पीड़ित हिंदू समाज पर ही उकसाने का आरोप लगाया जा रहा है? क्यों मोनू मानेसर को ढाल बनाया जा रहा है? क्यों वहशी-दरिन्दों को बचाने के प्रयास हो रहे हैं। भोले-भाले शिवभक्तों की बजाय दोषियों से हमदर्दी करने वालों की यह कौन-सी मानसिकता है। क्या दोष था उन निरपराध लोगों का जिन्हें गाड़ी सहित जिंदा जलाने की कौशिश की गई। क्या अपराध था उन लोगों का जिनकी सैंकड़ों खड़ी गाड़ियां फूंक दी गई। क्या बिगाड़ा था उन निर्दोष लोगों ने जिनकी जीवन-भर की पूंजी उनकी दुकाने आग के हवाले कर दी गई। इनका दोष इतना ही था कि ये किसी भी खतरे से अनजान उस जलाभिषेक यात्रा में शामिल थे जो नल्हर महादेव मंदिर से निकलकर फिरोजपुर झिरका तक जाने वाली थी। किसी ने सोचा भी नहीं था कि तीन ओर से अरावली पहाडियों की सावन माह की हरी-भरी ऊंचाइयों से घिरे भव्य शिवमंदिर के चारों ओर शांत घाटी में तथाकथित शांतिदूतों की भीड़ हिंसा का तांडव मचा देगी।

जो लोग बजरंग दल या मोनू मानेसर द्वारा उकसाने की घटना कहकर नैरेटिव सैट करने में लगे हैं, वे बताएं कि क्या उकसाने की घटना में अचानक हजारों लोग पेट्रोल बम लेकर आ जाते हैं, क्या बिना पूर्व तैयारी के बंदूकें, गोलियां, पिस्टल, बारूद उपलब्ध हो जाते हैं। क्या

प्रोफेशनल अपराधियों व गुंडा तत्वों की तरह सैंकडों गाड़ियों को इस तरह जला देते हैं कि मिनटों में ही वह लोहे का ढांचा मात्र रह जाये। क्या पुलिस के ऑफिस, साइबर थाने को ही जला डालते हैं? आस-पास मुस्लिम लोग भी नहीं रहते तो कहां से आ गई यह हजारों की भीड़। किसी धार्मिक मामलें की हिंसा में साइबर थाने में रखा रिकॉर्ड जलाने का क्या उद्देश्य हो सकता है। नूंह से बीस किलोमीटर दूर बड़कली में केवल हिंदू समुदाय की लगभग 25 दूकानें जलाने का क्या अर्थ है? स्थानीय भाजपा नेताओं के घर व व्यवसायिक केंद्रों के जलाने के पीछे कौन सी उत्तेजना काम कर रही थी। एक गरीब लड़के अभिषेक को जो कि पास के गाँव में बहुत ही निर्धन परिवार से था, घेरकर निर्दयता से मौत के घाट उतार देना कौन सी उत्तेजित कर देने वाली घटना का परिणाम है। किस उकसाने वाली घटना के बाद पत्थरों से भरे डंपर के डंपर तिमंजिला भवनों की छतों पर पहुंच जाते हैं।

वास्तव में नूंह की घटना कोई सामान्य घटना नहीं थी और ना ही किसी उकसाने का परिणाम थी। भाजपा, बजरंग दल, मोनू मानेसर आदि के नाम से यह नैरेटिव सैट करने का प्रयास किया जा रहा है कि हमला करने वाले हमला करने को विवश हो गए थे क्योंकि उनको हमला करने के लिए हिंदू समुदाय के लोगों ने विवश कर दिया था। नूंह की इस वीभत्स घटना के तार राजस्थान के विधानसभा चुनाव व 2024 के केंद्र सरकार के चुनाव से जुड़ते दिखाई देते हैं। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि इस घटना की पूर्व तैयारी राजस्थान में राजनैतिक संरक्षण में बैठकर तैयार की गई हो। इस बात को भी नहीं नकारा जा सकता कि घटना को अंजाम देने वाले लोग पड़ोसी राज्यों से बुलायें गए हो ताकि उनकी पहचान न हो सके और बलि का बकरा स्थानीय लोगों को बना दिया हो।

इसे भी अनदेखा नहीं किया जा सकता कि राजस्थान के अलवर से सटी पहाड़ियों से गोली-बारूद चलाने वाले राजस्थान के मुस्लिम समुदाय के लोग हो। यह संभव है कि हरियाणा से बाहर के लोगों ने स्थानीय लोगों का सहयोग लेकर कई महीने से इस घटना की पूर्व तैयारी की। घटना में मोर्चे बनाएं गए, कौन किस मोर्चे को संभालेगा यह तय कर बकायदा उनको प्रशिक्षण दिया गया। पेट्रोल बम फेंकने के लिए मुस्लिम समुदाय के लड़कों को प्रशिक्षित किया गया। पत्थर कहां से कैसे फेंकने हैं, गोली अरावली पहाड़ी की झाड़ियों, पेड़-पौधों के पीछे से चलानी है तथा दुकानों-घरों को कैसे आग के हवाले करना है, यह सब बिना प्रशिक्षण के संभव ही नहीं है। यह कोई एक दिन की घटना प्रायोजित नहीं थी, यदि समय रहते हरियाणा सरकार की अनुशंसा पर अतिरिक्त सैन्य बल तुरंत न पहुंच पाते तो यह कई दिनों तक हिंसा का तांडव चलता रहता। अब जब हरियाणा सरकार ने समय रहते पूरी घटना पर नियंत्रण कर लिया। पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला को बदलकर भिवानी से तेज तर्रार नरेन्द्र बिजारणिया को स्थानांतरित कर दिया तो धीरे-धीरे सब भेद खुलने लगे। अब आस-पास के बड़े-बुजुर्ग कह रहे हैं कि हमारे बच्चें बाहर वालों के बहकावे में आ गये थे, असली अपराधी तो दूसरे राज्यों से आये थे। अब वे यह भी मान रहे हैं कि यह कोई उकसाने वाली घटना नहीं थी बल्कि फुल तैयारी के साथ की गई घटना है। तभी इस यक्ष प्रश्न का उत्तर मिल पाएगा कि असली अपराधी कौन है जो सारी घटना के पीछे रहकर सबकों संचालित कर रहे थे। मीडिया बंधुओं से भी निवेदन है कि प्रिंट मीडिया के साथ ही सभी चैनल पर नूंह की वास्तविकता दिखाने का प्रयास करें ताकि फिर ऐसी घटना न हो पाए। निर्दोष लोगों को अपने जान-माल का नुकसान न उठाना पड़े अन्यथा भविष्य में फिर से ऐसी घटना की पुनरावृत्ति हो सकती है।

आज बुलडोजर कार्यवाई पर भी नैरेटिव सैट किया जा रहा है कि एक ही समुदाय के लोगों के घर व दुकाने गिराये जा रहे हैं जबकि पुलिस अधीक्षक का कहना है कि समुदाय देखकर नहीं अवैध निर्माण देखकर बुलडोजर चलाया जा रहा है। इन्हीं अवैध रूप से बनी दुकानों में किसी हिंदू भारद्वाज की भी किराये की दूकान थी वह भी चपेट में आयी है।

किशोरियों की मानसिकता पर वार करता रंगभेद

21वीं सदी साइंस और टेक्नोलॉजी का दौर कहलाता है। लेकिन इसके बावजूद कुछ मुद्दे ऐसे हैं जो आज भी मानव सभ्यता के लिए किसी कलंक से कम नहीं है। इसमें सबसे बड़ा मुद्दा रंगभेद का है। त्वचा और रंग के आधार पर इंसान का इंसान के साथ भेदभाव करने की संकीर्ण सोच से अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देश भी मुक्त नहीं हो पाए हैं। भारत में भी यह सोच और भेदभाव देखने को मिल जाता है। विशेषकर देश के अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों में जाति, समुदाय, रंग और त्वचा के आधार पर भेदभाव किया जाता है। हालांकि भारत के संविधान में इसके विरुद्ध सख्त नियम और कानून बनाये गए

रितिका

हैं, लेकिन इसके बावजूद रंग के आधार पर भेदभाव की प्रथा का अंत नहीं हुआ है। इसका सबसे नकारात्मक प्रभाव किशोरियों के जीवन पर पड़ता है, जिनके साथ पुरुषों की तुलना में दैनिक जीवन में कहीं अधिक भेदभाव किया जाता है।

इसका एक उदाहरण उत्तराखंड के बागेश्वर जिला स्थित गरुड़ ब्लॉक का चोरसौ गांव है। जहां किशोरियां और महिलाएं रंगभेद के अत्याचार से परेशान हैं। इस गांव की कुल आबादी 3403 है। यहां सबसे अधिक अनुसूचित जाति समुदाय की संख्या है। रंगभेद से परेशान गांव की एक 15 वर्षीय किशोरी कुमारी विनीता आर्य, जो कक्षा 10 की छात्रा

मुझे खुद ऐसा लगता है कि मेरा रंग सांवला होने के कारण लोगों ने जैसे मुझे इंसान मानना ही छोड़ दिया है। जबकि मैं भी एक इंसान हूं। मेरे अंदर भी दिल है, भावनाएं हैं। मुझे भी दुख होता है जब लोग मेरी प्रतिभा नहीं बल्कि मेरे रंग से मुझे पहचानते हैं। मुझे उस समय बहुत दुख होता है जब गोरे रंग की लड़कियों के साथ मेरी तुलना की जाती है। 9वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक अन्य किशोरी गुन्नू कहती है कि सांवला रंग हमारे जीवन में एक अभिशाप जैसा बन गया है क्योंकि मेरा रंग दूसरी लड़कियों के जैसा नहीं है और यहां पर सांवले रंग के लोगो को सुंदर नहीं माना जाता है। यदि वह अपनी पसंद का कोई कपड़ा भी पहनना चाहती है, तो सब उसे सांवले रंग के कारण टोकने और मज़ाक उड़ाने लगते हैं। इससे हम हीन भावना का शिकार होते हैं।

है, का कहना है कि सांवले रंग के लोगों को हमेशा घृणा की भावना से देखा जाता है। मुझे खुद ऐसा लगता है कि मेरा रंग सांवला होने के कारण लोगों ने जैसे मुझे इंसान मानना ही छोड़ दिया है। जबकि मैं भी एक इंसान हूं। मेरे अंदर भी दिल है, भावनाएं हैं। मुझे भी दुख होता है जब लोग मेरी प्रतिभा नहीं बल्कि मेरे रंग से मुझे पहचानते हैं। मुझे उस समय बहुत दुख होता है जब गोरे रंग की लड़कियों के साथ मेरी तुलना की जाती है। 9वीं कक्षा में पढ़ने वाली एक अन्य किशोरी गुन्नू कहती है कि सांवला रंग हमारे जीवन में एक अभिशाप जैसा बन गया है क्योंकि मेरा रंग दूसरी लड़कियों के जैसा नहीं है और यहां पर सांवले रंग के लोगो को सुंदर नहीं माना जाता है। यदि वह अपनी पसंद का कोई कपड़ा भी पहनना चाहती है, तो सब उसे सांवले रंग के कारण टोकने और मज़ाक उड़ाने लगते हैं। इससे हम हीन भावना का शिकार होते हैं। हम मानसिक रूप से इतना परेशान हो जाते हैं कि हम अपनी योग्यता को पूर्ण रूप से जाहिर भी नहीं कर पाते हैं।

गांव की एक महिला 55 वर्षीय रोशनी देवी कहती हैं कि बचपन से मेरा रंग बहुत ही सांवला था। जिसकी वजह से मैं सबके बीच मज़ाक की पात्र बन चुकी थी। स्कूल से लेकर परिवारजनों के बीच तक मेरा मज़ाक उड़ाया जाता था। जिसकी वजह से मैं हमेशा मानसिक तनाव में रहती थी। 65 वर्षीय एक सेवानिवृत महिला विमला देवी कहती हैं कि मैंने अपने जीवन में ऐसे बहुत से बदलाव देखे हैं और बहुत करीब से महसूस भी किया है, जहां लड़कियों और विशेषकर बहुओं को रंगभेद के कारण कष्टों का सामना करना पड़ता है। अपनी नौकरी के दौरान मैंने कई ऐसे केस देखे हैं जहां माता पिता अपनी लड़की को शादी में बहुत दहेज केवल इसलिए देते हैं क्योंकि उनकी बेटी का रंग सांवला होता है। जबकि यदि एक लड़का का रंग इतना ही सांवला हो तो समाज को इससे कोई परेशानी नहीं होती है।

प्रश्न यह उठता है कि आखिर रंग के आधार पर लड़कियों को ही परेशान क्यों किया जाता है? भावना देवी कहती हैं कि आज भी ग्रामीण समाज में सांवले की अपेक्षा गोर रंग वालों को अधिक महत्व दिया जाता है। लोगों की यह मानसिकता बनी हुई है कि सांवलों की अपेक्षा गोरे रंग वाले न केवल सुंदर दिखते हैं बल्कि उनमें प्रतिभा भी अधिक होगी। जबकि यह पूरी तरह से निराधार है। वह बताती है कि सांवले रंग के कारण मेरी शादी में बहुत अड़चनें आई थी। शादी के बाद मुझे रंग के कारण ससुराल में काफी ताने सुनने को मिले हैं। आज मुझे यह डर सताता है कि मेरी बेटी के सांवली रंगत के कारण भविष्य में उसके साथ भी समाज में भेदभाव न हो।

इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता नीलम ग्रेंडी कहती हैं कि भारत के ग्रामीण समाज में रंगभेद आज भी एक बहुत बड़ी समस्या बनी हुई है। यदि रंगभेद और लिंग भेद को जोड़कर देखा जाए तो दोनों ही समान हैं। इन दोनों का शिकार लड़कियों को ही होना पड़ता है। यदि लड़के का रंग अत्यधिक सांवला भी हो तो घर और समाज किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता है लेकिन यही बातें एक लड़की के लिए सबसे बड़ी रुकावट बन जाती है। लोगों के बीच उसे मज़ाक का पात्र बनाया जाता है। यह समाज की संकीर्ण सोच को दर्शाता है, जिससे बाहर निकलने की ज़रूरत है। रंगभेद की यह नीति मानव संसाधनों को नुकसान पहुंचा कर एक समाज के रूप में हमें कमजोर करती हैं। आज आवश्यकता है कि हम इस सोच का त्याग करें ताकि भविष्य में एक ऐसे सभ्य और विकसित समाज का निर्माण कर सकें जहां रंग और लिंग भेद से परे केवल प्रतिभा को सम्मान दिया जाता हो। भारत की राष्ट्रपति महामहिम द्रौपदी मुर्मू और अमेरिका की उप राष्ट्रपति कमला हैरिस इसकी सबसे बड़ी उदाहरण है। (चरखा फीचर)

काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग

भगवान भोलेनाथ सभी भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं। धार्मिक मान्यताओं के आधार पर भगवान शिव के प्रतीक के रूप में 12 ज्योतिर्लिंग शमिल हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में ये ज्योतिर्लिंग स्थापित हैं। ऐसा विश्वास है कि इन 12 ज्योतिर्लिंगों में भगवान भोलेनाथ स्वयं विद्यमान रहते हैं। कहते हैं कि भगवान शिव के इन ज्योतिर्लिंग के दर्शन मात्र से व्यक्ति को पापों से मुक्ति मिल जाती है और मृत्यु के पश्चात मोक्ष की प्राप्ति होती है। आइए जानते हैं इन्हीं ज्योतिर्लिंगों में से भगवान शिव के सातवें ज्योतिर्लिंग के बारे में। हिंदू धर्म के सबसे पवित्र शहर काशी को वाराणसी के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि भगवान विश्वनाथ यहां ब्रह्मांड के स्वामी के रूप में निवास करते हैं। यह एक ऐसा नगर है, जिसके बारे में शिव पुराण जैसे प्राचीन ग्रंथों में कहा गया है कि जब तक यह नगर है तब तक सृष्टि का अंत नहीं होगा।



काशी विश्वनाथ मंदिर-12 ज्योतिर्लिंगों में से सातवां काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग मंदिर वाराणसी में गंगा नदी के पश्चिम घाट पर स्थित है। काशी भगवान शिव और माता पार्वती के सबसे प्रिय स्थान में से एक माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां बाबा विश्वनाथ के दर्शन से पूर्व महादेव के दर्शन से पहले भैरव जी के दर्शन करना जरूरी माना जाता है, इसके पीछे मान्यता है कि भैरव जी के दर्शन किए बगैर विश्वनाथ के दर्शन का लाभ नहीं प्राप्त होता। मान्यता है कि भगवान श्री हरि विष्णु ने भी काशी में ही तपस्या कर भगवान शिव को प्रसन्न किया था। काशी नगरी भगवान भोलेनाथ को इतनी प्रिय है कि ऐसा माना जाता है कि सावन के महीने में भोले बाबा और माता पार्वती काशी भ्रमण पर जरूर आते हैं।

काशी विश्वनाथ मंदिर का पौराणिक इतिहास

काशी विश्वनाथ मंदिर का इतिहास बहुत ही वृहद है। पौराणिक कथाओं की मानें तो भगवान शिव माता पार्वती के साथ विवाह उपरांत कैलाश में रहते थे और माता पार्वती अपने पिता के घर में रहती थीं। जब माता पार्वती ने भगवान शिव से उन्हें अपने साथ ले जाने का आग्रह किया, तब भगवान भोलेनाथ ने उनकी बात मानी और उन्हें लेकर काशी आए और यहां पर वह विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग के रूप में स्थापित हो गए।

काशी विश्वनाथ मंदिर का इतिहास

इसके अतिरिक्त महाभारत और उपनिषदों में भी इस मंदिर का उल्लेख है। हालांकि इस मंदिर का निर्माण किसने किया इस बात का उल्लेख कहीं नहीं मिलता। लेकिन साल 1194 में मुहम्मद गौरी ने इस मंदिर को लूटने के बाद इसे तुड़वा दिया था। इतिहासकारों के मुताबिक विश्वनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार अकबर के नौरत्नों में से एक राजा टोडरमल ने कराया था। उन्होंने साल 1585 में अकबर के आदेश पर नारायण भट्ट की मदद से इसका जीर्णोद्धार कराया। 10वीं शताब्दी के अंत से, मंदिर और शहर को विदेशी हमलों के अंतहीन हमले का सामना करना पड़ा। इसका वर्तमान स्वरूप दो छोटे शिखरों से घिरा एक केंद्रीय शिखर जिसका निर्माण 1780 में मराठा रानी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा किया गया था। उसके बाद एकमात्र बड़ा जोड़ 1839 में था, जब महाराजा रणजीत सिंह द्वारा उपहार में दिए गए सोने के साथ दो शिखर थे।

क्या है वाराणसी नगरी से जुड़ी मान्यता

वाराणसी मोक्ष प्राप्ति का स्थान माना जाता है। एक मान्यता यह भी है कि महादेव खुद यहां मरणासन्न व्यक्ति के कानों में तारक मंत्र का उपदेश सुनाते हैं। इसका उल्लेख मत्स्य पुराण में भी किया गया है। प्रलय आने पर भी काशी का कभी लोप नहीं हुआ, ऐसा इसलिए क्योंकि कहते हैं कि पहले ही भोलेनाथ खुद काशी को अपने त्रिशूल पर उठा लेते हैं, इस तरह काशी सुरक्षित हो जाती है।

स्कन्द षष्ठी-हिंदू धर्म का प्रमुख उत्सव

स्कन्द षष्ठी का व्रत कार्तिक मास में कृष्ण पक्ष की षष्ठी तिथि को किया जाता है। तिथितत्त्व ने चैत्र शुक्ल पक्ष की षष्ठी को स्कन्द षष्ठी कहा है। यह व्रत संतान षष्ठी नाम से भी जाना जाता है। कुछ लोग आषाढ़ माह की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को स्कन्द षष्ठी मानते हैं। स्कंदपुराण के नारद-नारायण संवाद में संतान प्राप्ति और संतान की पीड़ाओं का शमन करने वाले इस व्रत का विधान बताया गया है। एक दिन पूर्व से उपवास करके षष्ठी को कुमार अर्थात कार्तिकेय की पूजा करनी चाहिए। तमिल प्रदेश में स्कन्द षष्ठी महत्त्वपूर्ण है और इसका सम्पादन मन्दिरों या किन्हीं भवनों से होता है।

प्राचीनता एवं प्रमाणिकता

इस व्रत की प्राचीनता एवं प्रमाणिकता स्वयं परिलक्षित होती है। इस कारण यह व्रत श्रद्धाभाव से मनाया जाने वाले पर्व का रूप धारण करता है। स्कंद षष्ठी के संबंध में मान्यता है कि राजा शर्याति और भार्गव ऋषि च्यवन का भी ऐतिहासिक कथानक इससे जुड़ा है। कहते हैं कि स्कंद षष्ठी की उपासना से च्यवन ऋषि को आंखों की ज्योति प्राप्त हुई। ब्रह्मवैवर्तपुराण में बताया गया है कि स्कंद षष्ठी की कृपा से प्रियव्रत का मृत शिशु जीवित हो जाता है। स्कन्द षष्ठी पूजा की पौराणिक परम्परा है।

भगवान शिव के तेज से उत्पन्न बालक स्कन्द की छह कृतिकाओं ने स्तनपान करा कर रक्षा की थी। इनके छह मुख हैं और उन्हें कार्तिकेय नाम से पुकारा जाने लगा। पुराण व उपनिषद में इनकी महिमा का उल्लेख मिलता है। निर्णयामृत में इतना और आया है कि भाद्रपद की षष्ठी को दक्षिणापथ में कार्तिकेय का दर्शन लेने से ब्रह्महत्या जैसे गम्भीर पापों से मुक्ति मिल जाती है। हेमाद्रि, कृत्यरत्नाकर ने ब्रह्म पुराण से उद्धरण देकर बताया है कि स्कन्द की उत्पत्ति अमावस्या को अग्नि से हुई थी, वे चैत्र शुक्ल पक्ष की षष्ठी को प्रत्यक्ष हुए थे, देवों के द्वारा सेनानायक बनाये गये थे तथा तारकासुर का वध किया था, अतः उनकी पूजा, दीपों, वस्त्रों, अलंकरणों, मुर्गों (खिलौनों के रूप में) आदि से की जानी चाहिए अथवा उनकी पूजा बच्चों के स्वास्थ्य के लिए सभी शुक्ल षष्ठियों पर करनी चाहिए। तिथितत्त्व ने चैत्र शुक्ल पक्ष की षष्ठी को स्कन्द षष्ठी कहा है। यह व्रत प्रत्येक मास की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को किया जाता है। वर्ष के किसी भी मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी को यह व्रत आरंभ किया जा सकता है।

वैसे चैत्र अथवा आश्विन मास की षष्ठी को इस व्रत को आरंभ करने का प्रचलन अधिक है। भगवान शालिग्राम जी का विग्रह, कार्तिकेय का चित्र, तुलसी का पौधा (गमले में लगा हुआ), तांबे का लोटा, नारियल, पूजा की सामग्री- जैसे कुमकुम, अक्षत, हल्दी, चंदन, अबीर, गुलाल, दीपक, घी, इत्र, पुष्प, दूध, जल, मौसमी फल, मेवा, मौली आसन इत्यादि। यह व्रत विधिपूर्वक करने से सुयोग्य संतान की प्राप्ति होती है। संतान को किसी प्रकार का कष्ट या रोग हो तो यह व्रत संतान को इन सबसे बचाता है।

स्कंद षष्ठी के अवसर पर शिव-पार्वती को पूजा जाता है। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इसमें स्कंद देव (कार्तिकेय) की स्थापना करके पूजा की जाती है तथा अखंड दीपक जलाए जाते हैं। भक्तों द्वारा स्कंद षष्ठी महात्म्य का नित्य पाठ किया जाता है।

लखनऊ की शान है रूमी गेट और जामा मस्जिद, इन जगहों को जरूर करें एक्सप्लोर

बारिश के मौसम में मानसून का लुत्फ उठाने के लिए लोग घूमने का प्लान बना रहे हैं। अगर आप भी कम खर्च में शानदार ट्रिप प्लान करना चाहते हैं, तो बता दें कि लखनऊ एक अच्छा ऑप्शन हो सकता है। आप अपने परिवार व दोस्तों के साथ इस शहर में घूम सकते हैं। बता दें कि उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में घूमने के लिए कई सारी जगहें हैं। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको लखनऊ की कुछ घूमने वाली बेहतरीन जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

रूमी दरवाजा

बताया जाता है कि लखनऊ की यात्रा रूमी गेट घूमे बिना अधूरी मानी जाती है। रूमी दरवाजे का 60 फीट लंबा प्रवेश द्वार हर किसी का ध्यान अपनी तरफ आकर्षित करने में सफल होता है। बता दें कि रूमी दरवाजा छोटे व बड़े इमामबाड़े के बीच में है। ऐतिहासिक स्थलों के बारे में दिलचस्पी रखने वालों के लिए यह एख बेहतरीन जगह है। साल 1784 में लखनऊ के नवाब आसफ-उद-दौला द्वारा इस दरवाजे का निर्माण कराया गया था।

ब्रिटिश रेजीडेंसी

बता दें कि ब्रिटिश रेजीडेंसी को रेजीडेंसी कॉम्प्लेक्स भी कहते हैं। एक समय पर यह इमारत ब्रिटिश रेजिडेंट जनरल के निवास के रूप में कार्य करता था। 18वीं शताब्दी में हुए भारतीय विद्रोह के समय करीब 3 हजार से अधिक ब्रिटिश निवासियों को इस रेजीडेंसी में आश्रय दिया गया था। हालांकि वर्तमान में यह इमारत पुरातत्व सर्वेक्षण के तहत संरक्षित है। यहां पर घूमने के लिए आपको किसी तरह का शुल्क नहीं देना पड़ता है।

छत्तर मंजिल

छतर मंजिल को अम्ब्रेला पैलेस के नाम से भी जाना जाता है। एक समय पर शासकों के साथ उनकी पत्नियां छतर मंजिल में निवास करती थीं। इस इमारत में ऊपर छतरी के आकार का गुंबद है। इसी कारण इस इमारत को छतर मंजिल कहा जाता है। आप अगर बेहतरीन वास्तुकला देखना चाहते हैं, तो आपको छतर मंजिल को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए।

जामा मस्जिद

लखनऊ में घूमने वाली जगहों की लिस्ट में जामा मस्जिद का नाम भी आता है। देश की अन्य सभी मस्जिदों की तरह यह मुस्जिद भी मुस्लिम भक्तों के लिए आध्यात्मिक केंद्र है। यह मस्जिद अपनी खूबसूरत वास्तुकला के लिए भी जानी जाती है।

देवघर के आसपास मौजूद इन बेहतरीन जगहों को जरूर करें एक्सप्लोर,

यादगार होगा ट्रिप

देशभर में सावन माह को अत्यंत पवित्र माह माना जाता है। सावन का महीना भगवान शिव को अतिप्रिय है। सावन के महीने में लाखों-करोड़ों भक्त गंगा जल भगवान शिव को अर्पित करने के लिए पवित्र और फेमस शिवालय में पहुंचते रहते हैं। वहीं झारखंड का देवघर भी एक ऐसा शहर हैं, जहां पौराणिक काल से भगवान शिव शिवलिंग के रूप में विराजमान हैं। हर साल लाखों भक्त जल अर्पित करने और दर्शन करने के लिए देवघर में पहुंचते हैं। ऐसे में अगर इस सावन आप भी देवघर जा रहे हैं और वहां की फेमस जगहों को एक्सप्लोर करना चाहते हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए हैं। हम इस आर्टिकल के जरिए आपको देवघर की कुछ शानदार जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं।

त्रिकूट पर्वत

अगर आप देवघर के आसपास किसी मनमोहक और खूबसूरत जगह जाना चाहते हैं। तो आपको त्रिकूट पर्वत को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यह पर्वत अपने हसीन और मनमोहक दृश्यों के लिए काफी ज्यादा फेमस है। यह जगह वॉटरफॉल के लिए भी फेमस है। पर्वत के पास से निकलने वाली मयूराक्षी नदी बेहद खूबसूरत झरनों का निर्माण करती है। आप त्रिकूट पर्वत पर ट्रैकिंग और रोपवे का भी लुत्फ उठा सकते हैं। सूर्यास्त के बाद यहां का नजारा आपको मिस नहीं करना चाहिए। देवघर से करीब 2 किमी की दूरी पर नौलाखा मंदिर मौजूद है। यह मंदिर काफी ज्यादा फेमस और पवित्र है। बता दें कि यह मंदिर भगवान श्रीकृष्ण और राधा रानी को समर्पित है। बताया जाता है कि इस मंदिर का निर्माण 9 लाख रुपए में कराया गया था। नौलाखा मंदिर 146 फीट ऊंचा है। इसके साथ ही यह मंदिर जंगलों के बीचो-बीच में होने से आसपास खुशनुमा नजारा देखने को मिलता है।

नंदन पहाड़

देवघर से कुछ दूरी पर नंदन पहाड़ मौजूद है। यह भले ही थोड़ा छोटा है, लेकिन देखने में काफी ज्यादा खूबसूरत है। इसे एक खूबसूरत पार्क के रूप में भी जाता है। बता दें कि स्थानीय लोग इस स्थान पर पिकनिक मनाने के लिए पहुंचते हैं। इस पार्क में एक छोटा सा और खूबसूरत तालाब भी है। ऐसे में आप यहां पर एडवेंचर एक्टिविटीज भी कर सकते हैं। । नंदन पहाड़ अपने सनसेट और सनराइज के लिए भी काफी फेमस है।

तपोवन हिल्स और गुफाएं

देवघर के साथ-साथ इसके आसपास मौजूद अन्य शहरों में भी तपोवन हिल्स और गुफाएं काफी फेमस पर्यटक स्थान माना जाता है। यह जगह भगवान शिव के मंदिर के लिए भी काफी फेमस है। तपोवन हिल्स में कई सारी गुफाएं हैं। बताया जाता है कि इस गुफा में भगवान भोलेनाथ का शिवलिंग भी स्थापित है। साथ ही इसी स्थान पर वाल्मीकि तपस्या करने के लिए पहुंचे थे। सावन में कुछ भक्त यहां पर जल अर्पित करने के लिए पहुंचते हैं।

दमकती त्वचा पाने के लिए करें देसी घी का इस्तेमाल

हर भारतीय घर में देसी की का इस्तेमाल होता है। देसी घी का सबसे ज्यादा इस्तेमाल खाने में किया जाता है। लेकिन क्या आप जानती हैं, त्वचा पर घी का इस्तेमाल करने से स्किन ग्लोइंग और हेल्दी बनती है। क्योंकि घी में विटामिन और हेल्दी फैट्स पाए जाते हैं। यह स्किन को मॉइश्चराइज करने का काम करता है। स्किन में मौजूद पिंपल्स और ड्राई स्किन की समस्या से निजात दिलाने में मदद करता है। आप स्किन पर घी का इस्तेमाल अलग-अलग तरीके से कर सकती हैं। इससे आपकी स्किन साफ होती है। अगर आप पिगमेंटेशन की समस्या से परेशान हैं, तो आपको घी और बेसन का पैक बनाकर अपने चेहरे पर अप्लाई करना चाहिए। इसे फेस पैक को बनाना काफी आसान है। इस फेस पैक को अप्लाई करने से आपको किसी तरह की समस्या नहीं होगी।

घी और बेसन पैक की सामग्री

घी- 2 चम्मच बेसन- 2 चम्मच

ऐसे बनाएं फेस पैक सबसे पहले एक कटोरी में बेसन और घी को मिक्स करें। इस मिश्रण को अच्छे से मिक्स कर लें। आप चाहें तो इसमें हल्दी भी मिला सकती हैं। इसके बाद इसे फेस पर 10-15 मिनट के लिए अप्लाई करें। फिर नॉर्मल पानी चेहरे को धो दें। इस फेस पैक को अप्लाई करने के बाद चेहरे पर साबुन न लगाएं।

घी और केसर का फेस पैक

कई महिलाओं व लड़कियों की स्किन काफी ड्राई और डल होने लगती है। ऐसे में आप चेहरे पर इन चीजों का इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपकी स्किन पर निखार आता है। सामग्री घी- 1 चम्मच केसर- 2 चम्मच हल्दी- 1/4

ऐसे बनाएं फेस पैक

सबसे पहले एक कटोरी में केसर, हल्दी और घी को मिक्स कर लें। इसके बाद इसे अपने चेहरे पर अप्लाई करें। 10-15 मिनट तक लगाए रखने के बाद चेहरा पानी से साफ कर लें। आप चाहें तो गर्दन पर भी इसका इस्तेमाल कर सकती हैं।

फेस आइसिंग से सालों-साल जवां रहेगी त्वचा

स्किन केयर और मेकअप ये दोनों चीजें हम सभी लगभग रोजाना करते हैं। इसके लिए बाजार में कई सारे प्रोडक्ट्स भी मिल जाते हैं। लेकिन इसके अलावा भी एक ऐसी चीज है, जिसके इस्तेमाल से आपकी त्वचा को अनगिनत लाभ होते हैं। बता दें कि आइसिंग करने से हमारी स्किन को लाभ मिलता है। आपने भी सुना होगा कि प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट अपने क्लाइंट का मेकअप करने से पहले स्किन पर आइसिंग का इस्तेमाल करते हैं। आज इस आर्टिकल में हम आपको बताने जा रहे हैं कि मेकअप से पहले आइसिंग करने से आपकी त्वचा को क्या-क्या लाभ मिलते हैं। चेहरे की स्किन पर आइस का इस्तेमाल करने से नाक और आस-पास की जगहों पर मौजूद पोर्स का साइज छोटा हो जाता है। आइसिंग करने से आपको पोर्स को मिनीमाइज करने के लिए एक्स्ट्रा पोर प्राइमर या किसी अन्य चीज की जरूरत नहीं पड़ती है। आप अगर मेकअप या स्किन केयर से 30 मिनट पर फेस पर आइसिंग करती हैं, तो पोर्स का साइज छोटा हो जाता है। आप चाहें तो बर्फ को सीधे तौर पर लगा सकती हैं, या फिर बर्फ को किसी कपड़े में लपेटकर भी फेस पर अप्लाई कर सकती हैं। चेहरे पर आइसिंग करने के कई लाभ होते हैं। हमारे फेस पर सबसे ज्यादा नाजुक त्वचा अंडरआई स्किन होती है। अंडरआई स्किन का ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है। अंडरआई स्किन के लिए आपको मार्केट में कई तरह की क्रीम मिल जाएगी। लेकिन आंखों के नीचे मौजूद अंडरआई बैग यानी पफी आईज से राहत पाने के लिए आइसिंग का इस्तेमाल सबसे अच्छा होता है।

इन टिप्स की मदद से घर पर बनाएं रेस्टोरेंट जैसे क्रिस्पी फ्रेंच फ्राइज, बच्चे-बड़े खाकर करेंगे तारीफ

अगर आपको भी नाश्ते में कुरकुरे आलू खाना पसंद है, तो आपके लिए फ्रेंच फ्राइज शानदार विकल्प हो सकता है। लेकिन समस्या यह रहती है कि फ्रेंच फ्राइज जब हम घर पर बनाते हैं, तो इनमें बाहर जैसा स्वाद नहीं होता है। लाख प्रयासों के बाद भी यह फ्राइज क्रिस्पी बिल्कुल भी नहीं बन पाते। ऐसे में मजबूरन हमें फ्रेंच फ्राइज रेस्टोरेंट से ऑर्डर करने पड़ते हैं। क्योंकि रेस्टोरेंट के फ्रेंच फ्राइज काफी ज्यादा क्रिस्पी होते हैं। लेकिन अब आपको फ्रेंच फ्राइज रेस्टोरेंट से ऑर्डर करने की जरूरत नहीं है। क्योंकि इस आर्टिकल के जरिए हम आपके साथ कुछ ऐसे टिप्स साझा करने जा रहे हैं, जिनकी मदद से आप घर पर बेहद आसानी से क्रिस्पी फ्रेंच फ्राइज तैयार कर सकती हैं। हालांकि इन्हें बनाने के दौरान आपको कुछ बातों का विशेष ध्यान रखना होगा। बता दें कि यह बहुत बेसिक गलती है। अधिकतर लोग इस पर ध्यान नहीं देते हैं।

अगर आपने छोटे-बड़े या मोटे-पतले फाइज काटे हैं, तो यह अच्छे से फाई नहीं हो पाएंगे। इसके अलावा आलू का चुनाव भी ध्यान व सावधानी से करना चाहिए। बहुत ज्यादा छोटे व बहुत ज्यादा बड़े आलू को काटने से बचना चाहिए। आलू के एक भाग को लंबाई में 1/4 से 1/2 इंच मोटे स्लाइस में काटें। फिर आलू के बाकी बचे हिस्से को भी ऐसे ही काटने की कोशिश करें। कई बार जल्दबाजी में आलू को ठंडे पानी में भिगोना ही भूल जाते हैं। लेकिन यह छोटी सी गलती आपकी पूरी मेहनत पर पानी फेर देता है। क्योंकि जब आप फाइज को पानी में डालती हैं, तो आलू में

मौजूद स्टार्च बाहर निकल जाता है। इसलिए आलू को काटकर इन्हें पानी में भिगोना न भूलें। कटे हुए फाइज को कम से कम 30 मिनट तक ठंडे पानी में रखें। फिर इन्हें बाहर निकाल लें। स्टार्च निकलने से यह ज्यादा कठोर हो जाते हैं। अब इनके आपस में चिपकने की संभावना भी न के बराबर होती है। अगर आप ऐसा सोचते हैं कि सिर्फ आलू को फाई करने से फाइज बनकर तैयार हो जाते हैं। तो बता दें कि खाली फाईज फाई करने से न सिर्फ तेल ज्यादा खर्च होता है, बल्कि फाइज के ऊपर चिपचिपाहट भी आ जाती है। इसलिए फाइज बनाने के दौरान चावल के आटे का इस्तेमाल करना न भूलें। मार्केट में आपको आसानी से चावल का आटा मिल जाएगा। चावल के आटे का इस्तेमाल आलू काटने के बाद किया जाता है। फिर आपको चावल का आटा आलू के ऊपर डालना कर इसे डीप फाई कर लेना है। अगर इन सारे तरीकों के बाद भी आपकी फाइज क्रिस्पी नहीं बनते हैं, तो आपको यह काम जरूर करना चाहिए।

राजीव गांधी की उपलब्धियों पर देश आज भी करता है गर्व

21वीं सदी के थे भारत निर्माता

20 अगस्त को देश के सबसे बड़े सियासी घराने ताल्लुक रखने वाले पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी का जन्मदिन है। राजीव गांधी देश के सबसे युवा प्रधानमंत्री थे। हालांकि वह कभी भी राजनीति में नहीं आना चाहते थे। लेकिन साल 1984 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद वह प्रधानमंत्री बने। राजीव ने अपने कार्यों से देश की जनता पर अपनी अमिट छाप छोड़ने का काम किया था। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कई ऐसे सराहनीय काम किए थे। जिसके लिए उन्हें आज भी देशवासी याद करते हैं।

जन्म और शिक्षा

मुंबई में 20 अगस्त 1944 को राजीव गांधी का जन्म हुआ था। जब देश को अंग्रेजों से आजादी मिली, तो उस दौरान राजीव गांधी की उम्र तीन साल थी। देश के आजाद होने के बाद राजीव के नाना यानी की पं. नेहरु पहले प्रधानमंत्री बने। तीन मूर्ति भवन में राजीव गांधी का बचपन बीता। पहले वह पढ़ाई के लिए देहरादून के वेल्हम स्कूल गए। लेकिन जल्द ही उन्हें हिमालय की तलहटी में स्थित आवासीय दून स्कूल भेज दिया गया। इसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए वह कैम्ब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज गए। लेकिन जल्द ही उन्होंने उस कॉलेज को भी अलविदा कह दिया और लंदन के इम्पीरियल कॉलेज से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की।

सोनिया गांधी से मुलाकात

कैम्ब्रिज में पढ़ाई के दौरान उनकी मुलाकात सोनिया से हुई। सोनिया गांधी मूल रूप से इतावली की स्टूडेंट थी और कैम्ब्रिज में अंग्रेजी की पढ़ाई कर रही थीं। इसी दौरान दोनों की दोस्ती हो गई और जल्द ही दोस्ती प्यार में बदल गई। इसके बाद साल 1968 में राजीव और



सोनिया ने शादी कर ली। दोनों के दो बच्चे प्रियंका और राहुल गांधी हैं। बता दें कि राजीव गांधी कभी भी राजनीति में नहीं आना चाहते थे। वह शुरूआत से पायलट बनना चाहते थे। लेकिन जब संजय गांधी की साल 1980 में विमान दुर्घटना में मृत्यु हुई तो अचानक से उनके लिए भी परिस्थियां बदल गई। उनको संजय गांधी की मृत्यु से खाली हुए उत्तर प्रदेश के अमेठी संसदीय क्षेत्र उपचुनाव में उतारा गया। इस सीट से राजीव गांधी ने जीत हासिल की और वह संसद पहुंचे। इसके बाद जब साल 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या हुई। तब कुछ घंटो बाद ही राजीव को प्रधानमंत्री की शपथ दिलाई गई। इंदिरा गांधी की हत्या के महज 2 महीने बाद लोकसभा चुनाव हुए और इस चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने शानदार जीत हासिल की। इस दौरान राजीव गांधी ने कई सराहनीय काम किए। बता दें कि राजीव गांधी को 21वीं सदी का भारत निर्माता भी कहा जाता है।

मतदान की आयु सीमा घटाई

पहले भारत देश में मतदान की आयु सीमा 21 साल थी। लेकिन यह आयु सीमा देश के तत्कालीन युवा प्रधानमंत्री राजीव गांधी की नजर में गलत थी। इसलिए उन्होंने युवाओं को 18 वर्ष की उम्र के मताधिकार देकर उन्हें देश के प्रति और जिम्मेदार व सशक्त बनाने की पहल की। इस तरह से करोड़ों युवा जो 18 वर्ष के थे, वह अपनी पसंद के सांसद, विधायक और अन्य निकाय चुनावों के लिए जनप्रतिनिधियों को चुन सकते थे। राजीव गांधी का सोचना था कि देश में विज्ञान और तकनीक की मदद के बिना उद्योगों का विकास संभव नहीं है। भारत में कंप्यूटर क्रांति लाने का श्रेय राजीव गांधी को दिया जाता है। उन्होंने न सिर्फ भारत के घरों पर कंप्यूटर पहुंचाने का काम किया, बल्कि देश में इनफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी को आगे ले जाने में अहम भूमिका निभाई। उनके प्रयास से आम लोगों तक कंप्यूटर पहुंच गया। बता दें कि उस दौरान में कंप्यूटर लाना आसान काम नहीं था। इसके अलावा उन्होंने कंप्यूटर उपकरणों पर आयात शुल्क घटाने की भी पहल की। जिससे कि आम जन तक इसकी पहुंच आसान हो सके। इसके अलावा साल 1986 में राजीव गांधी की सरकार में राष्ट्रीय शिक्षा नीति यानी कि ह्रक्रश्व की घोषणा की गई। इस योजना के तहत पूरे देश में उच्च शिक्षा व्यवस्था का आधुनिकीकरण और विस्तार किया गया। इस तरह से राजीव गांधी ने अन्य कई ऐसे लोकहित में कार्य किए, जिससे देश तरक्की के मार्ग पर चलने के लिए प्रशस्त हो सके।

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने दिया ज्ञापन

अवधनामा ब्यूरो

इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल, जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन के नेतृत्व में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से उप जिलाधिकारी सदर विक्रम सिंह राघव इटावा को दिया। ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में घरेलू उपभोक्ताओं को 250 यूनिट बिजली निशुल्क दिया जाना अति आवश्यक है, जब उत्तर प्रदेश की सीमा से लगे हुए अन्य प्रदेश पंजाब, राजस्थान मध्य प्रदेश, दिल्ली में निशुल्क घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली दी जा रही है। आम जनमानस की मांग को आज अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल आपसे मांग करता है अन्य प्रदेशों की तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी घरेलू उपभोक्ताओं को निशुल्क बिजली प्रदान की जाए जिससे प्रदेश में विद्युत उपभोक्ताओं के नए कनेक्शन बढ़ेंगे और बिजली चोरी पर भी लगाम लगेगा और आम व्यक्ति को राहत मिलेगी यह प्रदेश सरकार के लिए एक सुनहरा अफसर होगा आम जनमानस की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए अति शीघ्र निर्णय लिया जाना आवश्यक है।

जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल ने कहा आज अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के बैनर तले वाहन यात्रा के रूप में सैकड़ों की संख्या में व्यापारियों ने कचहरी पहुंचकर अपनी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का काम किया है जब अन्य प्रदेशों की सरकारों के द्वारा मुफ्त बिजली दी जा रही है तो उत्तर प्रदेश में क्यों नहीं दी जा सकती। जिला प्रवक्ता व मीडिया प्रभारी इकरार अहमद ने कहा उत्तर प्रदेश में बिजली चेकिंग के नाम पर आम जनमानस का शोषण किया जा रहा है आये दिन चेकिंग एवं बिजली कटौती से लोग परेशान है।

जिला महामंत्री धर्मेंद्र जैन ने कहा उत्तर प्रदेश की सरकार को जनहित में यह फैसला लेना बहुत आवश्यक है जब अन्य प्रदेशों में बिजली मुफ्त मिल सकती है तो उत्तर प्रदेश में क्यों नहीं। ज्ञापन देने वालों में जिला प्रभारी मनोज अग्रवाल, जिला कोषाध्यक्ष सर्वेश चौहान, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ हरिशंकर पटेल, डॉक्टर संतोष राठौर, युवा जिला अध्यक्ष नरेंद्र सिंह कुशवाहा, युवा जिला महामंत्री रंजीत कुशवाहा, युवा प्रदेश मंत्री पंकज कुशवाह, जिला प्रवक्ता इकरार अहमद, जिला उपाध्यक्ष लल्लू वारसी, जिला उपाध्यक्ष सतीक मंसूरी, विकास गुप्ता विक्की, बृजेश मिश्रा, प्रवीण द्विवेदी, राहुल अवस्थी, विकास शाक्य, सनी कुशवाहा, सलमान राईन, मोनू, रामकिशोर, संतोष वर्मा, शशांक शाक्य, मन्नान राईन, मोहम्मद साजिद, अशोक कुमार, मीना सिंह राजपूत, अमरजीत शर्मा, संजीव राजपूत, अवधेश राठौर, राघवेंद्र सिंह, प्रिंस, रिंकू कुशवाहा, संजय यादव, अशोक गोयल, जुनैद, धर्मेंद्र चौधरी, श्याम सविता, विवेक अग्रवाल सहित अन्य व्यापारी शामिल रहे।

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव 2023: भगवान की लीलाओं का चित्रांकन शिविर आज से

अवधनामा संवाददाता

- उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन में आयोजन
- 02से 04 सितंबर तक देश के विभिन्न स्थानों के मशहूर चित्रकार कृष्ण की लीलाओं का करेंगें चित्रांकन, अंतिम दिन लगेगी प्रदर्शनी

मथुरा। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव-2023 के अवसर पर उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद मथुरा का श्रीकृष्ण लीलाओं का चित्रांकन विषयक राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर 02 से 04 सितम्बर तक गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी, वृंदावन में लगाया जाएगा। शिविर का शुभारंभ आज प्रदेश के गन्ना एवं चीनी मिलें मंत्री श्री लक्ष्मी नारायण चौधरी करेंगे। इस मौके पर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी श्री नगेंद्र प्रताप जी, वरिष्ठ अधिकारीगण, स्थानीय चित्रकार एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहेंगे।

श्रीकृष्ण चित्रांकन शिविर के समन्वयक और राजकीय बौद्ध संग्रहालय, गोरखपुर के उप निदेशक डॉ.यशवन्त सिंह राठौर के अनुसार शिविर में देश के लगभग 11 राज्य के चित्रकार %श्रीकृष्ण जन्मोत्सव-2023% के उपलक्ष्य में भगवान श्रीकृष्ण की अलग-अलग लीलाओं के चित्र अपनी तूलिकाओं से कैनवास पर उकेरेंगे। कार्यक्रम के अंत में 04 सितंबर को लीलाओं की पेंटिंग्स (चित्र) की प्रदर्शनी लगेगी जिसे आम दर्शक निहार सकेंगे।

डॉ. राठौर ने बताया कि राष्ट्रीय चित्रांकन शिविर में तेलंगाना, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान, चंडीगढ, पंजाब, दिल्ली, उत्तराखंड, बिहार के अलावा उत्तर प्रदेश के मेरठ, गाजियाबाद, मथुरा, कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी, वाराणसी, प्रयागराज आदि स्थानों से महिला व पुरूष चित्रकार भाग लेंगे।

सीएनजी बस का गैस पाइप फटा, मचा हड़कंप

- यमुना एक्सप्रेस वे पर आगरा से नोएडा जा रही बस में हादसा होने से बचा

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। यमुना एक्सप्रेस वे पर आगरा से नोएडा जा रही सीएनजी बस का गैस पाइप फटने से चिंगा निकलने लगी। इससे बस में सवारियों में चीखपुकार मच गई। चालक ने तत्काल बस को रोड किन रोक सवारियों को सुरक्षित उतार दिया। पुलिस ने सवारियों को अन्य साधनों से गंतव्य को भिजवा शुक्रवार सुबह ग्रेटर नोएडा डिपो की सीएनजी बस आगरा से करीब 65 सवारियां लेकर नोएडा की ओर जा रही थी। नौहझील क्षेत्र स्थित माइलस्टोन - 67 के समीप अचानक ब्रेक लगाने के दौरान सीएनजी पाइप फट गया तो पहिये के ब्रेक शू चिपक गये। इसके चलते तेज आवाज के साथ पहिये से धुंआ निकलने लगा। यह देख सवारियों में चीख पुकार मच गयी। बस चालक ने तत्काल बस को एक्सप्रेस वे किनारे रोक कर सभी सवारियों को सुरक्षित उतरवाया। सूचना पर पुलिस मौके पर पुहंच गई। चौकी प्रभारी बाजना कट दिलीप कुमार ने बताया कि सूचना पर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच कर बस की सवारियों को अन्य साधन से गंतव्य को रवाना किया। ब्रेक शू चिपकने और गैस पाइप फटने से दिक्कत हुई थी। पहिये से धुंआ निकलने पर चालक आदि ने बस में मौजूद अग्निशमन उपकरण से चिंगारी को बुझाया। सभी सवारियां सुरक्षित गंतव्य को चली गयीं।

लोगों को रेलवे का वर्तमान प्रस्ताव नहीं मंजूर

- सांसद के प्रस्ताव है स्वीकार
- वृंदावनवासी ने सुझाव दिया जल्द बने रेल लाइन

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। रेलवे की गति शक्ति यूनिट द्वारा मथुरा वृंदावन रेल ट्रैक के ब्राड गेज परिवर्तन के चल रहे कार्य को लेकर मथुरा के निवासी विरोध कर रहे हैं। इस विरोध के कारण फिलहाल रेलवे ने काम को रोक दिया है। मथुरा वृंदावन रेल लाइन का काम दोबारा शुरू हो सके इसको लेकर डीआरएम ने डीएम,एसएसपी की मौजूदगी में स्थानीय निवासियों के साथ बैठक की और उनके सुझाव जाने। इसमें मथुरा के निवासियों का सुझाव था कि रेलवे का वर्तमान पस्ताव स्वीकार नही है, सांसद हेमामालिनी के प्रस्ताव के आधार पर ऊपर ट्रेन, नीचे सड़क बने। 17 अंडर पास की वजह से होगा जल भराव। वहीं वृंदावन के निवासी चाहते थे कि जल्द से जल्द मथुरा वृंदावन के मध्य रेल चले। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक में मथुरा के व्यापारी पीडी अग्रवाल ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के कारण बनने वाले 17 अंडर पास की वजह से शहर को जल भराव की समस्या से जूझना पड़ेगा। होटल व्यवसाई राजीव अग्रवाल ने कहा पहले से मौजूद 3 अंडर पास के कारण शहर के निवासी और प्रशासन को कई कई घंटे जलभराव के कारण परेशानी उठानी पड़ती है। 17 और अंडर पास बन गए तो क्या हालत होगी। इसके लिए रेल लाइन को पिलर पर ले जाया जाए और नीचे सड़क बना दी जाए। जिससे जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी। अजय अग्रवाल ने भी जन हित को ध्यान में रखकर रेल लाइन डालने का सुझाव दिया। व्यवसायी पवन चतुर्वेदी, नगर व्यापर मंडल के अध्यक्ष रमेश चतुर्वेदी, अजय चतुर्वेदी, डेम्पियर का पार्षद मनोज, पूर्व मंत्री सरदार सिंह, पूर्व विधायक कुशल पाल सिंह ने भी सुझाव दिए।दूसरी ओर वृंदावन से आए व्यापारी,तीर्थ पुरोहित ने कहा कि वृंदावन रेल लाइन काफी समय से उपेक्षा का शिकार थी। सांसद हेमा मालिनी के प्रयास से काम शुरू हुआ लेकिन उसे रोक दिया गया। पंडा सभा के अध्यक्ष श्याम सुन्दर गौतम ने कहा कि उनकी तीन मांग हैं जिसमें रेल लाइन किनारे किए गए अतिक्रमण हटाए जाएं,वृंदावन में जल्द से जल्द ट्रेन चले और तीसरी मांग है कि अंडर पास बंद हों ओवर ब्रिज बनाए जाएं। पार्षद वैभव अग्रवाल ने जनता को परेशानी न इसको ध्यान में रखकर रेलवे लाइन डाली जाए।

एलिवेटेड ट्रैक को लेकर है तकनीकी दिक्कत

मीटिंग में रेलवे के अधिकारियों ने लोगों के समक्ष इस प्रोजेक्ट का प्रजेंस्टेशन और आने वाली तकनीकी दिक्कतों को रखा। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि अगर एलिवेटेड बनाते हैं तो दस मीटर ऊंचाई ले जानी होगी। पूरे ट्रैक पर लास्ट में 3 किलोमीटर ऊंचाई हो जायेगी। वृंदावन में चैतन्य बिहार फ्लाई ओवर है वहां 15 मीटर ऊंचा हो जायेगा जो तकनीकी रूप से सही नहीं है। श्री कृष्ण जन्मस्थान पर ऊंचाई 2300 मीटर हो जायेगी। रेलवे अधिकारियों ने निवासियों से कहा कि जो भी निर्माण होगा वह एक साथ होगा कहीं दिक्कत नहीं आएगी। बैठक में मांट विधायक राजेश चौधरी, डीआरएम आगरा टीपी अग्रवाल,डीएम पुलकित खरे,एसएसपी शैलेश पांडे और नगर आयुक्त अनुनय झा के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मथुरा वृंदावन के निवासी उपस्थित रहे। जिसमें प्रोजेक्ट से आने वाली समस्याओं को दूर करने के सुझाव मांगे गए।

सुझाव सुने,समस्याओं के निस्तारण को लेकर बनाएंगे प्लानिंग: डीआरएम

मीटिंग के बाद उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल के डीआरएम टीपी अग्रवाल ने पत्रकारों से वार्ता में बताया कि आज की मीटिंग में प्रशासन के अधिकारियों उपस्थिति मथुरा वृंदावन के लोगों के सुझाव सुने,समस्या का किस तरह से निस्तारण हो सकता है। इस पर प्लानिंग की जायेगी। सुझावों को इस प्रोजेक्ट में कैसे एडजस्ट किया जा सकता है इस पर विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि रेलवे प्रशासन भी इस देश की जनता के लिए काम कर रहा है लोगों का यह कहना कि हम अपने मन की कर रहे हैं यह गलत है। उन्होंने लोगों को आश्वस्त किया है कि 17 अंडर पास से किसी प्रकार का जल भराव नहीं होगा न ही शहर दो हिस्से में नहीं बंटेगा। उन्होंने कहा कि जनता के सुझावों के आधार पर जो भी परिवर्तन होंगे उसको इज्जतनगर रेल खंड के अधिकारियों को भेजा जाएगा उसके बारे में पुन- स्थानीय लोगों की बैठक बुलाकर बताया जाएगा।

डॉ. वजाहत न केवल संपादक हैं बल्कि उर्दू की खुशी भी हैं: आरिफ़ नकवी

अवधनामा

मेरठ। डॉ. वजाहत हुसैन रिज़वी न केवल एक संपादक हैं बल्कि उर्दू के उस्ताद भी हैं। वजाहत साहब की व्याख्या सुनकर और नॉवेलेट युक्त कृतियाँ देखकर हमें आश्चर्य होता है। उर्दू साहित्य के संबंध में उनकी प्रेरणा सुनकर हमें बहुत खुशी हुई। अगर हमने सही समय पर मेहनत की होती तो हम उर्दू के लिए इतना नहीं रोते, जितना आज महसूस कर रहे हैं। हम हिंदी और अन्य भाषाओं से बहुत कुछ सीख सकते हैं।%% ये शब्द थे जर्मनी के मशहूर लेखक और शायर आरिफ नकवी के, जो उर्दू विभाग और एयूएसए द्वारा %%सैयद वजाहत अली रिज़वी से एक मुलाकात%% विषय पर आयोजित साप्ताहिक ऑनलाइन संगोष्ठी अदब नुमा के 88वें सत्र में अपने अध्यक्षीय भाषण के दौरान कह रहे थे।

कार्यक्रम की शुरुआत सईद अहमद सहारनपुरी ने पवित्र कुरान की तिलावत से की। हादिया नात एम.ए. द्वितीय वर्ष की छात्रा फरहत अख्तर द्वारा प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम का आयोजन उर्दू विभाग के अध्यक्ष प्रो. असलम जमशेदपुरी ने किया। डॉ.सैयद ख्वाज़ा हुसैन रिज़वी, पूर्व उपनिदेशक, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, लखनऊ, ने मुख्य अतिथि के रूप में ऑनलाइन भाग लिया। डॉ. रियाज़ तौहीदी, सह-समन्वयक, जम्मू-कश्मीर, आईयूएसए ने सम्मानित अतिथि के रूप में कार्यक्रम में भाग लिया। डॉ. हनीफ़ खान (सहायक प्रोफेसर, उर्दू विभाग, अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ) और डॉ. मूसी रज़ा (रोज़ नामा, अवध नामा, लखनऊ के उप-संपादक) ने शोध प्रपत्र वक्ता के रूप में भाग लिया, जबकि डॉ. रेशमा परवीन, अध्यक्ष आयुसा ने वक्ता के रूप में सहभागिता की । स्वागत भाषण डॉ. इरशाद सयानवी ने, संचालन डॉ. शादाब अलीम ने तथा आभार शोध छात्रा शाहनाज़ परवीन ने किया। उर्दू विभाग के अध्यक्ष और प्रसिद्ध कथा समीक्षक और कथा लेखक प्रो. असलम जमशेदपुरी ने कहा कि आज हमारे लिए बहुत खुशी का दिन है। उनमें से एक महत्वपूर्ण उर्दू उपन्यास है। उनके अनुसार, डिप्टी नज़ीर अहमद का अयामी उर्दू में पहला उपन्यास है। इसके अलावा,

- हमें जन आंदोलन चलाने की जरूरत है, तभी उर्दू बचेगी। - डॉ. वज़ाहत हुसैन रिज़वी
- उर्दू विभाग में एक मुलाक़ात सैयद वजाहत हुसैन रिज़वी से विषय पर ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया

डॉ. वज़ाहत हुसैन रिज़वी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जो लोग उर्दू से प्यार करते हैं उन्हें अपने घरों में अपने बच्चों को भी उर्दू सिखानी चाहिए। उर्दू को जिंदा रखें और यह तभी संभव होगा जब स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों के सभी शिक्षक अपने बच्चों पर विशेष ध्यान देंगे और उन्हें उर्दू सिखाएंगे, तो निश्चित रूप से उर्दू फलेगी-फूलेगी। उपन्यास के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि कई लोग कहते हैं कि उपन्यास ही उपन्यास की संतान है, यह बड़े आश्चर्य की बात है. नॉवेल?ट पर काम अच?छी तरह चल रहा है। असलम साहब ने नॉवेल का प्रचार भी किया। सभी ने मेरे नॉवेल पर किए गए काम की सराहना की जिससे मुझे प्रेरणा मिली। उपन्यास की पृष्ठभूमि व्यापक है और पात्र भी अधिक हैं लेकिन नॉवेल एक समस्या को उजागर करता है। एक सवाल पर उन्होंने कहा कि उर्दू को जिंदा रखने के लिए हमें गांव-गांव, नगर-नगर जाकर काम करना होगा, अगर ऐसा नहीं किया गया तो उर्दू काम नहीं आएगी। आज बड़े-बड़े संगठन कुछ थीसिस लेखकों को बुलाकर सेमिनार कराते हैं, इससे भी उर्दू को बढ़ावा नहीं मिलने वाला है। इस समय हमें जन आंदोलन चलाने की जरूरत है तभी उर्दू बचेगी।

इस अवसर पर डॉ. मूसी रज़ा और डॉ. हनीफ़ खान ने शोध प्रपत्र प्रस्तुत किये जिनमें उन्होंने डॉ. वजाहत हुसैन रिज़वी के व्यक्तित्व, उनकी साहित्यिक यात्रा और उनके नए युग सहित एक पत्रकार के रूप में उनके प्रयासों का वर्णन किया। सेवाओं की समीक्षा की। .

प्रोफ़ेसर रेशमा परवीन ने कहा कि अगर दज़ाहत हुसैन किसी विश्वविद्यालय में होते तो निश्चित रूप से हम जैसे छात्रों को बहुत कुछ सीखने को मिलता। हमने उनसे उर्दू उपन्यास की आलोचना, सिद्धांतों और शोध के बारे में जो बात की, उससे यह महसूस होता है कि उनकी उपलब्धियाँ हमारे लिए एक प्रकाश स्तंभ हैं।

कार्यक्रम से डॉ. आसिफ अली, डॉ. अलका वशिष्ठ, नूर जमशेदपुरी, डॉ. शबिस्ता आस मुहम्मद, मुहम्मद शमशाद, सैयदा मरियम इलाही, फैजान जफर, नुजहत अख्तर, फरहत अख्तर, माहे आलम सहित अनेक छात्र जुड़े रहे।

अधिक से अधिक लोगों को सहकारी समितियों से जोड़ें योगी

अवधनामा संवाददाता

- किसानों ने सहकारी समिति के सदस्यता अभियान का शुभारंभ कार्यक्रम किसान भवन में देखा

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा सहकारी समितियों के सदस्यता अभियान का ओन लाइन शुभारंभ किया। उन्होंने बीडीओ संबोधन के माध्यम से किसानों को संबोधित किया। उनके इस कार्यक्रम को मथुरा के डेम्पियर नगर स्थित किसान भवन में जिले के किसान, जनप्रतिनिधि व अधिकारी कर्मचारियों ने इस कार्यक्रम को वीडीओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देखा गया। जिसमें मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक सहकारी समितियों में अधिक से अधिक लोगों को जोड़कर सदस्य बनाए जाएं। उनको सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। आज जिले की सहकारी समितियों में 700 सदस्य बनाए गए। सहायक निबंधक सहकारिता विवेक कौशल ने बताया कि शासन ने प्रत्येक सहकारी समिति के लिए कम से कम 200 सदस्य बनाने और एक लाख रुपये जमा कराने का लक्ष्य तय किया है। आज के कार्यक्रम में जिले की 78 सहकारी समितियों में 700 सदस्य बनाए गए। एक लाख 40 हजार रुपये जमा कराए गए। उन्होंने बताया कि कोई भी व्यक्ति सहकारी समिति कार्यालय पहुंचकर 251 रुपये लेकर पांच हजार 51 रुपये जमा कराकर समिति का सदस्य बन सकता है। इसके फार्म समिति के सचिव के पास उपलब्ध हैं। यह अभियान आज से प्रारंभ होकर 30 सितम्बर तक चलेगा। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के सभापति निरंजन धनगर, डीसीएफ के सभापति सुलतान सिंह, जिला सहकारी बैंक मैनेजर भारत भूषण, जिले के किसान सदस्य, अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित थे।

मानवीय राष्ट्रवाद और इंसानियत से बनेगा नया राजनैतिक विकल्प

सपा हल्ला बोल के नाम देती है लूट की खुली छूट: शिवप्रसाद

सर्वजन सुखाय पार्टी के अध्यक्ष शिवप्रसाद यादव से वहाज अली ख़ान (निहाल) की विशेष बातचीत

इटावा। आगामी लोकसभा चुनावों में अब अधिक समय शेष नहीं है। चुनावों को लेकर राजनैतिक दलों ने अपनी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस बार के चुनाव में इटावा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, औरैया, कन्नौज, फरूखाबाद और एटा के राजनैतिक मैदान में एक नई राजनैतिक पार्टी मैदान में सामने आ रही है। सर्वजन सुखाय पार्टी जिसके मुखिया पूर्व विधायक शिवप्रसाद यादव हैं। शिवप्रसाद यादव और उनकी राजनैतिक पार्टी का लक्ष्य इन्हीं सात जिलों में अपना जनाधार मजबूत कर आम जनता को एक सशक्त राजनैतिक विकल्प देना है। मानवीय राष्ट्रवाद और इंसानियत के आधार पर काम करने का संदेश लेकर वे अपने नए राजनैतिक अभियान को लेकर निकल पड़े हैं। अगले नवंबर माह में इटावा में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन के माध्यम से वे अपने राजनैतिक अभियान का शंखनाद करेंगे। अवधनामा संवाददाता ने उनसे उनकी आगामी योजना के बारे में बातचीत की।

प्रश्न- शिवप्रसाद जी आखिर नये राजनैतिक दल के गठन की ऐसी क्या आवश्यकता आपको प्रतीत हुई?आप अन्य दलों से कितना अलग होंगे?

उत्तर- सर्वजन सुखाय पार्टी के गठन के पीछे दो प्रमुख कारण हैं। पहला तो सपा जब जब सत्ता में आई तब तब उसने अपने हल्ला बोल को सामाजिक और संवैधानिक अधिकार के तौर पर अमानवीय कार्यकरने की खुली छूट दे दी। राहजनी, हत्याएं, चोरी, डकैती, जमीनों पर कब्जे आदि करना हल्ला बोल का एक अंग बन गया। सर्व समाज में यादव समाज के प्रति घृणा और नफरत का वातावरण बन गया। आज यादव समाज सपा के हल्ला बोल कलंक से मुक्ति पा सके, समाज की छवि अच्छी हो सके इसलिए सर्वजन सुखाय पार्टी का गठन किया गया है। दूसरा वर्तमान में इंसानियत और मानवीय राष्ट्रवाद के आधार पर काम करने वाले राजनैतिक दल का पूरी तरह से अभाव है। हम ऐसा राजनैतिक विकल्प देना चाहते हैं जो बिना किसी जाति, धर्म और वर्ग भेद के मानवीय राष्ट्रवाद के सिद्धांतों की स्थापना कर सकें। इस कमी को पूरा करने के लिए पार्टी का गठन किया गया है।

प्रश्न- आपका अगला लक्ष्य क्या है? उसकी अभी से क्या तैयारी कर रहे हैं?

उत्तर- हमारा लक्ष्य पहले चरण में आगरा और कानपुर मंडल के सात जिलों पर फोकस करना है। हम गांव गांव तक अपना संगठन मजबूत करेंगे। इसके बाद ब्लाक, तहसील और जिला स्तर पर बैठकें सम्मेलनों के माध्यम से लोगों को पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। फिलहाल नवंबर के महीने में इटावा में प्रदेश स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से हम चुनावी अभियान का श्रीगणेश करेंगे। इन सात जिलों में अपनी राजनैतिक जमीन मजबूत कर हम आगे बढ़ेंगे।

प्रश्न- लोकसभा चुनावों में आप किन मुद्दों को लेकर जनता के बीच लाएंगे?

उत्तर- फिलहाल समाज में भाईचारा, इंसानियत को मजबूत करते हुए मानवीय राष्ट्रवाद की स्थापना के मिशन पर निकलेंगे। इन सात जिलों में सपा की सरकार में जनता का बहुत उत्पीडन हुआ है। सपा खासतौर पर सैफई परिवार के द्वारा ठुके पिटे, लुटे और हक वंचित लोगों को एक मंच पर लाकर न्याय दिलाने का काम करेंगे। किसान, नौजवान और सर्वहारा समाज के विकास के लिए काम करेंगे।

प्रश्न- आपका राजनैतिक संघर्ष किस राजनैतिक दल से होगा? क्या विपक्षी दलों के गठबंधन में भी शामिल हो सकते हैं?

उत्तर- एक पक्षीय विचार अथवा चिंतन को धर्मनिरपेक्ष नहीं कहा जा सकता है। हमारा संघर्ष किसी एक दल विशेष से नहीं है। हम तो एक ऐसी विचारधारा पर काम करने निकलें हैं जो सभी को साथ लेकर चलने वाली है। जहां सभी का सम्मान हो, विकास के समान अवसर मौजूद हों। दल हो या व्यक्ति वह अपना मूल चिंतन अथवा स्वभान नहीं छोड़ सकता। चाहे विपक्षी दल अपने गठबंधन का कुछ भी नाम रख लें परंतु उनके संस्कार नहीं बदल सकते। हम किसी के साथ नहीं अपने सिद्धांतों पर आम जनता को साथ लेकर चलेंगे।

परिचय- शिवप्रसाद यादव का जन्म वर्तमान में औरैया जिले की विधूना तहसील के ग्राम बनी हरदू में हुआ है। उनका बचपन काफी संघर्षों में बीता। पढ़ाई पूरी करने के बाद वे सरस्वती ज्ञान मंदिर योजना में शामिल हुए। वहां आचार्य प्रधानाचार्य सहित अन्य जिम्मेदारियों को बखूबी निभाया। इसके बाद इटावा में पहला आवासीय स्कूल ज्ञान स्थली आवासीय विद्यालय कर्बाखेड़ा की स्थापना की। आज देश भर में उनके द्वारा शिक्षण संस्थाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होंने वर्ष 2007 में भरथना विधानसभा क्षेत्र से सपा सुप्रीमो मुलायम सिंह यादव के खिलाफ चुनाव लड़ा।

बहुत कम अंतर से वे पराजित हो गए। इसके बाद मुलायम सिंह यादव ने इस सीट से त्यागपत्र दे दिया। उपचुनाव में शिवप्रसाद बसपा के टिकट पर विधायक निर्वाचित हुए। वह भाजपा की सक्रिय राजनीति में भी रहे। अभी हाल ही में भाजपा छोड़कर नए राजनैतिक अभियान की शुरूआत की है।

गंगा/यमुना आरती: यमुना तट पर स्थित 11 रुद्रीय शिव एवं पीताम्बरा माता के मंदिर पर किया गया

अवधनामा ब्यूरो

- नगर के सैकड़ो लोगों ने किया प्रतिभाग

इटावा। गंगा समग्र इटावा की तरफ से पूर्णमासी की गंगा/यमुना आरती का आयोजन यमुना तट पर स्थित 11 रुद्रीय शिव एवं पीताम्बरा माता के मंदिर पर किया गया जिसमें नगर के सैकड़ो लोगों ने प्रतिभाग किया। आरती में सदर विधायिका सरिता भदौरिया ने विशेष रूप से शामिल होकर आरती की। गंगा समग्र इटावा के अनुरोध पर विधायिका ने यमुना घाट के सौंदर्यीकरण की मांग को संवेदनशीलता से लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार से इटावा यमुना नदी घाट के सौंदर्यीकरण और घाट विस्तार के लिए प्रस्ताव पास कराने पर उनका आभार और अभिनंदन किया गया। विधायिका ने पत्रकारों को बताया कि शासन को लगभग 4-5 करोड़ के कार्य की योजना भेजी गयी जिसका सर्वे इसी सप्ताह टीम करेगी और जल्द ही बजट आवंटित करवाकर कार्य शुरू किया जाएगा। 200 मीटर घाट बनाने की योजना दी गयी है साथ ही इलेक्ट्रिक विद्युत शवदाह यूनिट, अंतिम संस्कार के बाद नहाने का घाट और आरती घाट आदि बनबाने की योजना है। यह कार्य पर्यटन विभाग और विधायक निधि के संयुक्त सहयोग से होगा। गंगा समग्र के जिला संयोजक अवनीन्द्र सिंह ने गंगा मंदिर घाट पर आरती के लिए एक बड़े प्लेटफॉर्म के निर्माण करवाने का आग्रह भी किया है ताकि वहाँ कानपुर और वाराणसी की तरह भव्य आरती का आयोजन हो सके। साथ ही उन्होंने नगरवासियों से यमुना घाट पर प्रत्येक माह होने बाली भव्य आरती में शामिल होने का आग्रह किया है। आरती में गंगा समग्र के जिला संयोजक अवनीन्द्र सिंह जादौन सह संयोजक एवं आयाम प्रमुख प्रांजल दुबे, (एडवोकेट)अभिनेन्द्र सिंह, रीनू चौहान, स्मृति सिंह, नमिता तिवारी, राजीव चौहान, शिवम सिंह, आदित्य शर्मा, मुकेश बाबू, जितेंद्र भदौरिया, दीपक राज, मुकेश त्रिपाठी, प्रवीण पांडेय, पंकज चौहान, अर्चना आदि ने विधायिका का आभार व्यक्त किया।

मुफ्त यूनानी तिब्बी कैम्प का आयोजन

लखनऊ अवधनामा संवाददाता। बरोज जुमेरात को एक मुफ्त युनानी तिब्बी कैम्प का आयोजन डा अब्दुल अली तिब्बिया कालेज एवं अस्पताल कटौली, मलिहाबाद, लखनऊ द्वारा प्रो. हकीम अरशद अली की अक्ष्यक्षता में शहिदरा मसजिद के कम्पाउंड में आयोजित किया गया। जिसमे 266 मरीज़ो को विभिन्न चिकित्सको द्वारा जाँच के बाद मुफ्त युनानी दवाओ का वितरण किया गया। इस कैम्प में कालेज के हकीम शहरुल्ला कादरी, हकीम शहाबुददीन व हकीम मो. अरिफ, हकीम अरशद अली द्वारा मरीजो की देखभाल की गई तथा बीयूएमएस अंतिम व्यवसाय के छात्र एवं छात्राएं अशरफ ज़िया, उम्मे सैय्यदा, रुही तबस्सुम, मो. कैफ व अब्दुल अहद के अलावा मो. मोहसिन व अब्दुल्ला ने एस कैम्प में दवा वितरण कर सहयोग प्रदान किया गया।

गाली गलौज कर युवक को पीटा

सुमेरपुर हमीरपुर अवधनामा संवाददाता। बीती रात घर के दरवाजे पर डांस कर रही दलित लड़कियों पर छिटाकशी करने से मना करने पर युवक ने दलित को पीट दिया। बिदोखर पुराई निवासी इंद्रपाल बाल्मीकि ने थानाध्यक्ष राम आसरे सरोज को बताया कि रक्षाबंधन पर्व पर उसकी बहने और भांजिया आई थी रात में सभी घर के दरवाजे पर डांस कर रही थी। तभी गांव निवासी शेखू सिंह बाइक से कई बार तेज रफ्तार के साथ निकला और छिटांकशी करते हुए एक बच्चे को टक्कर मार दी। मेरे विरोध करने पर शेखू सिंह ने जाति सूचक गालियां दी और डंडे से पिता बीच बचाव करने पर मेरे पुत्र को भी मारा पीटा। इस बात का उलाहना देने जब मेरी बहन और पत्नी उसके घर गई तब शेखू सिंह उसकी बहन शालू सिंह ने बुरी बुरी गालियां दी और गांव से भगा देने की धमकी दी। थानाध्यक्ष राम आसरे सरोज ने आरोपी का गिरफ्तार करने के निर्देश इंगोहटा चौकी इंचार्ज को दिया है।

धूमधाम से मनाया गया चेयरमैन का जन्मदिन

सुमेरपुर हमीरपुर अवधनामा संवाददाता। नगर पंचायत अध्यक्ष व केपी इंटर कालेज अध्यक्ष का 32वां जन्मदिन कस्बे के केपी इंटर कॉलेज में छात्र छात्राओं ने शिक्षकों के साथ धूमधाम से मनाया। नगर पंचायत अध्यक्ष धीरेंद्र शिवहरे धीरू कस्बे में संचालित केपी इंटर कालेज के अध्यक्ष भी है। शुक्रवार को उनका 32 वां जन्मदिन केपी इंटर कॉलेज में छात्र छात्राओं ने धूमधाम के साथ मनाते हैं उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर कॉलेज के प्रबंधक राजेश शिवहरे,प्रधानाचार्य एम. कश्यप, शिक्षक राजकुमार सिंह, सुनील तिवारी, रणधीर सिंह, सोहनी गुप्ता, रामगणेश गुप्ता, श्वेता त्रिपाठी, सुमन गुप्ता, मुस्कान शिवहरे, अखिलेश सिंह, देवेश सिंह, सौरभ शुक्ला आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

बाईक से गिरकर महिला गंभीर

सरीला (हमीरपुर) अवधनामा संवाददाता। क्षेत्र के बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के नीचे लिंक मार्ग पर इटैलिया बाजा गाँव के पास चलती बाइक से महिला उछल कर गिर गई। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गई। घायल महिला को एम्बुलेंस से सीएचसी से उरई रैफर किया गया है। विवांर थाना क्षेत्र के बाँधुर बुजुर्ग गाँव निवासी दिनेश ने बताया कि माँ सरजू (45) पत्नी नन्दकिशोर रक्षाबंधन पर्व पर राखी बांधने के लिए ननिहाल गयी थी। शुक्रवार को वह बाइक से अपनी माँ सरजू को लेकर बाँधुर बुजुर्ग गाँव जा रहे थे। तभी बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के नीचे बने लिंक मार्ग पर गड्ढे में बाइक से उछल कर गिर गई। जिससे माँ गम्भीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुँचे डायल 108 एम्बुलेंस चालक पप्पू व ईएमटी विमल कुमार ने घायल महिला को सीएचसी सरीला में भर्ती कराया।

खेत गए युवक की सांप काटने से हुई मौत, मची चीख पुकार

अवधनामा संवाददाता

मथौली बाजार, कुशीनगर। कसानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली वार्ड नं. तीन रानी लक्ष्मीबाई नगर निवासी एक तीस वर्षीय युवक की सर्प काटने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। उधर घटना की जानकारी होते ही मौके से पहुंचे नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह ने परिजनों का ढांढस बढ़ाया।

- मौके से पहुंचे नगर अध्यक्ष ने परिजनों का बढ़ाया ढांढस

मिली जानकारी के अनुसार उक्त वार्ड निवासी उत्तीम का 30 वर्षीय बेटा जितेंद्र शुक्रवार की सुबह में खेत गया था, जहां कार्य के दौरान जहरीला सर्प काट लिया। परिजन आनन फानन में झाड़ फूंक कराने लेकर चले गए। वहां ठीक न होने पर सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र मोतीचक मथौली ले गए जहां चिकित्सकों में मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके से पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर युवक की मौत पर परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है। उधर मौत की सूचना मिलते ही नगर अध्यक्ष नवरंग सिंह मौके से पहुंचकर परिजनों का ढांढस बढ़ाया।

उच्च प्राथमिक विद्यालय बहुआस में चोरी

मथौली बाजार, कुशीनगर। कसानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली वार्ड नंबर आठ में स्थित कंपोजिट प्राथमिक विद्यालय का चैनल तोड़कर चोरी का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में प्रधानाचार्य ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। कसानगंज थाने में तहरीर देकर विद्यालय के प्रधानाचार्य रविंद्र सिंह ने जिक्र किया है कि बीते 27 अगस्त 2023 की रात विद्यालय का चैनल और ऑफिस का दरवाजा तोड़कर अज्ञात चोरों ने वाटर पम्प (मोटर), दो गैस सिलेंडर (इंडेन) व एक सीलिंग फैन चोरी कर लिया गया है। इसकी जानकारी 28 अगस्त को सुबह तब हुई जब में विद्यालय गया तो देखा चैनल और ऑफिस का दरवाजा टूटा है और समान चोरी हो गया है। इसकी जानकारी वार्ड सभासद प्रतिनिधि मोहन साहनी को भी दे दिया गया है।

पुलिस ने नहीं सुनीं तो विधायक से दलित छात्रा ने लगाई गुहार

अवधनामा संवाददाता

- छात्रा का आरोपः पुलिस ने नहीं की कोई कार्रवाई
- मामले की जांच हो रही, आरोपियों पर होगी कार्रवाईः सीओ

नरैनी। दबंगो के कहर से सहमी दलित छात्रा ने कोतवाली पहुंच सुरक्षा की गुहार लगाई। लेकिन पुलिस ने हमेशा की तरह उसे टरकाने का काम किया। भयभीत छात्रा ने क्षेत्रीय विधायक को पूरे मामले से अवगत कराया और सुरक्षा की मांग की। विधायक ने छात्रा को आश्वासन दिया है कि उसके साथ न्याय होगा। हालांकि सीओ और कोतवाल ने कहा कि मामले की जांच कराई जा रही है। दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पनगरा निवासी दलित छात्रा ने विधायक आवास पहुंचकर शिकायती पत्र देकर बताया कि वह स्नातक के एग्जाम देकर मंगलवार के दिन अपने घर पहुंची। घर पहुंचते ही बोलेरो गाड़ी में सवार बिसंडा निवासी आधा दर्जन अज्ञात लोग मुख्य दरवाजे को तोड़ते हुए अंदर प्रवेश कर गए और उसे पकड़ लिया। गाली गलौज करते हुए छात्रा को गाड़ी में ले जाने लगे। मौके पर मौजूद उसके भाई, मां तथा कुछ पड़ोसियों ने जब विरोध किया तो उनके साथ भी मारपीट करने लगे। दबंगो के कहर से डरे परिवार की मदद के लिए मौके पर मौजूद पड़ोसियों के हस्तक्षेप पर दबंग निपट लेने की धमकी देकर भाग खड़े हुए। पीड़ित छात्रा ने अपनी माता व भाई के साथ क्षेत्रीय विधायक ओममणी वर्मा से मिलकर आप बीती बताई। साथ ही बताया कि दबंगो के खिलाफ कार्यवाही के लिए जब कोतवाली पहुंची तो कोतवाली पुलिस ने फरियाद भी नही सुनी। शिकायती पत्र भी फाड़ दिया। विधायक ने कोतवाली निरीक्षक से बात कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए। कोतवाली निरीक्षक अरविंद गौर ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्राधिकारी नितिन कुमार ने कहा कि मामले कि पड़ताल कराई जा रही है। दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

लंपी बीमारी पर डिग्गी पिटवाकर ग्रामीणों को करें जागरूकः डीएम

अवधनामा संवाददाता

- कोई भी व्यक्ति अपने गोवंश छुट्टा न छोड़े

बांदा। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभागार में जानवरों में होने वाली लम्पी बीमारी (एलएसडी) की रोकथाम के लिए संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने गाय व भैस में फैलने वाली लम्पी बीमारी के सम्बन्ध में कहा कि इस बीमारी के लिए सभी गांवों में ग्राम प्रधानों के सहयोग से डिग्गी पिटवाकर इस बीमारी के लक्षणों एवं बचाव के उपायों के सम्बन्ध में ग्रामीणों को जागरूक किया जाए।

उन्होंने निर्देश दिये कि गांव का कोई भी व्यक्ति अपने गौवंशों को छुट्टा न छोडें, यदि कोई व्यक्ति अपने जानवरों को छुट्टा छोडता है तो उसके विरूद्ध पुलिस प्रशासन के द्वारा कार्यवाही भी की जायेगी। छुट्टा जानवर छोडने से इस लम्पी बीमारी से अन्य जानवर भी संक्रमित हो सकते हैं। उन्होंने समस्त खण्ड विकास अधिकारियों एवं पुश चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये कि प्रत्येक विकास खण्ड में प्रधान, सचिव, लेखपाल व केयर टेकर का एक कम्यूनिकेशन प्लान तैयार कर तथा ब्लाक प्रमुख एवं ग्राम प्रधानों की ग्रामीणों के साथ बैठक कर लम्पी बीमारी के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए इसकी रोकथाम के प्रति सचेत करें। उन्होंने एक कन्ट्रोल रूम भी बनाये जाने के निर्देश दिये। इस बीमारी से जानवर की मृत्यु होने तक का खतरा होता है। उन्होंने उप जिलाधिकारियों एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका एवं नगर पंचायतों को निर्देश दिये कि लेखपालों एवं नगर निकाय के कर्मियों के सहयोग से हॉट स्पॉट पर गौवंश छुट्टा न रहें, उन्हें गौशालाओं में संरक्षित किया जाए। उन्होंने नगरपालिका एवं नगर पंचायत एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत विभाग द्वारा साफ-सफाई एवं गौशालाओं में चूने का छिडकॉव, फॉगिंग आदि कराये जाने के निर्देश दिये। कार्यशाला में उप निदेशक पशुपालन विभाग द्वारा लम्पी बीमारी के लक्षण के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी, जिसमें बताया गया कि यह खतरनाक बीमारी है, जो संक्रमण से बहुत तेजी से फैलती है। रोग के प्रमुख लक्षण हैं कि जानवर को तेज बुखार, ऑख व नाक से पानी गिरना, पूरे शरीर में कठोर चपटी गॉठ उभर आना, सॉस लेने में परेशानी होती तथा रक्त का श्राव भी हो सकता है, गॉभिन पशुओं में गर्भपात होना, जानवर का वजन घटना आदि प्रमुख लक्षण हैं। यह बीमारी एक जानवर से दूसरे जानवर के सम्पर्क में आने से होती है, इसलिए इस बीमारी से बचाव हेतु बीमार पशु को तत्काल अन्य जानवरों से अलग कर आइसोलेट किया जाना अति आवश्यक है, इसके साथ ही पशु के रहने वाले स्थान पर फिनॉल व सोडियम हाइपोक्लोराइड का छिडकॉव किया जाए।

अन्तर्राष्ट्रीय विश्व एकता व विश्व शान्ति महोत्सव 'कॉन्फ्लुएन्स-2023' का तीसरा दिन

देश-विदेश के प्रतिभागी छात्रों ने दिया रोचक प्रतियोगिताओं द्वारा एकता व शान्ति का संदेश

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, इन्दिरा नगर कैम्पस द्वारा आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय विश्व एकता व विश्व शांति महोत्सव 'कॉन्फ्लुएन्स-2023' का तीसरा दिन आज बेहद दिलचस्प रहा।

नेपाल, श्रीलंका एवं देश के विभिन्न प्रान्तों से पधारे प्रतिभागी छात्रों ने जहाँ एक ओर गीत-संगीत का अनूठा समाँ बाँधकर गागर में सागर भर दिया, तो वहीं दूसरी ओर विभिन्न टीमों ने एक से बढ़कर एक रोचक व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मक सोच का प्रदर्शन करते हुए एकता, शान्ति, सौहार्द एवं भाईचारे से भरपूर विश्व समाज की अनूठी तस्वीर प्रस्तुत की। विदित हो कि 'कॉन्फ्लुएन्स-2023' का आयोजन 30 अगस्त से 2 सितम्बर तक सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है, जिसमें देश-विदेश से पधारे लगभग 500 छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। 'कॉन्फ्लुएन्स-2023' के अन्तर्गत प्रतियोगिताओं का सिलसिला 'वर्ल्ड पार्लियामेन्ट (पेपर प्रजेन्टेशन)' प्रतियोगिता के द्वितीय राउण्ड से हुआ, जिसमें देश-विदेश के 38 प्रतिभागी छात्रों ने विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए विश्व की ज्वलन्त समस्याओं एवं उनके समाधान पर अपने विचार व्यक्त किये। यह प्रतियोगिता 'इन्क्लूजन ऑफ सस्टेनबल डेवलपमेन्ट गोल्स इन द लोकल स्पिय्यर' थीम पर आयोजित हुई, जिसमें प्रतिभागी छात्रों ने विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्हीं देशों के पारम्परिक परिधानों में तर्कपूर्ण विचारों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एट ए ग्लांस (कोलाज मेकिंग) प्रतियोगिता भी काफी रोचक व आकर्षक रही और देश-विदेश की 47 छात्र टीमों ने बड़े जोश व उत्साह से प्रतिभाग कर अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के अन्तर्गत प्रतिभागी छात्रों ने 'व्हाट काइंड ऑफ ए वर्ल्ड वुड यू लाइक टु सी फॉर योरसेल्फ इन 2050' विषय पर सुन्दर कोलाज बनाये। आज ब्रेन-ए-थान (क्विज) प्रतियोगिता का फाइनल राउण्ड सर्वाधिक आकर्षक प्रतियोगिताओं में एक रहा। दो राउण्ड की प्रतियोगिता के उपरान्त चयनित 10 टीमों ने फाइनल राउण्ड में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में विज्ञान, इतिहास एवं पर्यावरण से सम्बन्धित सवाल पूछे गये, जिसका प्रतिभागी छात्रों ने बिजली की गति से जवाब देकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। दर्शकों ने भी इस प्रतियोगिता का खूब आनन्द उठाया और जोरदार तालियां बजाकर छात्रों की खूब हौसला अफजाई की।

टीएमयू की उपलब्धिः लॉ शोधार्थी और एल्युमिना का यूपी के पीसीएस-जे में चयन

लखनऊ। तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी की झोली में एक और उपलब्धि आई है। टीएमयू के स्टुडेंट्स विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। यूनिवर्सिटी के लिए यह बड़े गौरव की बात है। टीएमयू में लॉ कॉलेज के शोधार्थी- विशाल दीक्षित और एक एल्युमिना- प्रगति ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज की न्यायिक सेवा सिविल जज की परीक्षा में अपना परचम लहराया हैं। मसलन इन दोनों स्टुडेंट्स- विशाल दीक्षित और प्रगति का पीसीएस-जे 2022 में फाइनल चयन हो गया है। नवाबगंज, बरेली के निवासी श्री विशाल दीक्षित तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज में डीन प्रो. हरबंश दीक्षित के निर्देशन में अपना शोध कार्य कर रहे हैं। विशाल दीक्षित दो बेटियों के पिता है। वह भारतीय वायुसेना में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने एलएलबी गुजरात, जबकि एलएलएम उत्तराखंड से किया है। वर्तमान में वह एसबीआई की नवाबगंज शाखा में कार्यरत हैं। प्रीत विहार, मुरादाबाद की निवासी प्रगति सत्र 2012-17 बैच की बीए-एलएलबी की छात्रा रही हैं। प्रगति के पिता सिंचाई विभाग में कार्यरत हैं। लॉ कॉलेज के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित कहते हैं, ये स्टुडेंट्स न केवल ज्यूडिशियल क्षेत्र में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी का नाम रोशन करेंगे, बल्कि अपने परिजनों के साथ-साथ गुरुओं का भी मस्तक ऊँचा करेंगे। एल्युमनाई रिलेशन सेल-एआरसी के ज्वाइंट रजिस्ट्रार प्रो. निखिल रस्तोगी एल्युमनाई को यूनिवर्सिटी का सबसे मजबूत स्तंभ बताते हुए कहते हैं कि दुनिया की किसी भी यूनिवर्सिटी की पहचान और विकास का पैमाना उसके एल्युमनाई ही होते हैं।

सीएमएस के दो छात्र हुए पीसीएस (जे) में चयनित

अवधनामा संवाददाता

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल के दो मेधावी छात्रों ने पी.सी.एस. (जे) के परीक्षा परिणाम में सफलता अर्जित कर सी.एम.एस. का नाम गौरवान्वित किया है।

इस प्रतिष्ठित परीक्षा में सी.एम.एस. राजाजीपुरम (प्रथम कैम्पस) की छात्रा अंजू यादव (116वीं रैंक) एवं सी.एम.एस. राजेन्द्र नगर व अलीगंज कैम्पस के छात्र आदिल अंसारी (205वीं रैंक) ने यूपी पीसीएस (जे) में चयनित होकर विद्यालय के गौरवपूर्ण इतिहास में एक और उपलब्धि जोड़ दी है। इन मेधावी छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय सी.एम.एस. शिक्षकों के मार्गदर्शन, विद्यालय के प्रेरणादायी शैक्षिक वातावरण एवं अपने माता-पिता के आशीर्वाद को दिया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने विद्यालय के इन मेधावी छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि सी.एम.एस. के ये होनहार छात्र न्यायिक व्यवस्था की मजबूती में रचनात्मक योगदान देंगे। इन छात्रों की सफलता पर पूरे सी.एम.एस. परिवार को गर्व है।

डा. गाँधी ने सी.एम.एस. शिक्षकों व प्रधानाचार्याओं का भी आभार व्यक्त किया। पीसीएस (जे) में चयनित सी.एम.एस. छात्रा अंजू यादव ने एक अनौपचारिक वार्ता में बताया कि सी.एम.एस. में आयोजित होने वाले प्रेरणादायी कार्यक्रमों की मेरे व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

भाकियू पदाधिकारियों ने सौंपा ज्ञापन

नरैनी। भारतीय किसान यूनियन के सदस्यों और कार्यकर्ताओं ने उप जिलाधिकारी को 5 सूत्रीय शिकायती पत्र सौंपा। सभी किसानों ने कार्यवाही की मांग की है। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने तहसील अध्यक्ष संगीता अनुरागी की अगुवाई में उपजिलाधिकारी विकास यादव को पांच सूत्रीय शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों ने पत्र में लिखा है कि अन्ना गौवंशों से किसान परेशान हैं, वहां गौशालाएं बनी हैं। वहां भी आवारा पशु घूम रहे हैं, जबकि क्षेत्र के मोतियारी, पिपरहरी, मुंगौरा और गोखिया गांवों में अन्ना पशुओं को रोकने की कोई व्यवस्था नहीं है। इसके अलावा टूटी हुई नहरें, विद्युत कटौती, कस्बा के रामनगर मुहल्ला में दबंग द्वारा तालाब को सीवर टैंक के रूप में प्रयोग करने तथा महुटा माइनर की टूटी झाल से किसानों को होने वाली कठिनाइयों की शिकायत की गई है। जल्द कार्यवाही की मांग की है।

तीन को होगा साहू समाज के मेधावियों का सम्मान

अवधनामा संवाददाता

- मुख्य अतिथि होंगी आईपीएस बविता साहू

फतेहपुर। साहू समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह को सफल बनाये जाने के लिए आयोजन समिति की एक बैठक शुक्रवार को आयोजित हुई। जिसमें बताया गया कि तीन सितंबर को एक सैकड़ा से अधिक समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस बविता साहू शिरकत करेंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने की जिम्मेदारी समाज के लोगों को सौंपी गई।

बैठक को संबोधित करते हुए आयोजन समिति के संरक्षक व पत्रकार प्रेमलाल साहू ने कहा कि साहू समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह शहर के कचेहरी रोड स्थित रामा श्यामा मैरिज हाल में होगा। इस कार्यक्रम को राजनीति और राजनीतिक समावेश से पूरी तरह अलग रखा गया है। सम्मेलन में सिर्फ और सिर्फ तार्किक सोंच और वैज्ञानिक शिक्षा पर ही जोर दिया जायेगा। उन्होने कहा कि कार्यक्रम प्रातः दस बजे से शुरू होकर शाम चार बजे तक चलेगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में आईपीएस बविता साहू शिरकत करके समाज को एकजुट होने के साथ-साथ मेधावी-छात्राओं को सम्मानित करेंगी। उन्होने बताया कि सम्मेलन में समाज से संबंधित कई अन्य प्रशासनिक व विभागीय अधिकारी भी शिरकत करेंगे। उन्होने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां भी सौंपी।

उन्होने मेधावी छात्र-छात्राओं व उनके अभिभावकों से कार्यक्रम में हिस्सा लेने व सहयोग करने की अपील भी की। इस मौके पर आयोजक मंडल की सदस्य विजय लक्ष्मी साहू, अवधेश, महावीर, अमरेश, आशीष, नीरज, गौरव, संदीप, शिववीर, विमलेश, सौरभ भी मौजूद रहे।

लखनऊ महापंचायत में जिले से जायेंगे पांच हजार कार्यकर्ता

किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष कर रही भाकियूः अनुज

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। भारतीय किसान यूनियन की समीक्षा बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने शिरकत करते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं को लेकर संगठन संघर्ष कर रहा है। इसी उद्देश्य से आगामी 18 सितंबर को लखनऊ में होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए जिले से पांच हजार कार्यकर्ताओं को शामिल किए जाने का लक्ष्य दिया। नहर कालोनी प्रांगण में भारतीय किसान यूनियन की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में युवा प्रदेश अध्यक्ष अनुज सिंह ने शिरकत की। उन्होने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के किसानों की हालत बद से बदतर हो गई है। बिजली, पानी एवं अन्ना जानवरों की समस्या से किसान दो चार हो रहा है। उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। बार-बार मांगे उठाये जाने के बावजूद किसानों की समस्याओं का निराकरण नहीं किया जा रहा है। इसी उद्देश्य से 18 सितंबर को लखनऊ में महापंचायत आयोजित की जा रही है। जिसमें शामिल होने के लिए जिले से 5000 कार्यकर्ता लखनऊ जायेंगे। 17 सितंबर की शाम को ट्रेन से लखनऊ को प्रस्थान करेंगे। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष रामेंद्र सिंह, मध्य जोन अध्यक्ष सालिकराम यादव, मण्डल उपाध्यक्ष रामसहाय पटेल, जिलाध्यक्ष अशोक उत्तम, विनोद सिंह, नवल पटेल, नागेंद्र यादव, अनिल पटेल, दिनेश शुक्ला, कमलेश मिश्र, यदुनंदन आर्य, कसान सिंह, मुन्ना शेख, जितेंद्र त्रिपाठी, अखिलेश सिंह, मोईद अहमद, राहुल उमराव, रामू पटेल, एजाज अहमद, वीरेंद्र पटेल, बच्चीलाल फौजी, जय कुमार उमराव भी मौजूद रहे।

छत्रपति शिवाजी के आदर्शों का अनुसरण कर सोनभद्र इतिहास बनाएगाः संजीव गोंड

अवधनामा ब्यूरो

सोनभद्र। यह गौरव की बात है कि सोनभद्र छत्रपति शिवाजी की स्मृति में पावन खिंड दौड़ का आयोजन करने जा रहा है। शहीद उद्यान में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव कुमार गोंड ने पावन खिंड जा रहे दल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जिले का यह आयोजन पूरे देश को दिशा देगा । सभा की अध्यक्षता कर रहे क्रीड़ा भारती के काशी प्रांत प्रमुख पंकज श्रीवास्तव ने कहा पावन खिंड दौड़ सिर्फ खेल का आयोजन नहीं बल्कि देशप्रेम और राष्ट्र के प्रति समर्पण का एक भाव है।

भारत माता की जयकार के साथ अतिथियों ने गौरव स्तंभ पर पुष्प चक्र का अर्पण कर सोनभद्र के सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की, तत्पश्चात परिसर में मौलश्री का वृक्षारोपण किया गया। शहीद उद्यान ट्रस्ट के चेयरमैन विजय शंकर चतुर्वेदी ने शहीद उद्यान और महाराष्ट्र के पावन खिंड स्थान को बलिदानी भूमि बताते हुए यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे ने मेरी मिट्टी-मेरा देश का जिक्र करते हुए कहा कि यह कल्पना कर हृदय रोमांचित हो जाता है कि जनपद के लोगों को उस मिट्टी से तिलक करने का सौभाग्य प्राप्त होगा जो शहीद उद्यान और पावन खिंड की पवित्र मिट्टी के मिश्रण से बनी है। भोलानाथ मिश्र ने नवंबर में आयोजित होने वाली पावन खिंड के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला।

क्रीड़ा भारती के काशी प्रांत के प्रांत अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव, प्रांत उपाध्यक्ष विरेंद्र नाथ उपाध्याय, प्रांत मंत्री दिनेश जायसवाल और संतोष तिवारी को वीर छत्रपति शिवाजी की कलात्मक काष्ठ मूर्ति और अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया । ट्रस्ट की तरफ से मुख्य अतिथि संजीव गोंड, विशिष्ट अतिथि भूपेश चौबे व सदर प्रमुख अजीत रावत को सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता सेनानी बलरामदास केसरवानी की पौत्रवधू वैशाली केसरवानी, प्रमिला जायसवाल ने भ्रमण दल की अगुआई कर रहे विजय शंकर चतुर्वेदी व सनोज तिवारी को चंदन तिलक लगाकर शुभकामनाएं दी तो पूरा परिसर जय भवानी - जय शिवाजी के उदघोष से गूंज उठा। नगाड़े और बैंड बाजे के साथ सभी उपस्थित गणमान्य नागरिक नारा लगाते हुए मुख्य मार्ग पर पहुंचे जहां अतिथियों ने ध्वज दिखाकर भ्रमण दल को रवाना किया। डेढ़ दर्जन गाड़ियों पर तिरंगे और हिंदू ध्वज के साथ धर्मशाला चौराहे तक पहुंचाने के बाद भ्रमण दल वाराणसी एयरपोर्ट के लिए रवाना हो गया। कार्यक्रम में क्रांति सिंह, संजू तिवारी, रामकेश प्रधान, शशि भूषण, वेद प्रकाश, सरदार अर्जुन सिंह, अंशू केसरी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

नशे में पिता ने बेटी के सीने में मारा चाकू, भर्ती

बांदा। शराब पीकर उत्पात मचा रहे पिता को रोकने के लिए बेटी पहुंची तो पिता ने नशे में उसके सीने पर चाकू से वार कर दिया। इससे बेटी लहूलुहान हो गई। इतना ही नहीं पिता ने दरवाजा अंदर से बंद कर लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह से दरवाजा तोड़ा और फिर घायल किशोरी को बाहर निकाला, उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, वहां उसका उपचार किया गया। जबकि आरोपी पिता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। घटना शहर के सर्वोदय नगर मुहल्ले की है। बिजलीखेड़ा मुहल्ला निवासी सुनील वेल्डिंग का काम करता है। वह इन दिनो सर्वोदय नगर मुहल्ले में अपनी बेटी प्रियांशी (14) और पुत्र के साथ किराए के मकान में रहता है। प्रियांशी के मुताबिक बचपन में ही उसकी मां प्रतिभा की मौत हो चुकी है। पिता आए दिन शराब पीकर गाली-गलौज करता है। गुरुवार की रात वह अपने भाई के साथ कमरे में सो रही थी। शुक्रवार की भोर पिता कमरे में घुस आया और गाली-गलौज करने लगा। नींद से जागी प्रियांशी ने गाली-गलौज का विरोध किया।

क्या देश में संभव है एक राष्ट्र, एक चुनाव दो पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त व एक पूर्व सचिव ने बताए फायदे-नुकसान

नई दिल्ली। देश में एक राष्ट्र, एक चुनाव को लेकर चर्चा काफी तेज हो गई है। शुक्रवार यानी 1 सितंबर को केंद्र सरकार ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया है, जो इस प्रक्रिया की संभावनाओं का पता लगाएगी।

जहां केंद्र सरकार पूरी तरह से इसके पक्ष में है, वहीं विपक्षी दल जमकर इसका विरोध कर रही है। इस पर सभी अपना अलग-अलग पक्ष रख रहे हैं, लेकिन इसी बीच पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओपी रावत ने भी वन नेशन, वन इलेक्शन पर अपना पक्ष रखा है और इसके फायदे-नुकसान के बारे में बताया है।उनके मुताबिक, वर्तमान स्थिति में वन नेशन, वन इलेक्शन में एक कठिनाई है, जो संविधान और कानून में संशोधन करना है। संसद के माध्यम से उन संशोधनों को करना सरकार की जिम्मेदारी है। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, हमारे संविधान निर्माताओं ने पहले ही वन

विरोध

जहां केंद्र सरकार पूरी तरह से इसके पक्ष में है, वहीं विपक्षी दल जमकर इसका विरोध कर रही है।

नेशन, वन इलेक्शन का प्रावधान कानून और संविधान में रखा था। 1952, 1957, 1962 और 1967 में वन नेशन, वन इलेक्शन के तर्ज पर चुनाव हुए हैं। वहीं, 1967 के बाद यह धीरे-धीरे हटने लगा और फिर पूरे साल चुनाव होते रहे। उन्होंने कहा, चुनाव आयुक्त ने 1982-83 में भारत सरकार को सुझाव दिया था कि इसमें सुधार करना चाहिए और इससे एक बार फिर वन नेशन, वन इलेक्शन कर सकते हैं, लेकिन उस दौरान आयोग के सुझाव पर कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद साल 2015 में भारत सरकार ने चुनाव आयोग से सुझाव मांगा था कि क्या अब वन नेशन, वन इलेक्शन संभव है, तो आयोग ने बताया था कि यह संभव है, लेकिन इसके लिए संविधान में कुछ संशोधन करने होंगे। ओपी रावत ने बताया कि चुनाव आयोग ने भारत सरकार को कई अधिनियम में संशोधन करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा, ÷लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1981 में संशोधन हो, ईवीएम की पर्याप्त संख्या खरीदने के लिए पैसे और पर्याप्त संख्या में पैरा मिलिट्री फोर्स मिल जाए, तो यह संभव है। पूर्व मुख्य आयुक्त से पूछा गया कि क्या अभी की स्थिति में वन नेशन, वन इलेक्शन संभव है, तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि ऐसा संभव है। हालांकि, इसके लिए संविधान और कानून में बदलाव करना एक चुनौती भरा काम होगा। इन संशोधनों को कराना सरकार की जिम्मेदारी होती है, इसके लिए सभी पार्टियों की सहमति होनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि जब तक सर्वसम्मति से इन अधिनियम और कानूनों में बदलाव नहीं हो जाते, तब तक चुनाव आयोग बाध्य है और वह विधानसभा चुनाव में इसे लागू नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा, ÷यदि संशोधन हो जाते हैं, तो इसके बाद आयोग से चर्चा करें और जितने ईवीएम की कमी है, उसे दूर करें और इसके लिए पैसे दें। पूर्व मुख्य आयुक्त ने कहा कि सब चीजें योजना के मुताबिक होने के बाद भी इसमें समय लगेगा, क्योंकि यह अपने आप में एक लंबी प्रक्रिया है। मीडिया ने सवाल पूछा कि जिन राज्यों में हाल ही में चुनाव हुए हैं।

AFAA ने रमेश नारायण को ऑनरी लाइफ मेंबर अवॉर्ड से किया सम्मानित

नई दिल्ली। एशियन फेडरेशन ऑफ एडवरटाइजिंग एसोसिएशन की कार्यकारी समिति ने सर्वसम्मति से उद्योग के दिग्गज रमेश नारायण को मानद आजीवन सदस्य पुरस्कार से सम्मानित करने का फैसला किया है। गौरतलब है कि AE एशिया के विज्ञापन उद्योग के विकास और समर्थन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय संघ है। इसका उद्देश्य एशियाई क्षेत्र में प्रचलित स्थितियों और विभिन्न संस्कृतियों में विज्ञापन को बढ़ावा देना और संरक्षित करना है। इस फैसले से नारायण काफी गर्वांवित महसूस कर रहे हैं और इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, मैं इस मान्यता को विनम्रता के साथ स्वीकार करता हूं। मैं उन सभी का आभारी हूं, जिन्होंने इन सालों में अलग-अलग क्षमताओं से उद्योग क्षेत्र में सेवा देने के लिए मेरी मदद की है। उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मैं इन उद्योग एसोसिएशन की वजह से मैं दुनियाभर में अपने रिश्ते मजबूत करने में सक्षम हो पाया हूं। इस मौके पर एएफएए के अध्यक्ष श्रीनिवासन स्वामी ने कहा, यह सम्मान नारायण द्वारा पूरे

एशिया में एएफएए को एक मजबूत उद्योग निकाय के रूप में स्थापित करने के लिए दिया जा रहा है। यह उनके 23 वर्षों तक किए गए कड़ी मेहनत की सराहना का एक छोटा-सा प्रतीक है। जिन चीजों को दूसरे सोचते रहे जाते हैं, उन सभी चीजों में इन्होंने कड़ी मेहनत से अपनी अलग ही पहचान बनाई है। स्वामी ने कहा, रमेश को उनकी ईमानदारी और सच्चाई के लिए जाना जाता है। उनके पास कई दोस्त हैं और वह अपनी बातों से लोगों को काफी आसानी से प्रभावित कर देते हैं। रमेश नारायण के नामांकन में इनको एक ऐसे व्यक्ति के रूप में वर्णित किया गया है, जिन्होंने निस्वार्थ भाव से एएफएए की सेवा की है और कई नीतियों को आकार दिया है। माना गया है कि उन्होंने एएफएए को उद्योग निकाय के रूप में अच्छी स्थिति में रखा है। नारायण ने इंटरनेशनल एडवरटाइजिंग एसोसिएशन जैसे अन्य संगठनों में भी अपनी अहम भूमिका बनाई है। इंटरनेशनल एडवरटाइजिंग एसोसिएशन में भी उन्होंने एरिया डायरेक्टर एपीएसी के रूप में सेवा दी और कई क्षेत्र के सभी चैप्टर के लिए पहली पसंद बन गए हैं।

सीएम केसीआर ने कहा - महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा कर रही है तेलंगाना सरकार

हैदराबाद। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने कहा कि उनकी सरकार कई

योजनाएं

तेंलगाना की सरकार महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कई योजनाएं चला रही है।

सशक्तिकरण योजनाओं के माध्यम से महिलाओं में विश्वास पैदा करके %बड़े भाई% की भूमिका निभा रही है। इन योजनाओं के कारण तेलंगाना की महिलाएं सभी क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन कर रही हैं और देश के लिए एक रोल मॉडल के रूप पेश हो रही हैं। भाइयों और बहनों के बीच प्यार के मजबूत बंधन के प्रतीक रक्षाबंधन के पावन अवसर पर आप सभी लोगों को मेरी ओर से बहुत शुभकामनाएं हैं। - सीएम केसीआर

अपने संदेश में केसीआर ने कहा कि राखी का त्योहार पारिवारिक बंधन, रिश्तों की आत्मीयता और

मानवीय संबंधों का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि राखी का त्यौहार भारतीय संस्कृति और जीवन दर्शन के सिद्धांतों को दिखाता है। रक्षाबंधन को भाई और बहन के बीच एक सुरक्षात्मक बंधन की विशेष संस्कृति के रूप में माना जाता है। उन्होंने कहा कि बहनें अपने भाइयों को रक्षा की बड़ी आशा के साथ राखी बांधती हैं। तेलंगाना सरकार मानवीय संबंधों की आत्मीयता और पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। मानवीय दृष्टिकोण के साथ बुजुर्गों और अन्य कमजोर समूहों के लिए कई योजनाएं शुरू की गई हैं। - सीएम केसीआर

मुख्यमंत्री ने कहा कि धन सृजन और उसे लोगों के बीच बांटने में निरंतर प्रगति से लोगों के बीच सौहार्दपूर्ण माहौल बन रहा है और भाईचारे की भावना बढ़ रही है। उन्होंने सभी लोगों से राखी का त्यौहार स्नेह और हर्षोल्लास के साथ मनाने का आह्वान किया।

तेंलगाना की सरकार महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए कई योजनाएं चला रही है। सरकार ने महिलाओं के लिए गृह लक्ष्मी योजना 2023 बनाई है। इस स्कीम के अंतर्गत महिलाओं को घर का निर्माण करने या सुधारने में मदद मिल सके। इस योजना के तहत प्रत्येक लाभार्थी को एक बार की सहायता राशि के रूप में 3 लाख रुपये प्रदान की जाएगी।

मैरी कॉम ने केंद्रीय गृह मंत्री को लिखा पत्र, कोम समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह

इम्फाल। मणिपुर में भड़की हिंसा अब तक थमने का नाम नहीं ले रही है। इस बीच, बॉक्सिंग स्टार एम सी मैरी कॉम ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को एक पत्र लिखकर सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

दरअसल, मैरी कॉम ने हस्तक्षेप की मांग की है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सुरक्षा बल दोनों युद्धरत समूहों को मणिपुर के कोम गांवों में घुसपैठ करने से रोकें। गुरुवार को शाह को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि कोम समुदाय मणिपुर की एक स्वदेशी जनजाति है, जो अल्पसंख्यकों में सबसे छोटी जनजाति में से एक है। पद्म विभूषण से सम्मानित खिलाड़ी मैरी कॉम ने कहा, हम सभी दो प्रतिद्वंद्वी समुदायों के बीच बिखरे हुए हैं। दोनों तरफ से मेरे समुदाय के खिलाफ संदेह होते हैं और सभी समस्याओं के बीच में फंसे हुए हैं। कमजोर आंतरिक प्रशासन और एक छोटा अल्पसंख्यक जनजातिय समुदाय होने के कारण हम अपने अधिकार क्षेत्र में घुसपैठ करने वाली किसी भी ताकत के खिलाफ लड़ने में सक्षम नहीं हैं।

पद्म विभूषण पुरस्कार विजेता ने कहा, हम दोनों युद्धरत समूहों को कोम गांवों में घुसपैठ से रोकने के लिए सुरक्षा बलों की मदद चाहते हैं। उन्होंने भारतीय सेना, अर्धसैनिक बल और राज्य बलों के सभी तैनात दलों से अनुरोध किया कि वे सुरक्षा संबंधित मामलों में निष्पक्ष रहें और राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बनाए रखने में सफल हो।

पूर्व राज्यसभा सदस्य ने मणिपुर में सभी लोगों, विशेष रूप से मैतेई और कुकी समुदाय से मतभेदों को दूर करने और राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हम सभी को सह-अस्तित्व की जरूरत है, इसलिए आइए अपने मतभेदों और घावों को दूर करें और एकजुट हो जाएं।

अब बिना शादी के पैदा हुए बच्चों को भी मिल सकेगा माता-पिता की संपत्ति में हिस्साः सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार (1 सितंबर) को बड़ा फैसला सुनाते हुए कहा कि अमान्य विवाह के बच्चों को माता-पिता की संपत्ति में हिस्सा मिल सकता है। शीर्ष कोर्ट ने यह भी कहा कि अमान्य विवाह के बच्चे हिंदू कानून के तहत माता-पिता की संपत्ति में अधिकार का दावा कर सकते हैं। हिंदू कानून के अनुसार, शून्य या अमान्य विवाह में पुरुष और महिला को पति-पत्नी का दर्जा नहीं मिलता है। हालांकि, शून्यकरणीय विवाह में उन्हें पति और पत्नी का दर्जा प्राप्त है। शून्य विवाह में, विवाह को रद्द करने के लिए शून्यता की किसी डिक्री की जरूरत नहीं होती है। जबकि शून्यकरणीय विवाह में शून्यता की डिक्री की आवश्यकता होती है। शून्य विवाह एक ऐसा विवाह है जो शुरुआत से ही अमान्य है जैसे कि विवाह अस्तित्व में नहीं आया हो। शीर्ष कोर्ट का फैसला 2011 की उस याचिका पर आया है जो इस जटिल कानूनी मुद्दे से संबंधित थी कि क्या गैर-वैवाहिक बच्चे हिंदू कानूनों के तहत अपने माता-पिता की पैतृक संपत्ति में हिस्सेदारी के हकदार हैं।

थाईलैंड के राजा ने पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा की 8 साल जेल की सजा को घटाकर एक साल किया

बैंकॉक। थाईलैंड के राजा ने शुक्रवार (1 सितंबर) को देश के पूर्व प्रधानमंत्री थाकसिन शिनावात्रा की जेल की सजा को आठ साल से घटाकर एक साल कर दिया है। दरअसल, शिनावात्रा हाल ही में 15 साल देश से आत्म-निर्वासन से होकर वापस थाईलैंड आ गए थे। थाईलैंड के राजा महा वजिरालोंगकोर्न का थाकसिन शिनावात्रा को लेकर यह फैसला शुक्रवार को रॉयल गजट में प्रकाशित हुआ। इसके बाद राजा का फैसला तुरंत प्रभावी हो गया। थाकसिन 2001 से 2006 तक थाईलैंड के प्रधानमंत्री थे। थाकसिन लको सैन्य तख्तापलट करके हटा दिया गया था। साल 2008 में जब उन्हें राजनीति से प्रेरित बताए गए आरोपों पर जेल की सजा का सामना करना पड़ा तो वह थाईलैंड से भाग गए।

जार्जिया चुनाव धांधली में मैं निर्दोष, चुनाव धांधली मामले को डोनाल्ड ट्रंप ने बताई राजनीतिक साजिश

अटलांटा। जार्जिया चुनाव धांधली और तोड़फोड़ मामले में स्वंय को निर्दोष बताते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अगले सप्ताह हो रही सुनवाई में वह शामिल नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि

मुकदमा

अटार्नी फानी विलिस ने कहा कि सभी प्रतिवादियों पर एक साथ मुकदमा चलाया जाएगा और अगली सुनवाई 23 अक्टूबर को होगी।

मैंने कुछ नहीं किया है। फुल्टन काउंटी कोर्ट के जज स्का मैकेफी ने ट्रंप और चुनाव धांधली मामले में आरोपित 18 अन्य लोगों के खिलाफ दोषारोपण की सुनवाई छह सितंबर के लिए निर्धारित की थी।अटार्नी फानी विलिस ने कहा कि सभी प्रतिवादियों पर एक साथ मुकदमा चलाया जाएगा और अगली सुनवाई 23 अक्टूबर को होगी। वहीं ट्रंप ने कहा कि 2024 के राष्ट्रपति चुनाव के लिए रिपब्लिकन पार्टी में वह सबसे आगे चल रहे हैं। व्हाइट

हाउस में वापस आने से रोकने के लिए राजनीति के तहत उनके खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। इससे पूर्व ट्रंप ने इस मामले में अपनी गिरफ्तारी को न्याय का मजाक करार दिया था। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति पर जार्जिया में 2020 की चुनावी हार को पलटने के आपराधिक प्रयास सहित एक दर्जन से अधिक आरोपों में अटलांटा जेल में मामला दर्ज किया गया था। ट्रम्प के एक वकील ने भी गुरुवार को न्यायाधीश स्कॉट मैक्एफी से अपने मामले को उन प्रतिवादियों से अलग करने के लिए कहा, जिन्होंने शीघ्र सुनवाई की मांग की है। वकील स्टीव सैडो ने अदालत में दायर एक याचिका में कहा, ÷पूर्व राष्ट्रपति को 98 पन्नों के अभियोग के खिलाफ बचाव की तैयारी के लिए दो महीने से कम समय देना निष्पक्ष सुनवाई और कानून की उचित प्रक्रिया के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प के संघीय और राज्य संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन होगा।

फिलीपींस की कपड़ा फैक्ट्री में लगी, 16 लोगों की मौत; दो मंजिला इमारत जलकर खाक

मनीला। फिलीपींस की राजधानी मनीला में एक कपड़े की फैक्ट्री में आग लगने से कम से कम 16 लोगों की मौत हो गई। इस इमारत का इस्तेमाल टी-शर्ट प्रिंटिंग व्यवसाय के लिए गोदाम और श्रमिकों के आवास के रूप में किया जाता था। जानकारी के मुताबिक, गुरुवार को आग की चपेट में आकर दो मंजिला इमारत पूरी तरह जलकर राख हो गई।

बारांगे तांडंग सोरा जिले के अग्निशमन प्रमुख मार्सेलो रागुंडियाज ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि क्यूजोन शहर में आग लगने से मरने वालों में एक मकानमालिक का बच्चा भी शामिल है। सीएनएन के अनुसार, आग के दौरान मकानमालिक सहित कम से कम तीन लोग बच गए। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, यह आग इमारत के बीच लग गई, जिसकी वजह से ज्यादातर लोग इमारत से बाहर नहीं निकल पाए।

पूर्वी कांगो में संयुक्त राष्ट्र के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों पर फायरिंग, 40 से ज्यादा की मौत

कांगो। अफ्रीकी देश कांगो में संयुक्त राष्ट्र के विरोध में प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों के ऊपर सुरक्षाबलों ने कार्रवाई कर दी, जिसमें 40 से ज्याद लोगों के मारे जाने की खबर है। यह कार्रवाई कांगो की सेना ने की है। सेना ने शुरू में सात मौतों के मारे जाने की जानकारी दी थी। सरकार ने बुधवार को पूर्वी कांगो के शहर गोमा में संयुक्त राष्ट्र विरोधी हिंसक प्रदर्शनों पर कार्रवाई की थी, जिसमें 56 अन्य लोग घायल हो गए हैं। दरअसल, एक पुलिसकर्मी पर हमले का कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद कांगो की सेना ने गोमा शहर में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन और अन्य विदेशी संगठनों के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन को हिंसक तरीके से तितर-बितर कर दिया। कांगो के अधिकारियों ने कहा कि पुलिसकर्मी की पत्थर मारकर हत्या कर दी गई।

पाकिस्तान में निकला जनता का तेल, फिर महंगा हुआ पेट्रोल-डीजल; पहली बार कीमत 300 रुपये के पार

इस्लामाबाद। महंगाई की मार झेल रहे पाकिस्तान की आयाम को एक बार फिर अपना सिर पकड़ने को मजबूर हो गई। दरअसल, स्थानीय समाचार पत्र डॉन की रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने पेट्रोल की कीमत में 14.91 रुपये प्रति लीटर और हाई-स्पीड डीजल (एचएसडी) की कीमत में 18.44 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया है।

पाकिस्तान वित्त मंत्रालय ने आधी रात के बाद सोशल मीडिया एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा, ÷पेट्रोल की कीमत अब 305.36 रुपये प्रति लीटर और एचएसडी 311.84 रुपये प्रति लीटर हो गया है। केरोसिन या हल्के डीजल तेल के दामों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

स्थानीय रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत 290.45 रुपये लीटर से बढ़कर 305.36 रुपये लीटर हो गई है। इसके अलावा, 293.40 रुपये लीटर की कीमत पर बिक रहे डीजल की कीमत 18.44 रुपये का इजाफे के साथ 311.84 रुपये प्रति लीटर हो गई। गौरतलब है कि पहली बार

पाकिस्तान में पेट्रोल और डीजल की कीमत 300 रुपये के पार हुई है।

इससे पहले 15 अगस्त को भी इनके कीमतों में 20 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी गई थी और उसके बाद एक बार फिर दामों को बढ़ाया गया है। अंतरबैंक बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये में शुक्रवार को 1.09 रुपये की गिरावट जारी रही। वर्तमान में एक डॉलर कीमत 306 पाकिस्तानी रुपये के बराबर है। वहीं, कार्यवाहक व्यवस्था लागू होने के बाद से रुपये में 4.6 फीसदी की गिरावट आई है। अगस्त तक रुपये में 6.2 फीसदी की गिरावट आई है। इस बीच, स्थानीय समाचार पत्र डॉन ने हाल ही में रिपोर्ट दी है कि 17 अगस्त तक पाकिस्तान की मुद्रास्फीति साल-दर-साल के आधार पर 27.57 प्रतिशत बढ़ी है, जिसका मुख्य कारण पेट्रोलियम की कीमतों में हुई वृद्धि है।

काला सागर समझौते में एक बार फिर शामिल हो रूस, UN महासचिव ने रूसी विदेश मंत्री को लिखा पत्र

वॉशिंगटन। पिछले डेढ़ सालों से रूस-यूक्रेन के बीच युद्ध जारी है। कुछ दिनों पहले रूस ने कहा था कि वह काला सागर में अपने बंदरगाहों के जरिए यूक्रेनी अनाज को सुरक्षित ले जाने की इजाजत नहीं देगा। इसका मतलब यह था कि रूस

काला सागर अनाज समझौते से बाहर आ चुका है। गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने कहा कि उन्होंने रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से काला सागर समझौते में एक बार फिर से शामिल होना का आग्रह किया। वहीं, उन्होंने काला सागर समझौते से फिर से जुड़ने के लिए एक एक प्रस्ताव भी भेजा है। काला सागर अनाज समझौते का उद्देश्य वैश्विक खाद्य संकट से निपटना था। एक रूसी राजनयिक ने जानकारी दी कि लावरोव को लिखे एंटोनियो गुटेरेस के पत्र में ÷कोई नई बात नहीं है पत्र में संयुक्त राष्ट्र के पिछले विचारों का सार है। बता दें कि कुछ दिनों बाद राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके तुर्की समकक्ष तैय्यप एर्दोगन के बीच बैठक होने वाली है। दोनों नेताओं के बीच सोमवार को बातचीत होगी। उम्मीद जताई जा रही है कि इन दो नेताओं के बीच काला सागर अनाज निर्यात पर चर्चा होगी। एंटोनियो गुटेरेस का पत्र रूसी राष्ट्रपति

बिजली की बढ़ी दरों के खिलाफ थम नहीं रहा बवाल, कारोबारी भी हुए विरोध प्रदर्शन में शामिल

इस्लामाबाद। पाकिस्तान में बढ़ती बिजली दरों से लोग कराह रहे हैं। इसे लेकर लोग छह दिनों से लगातार विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनकी मांग है कि सरकार बढ़ी दरों को वापस ले। इस बीच गुरुवार को देशभर के व्यापारी भी इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए हैं। पहले से ही महंगाई की मार झेल रही जनता गुस्से में है। बिजली दरों को कम करने के लिए रहीम यार खान, बहावलपुर, क्वेटा, वेहारी और पेशावर सहित कई शहरों में व्यापार संगठनों ने प्रदर्शन में भाग लिया। लगातार हो रहे प्रदर्शन को देखते हुए कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर ने कहा था कि सरकार राहत देने की संभावनाओं पर गौर करेगी। वहीं, कार्यवाहक वित्त मंत्री शमशाद अख्तर ने बुधवार को सीनेटरों से कहा था कि आइएमएफ सौदे के कारण बजटीय स्थिति इतनी सीमित है कि बिजली की आसमान छूती दरों को कम करने के लिए सब्सिडी देने के लिए पैसा नहीं है।

जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होंगी अमेरिकी ट्रेजरी सचिव, कई वैश्विक मुद्दों पर खींचेंगी दुनिया का ध्यान

वॉशिंगटन। जी20 की अध्यक्षता के लिए भारत तैयार है। दुनिया के प्रमुख देशों के राष्ट्राध्यक्ष 7 सितंबर से लेकर 10 सितंबर तक भारत में आयोजित जी 20 शिखर

स्वास्थ्य

व्हाइट हाउस ने प्रेस विज्ञपति जारी करते हुए बताया कि वो बैठक के दौरान जलवायु परिवर्तन, वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखेंगी।

सम्मेलन में शामिल होंगे। गुरुवार को व्हाइट हाउस ने जानकारी दी कि अमेरिकी ट्रेजरी सचिव जेनेट एल येलेन जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन में भाग लेंगी। 10 महीने के भीतर यह भारत में उनकी चौथी यात्रा है। दरअसल, वो इस बैठक के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और बहुपक्षीय विकास बैंक (एमडीबी) के विकास, ऋण

पुनर्गठन और आईएमएफ के गरीबी निवारण और विकास को आगे बढ़ाकर निम्न और मध्यम आय वाले देशों का समर्थन करने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। व्हाइट हाउस ने प्रेस विज्ञपति जारी करते हुए बताया कि वो बैठक के दौरान जलवायु परिवर्तन, वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा जैसे मुद्दों पर अपनी बात रखेंगी। वहीं, यूक्रेन के लिए हमारे सामूहिक आर्थिक समर्थन को बनाए रखने के लिए अमेरिका के साझेदारों को एकजुट करना जारी रखेंगी। सचिव येलेन जी20 से इतर कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेंगी और समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। विज्ञप्ति में कहा गया है, इसके अतिरिक्त, वह बैठकों से इतर राष्ट्रपति के साथ उनके कई कार्यक्रमों में शामिल होंगी।

अमेरिकी सेना के डॉक्टर पर लगा यौन उत्पीड़न का आरोप, 23 पीड़ितों का नाम आया सामने

वाशिंगटन। अमेरिकी सेना ने एक सैन्य डॉक्टर पर यौन दुर्व्यवहार का आरोप लगा है। तकरीबन 20 से अधिक पीड़ितों ने सैन्य डॉक्टर पर आरोप लगाया है। डॉक्टर का नाम मेजर माइकल स्टॉकिन बताया गया है।

लेफ्टिनेंट कर्नल जेनिफर बोकेनेग्रा ने जानकारी दी कि एनेस्थेसियोलॉजिस्ट, मेजर माइकल स्टॉकिन मई 2013 में सेना में शामिल हुए थे और वाशिंगटन में मौजूद ज्वाइंट बेस लुईस-मैककॉर्ड में तैनात हैं। माइकल स्टॉकिन के खिलाफ सैन्य न्याय की समान संहिता का उल्लंघन करने और यौन उत्पीड़न को अंजाम देने का आरोप लगा है। अब संघीय कानून के अनुसार एक स्वतंत्र अधिकारी द्वारा कानूनी पर्याप्तता के लिए आरोपों की समीक्षा की जाएगी।÷ माइकल स्टॉकिन के आरोपों पर उनके वकील रॉबर्ट कैपोविला ने क एक्स के जरिए पोस्ट में कहा,÷

स्टॉकिन के वकील रॉबर्ट कैपोविला ने आरोप दायर होने से पहले पोस्ट को बताया, ÷मैं बस यह कहूंगा कि स्टॉकिन के खिलाफ जब तक सबूत नहीं दिए जाते तक तक उनके खिलाफ कोई टिप्पणी करना सही नहीं है। पेंटागन के आंकड़ों के अनुसार, अमेरिकी सैन्यकर्मियों के साथ वित्तीय वर्ष 2022 में यौन उत्पीड़न के 8,942 मामले सामने आए।

पैसा न मिलने पर दबंगों ने उतार मौत के घाट

अवधनामा संवाददाता

- पुलिस ने दो महिला समेत पांच आरोपी को गिरफ्तार किया
- हमजापुर गांव में पसरा सन्नाटा पुलिस तैनात
- सराय ख्वाजा थाना क्षेत्र के हमजापुर गांव का मामला

जौनपुर (करंजाकला) सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के हमजापुर गांव में बीती रात को एक हजार रूपए के लिए खूनी संघर्ष हुआ। जिसमें एक की मौत हो गई और दो लोग की हालत गंभीर बनी हुई। पुलिस दो महिला समेत पांच को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुटी है। उधर गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई।

जानकारी के अनुसार हमजापुर गांव के चौहान बस्ती में भाष्कर का लड़का सुमन्त चौहान 22 वर्ष अनुराग चौहान 25 वर्ष पिता राजेश चौहान 45 वर्ष राजगीर व घरों में पत्थर लगाने का काम करते हैं । इसी गांव के ठेकेदार रविशंकर चौहान लखनऊ शहर में किसी के यहां पत्थर लगाने के लिए ले गए थे। घर वापस आने पर रविशंकर एक हजार रूपए अनुराग को उधार दिए और उसी वापस मागने पर गुरुवार को दोपहर दोनों पक्षों में नोक झोक कोई हल्की मारपीट हुई। अनुराग ने कहा कि वहां रह कर उनके साथ काम किए हैं जो मेरा मजदूरी भी नहीं दिए उसी में कट गया। इस बात को लेकर दोपहर मारपीट मे रविशंकर चौहान घायल हुए उनका दोपहर में मेडिकल कराया गया। उसके बाद करीब रात 8:30 बजे अखिलेश चौहान, रविशंकर चौहान, भोले शंकर चौहान परिवार के सदस्यों के साथ घर से थोड़ी दूर पर धारदार हथियार लेकर झाड़ियां के पीछे बैठे थे। जैसे ही उधर से राजेश अनुराग व सुमंत आ रहे थे ,लेकिन उन पर प्राण घातक हमला किया और चाकू टांगी अन्न धारदार हथियार से वार करके 25 वर्षीय अनुराग चौहान को मौत के घाट उतार दिया। जबकि राजेश चौहान सुमन्त चौहान की हालत नाजुक बनी हुई थी। सुमंत को तत्काल वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया जबकि राजेश चौहान की हालत नाजुक देखते हुए शुक्रवार को वाराणसी के लिए रेफर किया गया। इधर शकुंतला तहरीर पर पुलिस ने पांच पर मुकदमा दर्ज कर अखिलेश चौहान रविशंकर चौहान व भोले शंकर चौहान दो महिला समेत पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई। उधर गांव में तनाव देखते हुए भारी से पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई। गांव में सन्नाटा पसरा रहा ।आरोपियों की मवेशी दिनभर भूखे रहे । घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं। सराय ख्वाजा थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश सिंह ने बताया कि पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

छप्पर में बंधी भैंस खोल ले गए चोर

जौनपुर (खुटहन) गुरुवार की रात पटैला गाँव निवासी एक किसान के घर से छप्पर में बंधी भैंस को चोर खोल ले गए जिसकी कीमत लगभग एक लाख रुपये बताई जा रही है उक्त गाँव निवासी बसंतलाल मौर्य नित्य की तरह भैंस को चारा खिलाकर रात में घर के सामने छप्पर में बांधकर अपने घर के बारामदे में सोने चले गए।

सुबह जब छप्पर से भैंस निकालने गए तो खुंटे से बंधी भैंस गायब थी भैंस न देख पशुपालक परेशान हो गया। काफी खोज बीन के बाद जब कहीं पता न चला तो थक हार कर भुक्तभोगी ने शुक्रवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दिया है मामले में खुटहन इंसपेक्टर योगेन्द्र सिंह ने बताया की मामले की तफ्तीश चल रही है जल्द कार्यवाही की जायेगी।

दुराचार का आरोपित गिरफ्तार, किशोरी बरामद

जौनपुर(खुटहन) बिशुनपुर चौराहे पर गुरुवार की शाम संदिग्धों की तलाश के दौरान पुलिस ने दुराचार और पाक्सो ऐक्ट के आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे चलान न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस ने पीड़ित किशोरी को दो दिनों पूर्व मुम्बई से बरामद कर? लिया था। उसे महिला कांस्टेबल की देखरेख में मेडिकल मुआयना हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया गया है। किशोरी की माता ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी नाबालिग पुत्री को बीते 14 अगस्त को घर से स्कूल जाते समय बहला फुसलाकर इसी थाना क्षेत्र के बनहरा गांव निवासी संदीप राव कहीं भगा ले गया। पुलिस ने सर्विलांस के माध्यम से पता लगाया तो उसका लोकेशन मुंबई का पता चला। स्वजनों को साथ लेकर वहां पहुंची पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया। लेकिन आरोपित का पता नहीं चल सका। पुलिस उसकी तलाश में लगी हुई थी। प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर योगेन्द्र सिंह ने बताया कि चौराहे पर संदिग्धों की तलाश के दौरान उन्हें पैदल ही एक युवक सामने से आता दिखा। रुकने का इशारा करने पर वह बिपरीत दिशा में भागने लगा। हमराहियों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में वह दुराचार और पाक्सो ऐक्ट का आरोपित निकला।

मुबारकपुर का होनाहार लाल बना जज

मुबारकपुर,आजमगढ़। मुबारकपुर नगर के मोहल्ला पुरा सोफी निवासी हाजिक हुसैन अंसारी पुत्र हुसैन अहमद अंसारी ने यूपी पब्लिक सर्विस कमीशन प्रयागराज की परीक्षा यूपी जूडिशियल सर्विस सिविल जज जूनियर डिविजन की परीक्षा पास करके जज बनने का गौरव प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। मुबारकपुर में यह खबर पाकर लोगों खुशी फैल गई है। एडिशनल जज का बेटा जज बन गया। मुबारकपुर के रहने वाले अब्दुल रहमान अंसारी के बेटे हुसेन अहमद अंसारी बलिया में एडमिशनल जज के पद पर सेवारत हैं। एडिशनल जज का बेटा हाजिक अंसारी हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा रायबरेली से पास करने के बाद अलीगढ़ विश्वविद्यालय से स्नातक व एल एलबी की परीक्षा पास करने के बाद वह दिल्ली सहित अन्य राज्यों में परीक्षा में बैठकर अपने भाग्य को आजमाया परन्तु सफलता नहीं मिली । इसके बाद उत्तर प्रदेश में भी दो बार परीक्षा दी दूसरी बार की परीक्षा विगत वर्ष 2022मे हुई थी । जिसका परिणाम आज बुधवार को आने के बाद मुबारकपुर सहित रिश्तेदार व सगे सम्बन्धी में खुशी का माहौल देखा गया। परीक्षा पास कर जज बने हाजिक अंसारी विवाहित हैं। मुबारकपुर के मोहल्ला पुरा रानी मैं शादी हुई है। पत्नी अफ़ीन बानो पति के इस सफलता पर मालिक को धन्यवाद देते हुए बधाई दी।माता शौकत जहां गृहणी खुशी से फूले नहीं समा रहीं । मेरे घर पर पहले पति जज थे।अब बेटा जज बन गया। छोटा भाई सिर्फ काफी खुश हैं।दादा अब्दुर्रहमान अंसारी 90वर्ष की उम्र मे झूम उठे।

बच्चों संग कलेक्ट्रेट में आमरण अनशन पर बैठा पीड़ित परिवार

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर। उपजिलाधिकारी शाहगंज द्वारा पीड़ित की आबादी पर विपक्षियों को कब्जा करवाये जाने के मामले को लेकर ग्राम भैसाली थाना सरपतहां निवासी आशुतोष पुत्र रमाशंकर ने उपजिलाधिकारी पर आबादी की जमीन को कब्जा करने का आरोप लगाया। जमीन को लेकर पीड़ित को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। आबादी के बीच से नया खड़ंजा का निर्माण किया जा रहा है जबकि उपरोक्त के सम्बन्ध में दीवानी न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। पूर्व में विपक्षी द्वारा एकपक्षीय आदेश करवाया गया था जिसमें कब्जा दखल में हस्तक्षेप करने से मना किया गया है। रास्ते में आने–जाने में अवरोध न करें एवं न हैण्डपम्प लगवायें जबकि प्रार्थी का हैण्डपम्प लगभग 5 वर्ष पुराना लगा हुआ है। आरोप है कि उपजिलाधिकारी व्यक्तिगत रूप से प्रार्थी को परेशान कर रहे हैं। गिरफ्तार कर जेल भेजने के बाद प्रार्थी की आबादी को कब्जा करवाने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने पूर्व में थाना प्रभारी व उपजिलाधिकारी शाहगंज की प्रताड़ना व जबरन निर्माण कार्य करवाने से क्षुब्ध होकर आत्मदाह करने का प्रयास किया था। इस सम्बन्ध में पीड़ित को धारा 151 में चालान किया गया था। जमानत के बाद अब पुनः उपजिलाधिकारी विपक्षी व हल्का लेखपाल की साजिश में होकर पीड़ित के खिलाफ वारंट जारी कर जेल भेजने के बाद उसकी आबादी में खड़ंजा ले जाना चाहते हैं जबकि पीड़ित रास्ता किनारे से ले जाने को कह रहा है किन्तु उपजिलाधिकारी सारे नियम–कानून को ताख पर रखकर जबरन पीड़ित की जमीन पर कब्जा करवाना चाहते हैं जिससे प्रार्थी परेशान है। पीड़ित का कथन है कि अब जीने का कोई आसरा नहीं दिख रहा है जिससे वह पूरे परिवार के साथ उपजिलाधिकारी शाहगंज की प्रताड़ना से छुब्ध होकर शुक्रवार से जिलाधिकारी के समक्ष आमरण अनशन पर बैठ गया है।

ब्रह्माकुमारी में जाकर मिलती है शांतिः डॉ. सुषमा पटेल

- पूर्व विधायक डॉ. सुषमा पटेल को ब्रह्माकुमारियों ने बांधी राखी
- ब्रह्माकुमारियों द्वारा नौ दिवसीय रक्षाबंधन कार्यक्रम किया आयोजित

अवधनामा संवाददाता

जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में नौ दिवसीय रक्षाबंधन का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें ब्रह्मकुमारी बहनों ने सभी अधिकारियों और प्रमुख शख्सियत को राखी बांधकर उसकी आध्यात्मिक महत्व समझा रही है।

शुक्रवार को इसी कार्यक्रम के तहत योग केंद्र की संचालिका अनीता दीदी ने मुंगरा बादशाहपुर की पूर्व विधायक डॉ.सुषमा पटेल को राखी बांधी। पूर्व विधायक को संचालिका अनीता दीदी ने पांच दोषों को दूर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने जीवन में शांति ,एकता, प्रेम ,सद्भाव और सार्वभौमिक भाईचारे के लिए गुरु और मूल्यों को विकसित करने का भी आग्रह किया। ब्रह्मकुमारी बहनों ने सामूहिक रूप से पूर्व विधायक डॉ सुषमा पटेल को ईश्वरी सौगात भेंट किया। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ सुषमा पटेल ने अपना अनुभव साझा करते हुए कहा कि विश्व में एक अद्वितीय संगठन है। यह संस्था जीवन जीने की कला सिखाती है। हर बार संस्था के परिसर में आकर एक आसीन शांति का एहसास होता है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन का यह पावन त्यौहार हमें पवित्र और सुरक्षा के बीच सीधे संबंध की याद दिलाता है।इस अवसर पर रजनी बहन,दीपा बहन,ममता बहन,ज्योति बहन,शोभा, राजमणि यादव, श्याम केशरी व जगन्नाथ समेत बहन -भाई मौजूद

मुबारकपुर में साफ-सफाई पर अब होगी पैनी नज़र

- नपा चेयरपर्सन ने दान की इलेक्ट्रोनिक स्कूटी

अवधनामा संवाददाता

मुबारकपुर। पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका परिषद डाक्टर शमीम अहमद के द्वारा नगर क्षेत्र के धार्मिक स्थलों के साफ सफ़ई की समुचित व्यवस्था के लिए नपा चेयरपर्सन डाक्टर सबा शमीम ने अपने निजी कोष से डोनेट की गयी एकएक इतिहास रचने का काम किया नपा चेयरपर्सन डाक्टर सबा शमीम द्वारा जनहित में किए गए इस कार्य से पूरे क्षेत्र हर्ष पाया जारहा है।

शुक्रवार को नगरपालिका कार्यालय पहुँचे पूर्व पालिकाध्यक्ष डाक्टर शमीम के द्वारा नपा चेयरपर्सन डाक्टर सबा शमीम के निजी कोष से क्षेत्र के मन्दिर, मस्जिद, मदरसों, धर्मशालाओं, गुरुद्वारों सहित अन्य धार्मिक स्थलों के शौचालयों की साफ सफ़ाई के लिए एक लाख चौवालीस हज़ार क़ीमत की इलेक्ट्रोनिक स्कूटी की चाभी नपा सफ़ाई कर्मचारी मोहम्मद आज़म को देकर रवाना किया। पूर्व नपाध्यक्ष डाक्टर शमीम अहमद ने कहा कि जनहित के कार्य करना ही उद्देश्य है जिसके लिए हमलोग हमेशा तातपर्य रहते हैं। इससे पहले भी हमने अपने कार्यकाल में कई ऐसे कार्य किए है जिसका लाभ आज भी क्षेत्रवासियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा काफ़ी दिनों से मेरी ये सोच थी कि क्षेत्र के निजी भवनों, अवासों में तो साफ सफ़ाई का कार्य तो हो जारहा है लेकिन क्षेत्र में स्थापित मन्दिर, मस्जिद, धर्मशालाओं सहित अन्य धार्मिक स्थलों में बने शौचालयों की साफ सफ़ाई की समुचित व्यवस्था नहीं है जिसके लिए कोई ठोस व्यवस्था की जानी चाहिए। इन्हीं अवश्यकताओं के दृष्टिगत एक लाख चौवालीस हज़ार क़ीमत की एक इलेक्ट्रोनिक स्कूटी की व्यवस्था की गयी है जिससे प्रतिदिन धार्मिक चौचालयों की सफ़ाई व्यवस्था की जाएगी। स्कूटी को नपा सफ़ाई कर्मचारी मोहम्मद आज़म के हवाले कर रवाना किया गया है जो प्रतिदिन किसी न किसी धार्मिक स्थलों पर पहुंचकर शौचालयों की सफ़ाई करता रहेगा।

उन्होंने यह भी बताया कि नपा के बजट से इसकी व्यवस्था करना काफ़ी मुश्किल था इस लिए नपा चेयरपर्सन डाक्टर सबा शमीम ने अपने निजी कोष से यह व्यवस्था किया है। अब नपा प्रशासन का दायित्व है कि स्कूटी का उपयोग प्रतिदिन किया जाए ताकि क्षेत्र के धार्मिक स्थलों के शौचालयों की साफ सफ़ाई की समुचित व्यवस्था की जाती रहे। इस मौके पर नपा वरिष्ठ लिपिक रागिब मसूद, राजन चौधरी, दीपक, मुहम्मद अशरफ़, सभासद अनवारुलहक़, वक़ार अहमद, काशिफ मसूद, शफ़ीनवाज़, मोहम्मद नाज़िर, बेलाल हाशिम आदि लोग मौजूद रहे।

फर्जी मुकदमे में फसाने की आशांका में लेकर पुलिस अधीक्षक से

अवधनामा संवाददाता

मुबारकपुर, आजमगढ़। रंजिश को लेकर फर्जी मुकदमे में फसाने को लेकर पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई। आजमगढ़ जनपद के कोतवाली के बाद बहादुर मोहल्ला निवासी असलम पुत्र मोहम्मद अजीज ने पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई असलम ने अपने प्रार्थना पत्र में कहा कि लगभग 3 वर्ष पूर्व अरसद पुत्र इस्लाम निवासी समाधि थाना मुबारकपुर जिला आजमगढ़ से मेरी भतीजी को बहला फुसला कर भाग ले गया था इसके संबंध में स्थानीय थाना पर मुकदमा दर्ज कराया था जो एफ टी सी महिला न्यायालय में विचाराधीन है पारिवारिक न्यायालय में लंबित है वह अन्य मुकदमे भी चल रहे हैं जिसकी रंजिश को लेकर अरशद पुत्र इस्लाम ने दिनांक 16 8 2023 को मेरे साले और मेरे दोनों बच्चे जिसमें एक जो नाबालिक हैं उनके विरुद्ध थाना मुबारकपुर में फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया यह मामला मोटरसाइकिल द्वारा सड़क पर दुर्घटना का था जिसमें प्रार्थी व प्रार्थी के बच्चों का कोई वास्ता सरोकार नहीं रहा है ऐसी स्थिति में किसी सक्षम अधिकारी से जांच कर कर उपरोक्त मुकदमा की जांच कराए जाने की गुहार लगाई उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मेरे भतीजी का मुकदमा वापस लेने के लिए तरह-तरह की धमकियां भी फोन द्वारा दी जा रही है उन्होंने वार्ता के दौरान यह भी कहा कि मेरी भतीजी को गुमराह कर अरशद ने कुछ समय पहले लगभग 16 तोला सोना तथा डेढ़ लाख रुपए मेरे घर से फुसलाकर मंगवा कर रख लिया था जिसकी वजह से यह तरह तरह का षड्यंत्र रच कर दबाव बनाया जा रहा है ताकि मुकदमा वापस ले लिया जाए उन्होंने आगे कहा हम लोगों के उपर तरह तरह से फर्जी मुकदमे कर पूरे परिवार पर दबाव बना पूर्व में चल रहे मुकदमे को वापसी का षड्यंत्र रच कर हमारे पूरे परिवार को प्रताड़ित किया जा रहा है हम प्रशासन से गुहार लगा रहे हैं कि इस फर्जी मुकदमे की पूरी जांच कर के बाद ही दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए।

सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को नेहरू हाल में दिया गया प्रशिक्षण

आजमगढ़। पंचायत उप निर्वाचन अगस्त सितंबर 2023 को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष कराने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट एवं लगभग 484 मतदान कार्मिकों को 91 बूथों के लिए दो पालियों में (11बजे से 1 बजे तक और 2 बजे से 5 बजे तक) नेहरू हाल में प्रशिक्षण में दिया गया। प्रशिक्षण में सहायक कार्मिक प्रभारी प्रशिक्षण इंजीनियर कुलभूषण सिंह ने कार्मिकों को बताया कि मतदान 6 सितंबर को 7:00 बजे से 5:00 बजे तक होगा तथा पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी एवं तृतीय मतदान अधिकारी के कार्यो के विषय में विस्तार से बताया तथा टेंडर वोट, चैलेंज वोट, पीठासीन की डायरी, मत पत्र लेखा के विषय में भी बताया गया। प्रशिक्षण में मतपेटी की हैंड्सआन ट्रेनिंग दी गई। सभी प्रशिक्षकों ने मतपेटी खोलने एवं बंद करने का प्रशिक्षण लिया।

प्रशिक्षण में सहायक कार्मिक प्रभारी जिला पंचायत अधिकारी श्रीकांत सर्वे ने बताया कि बिलरियागंज और मार्टिनगंज में जिला पंचायत सदस्य के एक-एक पद तथा तरवां ब्लॉक के ग्राम पंचायत ऊंचाहूवा तथा पल्हना ब्लॉक के ग्राम पंचायत कबूतरा में प्रधान पद के लिए उपचुनाव होना है। प्रशिक्षण में समस्त एआरओ, इलेक्शन से अनूप सिंह, एनआईसी से संतोष राय, सुशीम, निखिल, अभिषेक, आशुतोष, ऋषिकेश, अंजनी, नितिन आदि उपस्थित थे।

डबल इंजन की सरकार को लेकर घोसी चुनाव फेल योगी है सरकारः शकील नदवी

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ। डबल इंजन की सरकार को लेकर घोसी चुनाव के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी ने कोई विकास का कार्य नहीं किया है।सपा सरकार में अखिलेश यादव जब 2012 में गद्दी पर बैठे थे तो अनेकों विकास किए थे। उक्त बातें समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी ने नगर के मोहल्ला बाजबहादुर स्थित अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश कमेटी के अख्तर इम्तियाज़ ख़ान उर्फ (सोनी) के पिता के देहांत पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कही। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज पूर्वांचल एक्सप्रेस वे कन्या विद्याधन बेरोजगारी भत्ता महिला पेंशन सेवा पेंशन आदि कई विकास समाजवादी पार्टी के सरकार में किए गए थे। मगर यह जुल्म ज्यादती करने वाली सरकार जो गाड़ी पर बैठी है 6 साल पूरा होने वाले हैं लेकिन इनका कोई विकास का कार्य नहीं है सिर्फहिंदू मुस्लिम को आपस में लड़ना एक दूसरे को बांटने के अलावा कोई विकास का कार्य नहीं किया है। शकील नदवी ने आगे कहा कि जो अखिलेश यादव की सरकार ने काम किए हैं हम अपने मतदाताओं से अपील करते हैं कि विकास के नाम पर आने वाली 5 तारीख को जो समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सुधाकर सिंह हैं उनको भारी मतों से जीतने का काम करें और इन जुमलेबाजों के चक्कर में ना पड़े उन्होंने आगे कहा कि महंगाई बेरोजगारी सीमा पार कर चुकी है कोई रोजगार नहीं है नौजवान बेरोजगार घूम रहा है अभी चंद्रयान तक भगान कर रहे हैं। सहारा श्रेय अपने पर ले रहे हैं यह लोग, साइंस्टिस्ट कुछ नहीं है क्या इससे पहले भी चंद्रयान पर लोग गए सब कुछ हुआ मगर सिर्फ क्या मोदी उसका श्रेय लेंगे क्या? विकास बताओ ना जनता विकास पूछता है किसको रोजगार दिया?

76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम का हुआ आयोजन

अवधनामा संवाददाता

आजमगढ। जोन 61 के जोनल इंचार्ज रामजीत राम भारती व संयोजक राजेन्द्र प्रसाद निषाद ने बताया की एक बार पुनः दृश्यमान होगी शामियानों की सुंदर नगरी, संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा के विशाल मैदानों में जहां 76वें वार्षिक निरंकारी संत समागम के रूप में दिखेगा सार्वभौमिक भाईचारे एंव विश्वबन्धुत्व का अनुपम स्वरूप।

यह आध्यात्मिक संत समागम सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में भव्यता पूर्ण आयोजित होने जा रहा है। इस पावन संत समागम में देश, विदेश से लाखों की संख्या मे श्रद्धालु एंव भक्तगण सम्मिलित होकर इस भव्य संत समागम का भरपूर आनंद प्राप्त करते हुए सतगुरु के साकार दर्शन एवं पावन आशीष भी प्राप्त करेंगे। इस वर्ष निरंकारी संत समागम का विषय है ''सुकुन रू अंर्तमन का'' जिस पर देश, विदेशों से सम्मिलित हुए गीतकार, वक्तागण अपने शुभ भावों को कविताओं, गीतों एवं विचारों के माध्यम से व्यक्त करेंगे और विभिन्न भाषाओं में दी गई इन प्रस्तुतियों का आनंद सभी श्रोतागण प्राप्त करेंगे।

जैसा कि विदित ही है कि निरंकारी संत समागम के पावन अवसर की प्रतीक्षा में हर श्रद्धालु भक्त की केवल यही हार्दिक इच्छा रहती है कि कब संत समागम का आयोजन हो और कब वह इस सुअवसर का साक्षी बनें। यह संत समागम निरंकारी मिशन द्वारा दिये जा रहे सत्य, प्रेम और शान्ति के दिव्य संदेश को जन-जन तक पहुँचाने हेतु एक ऐसा सशक्त माध्यम हैं जो आध्यात्मिक जागरूकता के माध्यम से समूचे संसार में समानता, सौहार्द्र एवं प्रेम का सुंदर स्वरूप प्रदर्शित कर रहा है। वर्तमान समय में जिसकी नितांत आवश्यकता भी है। संत निरंकारी मिशन का पहला समागम सन् 1948 में मिशन के दूसरे गुरू शहनशाह बाबा अवतार सिंह जी के नेतृत्व में दिल्ली के पहाड़गंज में हुआ। उसके उपरांत शहनशाह जी ने अपने प्रेम से संत समागम की श्रृंखला को गति प्रदान करी। तदोपरांत बाबा गुरबचन सिंह जी ने सहनशीलता और नम्रता जैसे दिव्य गुणों द्वारा इसका और अधिक रूप में विस्तारण किया।

अंर्तराष्ट्रीय स्तर पर इन दिव्य मानवीय मूल्यों को ख्याति प्रदान करवाने में बाबा हरदेव सिंह जी ने अपना अहम् योगदान दिया जिसके परिणामस्वरूप आज समूचे विश्व में मिशन की लगभग 3,485 शाखाएं है। आध्यात्मिकता की इस पावन ज्योति को जन जन तक पहुंचाने हेतु सतगुरु माता सविन्दर हरदेव जी ने भी अथक प्रयास किये और अपने कर्तव्यों को बखूबी रूप में निभाया। वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ब्रह्मज्ञान की इस दिव्य रोशनी को विश्व के प्रत्येक कोने में एक नई ऊर्जा के साथ संचारित कर रहे हैं। यह दिव्य संत समागम शांति, समरसता, विश्वबन्धुत्व और मानवीय गुणों का एक ऐसा सुंदर प्रतीक है जिसका एकमात्र लक्ष्य 'एकत्व में सदभाव' तथा शांति की भावना को प्रदर्शित करना है।

ग्राम पंचायत डिलिया में पहुंचे डिप्टी सीएम केशव मौर्य

आजमगढ। शुक्रवार को 1.20 मिनट पर सठियांव विकास खण्ड क्षेत्र के उत्तरीय छोर पर तमसा नदी के तट पर आबाद ग्राम पंचायत डिलिया में शुक्रवार गांव की समस्या की समस्या गांव में निस्तारण के तहत जन चौपाल का आयोजन किया गया था। जिसमें डिप्टी सीएम अचानक पहुंचे और जन चौपाल में उपस्थित ग्रामीणों से रुबरु होकर उनकी समस्याओं के बारे पूछा। ग्रामीणों ने डिप्टी सीएम अभिवादन हाथ जोड़कर किया। डिप्टी सीएम के जाने के फौरन बाद जिलाअधिकारी विशाल भारद्वाज भी पहुंचे और वहां के हाल का जायजा लिए प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य अचानक डिलिया गांव पहुंचे वहां पहले से ।लगी जन चौपाल में पहुंचे तो वहां ग्रामीणों से जानकारी ली की आप सभी लोगों जन चौपाल के बारे में पता था कि नहीं ग्रामीणों ने बताया कि चौपाल के बारे में हमें जानकारी थी।और आप के बारे में भी अचानक जानकारी मिली। जन चौपाल का आयोजन पंचायत भवन में किया गया था। वहां पर स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पहुंची थी।उनसे स्वयं सहायता समूह के बारे में उप मुख्यमंत्री पूछा तो महिलाओं ने बताया कि गांव में कुल 10स्वय सहायता समूह बने हैं। इससे समूह से जूड़ा महिलाओं को फायदा है।गाय खरीदकर हम लोग

कारोबार कर रहे है। वहां पर ग्रामीण महिलाओं से शौचालय, आवास, बिजली, राशनकार्ड के बारे में भी जानकारी ग्रामीण त्रिभुवन ने डिप्टी से रास्ता का देखने के लिए विशेष आग्रह किया तो उन्होंने कहा कि यह मामला ग्राम प्रधान का है।उनसे कहीं । चौपाल भीड़ कम देखकर नाराजगी ब्यक्त किया। कुल मिलाकर चौपाल 13मिनट रुके।इसी बीच कम संख्या देखकर ग्राम विकास अधिकारी हरिकेश राय से पूछा कि चौपाल ग्रामीणों को दी गई थी या नहीं । वहीं मुख्य विकास अधिकारी को निर्देश दिया कि गांव नोडल अधिकारी नियुक्त और चौपाल की सूचना दो दिन पहले ग्रामीणों को अवश्य दें। डिप्टी सीएम के जाने के बाद फौरन जिलाअधिकारी विशाल भारद्वाज पहुंचे और ग्रामीणों की समस्याओं को सुनी और सम्बंधित अधिकारियों को निस्तारण करने के लिए आदेश दिया।

रतन सेन डिग्री कालेज बाँसी, सिद्धार्थनगर- 272 153
(सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर से सम्बद्ध)
"B" Grade Accredited By NAAC Email : rsdcbansi68@gmail.com
Website : rrspgc.com

पत्रांक डिग्री / 1082/ 2023-24 दूरभाष: 05545-255052
दिनांक : 01.09.2023 दिनांक:15.09.2023 तक

आवश्यकता है

स्नातक स्तर विज्ञान संकाय स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राणि विज्ञान, रसायन विज्ञान व भौतिक शास्त्र 1-1 पद प्रवक्ता। स्नातक स्तर कला संकाय स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत गृह विज्ञान व शिक्षाशास्त्र विषय हेतु 01-01 पद प्रवक्ता। योग्यता : यू0जी0सी एवं सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, सिद्धार्थनगर की परिनियमावली के अनुसार इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपने समस्त शैक्षिक अर्हता प्रमाण-पत्रों की छायाप्रतियों एवं दो फोटो संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत करें।
नोट : अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार भत्ता देय नहीं होगा।

प्रबन्धक/सचिव
रतन सेन डिग्री कालेज, बाँसी, सिद्धार्थनगर

निजी क्षेत्रीय बैंकों में कॅरियर बनाने वाले सफल छात्रों का सम्मान

लखनऊ। प्रमुख निजी क्षेत्रीय बैंकों में प्लेसमेंट प्राप्त करने वाले सफल छात्रों को उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान बैंकएज एकेडमी, कानपुर ने अपने 9वें सालगिरह के अवसर पर किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के विधायक अनिल सिंह और सुरेन्द्र मैथानी उपस्थित थे। पूरे कार्यक्रम में नितेश सचदेवा, केंद्र प्रबंधन राबिया मोइन, छात्र सलाहकार प्रियंका पाठक और प्लेसमेंट प्रबंधक दयाल दर्शन श्रीवास्तव बैंकएज कानपुर टीम से मौजूद थे। बैंकएज एकेडमी एक प्रमुख शैक्षिक संस्थान है जिसने बैंकिंग, वित्तीय सेवाएं और बीमा क्षेत्र में कौशल विकास और प्रशिक्षण के क्षेत्र में अपनी मानव संसाधन विकास योजनाओं के साथ ख्याति प्राप्त की है। इस समारोह में बैंकएज एकेडमी कानपुर ने उन छात्रों को सम्मानित किया जिन्होंने उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और प्रमुख निजी क्षेत्रीय बैंकों में स्थान प्राप्त करने के लिए कठिनाइयों का सामना करते हुए अद्वितीय प्रदर्शन किया।

क्रॉम्पटन ने गार्डन और गेट लाइट्स की अपनी नई सोलरियन श्रृंखला लॉन्च करके आउटडोर लाइट्स के सेगमेंट में कदम रखा

मुंबई। अपनी अनोखी पेशकशों से उपभोक्ता के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिये प्रसिद्ध, क्रॉम्पटन ग्रीव्ज कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (सीजीसीईएल) ने आउटडोर लाइटिंग की अपनी नई खूबसूरत और विविधतापूर्ण श्रृंखला सोलरियन गार्डन लाइट्स को लॉन्च करने की घोषणा की है। गुणवत्ता, दीर्घकालिक टिकाऊपन और नवाचार में 80 वर्षों की विरासत के साथ बाहरी स्थानों की सुन्दरता बढ़ाने के लिए बनी इस नई श्रृंखला में ब्राण्ड और उसकी सेवा का वादा जुड़ा है। इन नये लाइटिंग फिक्सचर्स पर पानी, मौसम और जंग का असर नहीं होता है। इन्हें उपभोक्ताओं द्वारा चुने जाने के लिये विविधतापूर्ण श्रृंखला में पेश किया गया है। इस प्रकार यह हर मौसम में आपकी पगडंडी को जगमगाने और

बगीचे की खूबसूरती को बढ़ाने का सबसे बढ़िया समाधान है। आउटडोर सजावट पर ज्यादा ध्यान दिया जा रहा है, क्योंकि लोग अपनी आउटडोर जगहों को मनपसंद निजी आश्रय बनाने के लिये समय और मेहनत खर्च कर रहे हैं। खुशनुमा आँगन से लेकर बगीचे के जीवंत परिदृश्यों तक, लोग आराम और मनोरंजन के लिये आकर्षक और सजीला माहौल बनाना चाह रहे हैं। अपनी आउटडोर जगहों को महत्व देने वाले, उद्यान प्रेमी ऐसे लाइटिंग सॉल्यूशंस चाह रहे हैं, जो न सिर्फ उनके बगीचे की खूबसूरती बढ़ाए, बल्कि हर मौसम में टिकाऊ भी रहे, ताकि रख-रखाव में भी पूरी देखभाल सुनिश्चित हो सके। उनकी आवश्यकताओं पर गहरी समझ के साथ क्रॉम्पटन का लक्ष्य लाइटिंग के भरोसेमंद समाधानों - अपने सोलरियन गार्डन लाइट्स की विविध रेंज - से आउटडोर सजावट के उनके विचारों को जीवंत बनाने में उनकी मदद करना है, जो समय की कसौटी पर खरा उतरेगी।

नेस्ले इंडिया ने मिलेट-आधारित पेशकशों पर ध्यान बढ़ाया

नई दिल्ली। नेस्ले इंडिया उपभोक्ताओं को खाद्य का ज्यादा विविधतापूर्ण विकल्प देने के लिये एक घटकके रूप में मिलेट्स मोटे अनाजों को शामिल कर रही है। सरकार द्वारा मिलेट्स पर जोर दिये जाने के साथ, नेस्ले इंडिया साझेदारियों एवं उत्पाद नवाचारों के माध्यम से उन ब्राण्ड्स में एक अलग खाद्य-सूची बना रही है, जो मिलेट्स को अधिक स्थायित्वपूर्ण खाद्य विकल्प के रूप में बढ़ावा देते हैं। इस पहल के तहत नेस्ले इंडिया ने बाजरा से युक्त नेस्ले ए+ मसाला मिलेट लॉन्च किया है, जिसे दिन में किसी भी समय एक हल्के भोजन के रूप में खाया जा सकता है। नेस्ले ए+ मसाला मिलेट दो बेहद स्वादिष्ट विकल्पों- टैंगी टोमैटो और वेजी मसाला में उपलब्ध है।यह 240 ग्राम के मल्टी-सर्व पैक तथा 40 ग्राम के सिंगल-सर्व पैक में आता है, जिनके दाम क्रमशः 175 रूपये और 30 रूपये हैं।

केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग एवं आयुष मंत्री सर्बानंद सोणोवाल ने ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट 2023 पर एक रोड शो का गुवाहाटी में औपचारिक उद्घाटन किया

गुवाहाटी। केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग एवं आयुष मंत्री सर्बानंद सोणोवाल ने ग्लोबल मैरीटाइम इंडिया समिट 2023 पर एक रोड शो का गुवाहाटी में औपचारिक उद्घाटन किया। जीएमआईएस 2023 की भूमिका के बारे में बोलते हुए केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोणोवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किस प्रकार इनलैंड जलमार्ग परिवहन के वैकल्पिक साधन के रूप में विकसित हुए हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोणोवाल ने कहा,इनलैंड जलमार्ग भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास को बल दे रहे हैं। केंद्र सरकार ने इनलैंड जलमार्ग में साल 2014 से प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में 5200 करोड़ का निवेश किया है। जिससे इस क्षेत्र को ज़बरदस्त बढ़ावा मिला है। यह सरकार द्वारा इनलैंड जलमार्ग में पिछले 28 वर्षों में किए गए निवेश की तुलना में पिछले 9 वर्षों की अवधि में 200ः से ज़्यादा का बड़ा उछाल है। इससे प्रदर्शित होता है कि मोदी सरकार इनलैंड जलमार्गों के विकास को लेकर कितनी ज़्यादा गंभीर है। परिवहन का यह स्वच्छए प्रभावशाली और किफायती माध्यम भारत के अंदरूनी हिस्सों की आर्थिक क्षमता के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इनलैंड जलमार्गों में निवेश करके और अपनी समृद्ध एवं जटिल जलमार्ग प्रणाली को मजबूत बनाकर हम इस उद्योग के लिए एक सहयोगपूर्ण परिवेश बनाने की प्रक्रिया में हैं, जिससे मैनुफ़ैक्चरिंग, और ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस में मदद मिले। भारत सबसे तेजी से विकसित हो रहे समुद्री देशों में से एक है और हम भारतीयों को विकास एवं परिवर्तन के इस युग का हिस्सा होने पर बहुत गर्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमने न केवल आवश्यक कौशल बल्कि वैश्विक मंच

पर उत्कृष्टता हासिल करने की शक्ति भी पायी है। भारतीय बंदरगाहों के आधुनिकीकरण से भारत के तटीय समुदायों तटीय जिलों और पूरे देश की उन्नति संभव होगी। भारतीय बंदरगाहों को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाकर और बंदरगाह पर आधारित अर्थव्यवस्था का विकास करके औद्योगीकरण, मैनुफ़ैक्चरिंग, एवं ईज़ ऑफ़ डूइंग बिज़नेस को बढ़ावा दिया जा सकता है। हमारे पड़ोसी देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा मिलेगा। इससे दक्षिण एशिया क्षेत्र में भारत के राज्यों एवं अन्य देशों की व्यापार और वाणिज्य की क्षमताओं का विकास होगा। बंदरगाह पर आधारित विकास के महत्व के बारे में बताते हुए सर्बानंद सोणोवाल ने कहा,प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का उद्देश्य भारतीय बंदरगाहों को वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाना है, ताकि इसके द्वारा ज़्यादा औद्योगीकरण,

इसुजु मोटर्स इंडिया ने अपने सीवी सेगमेंट में सबसे स्मार्ट क्रू-कैब पिक-अप इसुजू डी-मैक्स एस-कैब जेड लॉन्च किया

चेन्नई। आज इसुजु मोटर्स इंडिया ने भारत में बिल्कुल नया डी-मैक्स एस-कैब जेड वेरिएंट लॉन्च किया। यह कमर्शियल व्हीकल सेगमेंट में सबसे स्मार्ट दिखने वाला क्रू-कैब

पिक-अप है, जो 'बियोंड द आर्डिनरी (साधारण से बेहतर)' वाहन है। इसमें स्मार्ट लुक, मजबूत एवं टिकाऊ वर्कहॉर्स क्षमता, सुरक्षा एवं कार जैसे आराम आदि गुणों के साथ भारत में पिक-अप संस्कृति की भावना का प्रतिबिंब है। इस टॉप-एंड वैरिएंट के साथ अब इसुजु मोटर्स इंडिया के पास सभी व्यवसायिक और पेशेवर ज़रूरतों के लिए ज़्यादा विस्तृत एवं बहु-उपयोगी श्रृंखला मौजूद है। इसुजू डी-मैक्स एस-कैब जेड उभरते हुए भारतीय व्यापारियों और पेशेवरों की व्यवसायिक ज़रूरतें पूरी करने के लिए एक स्टाइलिश वाहन प्रदान करता है, जो आजीवन चलने के लिए बनाया गया है। प्रमाणित 2.5 लीटर इसुज़ु 4जेए1 इंजन पर चलने वाला इसुज़ु डी-मैक्स एस-कैब जेड मॉडल में बेहतरीन स्टाइलिंग के तत्वों के साथ एक एग्रेसिव स्टांस है। इसमें क्रू-कैब कमर्शियल वाहन श्रेणी की कई सर्वोत्तम विशेषताएँ हैं। इसके ख़ास एक्सटीरियर में ईगल से प्रेरित क्रोम ग्रिल, एलईडी डीआरएल के साथ बाई-एलईडी प्रोजेक्टर हेडलैंप और फ्रंट फॉग लैंप इसे एक ज़्यादा स्मार्ट लुक प्रदान करते हैं। दरवाज़े के हैंडल और टेलगेट हैंडल क्रोम में फिनिश किए गए हैं। इसके अलावा पावर एडजस्टेबल क्रोम ओआरवीएम एवं टर्न इंडिकेटर्स इसके आकर्षण को और ज़्यादा बढ़ा देते हैं। स्पोर्टी रूफ रेल्स, गन मेटल शार्क फिन एंटीना और सभी नए 6-स्पोक व्हील कवर इसे ज़्यादा खूबसूरत बना देते हैं।

आराम और सुविधा बढ़ाने के लिए इसुजु एस-कैब जेड में कीलेस एंट्री दी गई है, जो इस सेगमेंट में सबसे अच्छी विशेषता है। सुविधा के लिए, लगाये गये स्टाइलिश एंटी-स्किड साइडस्टेप्स की मदद से वाहन में आसानी से चढ़ा और उतरा जा सकता है। अंदर की ओर इसमें पियानो ब्लैक फिनिश के साथ ट्रिम एलीमेंट्स हैं, जो लेदर फिनिश के स्टीयरिंग व्हील से मेल खाते हैं। इस स्टीयरिंग व्हील पर स्टीयरिंग माउंटेड कंट्रोल भी दिये गये हैं।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने लॉन्च किया आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो

कानपुर। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक अभिनव आय योजना, आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो लॉन्च की है, जो ग्राहकों को साल-दर-साल बढ़ती आय और निरंतर नियमित आय प्राप्त करने का विकल्प प्रदान करती है। इसके अलावा, इस गैर-भागीदारी बचत उत्पाद का जीवन कवर घटक यह सुनिश्चित करता है कि परिवार को वित्तीय सुरक्षा मिले। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य वितरण अधिकारी, अमित पालटा ने कहा, ÷हम आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो पेश करने के लिए उत्साहित हैं, जो अंतर्निहित लचीलेपन वाला एक दीर्घकालिक बचत उत्पाद है जो ग्राहकों को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप उत्पाद को समायोजित करने की अनुमति देगा। इससे उन्हें बेहतर तैयारी करने और जीवन लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलती है। इसके अलावा उत्पाद में जीवन कवर घटक परिवार को वित्तीय सुरक्षा प्रदान करता है।आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो को ग्राहकों को उनकी वित्तीय आवश्यकताओं के अनुसार आय प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। गौरतलब है कि यह उत्पाद ग्राहकों को अपने वित्तीय लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के लिए एकमुश्त धनराशि का समय और मात्रा तय करने में भी सक्षम करेगा।

आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो ग्राहकों को अन्य लचीलेपन के साथ-साथ आय लाभ और प्रीमियम भुगतान शर्तों का विकल्प प्रदान करके उत्पाद को उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार अनुकूलित करने की अनुमति देता है।सुनिश्चित दीर्घकालिक आय के साथ, आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट प्रो ग्राहकों को एकमुश्त लाभ प्राप्त करने का विकल्प प्रदान करता है। ग्राहकों के पास एकमुश्त लाभ के रूप में भुगतान किए गए प्रीमियम के 100 प्रतिशत तक की कोई भी राशि चुनने और लाभ प्राप्त करने का समय भी चुनने की सुविधा है।

रीड-ए-थॉनः रूम टू रीड इंडिया द्वारा सामूहिक पठन के लिए शुरू की गई पहल ने कीर्तिमान बनाया

लखनऊ। रूम टू रीड इंडिया ने अपने इंडिया गेट्स रीडिंग फ्लैगशिप रीडिंग अभियान के तहत ÷रीड-ए-थॉन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रूम टू रीड इंडिया ने रीड-ए-थॉन 2023 कार्यक्रम के माध्यम से एक नया कीर्तिमान स्थापित करने का महत्वाकांक्षी प्रयास किया, जिसमें इस संस्थान ने व्यक्तिगत रूप बैठकर पढ़ने की व्यवस्था वाले परिवेश में रिकॉर्ड संख्या में प्रतिभागियों को सम्मिलित करने का लक्ष्य रखा। इस आयोजन के तहत देश भर के 11 राज्यों में प्रतिभागियों के पढ़ने के लिए व्यवस्था की गई , जहाँ संगठन सक्रिय रूप से कार्यरत है और इसलिए लखनऊ भी इस अभियान का एक हिस्सा रहा । रूम टू रीड इंडिया ने पिछले साल कीर्तिमान स्थापित करने के अत्यंत सफल प्रयास में 170,000 से अधिक भागीदारों, यानी बच्चों, माता पिता, समुदाय, सरकारी निकायों, दानदाताओं और अन्य समर्थकों को एकजुट किया था। इस सफल प्रयास के बाद, रूम टू रीड इंडिया ने इस साल रीड-ए-थॉन 2023 के माध्यम से देश भर के विभिन्न स्थानों पर प्रतिभागियों की बड़ी संख्या में भागीदारी को प्रोत्साहित करने पर ध्यान केंद्रित किया है। इस मौके पर सुश्री

पूर्णिमा गर्ग, डिप्टी कंट्री डायरेक्टर, रूम टू रीड, कहती हैं, ÷रूम टू रीड इंडिया ने रीड-ए-थॉन पहल के माध्यम से बच्चों की पढ़ने की आदतों को प्रोत्साहन देने के अपने संकल्प को दोहराया है। यह दिन अपने आप में बेहद अनोखा है, जब हम पूरे भारत से बच्चों को अलग-अलग स्थानों पर एक साथ पढ़ने के लिए एकजुट करते हैं। यह केवल एकजुट होकर पढ़ने का रिकॉर्ड स्थापित करने के बारे में नहीं है, बल्कि यह सीखने और उन्नति के लिए हमारी असीमित क्षमता की एक मिसाल भी है। रूम टू रीड इंडिया ने इस आयोजन के माध्यम से व्यक्तिगत तौर पर सबसे बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी के पिछले रिकॉर्ड को पार करने के साथ-साथ पढ़ाई की अहमियत के बारे में एक मजबूत संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का भी लक्ष्य रखा है। विभिन्न प्रकार के रिकॉर्ड के बारे में सूचनाओं को एकत्रित करने वाले प्रतिष्ठित संगठन, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स तथा एशिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा नया कीर्तिमान स्थापित करने की।

आईटीसी सैवलॉन ने लॉन्च किया अपने पोर्टफोलियो के साथ हैंडवाश का नेक्स्ट जनरेशन

नई दिल्ली। जीवाणुओं से रक्षा के लिए अपनी प्रभावकारिता के लिए मशहूर आईटीसी सैवलॉन ने अपने

90प्रतिशत प्राकृतिक मूल की सामग्री पोर्टफोलियो के साथ हैंडवाश का नेक्स्ट-जनरेशन लॉन्च किया है। नए फायदों से भरपूर आकर्षक नए पैक में सैवलॉन हैण्डवाश ने कोमल, नमीयुक्त हाथों के त्वचा-अनुकूल फायदों के साथ अपने विश्वसनीय जीवाणु से रक्षा के गुण को बहाल रखा है। इसे 'नो नैस्टीज' फार्मूलेशन से बनाया गया है, जिसमें पराबेन, सिलिकॉन, ट्राइक्लोसन और ट्राइक्लोकार्बन नहीं हैं। समीर सतपथी, डिवीजनल चीफ एक्जीक्यूटिव, पर्सनल केयर प्रोडक्ट्स बिजनेस आईटीसी लिमिटेड ने कहा कि हमने यह अक्सर सुना है कि बदलाव ही एक ऐसी चीज है जो सतत होती रहती है और हमारा ऐसा विश्वास है कि प्यार और देखभाल ही सतत होने वाली एकमात्र ऐसी चीज है जिनमें अनंत काल से कोई बदलाव नहीं आया है। सैवलॉन ऐसी देखभाल और पालन-पोषण करने वाले हाथों के सम्मान में नए सिरे से हैंडवॉश के पोर्टफोलियो को रिफ्रेश करके तैयार किया गया है। उपभोक्ताओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए इसने गहरी उपभोक्ता अंतर्दृष्टि का लाभ लेना जारी रखा है और उद्देश्यपूर्ण नवाचार को आगे बढ़ाने में अग्रणी है एक नए लुक में सैवलॉन हैंडवॉश के पोर्टफोलियो, डिजाइन और 90प्रतिशत प्राकृतिक मूल की सामग्री के साथ स्किन-फ्रैंडली फॉर्मूलेशन पेश करते हैं ताकि पालन-पोषण और देखभाल करने वाले उन हाथों की सुरक्षा और देखभाल करना संभव हो सके।÷ कैनाज कर्माकर और हर्षद राजाध्यक्ष, चीफ क्रिएटिव ऑफिसर, ऑगिल्वी इंडिया ने कहा कि जब घर में कोई बच्चा होता है, तो बच्चे की देखभाल और पोषण के लिए माँ के हाथ किसी सुपरवूमन के हाथ बन जाते हैं। बच्चे के इर्द-गिर्द हर छोटे बड़े काम के लिए उनके हाथ लगातार हाइ-परफॉर्मेन्स मोड में होते हैं। इस चरण में, हमें यह महसूस हुआ कि हाइ-परफोर्मेंस की विश्वसनीयता के साथ हमारे हैंडवॉश उन हाथों की देखभाल के लिए एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस विजन को साकार करने के लिए हमारे प्रतिभाशाली डायरेक्टर, अफशान ने बहुत सोच-समझकर फ्रिट्ज और जयेश की टीम का चुनाव किया, जिन्होंने फिल्म में इस आइडिया के मूल भाव को बेहद खूबसूरती से प्रस्तुत किया है।'÷

रेनॉ निसान ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अपनी आधारशिला रखी जाने के बाद 15 वर्षों का सफर पूरा किया

चेन्नई। चेन्नई के उपनगरीय इलाके ओरागदम में तेजी से विकसित हो रहे ऑटोमोटिव क्लस्टर में 26 अगस्त, 2008 को रेनॉ निसान ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की आधारशिला रखी गई थी। आज 15 वर्षों के बाद रेनॉ निसान ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने खुद को अग्रणी ऑटोमोटिव निर्माता के रूप में स्थापित कर लिया है और

इस प्लांट में अब तक घरेलू तथा निर्यात बाजारों के लिए 2.5 मीलियन रेनॉ एवं निसान कारों का निर्माण किया जा चुका है। अगले कुछ वर्षों में, दो ईवी समेत छह नए मॉडलों को पेश करने की तैयारी के साथप्लांट आने वाले समय में रोमांचकारी सफर के लिए तैयार है। कीर्ति प्रकाश, प्रबंध निदेशक,रेनॉ निसान ऑटोमोटिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (आरएनएआईपीएल) का कहना है, आरएनएआईपीएल के 15 वर्षों के सफर का जश्न मनाते हुए, हमें इन वर्षों में अपने शानदार विकास पर गर्व है। इस दौरान हमने वाहन निर्माण के क्षेत्र में उत्कृष्टता के साथ-साथ अपने ग्राहकों के लिए मूल्यवर्धन करने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान किया है। हम भारत समेत विदेशों में अपने ग्राहकों के लिए निसान और रेनॉ के शानदार उत्पादों को उपलब्ध कराने के अलावा पर्यावरण पर अपने परिचालनों का प्रभाव कम करने और अपने स्थानीय समुदायों के सस्टेनेबल विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

आईकू ने फुलीलोडेड जेड 7 प्रो लॉन्च किया

नई दिल्ली। हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आईकू ने आज भारत में अपने जेड सीरीज पोर्टफोलियो के फुलीलोडेड स्मार्टफोन- आईकू जेड7 प्रो 5 जी लॉन्च करने की घोषणा की है। आईकू जेड7 प्रो इस कैटेगरी में यूनिक परफॉर्मेंस, शानदार डिजाइन और शानदार कैमरा एक्सपीरियंस देने

के लिए बनाया गया है। मीडियाटेक डाईमेन्सिटी 7200 5जी मोबाइल प्लेटफ़ॉर्म द्वारा संचालित, आईकू जेड7 प्रो सेगमेंट के अन्य प्रोसेसर की तुलना में पीक परफॉर्मेंस स्कोर प्रदान करता है, साथ ही 728 के + का हाईएस्ट अंटूटू स्कोर प्रदान करता है, जो इसे सेगमेंट में सबसे तेज़ में से एक बनाता है।8 जी बी +128 जी बी के लिए 23,999 रुपए (प्रभावी मूल्य - 21,999 रुपए) और 256 जी बी के लिए 24,999 रुपए (प्रभावी मूल्य - 22,999 रुपए) की कीमत पर उपलब्ध है, प्रभावी कीमत लॉन्च ऑफर के साथ सीमित समय के लिए है, ताकि यूजर सर्वोत्तम लाभ उठाने के लिए डिवाइस को जल्दी खरीद सकें। आईकू जेड7 प्रो अमेज़न डॉट इन और आईकू ई-स्टोर पर दो खूबसूरत कलर ऑप्शन ब्लू लैगून और ग्रेफाइट मैट में खरीदने के लिए उपलब्ध होगा।लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए आईकू इंडिया के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर निपुण मार्या ने कहा आईकू में हमारा निरंतर प्रयास भारत में हमारे वैल्यूड कस्टमर के लिए एक ऑल-राउंडर मिड-रेंज डिवाइस प्रदान करना है। हमारी ज़ेड सीरीज़ की पेशकशों को मिलें जबरदस्त रिस्पांस ने हमें एक और प्रो डिवाइस पेश करके भारत में ज़ेड सीरीज़ पोर्टफोलियो को समृद्ध करने के लिए हमारे उत्साह को बढ़ाया है।

स्वस्थ और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य के लिए - ध्यान से चुनें अपना आहार

बैंगलुरु। सेहतमंद जीवनशैली के लिए स्वस्थ आहार।÷ व्यक्ति को संतुलित आहार लेना चाहिए, जिससे शरीर को वृद्धि, स्वास्थ्य और इम्यूनिटी के लिए सभी जरूरी पोषक तत्व मिल सकें। लेकिन शरीर को अच्छा बनाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना भी है। आज के दौर में हमें ऐसे कई लोग दिखते हैं, जो शारीरिक फिटनेस को बहुत अहमियत देते हैं। वे शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए नियमित रूप से व्यायाम करते हैं मगर उन्हें संतुलित आहार और मानसिक स्वास्थ्य के बीच रिश्ते का पता ही नहीं होता। हाल के वर्षों में पोषण तथा मानसिक स्वास्थ्य के बीच संबंध में लोगों की दिलचस्पी काफी बढ़ी है। मानसिक स्वास्थ्य को शामिल किए बगैर फिटनेस का विचार अधूरा रहता है। मानसिक स्वास्थ्य की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए भारत बहुत नाजुक दौर में है। हाल में आए एनसीआरबी के एक अध्ययन के अनुसार 2020 से आत्महत्या की दर 7.2 प्रतिशत बढ़ गई है, जिससे पता चलता है कि लोगों का मानसिक स्वास्थ्य ठीक नहीं है। इसलिए हमें वर्तमान स्थिति का ध्यान रखते हुए विभिन्न तरीके अपनाकर मानसिक स्वास्थ्य की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। इस मामले में पोषण और भोजन की भी अहम भूमिका है।

ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम और कॉर्निंग इंटरनेशनल ने मोबाइल उपकरण तैयार कवर ग्लास पार्ट्स बनाने के लिए संयुक्त उद्यम की घोषणा की

नई दिल्ली। भारत की अग्रणी दूरसंचार एवं विनिर्माण समूह ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम लिमिटेड और मोबाइल कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एप्लीकेशंस के लिए ग्लास एवं ग्लास सेरामिक मैटेरियल्स में विश्व की अग्रणी नवप्रवर्तक कंपनी कॉर्निंग इंटरनेशनल कॉरपोरेशन ने मोबाइल कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग के लिए उच्च गुणवत्ता के तैयार कवर ग्लास पार्ट्स का निर्माण करने के उद्देश्य से भारत की पहली विनिर्माण इकाई लगाने के लिए एक संयुक्त उद्यम की आज घोषणा की।ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम लिमिटेड के चेयरमैन श्री अशोक कुमार गुप्ता ने कहा, ÷इस देश में बढ़ते विनिर्माण पारितंत्र में सक्रियता के साथ योगदान करना हमारे लिए गर्व का विषय है। इस संयुक्त उद्यम के साथ जोकि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मेक इन इंडिया कार्यक्रम और आत्मनिर्भर भारत पहल के विजन के अनुरूप है, हम वैश्विक और स्थानीय ब्रांडों के लिए विश्व स्तरीय उच्च गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराने को प्रतिबद्ध हैं। इस नयी यात्रा को शुरू करते हुए हमारा इरादा अगले पांच वर्षों में मोबाइल कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों में उपयोग के लिए फिनिश्ड कवर ग्लास पार्ट्स का विनिर्माण करने वाली शीर्ष कंपनियों में से एक बनकर उभरना है। नवप्रवर्तन, डिजाइन एवं विनिर्माण में हमारी सामूहिक विशेषज्ञता से इन ब्रांडों के लिए समग्र समाधान उपलब्ध होगा। नवप्रवर्तन और प्रौद्योगिकीय उत्कृष्टता की साझा प्रतिबद्धता को लेकर ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम और कॉर्निंग का यह संयुक्त उद्यम, भारत सरकार की मेक इन इंडिया की पहल को मजबूती प्रदान करते हुए भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण पारितंत्र का विस्तार करने में मदद करेगा। इस संयुक्त उद्यम के तहत इन कंपनियों का रणनीतिक लक्ष्य भारत में एक विश्वस्तरीय विनिर्माण इकाई स्थापित करना है जो अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और प्रक्रियाओं से लैस होगी। इस गठबंधन से मोबाइल कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और अन्य कवर ग्लास एप्लीकेशंस में उपयोग के लिए तैयार कवर ग्लास पार्ट्स का देश में ही विनिर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा जिससे अगली पीढ़ी के मोबाइल कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जरूरतों पूरी की जा सकेंगी।

वेस्टीज मार्केटिंग बनी 2023 की सबसे भरोसेमंद डायरेक्ट सेलिंग ब्रांड

नई दिल्ली।भारत की अग्रणी घरेलू डायरेक्ट सेलिंग कंपनी वेस्टीज मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड को ट्रस्टेड रिसर्च एडवाइजरी (टीआरए) की ओर से 2023 का मोस्ट ट्रस्टेड (सबसे भरोसेमंद) डायरेक्ट सेलिंग ब्रांड चुना गया है। पहली बार किसी भारतीय घरेलू कंपनी को यह सम्मान मिला है।भारत के 16 शहरों में 2500 से ज्यादा उपभोक्ताओंएवं इन्फ्लूएंसर्स की धारणा को लेकर किए गए व्यापक अध्ययन के आधार पर तैयार टीआरए की ब्रांड ट्रस्टेड रिपोर्ट (बीटीआर) के 12वें संस्करण में कंपनी को यह सम्मान मिला है। यह अवार्ड अपने संपूर्ण परिचालन में इंटीग्रिटी, एथिक्स और पारदर्शिता के सर्वोच्च मानकों के पालन की दिशा में कंपनी की सतत प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

एमसी स्क्वायर ले कर आए है एक जानदार हरियाणवी पॉप बैंगर लाडो

नई दिल्ली। हरियाणवी हिप-पॉप की मन मोह लेने वाली दुनिया में मग्न होने के लिए तैयार हो जाइए क्योंकि एमटीवी हसल 2.0 का विजेता, हरियाणा का लंबरदार, एमसी स्क्वायर ने अपने लेटस्ट सिंगल ÷लाडो÷ को रिलीज़ कर दिया है। चुलबुले

लिरिक्स, धमाकेदार बीट्स और अपने साथ मग्न कर देने वाली ऊर्जा के साथ यह ट्रैक दुनिया भर के संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। अपनी क्षेत्रीय जड़ों से जुड़े रह कर आधुनिक हरियाणवी संस्कृति की मनमोहक महक लिए ÷लाडो÷ प्यार और समर्पण का शानदार संगीतमय मेल है जो दर्शकों के दिलों को जीत लेगा। एमसी स्क्वायर का लाडो एक ज़िंदादिल संगीत यात्रा है जो हरियाणवी संस्कृति और आकर्षण का मर्म लिए हुए है। यह ट्रैक अटूट संलग्नता की कहानी बताता है, जहां एमसी स्क्वायर प्रेम और दृढ़ संकल्प की की भावनाओं को बुनता है। यह रोमांचक ट्रैक एक युवा प्रेमी की कहानी को दिखाता है जो अपनी प्रेमिका ÷लाडो÷ का प्यार पाने के लिए हर मुमकिन कोशिश करता है। कंटेंपररी हिप-हॉप तत्वों के साथ पारंपरिक हरियाणवी प्रभावों को बड़ी सहजता से घुलाने-मिलाने की एमसी स्क्वायर की काबिलियत एक सच्चे कलाकार और हरियाणा के गौरवशाली प्रतिनिधि के रूप में उनके जोशीले जस्बे को दिखाती है। हितेन के हार्ड-हिटिंग प्रोडक्शन ने एमसी स्क्वायर की बेमिसाल भावात्मकता के साथ मिलकर, एक ऐसा बेहतरीन फ्यूजन बनाया है, जो सभी के दिलों दिमाग पर अपनी छाप छोड़ देने का वादा करता है। शालीनता और शक्ति के बेहतरीन मिश्रण लिए यह गीत एक ऐसे मास्टरपीस विजुअल का अनुभव कराता है, जिसकी संवेदना को कभी नहीं भुलाया जा सकता।

इस रिलीज के बारे में एमसी स्क्वायर ने कहा, ÷लाडो मेरे निजी अनुभवों और हरियाणा की संस्कृति के सार का लुभावना संगम है। मेरे लिए, यह महज एक छोटी सी कोशिश है, जिसमें मैं कंटेंपरेरी हिप-हॉप को प्रादेशिक हरियाणवी के साथ बिना किसी खोट के एक माला में पीरो सकूं। ताकि पूरी दुनिया संगीत के बहाने से सांस्कृतिक खूबसूरती को जान सके। मैं लाडो को दुनिया के सामने पेश करने के लिए बेहद रोमांचित हूं और मुझे उम्मीद है कि यह श्रोताओं के लिए भी उतना ही चहेता बन जाएगा जितना की यह मेरे लिए है।

डिजिटल रूपया (ई) ऐप के साथ कोटक महिंद्रा बैंक ने बाजी मारी

मुंबई। कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड (केएमबीएल कोटक) ने आज आरबीआई के सीबीडीसी पायलट प्रोजेक्ट के एक हिस्से के रूप में अपने डिजिटल रुपया (ई?) ऐप्लिकेशन पर एक यूपीआई इंटरऑपरेबिलिटी सुविधा शुरू करने की घोषणा की है। इसके साथ, ई? ऐप के यूजर्स अब किराने के सामान और दैनिक खर्चों के भुगतान के लिए व्यापारियों के किसी भी क्यूआर कोड को स्कैन कर सकते हैं। यह सुविधा ग्राहकों को व्यापारियों के पास उपलब्ध मौजूदा यूपीआई क्यूआर कोड पर भुगतान करने में समर्थ बनाएगी। अभी यह सुविधा एंड्रॉयड यूजर्स के लिए लाइव है। ई? (e?) ऐप यूजर्स को बैंक खाते के विवरण का खुलासा किए बिना लेनदेन करने की सुविधा देता है। इससे पैसे को हस्तांतरित करने, बैंक स्टेटमेंट को व्यवस्थित करने में आसानी होती है, जिससे सुरक्षित और नियंत्रित इंटरफेस सुनिश्चित होता है और ग्राहकों को बाधारहित अनुभव प्राप्त होता है। कोटक महिंद्रा बैंक के ग्रुप प्रेसिडेंट और हेड कंज्यूमर बैंक, विराट दीवानजी ने कहा, हमें सीबीडीसी-यूपीआईइंटरऑपरेबिलिटी फीचर पेश करने पर खुशी हो रही है, जो हमें डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण को मजबूत करने की दिशा में एक कदम और करीब ले जाएगा।

कॉमन सर्विस सेन्टरों (सीएससी) द्वारा प्रतिवर्ष 40,000 अप्रेन्टिसों की भागीदारी होगी; एमएसडीई और सीएससी ने भारत में अप्रेन्टिसशिप ईकोसिस्टम को मजबूत करने के लिए हाथ मिलाया

नई दिल्ली। कौशल विकास और उद्यमशीलता, इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री, राजीव चंद्रशेखर

ने आज ग्रामीण क्षेत्रों में अप्रेन्टिसशिप केप्रशिक्षण ढांचे को बढ़ाने के लिए, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) और कॉमन सर्विस सेन्टर (सीएससी)- स्पेशल पर्पज़ व्हीकल (एसपीवी) के बीच ज्वाइन्ट डिक्लेरेशन के एक्सचेंज पर समारोह की अध्यक्षता की। साझेदारी के एक हिस्से के रूप में, सीएससी सालाना 40,000 अप्रेन्टिसों को प्रशिक्षित करेगा, जिससे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के छात्रों और जन शिक्षण संस्थानों (जेएसएस) के लाभार्थियों सहित स्थानीय सीएससी के आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को अवसर मिलेगा। ये प्रशिक्षण डिजिटल साक्षरता में सुधार लाएंगे, ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देंगे और इच्छुक अप्रेन्टिसों में समावेशी सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगे। अप्रेन्टिस एक्ट, 1961 के तहत नवीनतम सुधारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सीएससी की क्षेत्रव्यापी पहुंच, स्थानीय विशेषज्ञता और सामुदायिक जुड़ाव का लाभ उठाना और साथ ही राष्ट्रीय प्रशिक्षुता संवर्धन योजना (एनएपीएस) में युवाओं की भागीदारी में सुधार करना।

बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। जिले भर में गुरुवार को भाई-बहन के अटूट प्रेम के प्रतीक रक्षाबंधन त्योहार को धूमधाम और हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाई की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनकी लम्बी उम्र की कामना की। भाइयों ने बहनों की रक्षा का वचन दिया और उपहार भेंट किए। इस दौरान मुंह मीठा करने का दौर जारी रहा। राखी के दिन शहर के बाजारों में कुछ चहल पहल ज्यादा ही रही।

- भाईयों ने रक्षा का दिया वचन
- जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मना भाई-बहन का पवित्र त्योहार रक्षाबंधन

भाइयों की कलाई पर राखी बांधती बहने

बहन को उपहार देते साहित्यकार व कवि आरके भट्ट

बता दें कि भाई बहन के प्यार के इस पर्व पर सुबह सात बजे तक शुभ मुहूर्त होने के कारण भाई-बहन सुबह जल्दी उठकर स्नान-ध्यान आदि से निवृत्त होकर राखी बांधने की तैयारियां शुरू कर दी। नए परिधान में सजी बहनों ने अपने भाई-भतीजों की पसंद की राखियां, मिठाई और नारियल से पूजा की थाली सजाई।

बहनों ने शुभ मुहूर्त में भाई की आरती उतारी, माथे पर तिलक लगाया और कलाई पर राखी बांधी। भाइयों ने बहनों को उपहार देकर जीवनपर्यंत बहनों की रक्षा का संकल्प लिया।

रोडवेज में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा

राखी के अवसर पर सरकार ने परिवहन निगम की ओर से रोडवेज बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सौगात दी थी। ऐसे में राखी पर महिलाओं ने रोडवेज की बसों में निःशुल्क यात्रा भाईयो के घर पहुंचकर अपने भाई की कलाई पर राखी सजाई और उपहार पाकर अपनो के साथ खुशियां मनाई।

इसे समझो ना रेशम का तार भईया इसमें बसता है बहना का प्यार भईया

(शकील अहमद)

कुशीनगर। रक्षाबंधन का नाम सुनते ही जन मानस में यह अहसास हो जाता है कि भाई बहन के प्यार का प्रतीक पवित्र रिश्ता आज रेशम के धागों से मिलकर मानो महक उठा। रक्षाबंधन पर्व के पूर्व संध्या पर रेशम की राखियां, मिठाइयां से सजी मनमोहक दुकानों पर लोगो की काफी चहल पहल थी। बहने अपने प्रिय भाइयों के लिए उपहार के साथ राखी और मिठाइयां खरीदारी करती नजर आ रही थी। ज्ञात हो कि श्रावणी पर्व के रूप में विख्यात भाई बहनों के प्यार का बंधन रेशम के धागों से लिपट कर इस पवित्र रिश्तों को और मजबूत कर देता हैं बहने जब अपने भाईयो के कलाइयों में रेशम की राखिया बांधती है तो भाई और बहन दोनो के आंखों से प्रेम के आंसू छलक पड़ते है। यही वो आंसु है जो प्रेम के साथ बहते है अन्यथा मनुष्य के जीवन में ऐसा कोई छड़ नही आता है जब प्रेम के आंसू बहते है। इस पर्व पर भाई अपने बहन की आन मान की रक्षा करने का वचन देता है। और सदा उसके सुख दुख मे शामिल होने का वादा करता है। रक्षाबंधन के दिन हर घरों मे रक्षाबंधन से संबंधित गानों का बजना शुरू हो जाता है जिसमे 'इसे समझो ना रेशम की तार भईया, इसमें बसता है बहना का प्यार भईया।' गाने बजते है जिसे सुनकर भाई और बहन प्रेम मगन हो जाते है। इतिहास पर नजर डाले तो रानी कर्मावती ने मुगल सम्राट हुमायूं के हाथ में रेशम की राखी का पवित्र बंधन बांध कर उन्हे अपना भाई बनाया। मुगल सम्राट ने अपने बहन की रक्षा के लिए अपनी सेना ले रानी कर्मावती के शत्रुओं का मुकाबला कर अपने बहन की लाज रखी थी। ऐसे अनेक कथाएं हमारे शास्त्रों, पुराणों में वर्णित है।

रक्षाबंधन पर्व को लेकर बहनों में खासा उत्साह दिखाई दिया। इसके पूर्व देवी-देवताओं को राखी बांधने की परंपरा का भी बखूबी निर्वहन किया गया। सबसे पहले सुबह आराध्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की गई। उसके बाद रक्षाबंधन की रस्मों को निभाया गया। पुराणों के अनुसार द्वापर युग में राजसूय यज्ञ के दौरान द्रौपदी ने श्रीकृष्ण की कलाई पर रक्षासूत्र बांधा था। तभी से इस पर्व की शुरुआत हुई थी। हिंदू समाज में इस पर्व के महत्व के कारण ही रानी कर्णावती ने अपनी रक्षा के लिए दिल्ली के सुल्तान हुमायूं के पास राखी भेजकर अपनी रक्षा की गुहार लगाई थी।

सेवरही पुलिस ने पकड़ी 2.8 किग्रा अवैध चरस, दो तस्कर गिरफ्तार



अवधनामा ब्यूरो

कुशीनगर। सेवरही पुलिस ने दो तस्करों को अवैध चरस के साथ बिंटोलिया शिवाघाट तिराहे पर वाहन चेकिंग के दौरान दबोच लिया। पुलिस तस्करों के पास से दो बाईकों से ले जा रहे 2.8 किग्रा चरस के साथ दो को गिरफ्तार कर लिया। बताया जा रहा है कि बरामद चरस की कीमत वाहन सहित 31 लाख रुपए है।

अवैध मादक द्रव्य पदार्थों की निष्कर्षण/ परिवहन/ तस्करी के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को थाना सेवरही पुलिस द्वारा बिनटोलिया शिवाघाट तिराहा कस्बा सेवरही के पास से चेंकिग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान 2.800 किग्रा अवैध चरस व दो मोटरसाइकिल (वाहन सहित कुल कीमत लगभग 31 लाख रुपये) के साथ दो अभियुक्तों दीपक निषाद पुत्र प्रेम निषाद निवासी भुआल पट्टी थाना ठकरहा जनपद पश्चिमी चम्पारण बिहार व हरेश निषाद पुत्र जोगिन्द्र निषाद निवासी भुआल पट्टी थाना ठकरहा जनपद पश्चिमी चम्पारण बिहार को गिरफ्तार जेल भेज दिया।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह थाना सेवरही, चौकी प्रभारी कस्बा दीपक सिंह, कमलेश यादव, दिलीप चौरसिया व विकास यादव शामिल रहे।

बहनों ने भाइयों की कलाई पर राखी बांध कर मांगी लंबी उम्र की दुआ

अमेठी अवधनामा संवाददाता। जनपद में भाई और बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार पारंपरिक तरीके से हर्षोल्लास के साथ गुरुवार को मनाया गया। बहनों ने अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधकर लंबी उम्र की दुआ मांगी। सुबह निर्धारित मुहूर्त में अपने भाइयों की कलाई में राखी बांधने के लिए बहनें पहुंची भाइयो के माथे पर टीका लगाकर आरती उतारकर कलाई में राखी बांधी और ईश्वर से उनकी लंबी उम्र की कामना की। वहीं भाइयों ने बहनों को रक्षा का वचन देते हुए उन्हें उपहार भेंट किया। भाई-बहन के पवित्र प्रेम का प्रतीक यह पर्व जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया। बुधवार को दिन में भद्रा होने के कारण देर शाम से शुरू हुआ रक्षाबंधन गुरुवार को सुबह निर्धारित मुहूर्त तक राखी बांधने का कार्यक्रम चलता रहा। प्रशासन इस बीच काफी सजग रहा दिनभर प्रशासन की गाड़ियां सड़कों पर भ्रमणशील रही। बुधवार को शाम से ही सड़कों पर वाहन फर्राटे भरते रहे। गुरुवार को भोर से ही लोगों का आवागमन शुरू हो गया। कारण की सुबह कम समय तक ही रक्षाबंधन का मुहूर्त रहा। वहीं बाजारों में बुधवार को भारी भीड़ रही जमकर राखी और मिठाई की खरीददारी हुई। समाचार लिखे जाने तक पर्व शांतिपूर्ण और सद्भाव से मनाया गया कहीं किसी अप्रिय घटना के समाचार नहीं मिले।

विकास कार्यों में धांधली की शिकायत पर चकिया में जांच करने पहुंची लखनऊ की टीम

राज्य वित्त व मनरेगा द्वारा कराए गए कार्यों का किया स्थलीय निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

बोदरवार, कुशीनगर। कुशीनगर कसया विधायक पीएन पाठक की शिकायत पर मनरेगा व वित्त के कार्यो में बरती गई अनियमितता के आरोप की जांच के लिए शासन की ओर से गठित टीम ने शुक्रवार को विकास खण्ड कसानगंज में पहुंचकर अभिलेखीय जांच की।

- कुशीनगर विधायक के शिकायत पर चकिया गांव में विकास कार्यों की हो रही जांच

कसानगंज के चकिया गांव में जांच करती टीम

टीम ने मनरेगा तथा राजवित्त से कराए गए कार्यों के कुछ जगहों का स्थलीय सत्यापन किया। गांव में जहां अनियमितता बरती गई टीम वहां नहीं पहुंची। पूरा प्रकरण कसया विधायक पीएन पाठक की शिकायत पर ग्रामीण विकास मंत्रालय लखनऊ तक पहुंचा। शासन ने उपायुक्त प्रशासन के नेतृत्व में बीते दिनों तीन सदस्यी टीम गठित की थी। अपर आयुक्त प्रशासन नन्दलाल सिंह की अध्यक्षता वाली जांच टीम में उपायुक्त दिनेश कुमार यादव डीसी मनरेगा राकेश कुमार शामिल रहे हैं। शुक्रवार को दोपहर के करीब लखनऊ से जांच टीम सबसे पहले चकिया गांव में ड्रेन की पटरी निर्माण स्थल पर पहुंची। टीम ट्रेन में पानी भरा होने के कारण नीचे नहीं उतर सकी। विधायक ने दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि मनरेगा के औसत को दरकिनार करते हुए लक्ष्य से अधिक स्वीकृति दी गई है इसके अलावा जाब कार्ड व पक्का निर्माण में भ्रष्टाचार सहित छः बिंदुओं की शिकायत कर विकास खंड में निर्माण कार्य में मानक की अनदेखी का भी आरोप लगाया गया है।

जांच टीम में शामिल डीसी मनरेगा ने बताया बाढ़ खंड गोरखपुर द्वारा विकासखंड कसानगंज को चकिया गांव में ड्रेन के बंधे पर पटरी निर्माण के लिए एनओसी दिया गया है। इसके अनुरूप रणजीत सिंह के खेत से 1100 मीटर ड्रेन की दाहिनी पटरी पर मनरेगा योजना अंतर्गत क्षेत्र पंचायत से रास्ता निर्माण किया गया है। जिस पर लगभग 3.76 लाख की लागत आई है।

बाढ़ खण्ड से ड्रेन में क्या कार्य किया गया है जानकारी के लिए अधिशासी अभियन्ता बाढ़ खण्ड गोरखपुर को पत्र भेजा जा रहा है। अपर आयुक्त प्रशासन लखनऊ नंदलाल सिंह ने बताया शासन के निर्देश पर विकासखंड में हुए विकास कार्यों की अभिलेखीय जांच के अलावा चकिया गांव में ड्रेन के बाढ़ खंड तथा विकासखंड द्वारा अलग-अलग कराए गए कार्य का स्थलीय तथा भौतिक सत्यापन किया गया है। रिपोर्ट शासन को भेजा जा रहा है। इस दौरान बीडीओ प्रवीण कुमार शुक्ल कसया विधायक प्रतिनिधि आरपी सिंह पूर्व प्रधान श्रीनिवास गुप्त आदि मौजूद रहे हैं।

रेलवे ट्रेक से सटे मिली युवक की लाश, जांच में जुटी पुलिस

खड्डा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता। गोरखपुर-नरकटियागंज रेलखंड के खड्डा व गुरली रामगढ़वा स्टेशन के बीच खड्डा थाना क्षेत्र के बंजारी पट्टी अंडरपास के समीप शुक्रवार की सुबह रेलवे ट्रैक से सटे एक युवक की लाश मिली है। सूचना पर पहुंची खड्डा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार खड्डा थाना क्षेत्र के बंजारी पट्टी नहर पुल के अंडरपास के समीप ट्रैक पर नीला पैंट पहने व शरीर पर अन्य कोई कपड़ा नहीं पहने एक 34 वर्षीय युवक का शव देख लोगों ने शोर मचाया तो सनसनी मच गई और मौके पर भीड़ जुट गई। किसी ने खड्डा पुलिस को सूचना दी तो एसआई जियेलाल कन्नौजिया, सिपाही शैलेश घटनास्थल पर पहुंच शिनाख्त सहित अन्य कार्रवाई में जुट गए। पुलिस के अनुसार ट्रेन से गिरकर या ट्रेन से धक्का लगने से मौत होने की संभावना जताई जा रही है।

आरपीएफ कसानगंज के जवान कमलेश पाण्डेय भी मौके पर पहुंच जांच पड़ताल में जुट गए। खड्डा पुलिस शव को कब्जे में लेकर युवक की पहचान कराने के साथ ही पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खड्डा थाने के एस आई जियेलाल कन्नौजिया ने बताया कि युवक देखने से मानसिक रोगी लग रहा है। शरीर पर एक नीले कलर का पैंट पहने हुए हैं, चेहरे पर थोड़ी दाड़ी है। मृतक के शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 12 को

अमेठी। नगर स्थित अंतू रोड के ओम नगर में शुक्रवार अपरान्ह 3 बजे अवधी साहित्य संस्थान की एक विशेष बैठक संस्थान के अध्यक्ष डॉ अर्जुन पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में 12 सितंबर को संस्थान के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सूफी संत मलिक मोहम्मद जायसी के समाधि स्थल पर आयोजित होने वाले कवि सम्मेलन एवं सम्मान समारोह पर व्यापक विचार विमर्श हुआ। संस्थान के नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। इसके अलावा बैठक में यह निर्णय हुआ कि प्रत्येक माह के अंतिम रविवार को संस्थान की मासिक बैठक एवं कवि गोष्ठी का आयोजन निरंतर होता रहेगा।अन्य बिंदुओं पर भी विचार विमर्श किया गया जिसमें साहित्यकारों की पांडुलिपियों संकलित कर उन्हें प्रकाशित करने का निर्णय हुआ।

राजकीय बाल गृह देवरिया में आवासित बच्चों के समग्र विकास हेतु निरीक्षण कर हुई आवश्यक बैठक, दिये गये आवश्यक निर्देश

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के अध्यक्षता में राजकीय बाल गृह देवरिया में आवासित बच्चों के समग्र विकास हेतु निरीक्षण कर बैठक आहूत की गयी।

उक्त बैठक में मा0 जनपद न्यायाधीश देवरिया के द्वारा गठित जनपद स्तरीय समिति के द्वारा राजकीय बाल गृह में योगा, क्रीडा,रंगमंच, चित्रकारी, बागवानी, संगीत, व्यवसायिक कार्यक्रम, सुरक्षा, आहार, स्वास्थ्य, इत्यादि बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। समिति के द्वारा राजकीय बाल गृह के अध्ययन कक्ष, शयन कक्ष, भोजनालय, विश्राम कक्ष, प्रसाधन गृह, का निरीक्षण कर साफ-सफाई हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री अशोक कुमार दूबें ने कहा कि मा0 उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा बालगृह में आवासित बच्चों के समग्र विकास हेतु दिये गये निर्देशों के अनुपालन में लापरवाही क्षम्य नही होगी। उन्होने संस्था के सुरक्षा व्यवस्था व रंगमंच के माध्यम से बच्चों के अन्दर आत्मविश्वास उत्पन्न करने, चित्रकला के द्वारा बच्चो के अन्दर रचनात्मक व क्रियात्मक विकास करने, हेतु व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा व्यवस्थाओं को व्यवस्थित रूप से क्रियान्वयन करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। मुख्य विकास अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार के द्वारा बच्चो हेतु पौष्टिक भोजन, बिस्तर, वस्त्र तथा मूल-भूत आवश्यकताओं की उपलब्धता का आकलन किया गया। उन्होने कौशल विकास योजना के माध्यम से बच्चो के अन्दर रोजगारपरक कौशल विकसित करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। अपर सिविल जज (जू0डी0) श्री सिद्दी जय प्रकाश के द्वारा बच्चों के अन्दर मानसिक एवं शारीरिक विकास हेतु योगा एवं ध्यान की शिक्षा निरन्तर देने हेतु निर्देशित किया गया। अपर सिविल जज (जू0डी0) श्री विकास वर्मा के द्वारा बच्चों के स्वास्थ हेतु निरन्तर परीक्षण कर उनमें उत्पन्न शारीरिक विकारों को दूर करने के लिए निदेशित किया गया।

डीएम और एसपी ने अधिवक्ताओं के साथ की बैठक

अमेठी अवधनामा संवाददाता। जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक डा इलामारन जी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में न्यायिक प्रक्रिया को पारदर्शी बनाये रखने के दृष्टिगत अधिवक्ताओं के साथ कानून व्यवस्था को लेकर बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा की अधिवक्ता न्यायिक प्रक्रिया के एक महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने बैठक में अधिवक्ताओं से अनुरोध करते हुए कहा कि न्यायिक प्रक्रिया अथवा उनके कार्य क्षेत्र में यदि उन्हें किसी प्रकार की समस्या आती है तो वह प्रशासन को अवगत करायें जिसका ससमय निस्तारण कराया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवम राजस्व अर्पित गुप्ता अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अंजलि सिंह जिला बार एसोसिएशन एवं सेंट्रल बार एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

सप्तर्षि पूजन कर किया लोक कल्याण की कामना

अमेठी अवधनामा संवाददाता। नगर स्थित चाणक्यपुरी मोहल्ले में साधना फाउंडेशन की ओर से श्रावण पूर्णिमा पर सप्तर्षि पूजन का आयोजन कर लोक कल्याण की कामना की गई। फाउंडेशन की सचिव साधना त्रिपाठी ने अपने सहयोगियों के साथ तुलसी और केले का पौधा लगाकर सप्तर्षि का चित्र रखकर विधि विधान से पूजन अर्चन किया। उन्होंने बताया कि श्रावण पूर्णिमा पर सप्तऋषि पूजन का विशेष महत्व है। लोक कल्याण और राष्ट्र की समृद्धि की कामना से उन्होंने तुलसी और केले के पौधों का रोपण किया और सप्तर्षि का पूजन किया। सुनील त्रिपाठी ने बताया साधना फाउंडेशन लोक कल्याणकारी कार्यों के लिए विविध आयोजन करने को तत्पर है। फाउंडेशन ने लोगों में भारतीय संस्कृति की चेतना जगाने और वैदिक परंपरा के अनुरूप कार्य करने के लिए जन जागरण अभियान चलाने का संकल्प लिया है। पिछले वर्ष वृक्षों की पूजा के साथ वृक्ष मित्र बनाने का अभियान भी फाउंडेशन की ओर से शुरू किया गया है।

भठवा तिवारी के लाल ने पीसीएस-जे में फहराया परचम

देवरिया अवधनामा संवाददाता। क्षेत्र के भठवा तिवारी निवासी स्वर्गीय दयाशंकर तिवारी के पौत्र कमलकांत तिवारी ने निकले यूपी पीसीएस जे के परीक्षा परिणाम में 28वां रैंक प्राप्त करके जनपद व गांव का नाम रोशन किया है। कमल कांत तिवारी के पिता शैलेश तिवारी मुन्नू डाक विभाग लखनऊ में कार्यरत हैं। पहले ही प्रयास में कमलकांत ने यह सफलता हासिल की है। उनके इस उपलब्धि से गांव वासी उत्साहित हैं। कमलकांत की प्रारंभिक शिक्षा हाई स्कूल व इंटरमीडिएट लखनऊ पब्लिक स्कूल राजाजीपुरम से हुई है। जबकि लखनऊ विश्वविद्यालय से एल एल बी तो वही वाराणसी बी एच यू से एल एल एम की शिक्षा ग्रहण किए हैं। लखनऊ में प्रबुद्ध आईएएस कोचिंग सेंटर से तैयारी कर रहे थे। कमलकांत ने अपनी सफलता के लिए गुरुजन वृन्द सहित अपने माता पिता को श्रेय दिया है।उनके इस सफलता पर शांभवी पीठाधीश्वर आनंद स्वरूप ,सांसद रविंद्र कुशवाहा, विधायक सभाकुवंर कुशवाहा, पूर्व विधायक डॉ आशुतोष उपाध्याय, पूर्व जिला जज अशोक कुमार सिंह कुशवाहा, भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री हरिचरण सिंह कुशवाहा, राजकुमार शाही, अजय कुमार दुबे, डॉ अरविंद सहाय, डॉ पंकज उपाध्याय, सुलह अधिकारी चंद्रचूड़ तिवारी, छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष मार्कंडेय सिंह ,सुरेश तिवारी, सुरेन्द्र सिंह टुनटुन, आनंद पियूष उपाध्याय, शिक्षक नेता सिद्धेश्वर तिवारी, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि टिंकू तिवारी, अधिवक्ता अचल कुमार तिवारी, कमलेश तिवारी चुन्नू, बार संघ के पूर्व अध्यक्ष श्री राम तिवारी ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

डीएम की अध्यक्षता में आयोजित किया जाएगा चौपाल कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में 02 सितंबर को अपराह्न 03 बजे से विकास खण्ड रुद्रपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत रामचक में चौपाल कार्यक्रम आयोजित है। मुख्य विकास अधिकारी रवींद्र कुमार ने यह जानकारी देते हुए समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों, उप जिलाधिकारी रुद्रपुर, क्षेत्राधिकारी रुद्रपुर एवं खंड विकास अधिकारी रुद्रपुर को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है। उन्होंने निर्देशित किया है कि वे अपने अपने विभागीय कार्यक्रमों का आयोजन जनसामान्य के लिये किये जाने हेतु स्टाल लगाये जाने एवं अपने-अपने विभागीय योजनाओं से संबंधित जनसामान्य को जानकारी देना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि लिखित रूप से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर तत्काल अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया है कि रामचक में जन आरोग्य मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आमजन का स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान कार्ड का वितरण आदि की व्यवस्था, सभी प्रकार के ऋण वितरण की व्यवस्था, कृषि संयंत्रों के वितरण की व्यवस्था तथा कृषि फसल बीमा के सम्बन्ध में कृषकों को जानकारी दिये जायेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना / मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ शौचालय, स्वच्छ पेयजल, तथा जनसामान्य को उपलब्ध कराए जाने वाले अन्य कल्याणकारी कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। विधवा पेंशन / वृद्धावस्था पेंशन / विकलॉग पेंशन के कैम्प, खाद्य सुरक्षा के अन्तर्गत पात्र परिवारों को राशन कार्ड तथा खाद्य सामग्री का वितरण, गरीब बालिकाओं के विवाह हेतु संचालित योजना का लाभ पात्र बालिकाओं को दिये जाने की व्यवस्था, धात्री महिलाओं व कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषाहार वितरण तथा कौशल विकास कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

हर घर की मिट्टी से स्थापित होगा अमृत वाटिका: अंतर्यामी

अवधनामा संवाददाता

- 8 से 13 सितम्बर तक हर घर तक जायेंगे भाजपाई

देवरिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश भर में मनाये जा रहे, आजादी के अमृत महोत्सव में हम सभी ने 15 अगस्त तक हर घर तिरंगा एवं तिरंगा यात्रा के कार्यक्रम अपने जनपद के सभी मण्डलों में सफलतापूर्वक संपन्न किए हैं। भारतीय जनता पार्टी, प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार मेरी माटी मेरा देश अभियान के अंतर्गत 8 से 13 सितंबर तक सभी ग्राम सभा एवं वार्डो में कार्यक्रम संपन्न करने है। उक्त बातें भाजपा जिलाध्यक्ष अन्तर्यामी सिंह औरा चौरी पार्टी कार्यालय पर आगामी अभियान हेतु जिला पदाधिकारियों, मण्डल अध्यक्षों, मण्डल प्रभारियों और मोर्चो के अध्यक्षों की बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा। उन्होंने कहा कि 8 से 13 सितम्बर तक गांवों में हर घर से मिट्टी तथा नगरों में हर घर से एक चुटकी चावल संग्रह करना है, जिसे एक कलश में भरा जाएगा। प्रत्येक गांव और वार्ड में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका बनाना है। ग्राम एवं वार्ड के सरकारी विद्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का शिलाफलकम लगवाना है तथा पंच प्रण की प्रतिज्ञा का सामूहिक कार्यक्रम करना। इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिये 2 या 3 सितम्बर को मण्डल की बैठक करनी है।मंडल की बैठक में ही सभी ग्राम सभाओं एवं नगरी क्षेत्र के वार्डों की बैठक 5-6 सितंबर को तय करनी है,जिसमें ग्राम सभा या वार्ड स्तर पर एक संयोजक एवं दो सहसंयोजक बनाने हैं।बैठक में ग्राम सभा या वार्ड में होने वाले सभी कार्यक्रमों को विधिवत चर्चा करके रूपरेखा तैयार कर लेना है। वाटिका के स्थान देखना और चिन्हित करना है तथा ग्राम सभा या वार्ड में शिलाफलक लगने वाले सरकारी स्कूल का निर्धारण एवं निरीक्षण करना है तथा ग्राम सभा या वार्ड में शहीद स्थल है तो उसका निरीक्षण करके सफाई इत्यादि की योजना बनाना।13 से 13 अक्टूबर के बीच ब्लाक स्तर पर देश भक्ति से परिपूर्ण बड़ा कार्यक्रम करने के बाद यह कलश लखनऊ तथा वहा से दिल्ली जायेगा।जिसकी मिट्टी से स्वतंत्रता आंदोलन के शहीदों की स्मृति में अमृत वाटिका की स्थापना प्रधानमंत्री मोदी के हाथों होगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ब्लाक कार्यक्रम संचालन समिति एवं नगरीय क्षेत्र में नगर स्तरीय नगर पालिका/नगर पंचायत कार्यक्रम संचालन समिति का गठन करना है।ब्लॉक कार्यक्रम संचालन समिति में मंडल प्रभारी, मंडल अध्यक्ष, ब्लॉक में निवास करने वाले जिला पदाधिकारी, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत सदस्य एवं पांच युवा मोर्चा कार्यकर्ता तथा नगरी कार्यक्रम संचालन समिति नगर प्रभारी,नगर अध्यक्ष, मेयर, नगर पालिका/नगर पंचायत अध्यक्ष, सभी नगर महामंत्री एवं पाँच युवा मोर्चा कार्यकर्ता रहेंगे। इस दौरान प्रमोद शाही, श्रीनिवास मणि, गंगा कुशवाहा, अजय शाही,अजय कुमार दूबे, संजय सिंह एडवोकेट, राजेश कुमार मिश्रा, उषा पासवान, शिवकुमार राजभर, अरविन्द पाण्डेय, महेश मणि, निर्मला गौतम, हेमन्त मिश्रा, अम्बिकेश पाण्डेय, कृष्णानाथ राय, दुर्गेश पाण्डेय, रामदास मिश्रा, नवीन सिंह, धनुषधारी मणि, उग्रसेन राव, संजय पाण्डेय, बृजेश गुप्ता, अरविन्द चौहान, जितेन्द्र सिंह, शुभम मणि, शिवेश पाण्डेय, मारकंडेय गिरी आदि रहे।

सलेमगढ़ में देशी शराब की दुकान के पास मृतक अवस्था में मिला युवक

कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो। तरयासुजान थाना क्षेत्र के सलेमगढ़ बारी मार्केट में शुक्रवार को एक 35 वर्षीय युवक अचेत अवस्था में मिला। स्थानीय लोगो ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची बहादुरपुर पुलिस ने उसे त्वरित इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तमकुहीराज पहुंचाया जहां डाक्टरों की टीम ने युवक को मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को दोपहर बहादुरपुर पुलिस चौकी प्रभारी विनय कुमार मिश्र को सलेमगढ बारी मार्केट से यह सूचना मिली कि देशी शराब की दुकान के पास एक युवक अचेत अवस्था में पड़ा है। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी बहादुरपुर विनय कुमार मिश्र, उप निरक्षक गौरव श्रीवास्तव, आरक्षी आनंद कुमार राय, आरक्षी बाबूराम सिंह, आरक्षी विलास यादव को साथ लेकर मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने बिना देर किए उक्त युवक को सरकारी अस्पताल तमकुही ले गए, जहा चिकत्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हाउस भेज कर विधिक कार्यवाही में जुटी है। चौकी प्रभारी बहादुरपुर विनय कुमार मिश्र ने बताया की बड़ी मशक्कत के बाद मृतक की पहचान कर ली गई है, मृतक की पहचान राजेश सिंह पुत्र विरेन्द्र सिंह निवासी परसौनी क्षेम टोला नरकटिया थाना चकिया, जिला पूर्वी चंपारण (बिहार) के रूप में हुई है। परिजनों को जरिए दूरभाष सूचित किया गया है, परिजन पहुंच रहे है। मृत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा, तबतक पुलिस आगे की कार्यवाही में जुटी हुई है।

गणित किट बढ़ाएगी बच्चों में गणित विषय के प्रति आकर्षण: उदयराज

प्राइमरी स्कूलों में पढ़ा रहे शिक्षकों का डायट पयागपुर में प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जनपद के परिषदीय विद्यालयों में गणित किट के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्राथमिक स्तर के शिक्षकों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण के तहत जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) पयागपुर में संचालित किया जा रहा है। जिले के सभी विकास खण्डों से प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय से एक शिक्षक को किट के प्रभावी उपयोग की जानकारी हो इस उद्देश्य से प्रशिक्षण का बैचवार कार्यक्रम जारी कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

प्रथम बैच के समापन समारोह में सभागार में मौजूद शिक्षकों से उप शिक्षा निदेशक उदयराज ने प्रमाण पत्र वितरित किये, तथा शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण के बाद शिक्षकों में छात्रों को गणित विषय रोचकतापूर्ण ढंग से पढ़ाने की समझ बनेगी। शिक्षक शिक्षण कार्य में गणित किट का भरपूर प्रयोग करें। गणित किट के माध्यम से बच्चे आकृति संख्या, गणना प्रबंधन, आदि विषयवस्तु को ठीक तरह से सीख सकेंगे। उन्होंने कहा कि एनसीईआरटी की ओर से सभी परिषदीय विद्यालयों में गणित किट उपलब्ध कराई गई है। गणित विषय में बच्चों की समझ विकसित करने के लिए गणित किट कारगर साबित होगी। प्रायः निरीक्षण के दौरान यह संज्ञान में आता है कि शिक्षक गणित किट का प्रयोग नहीं करते जो उचित नहीं है। वरिष्ठ प्रवक्ता सूर्यभान ने कहा कि गणित किट में छात्रों के लिए मापन संख्या प्रक्रिया, आकृति ज्ञान, स्थानीय मान आदि अवधारणा विकसित करने के लिए भरपूर सामग्री है जिसका लाभ छात्रों को शिक्षण के दौरान दिया जा सकेगा। प्रशिक्षण सत्रों का संचालन नोडल प्रवक्ता संगीता ने किया। संदर्भदाता प्रशिक्षक के रूप में एआरपी आशीष श्रीवास्तव, अरविंद शुक्ल व पवन कुमार शुक्ल की ओर से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। कुल 4 चरणों में संपन्न कराए जाने वाले इस प्रशिक्षण के पहले चरण में जरवल, पयागपुर, कैसरगंज, हुजूरपुर, फखरपुर, विशेश्वरगंज ब्लॉक के कुल 213 प्राथमिक शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता गोविंद किशोर, दशरथ, रामपाल, आशीष कुमार आदि उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त होने वाले पुलिस कर्मियों की पुलिस लाइन में हुई विदाई

अवधनामा संवाददाता

बहराइच। जनपद में आज पुलिस लाइन के सभागार में पुलिस विभाग में सेवा देने वाले पुलिसकर्मियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया।अपनी सम्पूर्ण सेवा काल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत उप निरीक्षक विरेन्द्र सिंह उप निरीक्षक हरिनाथ व मुख्य आरिक्षी प्रेम नारायण दुबेको इस अवसर पर पुलिस लाइन सभागार पर विदाई समारोह करके सम्मानित किया गया किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक बहराइच प्रशान्त वर्मा के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक सुरेश पाल सिंह द्वारा पुलिस कर्मियों को फूल माला पहनाकर शाल उढ़ाकर एवं उपहार स्वरूप भगवत गीता भेंट कर विदा किया गया एवं उनके अग्रिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी। इस समारोह में अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

जिला अस्पताल/मेडिकल कालेज में भर्ती मरीजों व तीमारदारों के बीच बांटा भोजन

अवधनामा संवाददाता

सुल्तानपुर। ज़िले के अग्रणी सामाजिक संगठन राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रम में सप्ताह के प्रत्येक बृहस्पतिवार को स्वशाषी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एव जिला चिकित्सालय और जिला महिला अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजो और उनकी देख रेख कर रहे तीमारदारों को मुफ़्त भोजन वितरण कार्य का सिलसिला लगातार जारी है। देर शाम गुरुवार को राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन में अरहर की दाल सब्जी, रोटी ,चावल की 350 लाभार्थियों को मुफ़्त भोजन की थाली वितरित की गई। जिला पंचायत सदस्य जाफर खान व अन्य भोजन की थाली देकर शुभारंभ किया। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ मार्गदर्शक ने बताया कि इस मंहगाई के दौर में जहाँ एक ओर वस्तुओं के दर महंगे मिल रहे आपस मे बजट एकत्रित करके इस पुनीत कार्य को किया जा रहा है तो वही दूसरी ओर उमस भरी गर्मी में चूल्हा पर 300 से 400 लोगो के लिए भोजन बनाने में परेशानी तो होती है किन्तु सगठन के साथियों की मेहनत भी क़ाबिले तारीफ है उनमें सब कुछ न्योक्षावर करने का गजब का उत्साह है । जरूरतमन्दों निरश्रितो के मदद के लिए निःस्वार्थ सेवा -भाव ही है कि युवा कार्यकर्ता 25 किलोमीटर दूर से रात में भोजन वितरण करने में सहयोग करते है। देर रात को अपने घर जाते है। सहयोगियों में प्रदीप श्रीवास्तव ,मुहम्मद मुज्तबा अंसारी, राजमणि यादव, राशिद वर्दी मास्टर, माता प्रसाद जायसवाल, जितेंद्र मौर्य, राशिद खान, अमानत खान, इस्लाम खान पप्पू, शराफत खान , सद्दाम खान इत्यादि का प्रमुख सहयोग रहा।

संस्कृत ही भारत का वैभव एवं आत्मा भी है: डॉ. रामचन्द्र

अवधनामा संवाददाता

महरौनी (ललितपुर)। विश्व में ज्ञान विज्ञान की पहली किरण भारत भूमि पर प्रकट हुई थी। भारतवर्ष का संपूर्ण साहित्य, वाङ्मय, दर्शन एवं चिंतन संस्कृत भाषा में ही सन्निकट है। चारों वेद, ब्राह्मण, दर्शन, उपनिषद एवं अन्य सभी शास्त्रों को जानने के लिए संस्कृत का ज्ञान अनिवार्य है। संस्कृत भारत की प्रतिष्ठा है और संस्कृत ही भारत का वैभव एवं आत्मा भी है। संस्कृत के ज्ञान के बिना कोई भी व्यक्ति भारत की परंपरा एवं इतिहास को नहीं जान सकता। यह विचार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आईआईएचएस संस्थान के संस्कृत विभाग के अध्यक्ष डॉ रामचन्द्र ने संस्कृत दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित भारत को समझो अभियान एवं आर्यों के महाकुंभ आर्य समाज महरौनी वेविनार में मुख्य वक्ता के रूप में कहे। उन्होंने कहां की संपूर्ण समाज को स्वस्थ एवं उल्लसित बनाने का विधि विधान शास्त्रों में प्राप्त होता है। अथर्ववेद ने कहा है कि प्रत्येक मनुष्य को परस्पर इस प्रकार से प्रेम करना चाहिए जैसे मां अपने नवजात वत्स से करती है। वेदों में भूमि को माँ कहा गया है और मनुष्य को उसका पुत्र। डॉ. रामचन्द्र ने चंद्रयान- 3 के सफल मिशन को नेतृत्व प्रदान करने वाले इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ को उद्धृत करते हुए कहा कि वर्तमान समय की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी नई तकनीकी को समझने के लिए भी संस्कृत अत्यंत सहायक है। पर संस्कृत को केवल तकनीकी तक सीमित करना उचित नहीं होगा। संस्कृत का श्रवण करना एवं संस्कृत के श्लोक और मन्त्रों का पाठ करना भी व्यक्ति को सब प्रकार के तनाव से मुक्त कर देता है। उन्होंने बताया कि महाभारत में जीवन के व्यवहार के असंख्य मूल सूत्र व्याप्त हैं उन्हें पढ़कर व्यक्ति जीवन की समस्त कलाओं में निष्णात हो जाता है। चरक संहिता एवं सुश्रुत संहिता में आयुर्वेद का ऐसा सूक्ष्म ज्ञान है कि उसको जानने के बाद उन ऋषियों के प्रति व्यक्ति नतमस्तक हो जाता है। कौटिल्य का अर्थशास्त्र राजनीति एवं श्रेष्ठ समाज के निर्माण की संपूर्ण रूप रेखा प्रस्तुत करता है।

मूर्धन्य पत्रकार पं. बृजमोहन रिछारिया की पुण्यतिथि पर किया नमन

ललितपुर। सुपर मार्केट स्थित अमर शहीद गणेश शंकर विद्यार्थी पत्रकार भवन में मूर्धन्य पत्रकार स्व.पं.बृजमोहन रिछारिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन प्रेस क्लब (रजि.) अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित पत्रकारों ने प्रेस क्लब के संरक्षक सदस्य रहे कीर्तिशेष पं.बृजमोहन रिछारिया के चित्र सम्मुख पुष्पाजंलि अर्पित की। तदोपरान्त भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुये उन्हें याद करते हुये संस्मरणों को याद किया गया। इस अवसर पर संरक्षक मण्डल सदस्य सुरेन्द्र नारायण शर्मा, सरदार मंजीत सिंह सलूजा, संतोष शर्मा सहित प्रेस क्लब के सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचारों को रखते हुये श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस अवसर पर अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, महामंत्री अंतिम जैन पारौल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, कोषाध्यक्ष रमेश रायकवार, अजय बरया, अमित सोनी, भरत रावत, बृजेश पंथ, प्रमोद झां, शिब्बू राठौर, प्रदीप रिछारिया, कृष्णकांत सोनी, अनूप नांगल, निहाल सेन, अंशुल रिछारिया, शिवम राठौर, शत्रुघन शुक्ल, राममूर्ति तिवारी, सूरज सिंह राजपूत, घनश्यामदास सेन, अनंत सराफ, शैलेष जैन पिन्टू, भगवत नारायण श्रोती, सुनील जैन, अजय जैन अज्जू, मनीष जैन फोटो, अभिषेक जैन पुच्ची, अजय प्रताप सिंह तोमर, आकाश ताम्रकार, शुभम पस्तोर खड़ेरा, राहुल साहू खिरिया, सुमित रैकवार, मनीष सोनी आदि मौजूद रहे।

संक्षिप्त समाचार

जिलाधिकारी ने कार्यालय में सुनी जन समस्याएं

सुलतानपुर। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में जनता दर्शन में आये हुए जन सामान्य की समस्याओं/ शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका समय से निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने जनता दर्शन में प्राप्त प्रार्थना पत्रो को संबंधित अधिकारियों को निस्तारण हेतु प्रेषण करने के निर्देश उपस्थित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि संबंधित अधिकारी प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें, ताकि लोगों का ज्यादा से ज्यादा भला हो सके। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पंकज सिंह, एसडीएम शिव प्रसाद सहित जनता दर्शन में आए हुए फरियादीगण उपस्थित रहे।

आगामी त्यौहार रक्षाबंधन/ चेहलुम/ जन्माष्टमी के दृष्टिगत पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

सुल्तानपुर। जनपद में शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा समस्त थानाक्षेत्र अंतर्गत बाजारों व मुख्य चौराहों पर पर्याप्त पुलिस बल के साथ पैदल गस्त कर आमजन को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया गया। जनपद में शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विपुल कुमार श्रीवास्तव द्वारा तथा जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों द्वारा आमजनमानस में विश्वास एवं सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पर्याप्त पुलिस बल के साथ अपने- अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त/भ्रमण करते हुए वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों, युवाओं, दुकानदारों से मुलाकात कर वार्ता की गयी तथा आमजनमानस से संवाद स्थापित कर आपस में प्रेम, सौहर्द बनाए रखने हेतु व अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई।

सरयू एक्सप्रेस ट्रेन में गंभीर घायल मिली महिला आरक्षी का चल रहा है इलाज

सुल्तानपुर/अयोध्या। अयोध्या जनपद में सुल्तानपुर की महिला आरक्षी के साथ जो घटना हुई थी, बहुत ही निंदनीय है। महिला सिपाही अभी जिंदगी और मौत के बीच केजीएमयू में जूझ रही है।प्रभु उसकी रक्षा करें,अयोध्या जनपद से कुछ गलत न्यूज़ आ गई थी कि वह अब इस दुनिया में नहीं है। लेकिन पुलिस विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वह अभी जीवित है, हम सभी जनपद वासी महिला पुलिस के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हैं।बीते 56 घंटे,अपनी ही विभागीय सहकर्मी से दरिंदगी प्रकरण में पुलिस जांच- नतीजा शून्य है।

निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कालेज का किया निरीक्षण

सुलतानपुर। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा नव निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कालेज दूबेपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एकेडमिक ब्लॉक, बॉयज हॉस्टल, गर्ल्स हॉस्टल, प्रधानाचार्य कक्ष, डाइनिंग ब्लॉक, मल्टीपरपज हॉल, ऑटोप्सी, बाउण्ड्रीवाल का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्था को निर्देशित करते हुए कहा गया कि कार्य में प्रगति लाते हुए समयान्तर्गत कार्य पूर्ण करें और साथ ही साथ बिजली पानी, कनेक्शन सहित अन्य कार्य में अभी से प्रगति लाते हुए कार्य ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करायें। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि कार्य में प्रगति लाते हुए शेष निर्माण कार्य जल्द से जल्द गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराना सुनिश्चित करें। कार्यदायी संस्था के अधिशाषी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मेडिकल कालेज के भवन का लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है। फिनीशिंग का कार्य प्रगति पर है। सितम्बर, 2023 के मध्य तक कार्य पूर्ण कर लिया जायेगा। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित कार्यदायी संस्था से जानकारी प्राप्त की गयी। कार्यदायी संस्था द्वारा जिलाधिकारी को अवगत कराया गया कि अतिरिक्त श्रमिक लगाकर कार्य में प्रगति लायी जा रही है। उन्होंने बताया कि एकेडमिक ब्लॉक, बॉयज हॉस्टल, गर्ल्स हॉस्टल, और स्टाफ क्वार्टर का कार्य प्रगति पर है। राजकीय मेडिकल कालेज दूबेपुर की सम्पूर्ण भौतिक प्रगति लगभग 70.20 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को कार्य में प्रगति लाये जाने तथा कार्य को ससमय पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

ओशो फॉरेस्ट में वृक्ष रक्षा पर्व के रूप में मनाया गया रक्षाबंधन

प्रकृति के संरक्षण का दायित्व मानव समाज पर है: हरीश कपूर

अवधनामा संवाददाता

ललितपुर। गोविन्द सागर बांध ललितपुर की तलहटी में स्थित ओशो फॉरेस्ट के योग स्थल पर मॉर्निंग वॉक डैम ग्रुप ललितपुर के योग साधकों द्वारा वृक्ष रक्षा पर्व के अंतर्गत पेड़-पौधों को रक्षा सूत्र बांध कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने पेड़ों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्हें लगाने उनके संरक्षण पर बल दिया। वक्ताओं ने बताया कि बांध की तलहटी में जिसको चौड़ाई क्षेत्र के नाम से भी जाना जाता है इस क्षेत्र लगभग पांच हजार पेड़ लगे हुए हैं जिनमे विशेष रूप से आंवला, नीम, जामुन, बांस, कचनार, शीशम, खैर, बबूल, सफेदा, कंजी, छेवला, अर्जुन, आम, इमली, खजूर सहित अनेक पेड़ लगे हुए हैं एवं समय-समय पर लगाये भी जाते हैं जो हमें फल, फूल, औषधि, इमारती एवं जलाऊ लकड़ी के अलावा शुद्ध ऑक्सीजन देते हैं जो मानव जीवन सहित विभिन्न प्राणियों के लिए महत्वपूर्ण हैं। अधिसंख्य मात्रा में घने पेड लगे होने के कारण यहां का तापमान आबादी वाले क्षेत्र से लगभग 5 डिग्री कम रहता है। इस क्षेत्र में शहर के अनेक लोग मॉर्निंग वॉक पर आते हैं सुरम्य वातावरण में योगा आसान करके स्वास्थ्य लाभ लेतें है। इस अवसर पर बुविसे प्रमुख हरीश कपूर टीटू ने बताया कि बेशक यहां का प्राकृतिक वातावरण बहुत ही सुंदर है हरयाली हर किसी के मन और तन के लिए बहुत ही आकर्षित करती है फिर भी विभाग की उदासीनता के कारण कुछ असामाजिक तत्व अपनी स्वार्थ पूर्ति हेतु पेड़ों को काटकर अनावश्यक क्षति पहुँचाते रहते हैं। योग साधकों की जागरूकता से पेड़ -पौधों को बचाने का कार्य निरन्तर किया जा रहा है जिससे यहां की स्थिति सुधरी भी है।

कार्यालय ग्राम पंचायत राजपुर विकास खंड मोतीचक, जनपद कुशीनगर

पत्रांक/मेमो/निविदा/2023-24-25 दिनांक : 01.09.2023

-:: पूर्णकालिक निविदा आपूर्ति आमंत्रण ::-

कार्यालय ग्राम पंचायत राजपुर विकास खंड मोतीचक द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/15वा वित्त/पंचम वित्त/केंद्रीय वित्त/मनरेगा/ओडीएफ प्लस/SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के अंतर्गत सोक पिट, खाद्य गड्ढा, सामुदायिक कचरा पात्र, भस्मक, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र आदि वित्तीय वर्ष 2023-24/2024-25 में स्वीकृत हेतु प्रथम श्रेणी ईट, बालू सीमेंट, सरिया, मोरंग, इंटरलॉकिंग हयूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाईट, टाइल्स, लोकल सेंट बालू, पत्थर गिट्टी, एंगिल, फेसिंग, जाली, डस्टविन, विद्युत उपकरण, इंडिया मार्का हैंड पंप मरम्मत, रिबोर, पलंबर, फांगिग मशीन व रसायन, कुर्सी मेज, अलमारी, स्टेशनरी, साईनबोर्ड, शिलापट्ट, डेस्क, बेंच, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, वाल वायर ई- रिक्शा, आरसीसी सिटिंग बैंच, स्कूल डेस्क बेंच, इंटरलॉकिंग ईट, शर्मांश आदि सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 04-09-2023 को अपराह्न 12:00 बजे तक सामग्री हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय राजपुर के निविदा बाक्स में डाली जायेगी और उसी दिन अपराह्न 12.00 बजे ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर ली जायेंगी। धरोहर राशि मूल्य 5000 (पांच हजार रूपये) की होगी।

नियम व शर्तें : -

1. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वो आयकर दाता हो, प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीरेंस संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि और स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जायें वह जीएसटी, कार्टेज वह अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव, ग्राम पंचायत, ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है।
8. स्वीकृत दर पीडब्लूडी की स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक आदि के सगे संबंधित रिश्तेदारों आदि द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। उक्त आशय का नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप, एजेंसी होना अनिवार्य है। अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का जीएसटी बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान के पास सुरक्षित होगा।
13. स्वीकृत आपूर्ती को भुगतान तकनीकी सहायक, अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
14. धरोहर की राशि, नकद, राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफडीआर व एनआरसी डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बेदूपार के नाम से बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ता आदेश देने के 7 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति नहीं करने की दशा में धरोहर की राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रपत्र जिसका मूल्य एक सौ रूपये है, पर स्वीकार किया जायेगा।
17. सामग्री के आपूर्ति के संबंध में शर्त एवं अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
18. ग्राम पंचायत में पूर्व में प्रकाशित टेण्डर को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

धूपिया देवी
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- राजपुर
विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर

ब्रजेश कुमार गौंड
सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत- राजपुर
विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर

कार्यालय ग्राम पंचायत बरठा विकास खंड मोतीचक, जनपद कुशीनगर

पत्रांक/मेमो/निविदा/2023-24-25 दिनांक : 01.09.2023

-:: पूर्णकालिक निविदा आपूर्ति आमंत्रण ::-

कार्यालय ग्राम पंचायत बरठा विकास खंड मोतीचक द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/15वा वित्त/पंचम वित्त/केंद्रीय वित्त/मनरेगा/ओडीएफ प्लस/SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के अंतर्गत सोक पिट, खाद्य गड्ढा, सामुदायिक कचरा पात्र, भस्मक, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र आदि वित्तीय वर्ष 2023-24/2024-25 में स्वीकृत हेतु प्रथम श्रेणी ईट, बालू सीमेंट, सरिया, मोरंग, इंटरलॉकिंग हयूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाईट, टाइल्स, लोकल सेंट बालू, पत्थर गिट्टी, एंगिल, फेसिंग, जाली, डस्टविन, विद्युत उपकरण, इंडिया मार्का हैंड पंप मरम्मत, रिबोर, पलंबर, फांगिग मशीन व रसायन, कुर्सी मेज, अलमारी, स्टेशनरी, साईनबोर्ड, शिलापट्ट, डेस्क, बेंच, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, वाल वायर ई- रिक्शा, आरसीसी सिटिंग बैंच, स्कूल डेस्क बेंच, इंटरलॉकिंग ईट, शर्मांश आदि सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 04-09-2023 को अपराह्न 12:00 बजे तक सामग्री हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय बरठा के निविदा बाक्स में डाली जायेगी और उसी दिन अपराह्न 02.00 बजे ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर ली जायेंगी। धरोहर राशि मूल्य 5000 (पांच हजार रूपये) की होगी।

नियम व शर्तें : -

1. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वो आयकर दाता हो, प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीरेंस संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि और स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जायें वह जीएसटी, कार्टेज वह अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव, ग्राम पंचायत, ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है।
8. स्वीकृत दर पीडब्लूडी की स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक आदि के सगे संबंधित रिश्तेदारों आदि द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। उक्त आशय का नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप, एजेंसी होना अनिवार्य है। अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का जीएसटी बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान के पास सुरक्षित होगा।
13. स्वीकृत आपूर्ती को भुगतान तकनीकी सहायक, अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
14. धरोहर की राशि, नकद, राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफडीआर व एनआरसी डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बेदूपार के नाम से बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ता आदेश देने के 7 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति नहीं करने की दशा में धरोहर की राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रपत्र जिसका मूल्य एक सौ रूपये है, पर स्वीकार किया जायेगा।
17. सामग्री के आपूर्ति के संबंध में शर्त एवं अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
18. ग्राम पंचायत में पूर्व में प्रकाशित टेण्डर को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

बुन्ना प्रसाद कन्नौजिया
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- बरठा
विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर

ब्रजेश कुमार गौंड
सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत- बरठा
विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर

कार्यालय ग्राम पंचायत बड़हरा लक्ष्मीपुर विकास खंड मोतीचक, जनपद कुशीनगर

पत्रांक/मेमो/निविदा/2023-24-25 दिनांक : 01.09.2023

-:: पूर्णकालिक निविदा आपूर्ति आमंत्रण ::-

कार्यालय ग्राम पंचायत बड़हरा, लक्ष्मीपुर विकास खंड मोतीचक द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/15वा वित्त/पंचम वित्त/केंद्रीय वित्त/मनरेगा/ओडीएफ प्लस/SLWM/ स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 के अंतर्गत सोक पिट, खाद्य गड्ढा, सामुदायिक कचरा पात्र, भस्मक, एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र आदि वित्तीय वर्ष 2023-24/2024-25 में स्वीकृत हेतु प्रथम श्रेणी ईट, बालू सीमेंट, सरिया, मोरंग, इंटरलॉकिंग हयूम पाइप, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाईट, टाइल्स, लोकल सेंट बालू, पत्थर गिट्टी, एंगिल, फेसिंग, जाली, डस्टविन, विद्युत उपकरण, इंडिया मार्का हैंड पंप मरम्मत, रिबोर, पलंबर, फांगिग मशीन व रसायन, कुर्सी मेज, अलमारी, स्टेशनरी, साईनबोर्ड, शिलापट्ट, डेस्क, बेंच, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास, वाल वायर ई- रिक्शा, आरसीसी सिटिंग बैंच, स्कूल डेस्क बेंच, इंटरलॉकिंग ईट, शर्मांश आदि सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 04-09-2023 को अपराह्न 12:00 बजे तक सामग्री हेतु अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय बड़हरा, लक्ष्मीपुर के निविदा बाक्स में डाली जायेगी और उसी दिन अपराह्न 04.00 बजे ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी/कर्मचारियों के द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेन्डर खोला जायेगा तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कर ली जायेंगी। धरोहर राशि मूल्य 5000 (पांच हजार रूपये) की होगी।

नियम व शर्तें : -

1. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसे पंचायत द्वारा कराये जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जायेगा।
2. आपूर्तिकर्ता का जीएसटी में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वो आयकर दाता हो, प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है तथा तीन वर्ष का आयकर क्लीरेंस संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा आपूर्तिकर्ताओं की उपस्थिति में टेण्डर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि और स्वीकृत दर से निर्धारित कार्यस्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जायें वह जीएसटी, कार्टेज वह अन्य कर जोड़कर प्रस्तुत की जाये।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव, ग्राम पंचायत, ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जायेगी।
7. सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है।
8. स्वीकृत दर पीडब्लूडी की स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी।
9. आपूर्तिकर्ता को 2.24 प्रतिशत आयकर देना होगा।
10. ग्राम पंचायत में ग्राम प्रधान, सचिव, सदस्य बीडीसी, जिला पंचायत सदस्य, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक आदि के सगे संबंधित रिश्तेदारों आदि द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायेगी। उक्त आशय का नोटरी शपथ पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
11. सीमेंट की आपूर्ति हेतु संबंधित के पास डीलरशिप, एजेंसी होना अनिवार्य है। अन्यथा की दशा में आपूर्तिकर्ता को आपूर्ति हेतु खरीदी गई सीमेंट का जीएसटी बिल प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
12. निविदा को बिना बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान के पास सुरक्षित होगा।
13. स्वीकृत आपूर्ती को भुगतान तकनीकी सहायक, अवर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता प्रमाणित होने तथा मापन के उपरान्त किया जायेगा। गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नहीं किया जाएगा।
14. धरोहर की राशि, नकद, राष्ट्रीयकृत बैंकों के एफडीआर व एनआरसी डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत बेदूपार के नाम से बंधक हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
15. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्तिकर्ता आदेश देने के 7 दिवस के अन्दर सामग्री आपूर्ति नहीं करने की दशा में धरोहर की राशि जब्त कर ली जायेगी।
16. निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय से प्रपत्र जिसका मूल्य एक सौ रूपये है, पर स्वीकार किया जायेगा।
17. सामग्री के आपूर्ति के संबंध में शर्त एवं अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस को ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
18. ग्राम पंचायत में पूर्व में प्रकाशित टेण्डर को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है।

अखिलेश कुमार सिंह
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत- बड़हरा, लक्ष्मीपुर
विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर

ब्रजेश कुमार गौंड
सचिव/ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत- बड़हरा, लक्ष्मीपुर
विकास खंड मोतीचक, जनपद-कुशीनगर

कवि सम्मेलन में हरिशरण बाजपेई सम्मानित

शाहजहांपुर अवधनामा संवाददाता। जनपद शाहजहांपुर में समाज सेवा की पहचान बन चुके आदर्श दिव्यांग कल्याण के मुख्य संरक्षक व ब्राह्मण समाज के प्रदेश महामंत्री हरिशरण बाजपेई खिरनी बाग राम लीला परिसर में अमृत विचार समाचार पत्र द्वारा आयोजित काव्य सम्मेलन में दिव्य विभूतियों द्वारा सम्मानित किए गए। वरुण अर्जुन मेडिकल कालेज के प्रबंध निदेशक केशव कुमार अग्रवाल एवं अध्यक्ष अशोक अग्रवाल तथा अमृत विचार समाचार पत्र के संपादक शंभू दयाल बाजपेई द्वारा सम्मानित किया गया। दिव्य विभूतियों द्वारा सम्मानित हरि शरण बाजपेई समाज सेवा के क्षेत्र में किंवदंती बन चुके हैं। चाहे गरीब कन्याओं का विवाह हो या निर्धनों का इलाज हरिशरण वाजपेई हर स्थान पर खड़े नजर आते है। समाज सेवा का ही परिणाम था। श्रोताओं से खचाखच भरे पंडाल में हजारों की भीड़ के सामने अपने अपने क्षेत्र के अप्रतिम कर्मयोगियो द्वारा हरिशरण बाजपेई ने सम्मान ग्रहण किया।

गौवंश संरक्षण के लिए दान करने का आवाहन

बांदा अवधनामा संवाददाता। अपर जिलाधिकारी उमाकान्त त्रिपाठी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के बैंकर्स, मेडिकल एवं होटल संचालकों तथा विद्यालय प्रबन्धकों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में निराश्रित गौवंशों के संरक्षण के लिए सभी लोगो के सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण के इस पुण्य कार्य में सभी लोग आगे आकर जनसहयोग के साथ मदद करें, और स्वेच्छा से जो भी संभव हो सके, धनराशि का दान कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए स्वेच्छा से दान के लिए इंडियन बैंक सिविल लाइन के खाता संख्या 7588231370 आईएफएससी.कोड आईडीआईबी 000 पी 675 पर जमा की जा सकती है। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक विजय पाल सिंह, लीड बैंक मैनेजर एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

गोष्ठी आयोजित कर स्वच्छता पर किया जागरूक

कमासिन अवधनामा संवाददाता। विकास खण्ड कमासिन की ग्राम पंचायत पछौहा में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज 2 के तहत स्वच्छता गोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित गोष्ठी में उपस्थित ग्राम वासियों को स्वच्छता से संबंधित जानकारी प्रदान की गई और उनको स्वच्छता संबंधित लाभों को बताया गया। घरों से निकलने वाले सूखे और गीले कचरे को रखने के लिए दो-दो बाल्टी ग्रामवासियों को दी गई। इस दौरान गोष्ठी जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील कुमार पटेल, उप जिलाधिकारी बबेरू नमन मेहता, सहायक विकास अधिकारी पंचायत राजकुमार, ब्लाक समन्वयक पुष्पेंद्र सिंह, ग्राम प्रधान गुड्डी देवी, ग्राम पंचायत अधिकारी प्रमोद कुमार साहित सैकड़ो की संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे।

एएसपी ने किया थाना करमा का अर्द्धवार्षिक निरीक्षण

सोनभद्र/करमा अवधनामा संवाददाता। पुलिस अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) कालू सिंह द्वारा थाना करमा का शुक्रवार को अर्द्धवार्षिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण थाना परिसर का भ्रमण कर थाना कार्यालय, हवालात, मालखाना, महिला हेल्प डेस्क, कंप्यूटर कक्ष, सीसीटीवी, मेस, बैरक आदि का निरीक्षण किया गया तथा थाना परिसर, बैरक, मेस इत्यादि को साफ व स्वच्छ रखने एवं कार्यालय के अभिलेखों को अद्यावधिक कर बेहतर ढंग से व्यवस्थित रखने हेतु थानाध्यक्ष करमा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

छह कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई

सोनभद्र/विंध्यनगर अवधनामा संवाददाता। एनटीपीसी-विंध्याचल परियोजना में दिनांक 31.08.2023 को अपनी दीर्घ सेवा देने के पश्चात कुल 06 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी इस प्रकार से हैं डॉ. अशोक कुरकांजी, महाप्रबंधक (चिकित्सालय), श्री दशरथ, उप महाप्रबन्धक(रसायन), श्री रवि प्रकाश, उपप्रबन्धक (फ्यूल हैंडिलिंग), श्री दिनेश कुमार तिवारी, सहायक प्रबन्धक(रसायन), श्री आत्माराम वैश्य, अभियंता/एसएलपीएस (ईंधन प्रबंधन) एवं श्री देवानन्द त्रिपाठी, अभियंता/एसएलपीएस (प्रचालन)। एनटीपीसी-विंध्याचल प्रबंधन द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले सभी कर्मचारियों का सम्मान परियोजना के उमंग भवन के सभागार में किया गया। स्वागत की कड़ी में परियोजना प्रमुख(विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार नें सभी सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों का पुष्पमाला से स्वागत किया।

अधिवक्ताओं ने निकाला जुलूस, किया प्रदर्शन

सोनभद्र अवधनामा ब्यूरो। शुक्रवार को हापुड़ पुलिस द्वारा किये गए निन्दनीय कृत्य पर सोनभद्र बार एसोसिएशन, सोनभद्र के आम सदन की बैठक अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक एड. की अध्यक्ष व महामंत्री आनन्द कुमार मिश्र एड. के संचालन में बैठक की गयी बैठक में अधिवक्ताओं के विचारों के अनुसार निर्णय लिया गया कि दिनाँक 02.09.2023 को अधिवक्तागण विरोध स्वरूप न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे तथा अपनी मांगो के समर्थन में ज्ञापन भी देंगे। बैठक के उपरान्त परिसर में अधिवक्ता हितार्थ मांगो के साथ चक्रमण किया गया जिसमें श्री चंद्र प्रकाश दुबे, महेंद्र प्रसाद शुक्ल, रमेश राम पाठक, सुशील चौबे, राजीव सिंह गौतम, विनोद शुक्ला, अशोक प्रसाद श्रीवस्राव, मनीष चौबे, रोसन लाल यादव, मनोज मिश्रा, धीरज पाण्डेय(धीरू), अनूप पाण्डेय, प्रदीप सिंह, त्रिपुरारी मिश्र, आलोक सिंह, पवन मिश्र, मदन लाल, संतोष श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव, रितेश मिश्र, अनिल , सत्यदेव, अरुण सिंघल, परमानंद मौर्य आदि उपस्थित रहे।

लाठीचार्ज और हत्या से वकीलों में गुस्सा

अवधनामा संवाददाता

- आज होगा डंडा पूजन
- अधिवक्ता संघ अध्यक्ष ने कहा शासन और प्रशासन से उठ गया विश्वास
- आत्मरक्षा के लिए अधिवक्ता अपने साथ रखेंगे डंडा

बांदा। इन दिनों अधिवक्ताओं के साथ सितम किया जा रहा है। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस के द्वारा लाठीचार्ज की गई। इस घटना के कुछ ही घंटे के बाद गाजियाबाद में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इन घटनाओं से नाराज अधिवक्ताओं का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेश दुबे ने मीडिया से वार्ता की। उन्होंने कहा कि शासन और प्रशासन से अधिवक्ताओं का विश्वास उठ चुका है। कहा कि शनिवार को अधिवक्ता अपने-अपने घरों से एक-एक डंडा लाएंगे और उन डंडों का अधिवक्ता संघ परिसर में दोपहर के समय पूजन किया जाएगा।

हापुड़ में जिस तरह से पुलिस ने अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज किया, उस कृत्य की अधिवक्ता संघ ने कड़ी निंदा की। इसके कुछ घंटे बाद ही गाजियाबाद तहसील में अधिवक्ता मनोज चौधरी के चेबर में घुसकर अराजकतत्वों के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। अधिवक्ताओं पर लाठी चार्ज से आहत अधिवक्ताओं का गुस्सा तब और परवान चढ़ गया जब गाजियाबाद में अधिवक्ता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसके बाद से बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर अधिवक्ताओं सूबे के अधिवक्ता 30 अगस्त को न्यायिक कार्य से विरत रहे और घटनाओं पर आक्रोश जाहिर किया। शुक्रवार को अधिवक्ता संघ अध्यक्ष राजेश कुमार दुबे ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि अधिवक्ता कलम के दम पर लोगों को न्याय दिलाने का काम करता है, लेकिन उन्हीं पर दमनात्मक कार्रवाई की जा रही है। लाठीचार्ज करने के बाद पुलिस ने अधिवक्ताओं के खिलाफ ही संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर दी। श्री दुबे ने कहा कि शासन और प्रशासन से अधिवक्ताओं का अब विश्वास उठ गया है। शनिवार को सभी अधिवक्ता अपने घर से एक-एक डंडा लाएंगे। अधिवक्ता संघ परिसर में मंदिर के पास दोपहर एक बजे डंडा पूजा किया जाएगा। श्री दुबे ने कहा कि अगर हापुड़ में हुई लाठी चार्ज जैसी कोई घटना की पुनरावृत्ति की जाती है या फिर अधिवक्ताओं पर दमनात्मक कार्यप्रणाली का इस्तेमाल किया जाता है तो आत्मरक्षार्थ अधिवक्ता अपने पास डंडा रखेंगे। स्थानीय अधिवक्ता संघ ने हापुड़ और गाजियाबाद अधिवक्ता संघ को पत्राचार व दूरभाष के माध्यम से पूरा सहयोग व समर्थन का आश्वासन दिया है। अधिवक्ता संघ ने कहा है कि संघर्ष में कंधे से कंध मिलाकर साथ दिया जाएगा। अधिवक्ताओं से साथ होने वाले दमनीय कृत्य किसी दशा में बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।

न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

नरैनी। गाजियाबाद में सरेआम अधिवक्ता के चेंबर में घुसकर किए गए हत्या की विरोध में एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन संघ अध्यक्ष श्रीराम शर्मा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक में इस घटना की निंदा की गई। इसके साथ ही जिला बार एसोसिएशन के आवाहन पर शुक्रवार को संघ नरैनी के समस्त अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे।

वकीलों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

नरैनी। अधिवक्ताओं के साथ पुलिस द्वारा बर्बर लाठी चार्ज किए जाने तथा अधिवक्ताओं के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज किए जाने मामले को लेकर एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन संघ ने निंदा करते हुए जिलाधिकारी को संबोधित कर ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपा। एडवोकेट वेलफेयर एसोसिएशन अध्यक्ष श्रीराम शर्मा की अगुवाई में उप जिलाधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया कि तहसील हापुड़ में अधिवक्ताओ के ऊपर पुलिस द्वारा बर्बर तरीके से लाठी चार्ज किया गया। पुलिस द्वारा तानाशाही रवैया अपनाते हुए मनमानी तरीके से अधिवक्ताओं के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किए गए हैं तथा दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई। इससे अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। अधिवक्ताओं ने उच्चस्तरीय जांच एक सेवा निवृत उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की अध्यक्षता में कराए जाने की मांग की है ताकि सही तथ्य प्रकाश में आएं।

दबंगों ने पिता-पुत्र सहित पांच लोगों को पीटा

बांदा। विवाद के दौरान दबंगों ने पिता-पुत्र समेत पांच लोगों को लाठी और सब्बल से मारकर लहूलुहान कर दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। शहर कोतवाली क्षेत्र के छोटी बाजार मुहल्ला निवासी किशोरी (42) पुत्र कल्लू मजदूरों का ठेकेदार है। वह कुछ दिन पहले मटौंध थाना क्षेत्र के हरसिन थोक निवासी बिहारी को 700 रुपया मजदूरी की बात कहकर ईंटा पथवाने जोनिहा लिवा ले गया था। किशोरी ने उसका पूरा हिसाब भी कर दिया था।

बिहारी उससे 750 रुपए की मजदूरी मांग रहा था। गुरुवार को किशोरी अपनी बेटी को लेकर हरसिन थोक झल्लू पुत्र कालीदीन के घर राखी बंधवाने गया था। खबर पाकर बिहारी भी वहां आ गया और मजदूरी को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि 12 लोग झल्लू के घर में घुस गए। लाठी-सब्बल से हमला कर दिया, जिससे झल्लू (45) पुत्र कालीदीन, उसका बहनोई किशोरी, बुआ गीता (55) पत्नी बड़ेलाल, पिता कालीदीन (65) पुत्र गयादीन, भाई लल्लू (48) को घायल कर दिया।

एनसीएल से अगस्त माह में सेवानिवृत्त हुए 47 कर्मी

अवधनामा संवाददाता

सोनभद्र/ सिंगरौली। गुरुवार को नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की सभी परियोजना एवं इकाइयों से अगस्त माह के अंत में 8 अधिकारी व 39 कर्मचारियों सहित कुल 47 कर्मी सेवानिवृत्त हुए। इस अवसर पर एनसीएल मुख्यालय से सेवानिवृत्त हुए कर्मी महाप्रबंधक (विक्रय एवं विपणन) श्री सुनील कुमार राय, अधीनस्थ अभियंता (सिविल) श्री कमलेश, कार्यालय अधीक्षक श्री अमीन बेग, असिस्टेंट सुपरवाईजर ट्रांसपोर्टेशन श्री रामनाथ वर्मा एवं जनरल मजदूर श्रीमती बिदेशिया देवी के सम्मान में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।

एनसीएल मुख्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह के दौरान एनसीएल के सीएमडी श्री भोला सिंह, निदेशक (कार्मिक) श्री मनीष कुमार, निदेशक (वित्त) श्री रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) श्री एस पी सिंह, मुख्यालय के विभागाध्यक्षगण, श्रमिक संघ प्रतिनिधि तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। इस अवसर पर कंपनी के सीएमडी श्री भोला सिंह ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को भविष्य में स्वस्थ रहने की शुभकामनाएँ देते हुए एनसीएल में उनके कार्यकाल के दौरान कठिन परिश्रम एवं लगन की सराहना की। इसके साथ ही उन्होने कंपनी के नित नई ऊंचाइयों को छूने का श्रेय सभी कर्मियों की मेहनत को दिया। कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के निदेशक मण्डल ने भी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को आगामी पारी के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसे अनुभवी कर्मियों का कंपनी से जाना एक अपूर्णिय क्षति है। इस दौरान सभी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों ने एनसीएल एवं कोल इंडिया के अपने लंबे कार्यालयीन जीवन के अनुभवों को साझा किया। साथ ही उनके सह कर्मियों ने भी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के योगदान पर प्रकाश डाला व उनसे जुड़े विभिन्न संस्मरण साझा किए। एनसीएल की सभी परियोजनाओं व इकाइयों में भी सेवानिवृत्त हुए कर्मियों के सम्मान में सेवानिवृत्त अभिनंदन समारोह का गुरुवार को आयोजन किया गया।

युवक ने सगे भाई की चाकू से गोदकर की हत्या

अवधनामा संवाददाता

- घटनास्थल पर पुलिस ने की जांच पड़ताल
- भाई के विरुद्ध हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज

बंडा/शाहजहांपुर। बंडा में रक्षाबंधन की रात नशे में धुत युवक ने अपने सगे भाई की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। हत्यारा अपने पुत्र को बेरहमी से पीट रहा था जिसे देख मरने वाला भाई उसे बचाने पहुंचा और बीच बचाव करते हुए आरोपी को धक्का दे दिया था। जिससे उग्र होकर आरोपी ने भतीजे को बचाने आए अपने सगे भाई पर चाकू से ताबड़तोड़ कई वार किये और उसे मौत के घाट उतार दिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। तथा मृतक की पत्नी की शिकायत के आधार पर सगे भाई के विरुद्ध हत्या की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। भाई बहन के प्रेम और सौहार्द के त्यौहार रक्षाबंधन पर लक्ष्मणपुर गोटिया में देसी दारू का व्यापार हावी रहा नशे में धुत युवक ने चाकू से गोदकर अपने सगे इस भाई की हत्या कर दी जो आरोपी भाई द्वारा निर्माता से पीटे जाने वाले अपने भतीजे को बचाने पहुंच गया था यही नहीं एक सप्ताह पूर्व ही इसी भाई ने आरोपी की जमानत लेकर उसे जेल से रिहा कराया था।बंडा थानाक्षेत्र के गांव लक्ष्मणपुर गौंटिया निवासी दुर्जन सिंह की मौत हो चुकी है। उसके पांच पुत्र हैं गोधन सिंह, पूरन सिंह, बलवीर सिंह और मिंदर सिंह अपने परिवारों के साथ अलग रहते हैं। जबकि छोटे भाई जालिम सिंह और बलवीर सिंह अपनी मां लीलावती के साथ रहते हैं। बलवीर सिंह की पत्नी अपने मायके में रहती है और पति पर दहेज एक्ट के तहत मुकदमा चला रही है। उसका एक पुत्र 12 वर्षीय वीरपाल उसके साथ रहता है। जिसका पालन पोषण संयुक्त परिवार में चाचा जालिम सिंह व चाची सोनी देवी करते हैं। कुछ दिन पूर्व एक केस के चलते बलवीर सिंह जेल चला गया था। परंतु रक्षाबंधन के त्यौहार को अपने भाई के साथ मनाने की बात कहते हुए जालिम सिंह ने ही एक सप्ताह पूर्व उसकी जमानत भी कराई थी।

सिमनौड़ी से आ रही बड़े घोटाले की आहट, मामला जांच का विषय

अवधनामा संवाददाता

सुमेरपुर हमीरपुर। ग्राम पंचायत सदस्यों की शिकायत के बाद सिमनौडी प्रधान के खिलाफ गठित की गई जांच टीम ने अपनी अंतिम जांच रिपोर्ट में 38 लाख 27 हजार रुपए का अनियमितिता करने की रिपोर्ट सौंपी है। इनमें मनरेगा, राज्य वित्त,भूसा आदि में अनियमितिता की गई है। डीपीआरओ ने खंड विकास अधिकारी पत्र भेजकर मापांकन करने वाले तकनीकी अधिकारी की जानकारी देने की रिपोर्ट तलब की है। ताकि सभी आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जा सके। ग्राम पंचायत सिमनौडी के ग्राम पंचायत सदस्य मनोज कुमार, रोहित कुमार, रामकिशुन, अशोक कुमार, रजनी देवी,मंजू देवी, चुन्नी देवी, रामलली ने जिलाधिकारी डा चंद्रभूषण त्रिपाठी को शिकायत सौंपकर ग्राम प्रधान पर बगैर बैठक कराएं विकास कार्यों में भ्रष्टाचार करने के गंभीर आरोप लगाए थे। ग्राम पंचायत सदस्यों की शिकायत पर जिलाधिकारी ने फरवरी माह में प्रधान के अधिकार सीज करके टीम गठित करके जांच के आदेश दिए थे। एसडीएम सदर एवं अधिशाषी अभियंता आरईएस की जांच टीम ने 38 लाख 27 हजार रुपए के अनियमितिता की पुष्टि करके जांच रिपोर्ट सौंपी है। जांच रिपोर्ट में स्पष्ट किया गया है कि मनरेगा योजना में 12 लाख 86हजार 982 रुपए, राज्य वित्त में 21 लाख 49हजार 16 रुपए, भूसा की धनराशि में 3 लाख 61हजार 25 रुपए की अनियमितिता की गई है। मौजूदा सचिव अनामिका पांडेय ने बताया कि यह सभी कार्य उनके समय के नहीं है। यह कार्य तत्कालीन सचिव प्रियंका देवी के समय के है। जो कार्य मौके पर नहीं मिले उनके अभिलेख उन्हें चार्ज में अभी तक नहीं मिले है। बताया कि तत्कालीन सचिव निलंबित चल रही है। जांच रिपोर्ट मिलने के बाद गत 31जुलाई को जिला पंचायत राज अधिकारी ने खंड विकास अधिकारी को पत्र भेज कर निर्माण कार्यों के मापांकन करने वाले तकनीकी अधिकारी की जानकारी मांगी है।

मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत की गई एंटीरोमियों चेकिंग व चला जागरुकता अभियान

अवधनामा संवाददाता

हमीरपुर। दिनाँक 01.09.2023 को जनपद हमीरपुर पुलिस के समस्त थानों में गठित एंटी रोमियो टीम द्वारा नारी सुरक्षा व सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत बस स्टैंड/ बाजार/ सार्वजनिक एवं भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं/ महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं/ बालिकाओं को शासन/यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे विमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया। एण्टीरोमियों टीम द्वारा बालिकाओं को बताया गया कि कभी भी आवश्यकता पड़ने पर सम्बन्धित थाना/ एण्टी रोमियों टीम व उ0प्र0 पुलिस द्वारा संचालित महिलाओं/बालिकाओं हेतु चलाये जा रहे नम्बरों पर बेझिझक कॉल करना चाहिए। आप की वार्ता को सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। महिलाओ एवं बालिकाओं से वार्ता कर उनके अन्दर आत्मविश्वास को बढाया गया एवं महिला अधिकारों के सम्बन्ध में अवगत कराया गया साथ ही सभी बालिकाओं/ महिलाओं को बताया गया कि सभी थानो में महिलाओ की सुरक्षा/ सहायता हेतु महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहां पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण कराया जायेगा। हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने के लिये प्रेरित किया गया। एंटी रोमियो स्क्वाड द्वारा विभिन्न स्थानों पर चेकिंग की गई व बिना वजह घूम रहे युवकों/शोहदों से पूछताछ कर हिदायत दी गई।

दंगल में दिखाए पहलवानों ने दांव पेंच

मुस्कुरा हमीरपुर। गांव न्यूरिया में विशाल दंगल के आयोजन किया गया।जिसका शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी,भाजपा युवा नेता अभिषेक तिवारी जनसेवक,एवम विनय त्रिपाठी ने संयुक्त रुप से दूर दराज से आये पहलवानों से हाथ मिलाकर उनका परिचय लेते हुए कराई वही विजय प्रतिभागियों को ईमान देखर सम्मानित किया गया। मुस्करा विकास खंड क्षेत्र के गांव न्यूरिया में विशाल दंगल का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि भरत अनुरागी, अभिषेक तिवारी जनसेवक, विनय त्रिपाठी ने संयुक्त रुप से पहलबानो से हाथ मिलाकर दंगल की शुरुआत कराई। इसके बाद हुई शुरू हुए दंगल मे धौहल से आये विनय पहलबान ने बाराबंकी के बिहारी को अपने दाव पेच दिखाकर कर पटक दिया,धौहल के अभिषेक ने मऊ के संजय को पटकनी दे दी,नेपाल के बादल व दिल्ली के मनीष के बीच हुई कुश्ती में नेपाल के बादल ने बाजी मारी,जयहिन्द रहटिया व मुकेश छतरपुर के बीच हुई कुश्ती में जयहिंद रहटिया विजय रहा, छोटू कानपुर व सुरेश मसगांव के बीच हुई कुस्ती में कानपुर के छोटू सफल रहे।

डायट प्रवक्ताओं ने उठाई वरिष्ठता के अनुसार पदोन्नति की मांग

शाहजहांपुर। आज जबकि उत्तर प्रदेश शासन ने समस्त विभाग के कार्मिकों के लिए पदोन्नति और सीनियरिटी को ऑटो मोड में कर दिया है और बास-बार यह आदेश जारी कर रही है कि पदोन्नति के रिक्त पदों को तत्काल भरे जाएं, ऐसे में उत्तर प्रदेश के डायट प्रवक्ताओं और एससीईआरटी की संबद्ध इकाइयों के प्रवक्ताओं को ज्येष्ठता और पदोन्नति के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। बता दे की 2013-14 में लोक सेवा आयोग उत्तर प्रदेश के द्वारा डाइट प्रवक्ताओं हेतु विज्ञापन निकाला गया जिसके तहत प्रदेश की समस्त डायटों और एससीईआरटी उत्तर प्रदेश की संबद्ध इकाइयों में डाइट प्रवक्ताओं का प्रतिस्थापन हुआ। वर्तमान में प्रदेश की समस्त डायट और एससीईआरटी की इकाइयों में वरिष्ठ प्रवक्ता पद पर पदोन्नति कोटे के समस्त पद रिक्त हैं फिर भी कुछ अधिकारियों के उदासीन रवैये के कारण प्रदेश के डायट प्रवक्ताओं की पदोन्नति नहीं हो सकी। जब डायट प्रवक्ताओं की पदोन्नति संबंधी प्रार्थना को स्वीकार नहीं किया गया तब प्रदेश के समस्त जनपदों के डायट प्रवक्ताओं ने उत्तर प्रदेश शासन से न्याय की गुहार की है।

दबंग प्रधान पति ने बेटों के साथ मिलकर किसान पर की फायरिंग

अवधनामा संवाददाता

- खेत में जानवर घुसने का विरोध करने पर प्रधान पति ने दिया घटना को अंजाम
- दबंग प्रधान पति और दोनो बेटों के खिलाफ जान से मारने के प्रयास का मुकदमा दर्ज

सिधौली शाहजहांपुर। खेत में आवारा जानवर घुसाने का विरोध करना एक किसान को भारी पड़ गया। गांव के रंगबाज प्रधान पति ने अपने बेटो के साथ मिलकर किसान को जान से मारने की नियत से फायर कर दिए।

पुलिस ने पीड़ित किसान की तहरीर पर प्रधान पति और उसके दोनो पुत्रो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली।थाना सिंधौली क्षेत्र के ग्राम पनवाड़ी निवासी अतुल मिश्रा ने बताया कि गांव के रहने वाले शटरू शुक्ला उर्फ रामदेव शुक्ला के पुत्र अरुण शुक्ला और वरुण शुक्ला ने आवारा जानवरो को हांककर उसके खेत में घुसा दिया। जब उसने विरोध किया तो उक्त दोनों भाई उसपर हमलावर होकर दौड़ पड़े उसने भागकर अपनी जान बचाई। कुछ देर बाद शटरू शुक्ला अपने दोनो पुत्रों अरुण और वरुण के साथ हाथो में तमंचे लेकर उसके गेट पर पहुंच गए। तीनो ने उसपर फायर किए लेकिन वह किसी तरह बच गया। जब आसपास के लोग इकट्ठा होने लगे तो तीनो मौके से चले गए। पीड़ित अतुल मिश्रा ने डायल 112 को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर आकर जांच पड़ताल की। अतुल मिश्रा की तहरीर पर पुलिस ने प्रधानपति रामदेव शुक्ला उर्फ शटरू, अरुण शुक्ला और वरुण शुक्ला के खिलाफ धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी।

घर में घुसकर महिला से मारपीट

मौदहा हमीरपुर। क्षेत्र के ग्राम गुरदाहा में दबंगों ने एक दलित के घर में घुस असलाहे के दम पर मारपीट करते हुए महिला से दस हज़ार रूपये छीन लिए पीड़ित ने इस घटना की तैयारी कोतवाली पुलिस को आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है! कोतवाली क्षेत्र मौदहा के गुरदहा निवासी राजकुमार पुत्र वकीला ने कोतवाली में तहरीर दी है कि गुरुवार को गांव के अनिल,नीरज,भूरा व छोटा एक नाली बंदूक कुल्हाड़ी व डंडा लेकर उसके घर में घुस आए और गाली गलौज कर मारपीट करने लगे जब घर में मौजूद उसकी भाभी ने इस घटना का विरोध किया तो दबंगों ने उसके पास रखे दस हजार रूपये छीन लिए और उसके साथ अभद्रता करते हुए तथा जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए जान से मारने की धमकी देते चले गए तहरीर मिलते ही कोतवाली पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है इस मामले में कोतवाली प्रभारी सुरेश कुमार सैनी का कहना है की घटना की जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने लूट की घटना का 24 घंटे के अंदर किया खुलासा

मौदहा हमीरपुर अवधनामा संवाददाता। दिनांक 30.08.2023 को रात में थाना मौदहा अन्तर्गत ग्राम मकरांव व मदारपुर(नेशनल हाइवे) में घटित लूट की घटना के सम्बन्ध में वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर अज्ञात स्कार्पियों सवार व बाइक सवार के विरुद्ध थाना हाजा पर पंजीकृत किया गया था। उपरोक्त घटना के खुलासे के सम्बन्ध मे पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा 02 टीमों का गठन किया गया था। जिसके क्रम मे दिनांक 31.08.2023 को थाना मौदहा एवं थाना सिसोलर की पुलिस टीम को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुयी कि लूट की घटना के अभियुक्त परछा मोड़ पर स्कार्पियो गाड़ी व मोटरसाइकिल सहित खड़े है। उपरोक्त सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पुलिस को देखकर अभियुक्तगण गाड़ी से उतरकर भागने लगे तभी पुलिस टीम द्वारा घेरकर मौके से 07 नफर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से घटना मे प्रयुक्त हीरो स्प्लेण्डर मो0सा0, स्कार्पियो, लूट किया गया माल व अवैध तमंचा एवं कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी है जिनका पूर्व का भी आपराधिक इतिहास रहा। अभियुक्तो के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया।

ट्यूबवेल बोरिंग का काम 30 सितम्बर तक पूरा नहीं तो कंपनियों पर होगी बड़ी कार्रवाईः स्वतंत्र देव

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग पीएम मोदी के जन्मदिवस पर राज्य में लगाएगा 01 लाख नल कनेक्शन

- जल शक्ति मंत्री का निर्माणदायी संस्थाओं को सख्त निर्देश, समय पर नहीं हुआ कार्य तो कम्पनियां होंगी बाहर
- पाइपलाइन खुदाई के बाद मार्गो की तत्काल मरम्मत कराने के निर्देश

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। गांव-गांव में चल रहे ट्यूबवेल बोरिंग के काम को निर्माणदायी कंपनियां 30 सितम्बर तक पूरा कराएं। नहीं तो कंपनियां कड़ी कार्रवाई के लिये तैयार रहें। ये निर्देश जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह ने शुक्रवार को गोमतीनगर के किसान बाजार स्थित राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के मुख्यालय में दिए। वे यहां जल जीवन मिशन की हर घर जल योजना में निर्माण करा रही संस्थाओं के राज्य प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने 17 सितंबर को पीएम मोदी के जन्मदिन पर राज्य में एक लाख नल कनेक्शन देने का लक्ष्य अधिकारियों को दिया। बैठक में नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव भी मौजूद रहे।

सिंह ने कहा कि इटावा, औरैया, मैनपुरी, कन्नौज, प्रयागराज, श्रावस्ती, आजमगढ़ व अमरोहा समेत प्रदेश के जिन जिलों में पाइप लाइन डालने के लिये सड़क की खुदाई की गई है। उनका निर्माण जल्द कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कंपनियां के राज्य प्रमुखों को निर्देश दिए कि पाइपलाइन डालने का काम पूरी ईमानदारी से किया जाए। खासकर गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। प्रदेश के जिन गांव में जलापूर्ति पहुंच चुकी है। वहां पर पाइपलाइन का काम समाप्त होने के बाद सड़कें तुरंत दुरस्त कराएं। समय से काम पूरा न करने वाली कंपनियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने फील्ड में कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए मानक और मैकेनिज्म तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कंपनियों को चेतावनी देते हुए निर्देश दिए कि वे निचले स्तर पर काम कर रहे कर्मचारियों को समय पर भुगतान करें। बैठक में प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने निर्माणदायी संस्थाओं की एक-एक कर समीक्षा की। उन्होंने ओवरहैड निर्माण और नल कनेक्शन देने का कार्य कर रही कम्पनियां को कड़ी चेतावनी देते हुए काम में तेजी लाने का कहा। उन्होंने अच्छा कार्य करने वाली कंपनियों की हौसला अफजाई भी की। बैठक में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अधिशासी निदेशक बृजराज सिंह यादव समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कथकाचार्य पं. लच्छू महाराज की स्मृति में दो दिवसीय कार्यक्रम संपन्न

लखनऊ। उत्तर प्रदेश नाटक अकादमी और कथक केन्द्र की ओर से कथकाचार्य पं. लच्छू महाराज की स्मृति में कथक के लास्य अंग पर आधारित दो दिवसीय कार्यक्रम नमन गुरुवार और शुक्रवार को गोमती नगर स्थित संत गाडगे ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। जिसमें पं.लच्छू महाराज की प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजलि और दीप प्रज्जवल्लन से कार्यक्रम का आगाज हुआ। दिल्ली से आमंत्रित नमृता राय और विश्वदीप की प्रभावी कथक प्रस्तुतियों के साथ साथ स्थानीय कथक केन्द्र की कथक प्रस्तुतियां, नीता जोशी और रजनी वर्मा के निर्देशन में हुई।

संविधान बदलने की कोशिशों के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय

- मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान अभियान 6 सितम्बर तक चलेगा
- 5 लाख हस्ताक्षर एकत्रित करने का लक्ष्य निर्धारित

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। अल्पसंख्यक कांग्रेस ने संविधान बदलने की कोशिशों के विरोध में दलित और मुस्लिम समुदाय के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया है। शुक्रवार से आरम्भ हुआ मेरा संविधान मेरा स्वाभिमान अभियान 6 सितम्बर तक चलेगा। इस दौरान 5 लाख हस्ताक्षर एकत्रित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम ने बताया कि बीती 21 अगस्त को प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय के संविधान बदलने की मांग के साथ लिखे लेख पर स्वतः संज्ञान लेने की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को ज्ञापन भेजा गया था। अब 1 से 6 सितम्बर तक हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा और हस्ताक्षरों को उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को भेजा जाएगा। श्री आलम ने कहा कि हस्ताक्षर अभियान के साथ ही पर्चा भी बांटा जाएगा, जिसमें बताया कि गया है कि संविधान लागू होने के 4 दिन बाद आरएसएस ने संविधान की जगह मनुस्मृति लागू करने की मांग अपने मुखपत्र ऑर्गनाइजर में की थी। उन्होंने कहा कि अभियान के तहत मस्जिदों के बाहर पर्चे बांटने के साथ ही कचहरी में दलित अधिवक्ताओं से सम्पर्क के साथ ही कांशीराम आवास कॉलोनियों पर अधिक ध्यान केन्द्रित किया जाएगा। इस दौरान समझाया जाएगा कि वर्ष 2014 और 2019 में भाजपा को कुल 31 और 37 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि प्रदेश में दलित और मुस्लिम ही अकेले 41 प्रतिशत हैं।

विकास किशोर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग

लखनऊ। कांग्रेस ने केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर के आवास पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता विनय श्रीवास्तव की हत्या पर विकास किशोर के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी की मांग की है। पार्टी ने विकास किशोर के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि जिस तरह मंत्री पुत्र विकास किशोर की पिस्टल से हत्या की गयी, इससे साफ जाहिर है कि हत्या में उनकी संलिप्तता है। पार्टी प्रवक्ता मनीष हिन्दवी ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी के बेटे आशीष मिश्र से लेकर विकास किशोर तक भाजपा के हत्या जैसे जघन्य अपराध की एक लम्बी फेहरिस्त है। उन्होंने कहा कि सवाल यह है कि भाजपा के इन माननीयों के घर पर बुलडोजर कब चलेगा।

मनीष हिन्दवी ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं बची है। जिस तरह परसों गाजियाबाद में अधिवक्ता मोनू चौधरी के चैम्बर में घुस कर गोली मार कर हत्या की गयी, इससे जाहिर है कि प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। मुख्यमंत्री का अपराध पर जीरो टॉलरेंस का दावा फेल हो चुका है। वहीं दुबग्गा स्थित विकास किशोर के घर पर हुए हत्याकाण्ड की जानकारी लेने व पीड़ित परिजनों से हाल-चाल लेने के एक प्रतिनिधिमंडल घटनास्थल पर पहुंचा। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के निर्देश पर पहुंचा प्रतिनिधिमंडल वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त कर प्रदेश कार्यालय को अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल में श्यामकिशोर शुक्ल, नकुल दुबे, इंदल रावत, शिव पाण्डेय, सैफ अली नकवी, सुबोध श्रीवास्तव, ममता चौधरी, अनस रहमान, अरशी रजा, पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव, वेदप्रकाश त्रिपाठी, मुकेश सिंह चौहान, नईम सिद्दीकी, रुद्रदमन सिंह, मनोज तिवारी, शहाना सिद्दीकी, अनीस अख्तर मोदी, अनामिका यादव, दीपक पाण्डेय, सैय्यद इमरान शामिल थे।

वैचारिक मंथन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का अनुप्रिया करेंगी उद्घाटन

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। अपना दल (एस) ने ज्ञान व सांस्कृतिक विरासत की ऐतिहासिक नगरी वाराणसी में 2 सितंबर से दो दिवसीय वैचारिक मंथन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करेगा कार्यक्रम में पार्टी के राष्ट्रीय व प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों को पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों व विचारों तथा एनडीए सरकार की जनसरोकार की नीतियों से अवगत कराया जाएगा। पार्टी प्रवक्ता राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि वाराणसी जनपद में कैंट स्टेशन के पास सुभाष नगर स्थित शुभ लग्नम बैंक्वेट हॉल में दो दिवसीय वैचारिक मंथन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन 2 सितंबर को पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल करेंगी एवं कार्यक्रम का समापन 3 सितंबर को कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल करेंगे। राजेश श्रीवास्तव का कहना है कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ एवं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी विभिन्न विषयों एवं ज्वलंत मुद्दों पर पदाधिकारियों को जानकारी देंगे एवं वर्तमान स्थितियों पर विपक्ष द्वारा किए जा रहे प्रोपोगंडा के खिलाफ मुखर होकर आवाज उठाएंगे।

इल्म जिन्दगी है, रोशनी है व तरक्की का जीना और खुदा को पहचानने का जरिया

- इस्लाम ने इल्म हासिल करने पर बहुत जोर दियाः मौ. खालिद रशीद

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। इल्म जिन्दगी है, रोशनी है, तामीर व तरक्की का जीना और खुदा को पहचानने का जरिया है। जिहालत मौत है, अंधेरा है, जवाल और पस्ती की वजह और खुदा से दूरी और उसके हुक्मों को न जानने की वजह है। इल्म से ही कामयाबी हासिल की जा सकती है। यह बात इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन व इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने शाहमीना मेमोरियल प्राइमरी स्कूल के छात्रों को स्कूल बैग और पाठ्य पुस्तकें वितरित करते हुए कही।

मौलाना ने कहा कि इस्लाम ने इल्म हासिल करने पर बहुत जोर दिया है। यह दौर विज्ञान और तकनीक का दौर है। इसलिए उम्मते मुस्लिमा का हर व्यक्ति इल्म हासिल करने पर ज्यादा से ज्यादा ध्यान दे। मौलाना ने स्कूल के संस्थापक राशिद अली मीनाई की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने मुसलमानों में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए संस्था स्थापित की। स्कूल में बच्चों से कोई फीस नहीं ली जाती है। छात्रों को यूनीफार्म, किताबें और स्कूल बैग निशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं। मौलाना ने कहा कि आज जरूरत इस बात की है इस तरह के शैक्षिक संस्थान अधिक से अधिक स्थापित किये जाएं, जिससे उम्मत का हर व्यक्ति शिक्षित हो सके। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्या रूही रहमान, अध्यापिका ताज फातिमा, शाहिदा बानो, अफरोज फातिमा आदि उपस्थित थीं।

हजारों जायरीन विभिन्न एयरलाइनों से कर्बला रहे पहुंच

- चेहल्लुम कर्बला में 6 व लखनऊ सहित मुल्क भर में 7 सितम्बर को मनाया जायेगा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके साथियों का चेहलुम मनाने व अरबईन मिलियन में मार्च शामिल होने के लिए लखनऊ सहित मुल्क भर से हजारों जायरीन विभिन्न एयरलाइनों से कर्बला (इराक) पहुंच रहे हैं। हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके साथियों का चेहलुम कर्बला में 6 व लखनऊ सहित मुल्क भर 7 सितम्बर को मनाया जायेगा। लखनऊ से अबुजर किंतूरी, मसीहा फातिमा,मोहम्मद हसन, रूबीना असगर, सलमान हुसैन, अली शाकिर रिजवी, हसन परवेज, अर्शी मिर्जा कर्बला पहुंच गये है। शबनम, शबीह रिजवी, मोहम्मद परवेज, अलमदार हुसैन, मोहम्मद इरफान, दानिश राहत, मौलाना फैज अब्बास मश्हदी, मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी मौलाना मीसम जैदी, मौलाना मोहम्मद अली, मुदस्सिर,

शोएब, औन मिर्जा, सैयद मोहम्मद परवेज, जरगाम,10 साल के मास्टर मकबूल भी अपने मां-बाप के साथ कर्बला गये हैं।इस मौके पर दुनिया भर से करोड़ों जायरीन कर्बला (इराक) पहुंचते हैं। अरबईन के दिन कर्बला पहुंचकर इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके साथी शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए कई दिन पहले से ही इराक और दुनिया भर से अजादार कर्बला के लिए रवाना हो जाते हैं। भारत सहित विभन्न देशों से भी अरबईन के मौके पर हर साल लाखों जायरीन नजफ से कर्बला तक का सफर पैदल ही तय करते हैं। यहां के लोग इमाम हुसैन (अ.स.) के जायरीन की सेवा, ईश्वरीय आशिर्वाद है और जायरीन की सेवा को अपने लिए अनिवार्य समझते हैं।

इमाम-ए-मजलूम का गम मना रहे ग़म

लखनऊ। पैगम्बरे इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) उनके साथियों की याद में अजादार कर्बला, इमाबाबाड़ों व अजाखानों में मजलिस-मातम कर रहे हैं तो मातमी अंजुमनें रात भर शब्बेदारियों में नौहाख्वानी व सीनाजनी करके इमाम-ए-मजलूम का गम मना रही हैं। बीरबल साहनी मार्ग स्थित हैदरी मस्जिद न्यू हैदराबाद में मौलाना महफूज हुसैन ने मजलिस को खिताब करते हुए कि इस्लाम रसूल (स.) और आले रसूल (स.) के किरदार से फैला है। हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) सिर्फ शियों के ही नहीं हैं बल्कि पूरी इंसानियत के हैं, इसी लिए आपकी मजलूमाना शहादत को हर मजहब और फिरके के लोग खिराजे अकीदत पेश करते हैं। अंजुमन ए शब्बीरिया की तीन दिवसीय तरही शब्बेदारी अंजुमन के इमामबाड़े हैदर हुसैन हज्जु शीशमहल हुसैनाबाद में चल रही है। शब्बेदारी की मजलिस को मौलाना अनवर हुसैन ने खिताब किया। जिसके बाद अंजुमन शाम ए गरीबा,गुलदस्ते हैदरी, शहीदे फुरात, शहीदाने कर्बला मकसदे हुसैनी ने अपने कलाम पेश किये।

घासमंडी में मजलिस आज

लखनऊ। अजाखाना जौहर हैदर हुसैनी नैपियर रॉड 2 घासमंडी में शनिवार को शाम 7.30 बजे मौलाना सैयद अली रजा मजलिस को खिताब करेंगे।

ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल का संचालन 4 फेरों के लिए बढ़ा

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए पूर्व से चलायी जा रही ट्रेन नम्बर 09183 व 09184 मुम्बई सेण्ट्रल बनारस ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल का संचालन 4 फेरों के लिए बढ़ाया जा रहा है। यह ट्रेन 6 से 27 सितम्बर तक प्रत्येक बुधवार को मुम्बई सेण्ट्रल से तथा 8 से 29 सितम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को बनारस से चलायी जायेगी। ट्रेन नम्बर 09183 मुम्बई सेण्ट्रल बनारस ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक स्पेशल 6 से 27 सितम्बर प्रत्येक बुधवार को मुम्बई सेण्ट्रल से रात्रि 10:50 बजे प्रस्थान कर बोरीवली दूसरे दिन वापी, सूरत, वड़ोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, भरतपुर, अछनेरा, आगरा फोर्ट, टुण्डला, शिकोहाबाद, मैनपुरी, भोगांव, फर्रुखाबाद, तीसरे दिन कन्नौज, कानपुर सेण्ट्रल, लखनऊ से तड़के 4:25 बजे, रायबरेली जंक्शन, अमेठी, प्रतापगढ़, जंघई तथा भदोही छूटकर बनारस पहुंचेगी। वापसी में 09184 बनारस मुम्बई सेण्ट्रल ग्रीष्मकालीन स्पेशल साप्ताहिक 8 से 29 सितम्बर तक प्रत्येक शुक्रवार को बनारस से दोपहर 2:30 बजे प्रस्थान कर लखनऊ रात्रि 9:25 बजे, तीसरे दिन मुम्बई सेण्ट्रल तड़के 4:35 बजे पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में फर्स्ट एसी का 1, सेकेण्ड एसी के 3, थर्ड एसी के 8, थर्ड एसी इकोनामी के 2, एलएसएलआरडी का 1 तथा जनरेटर सह लगेजयान के 1 कोच सहित 16 कोच लगाये जायेंगे।

मंत्री धर्मपाल सिंह के चालक को आरपीएफ ने रेलवे कोर्ट में किया पेश

लखनऊ। चारबाग रेलवे स्टेशन के रैम्प पर मंत्री धर्मपाल सिंह की गाड़ी चढ़ाने वाले चालक को आरपीएफ ने शुक्रवार को रेलवे कोर्ट में पेश किया। सुनवाई के बाद जज ने ड्राइवर को पचास हजार के मुचलके पर जमानत दे दी। 23 अगस्त को प्रदेश सरकार के मंत्री धर्मपाल सिंह ट्रेन पकडऩे के लिए चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंचे थे। जहां बारिश होने पर उनके ड्राइवर ने रेल मेल सेवा के पास बने एस्केलरेटर के सामने बने रैम्प पर ही गाड़ी चढ़ा दी। सोशल मीडिया पर मामला आने के बाद आरपीएफ ने मामला दर्ज किया था। इसी मामले में आरपीएफ ने ड्राइवर को कोर्ट में पेश किया था जहां उसको पचास हजार रुपये के मुचलके पर जमानत मिल गई।

गुरसहायगंज स्टेशन पर दिया गया प्रायोगिक ठहराव आज होगा समाप्त

लखनऊ। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों की पर्याप्त उपलब्धता न होने के कारण ट्रेन नम्बर 19715 व 19716 जयपुर गोमतीनगर त्रैसाप्ताहिक एक्सप्रेस का गुरसहायगंज स्टेशन पर दिया गया प्रायोगिक ठहराव 2 सितम्बर से समाप्त हो जायेगा। वहीं ट्रेन नम्बर 22921 व 22922 बांद्रा टर्मिनस गोरखपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस का गुरसहायगंज स्टेशन पर अगले आदेश तक प्रायोगिक ठहराव जारी रहेगा।

ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन ने चलाया जागरूकता सहयोग सदस्यता अभियान

अवधनामा ब्यूरो

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे में तीनों मण्डल लखनऊ इज्जत नगर और वाराणसी में ट्रैक मेंटेनर कर्मचारियों के वेलफेयर के लिए कार्य करने वाली ऑल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन ने 1 सितंबर से सदस्यता सहयोग जागरूकता अभियान चलाया।

यूनियन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय कुमार सरोज और महामंत्री राकेश चन्द्र वर्मा की अगुवाई में तीनों मण्डल के कर्मचारियों ने बढ़कर सदस्यता ग्रहण की है वाराणसी में मण्डल अध्यक्ष अजीत कुमार तो इज्जतनगर में मण्डल कोषाध्यक्ष सुमित कुमार की अगुवाई में यह मुहिम चल रही है।

यह प्रक्रिया सितंबर माह तक चलती रहेगी

1 सितंबर को लखनऊ जंक्शन के आसपास के क्षेत्र में यूनियन द्वारा जागरूकता सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें तमाम सदस्यों ने बढ़ चलकर हिस्सा लिया हाल ही में यूनियन ने काफी हद तक रुके हुए कार्यों को हल करने का काम किया है जिससे कर्मचारियों में नया उमंग देखने को मिल रहा है। इस मौके पर मोहम्मद नसीम अनिल कुमार प्रकाश कुमार साह गोधन कुमार गोपाल रावत सर्वेश कुमार भैया लाल इत्यादि कर्मचारी मौजूद रहे।

97वे जन्म दिवस पर याद किये गए डॉ. रही मासूम रज़ा

अवधनामा ब्यूरो

गाज़ीपुर/लखनऊ। नोनहरा छेत्र के ग्राम बघुइ बुजुर्ग में स्थित डॉ रही मासूम रज़ा कान्वेंट स्कूल में शुक्रवार को डॉ रही मासूम रज़ा के 97वे जन्म दिवस पर उन्हें याद किया गया। इस मौके पर शिक्षकों और स्थानीय लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रधांजलि दी। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य प्रहलाद सिंह ने कहा कि डॉ रही मासूम रज़ा किसी पहचान के मोहताज नही है, उन्होंने जहाँ हिंदी टीवी धारावाहिक महाभारत के माध्यम से भारतीय संस्कृति से दुनिया को रूबरू कराया वही सामाजिक तानेबाने को भी मजबूत बनाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि डॉ रही मासूम रज़ा कि शिक्षा के प्रति विशेष रुचि थी, खासतौर पर गरीब और कमजोर वर्ग की शिक्षा को लेकर वो चिंतित रहते थे। डॉ रही मासूम रज़ा के परिजनों द्वारा स्थापित ये स्कूल उन्ही के आदर्शों पर चल कर किसान, मजदूर और गरीब वर्ग के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान कर रहा है।

इस मौके पर सय्यद अब्बास, सिकंदर राजभर, एस एम रफी, रविंदर, हरिंदर, अज़हर अली, अरशद, कंचन कुशवाहा, राम निवास, अमन, राजेश, अनीश यादव, रेशमा, सुमैना, सोनी और आफरीन सहित छात्र छात्रायें मौजूद थे।

अजहरुद्दीन ने इमरान प्रतापगढ़ी से की मुलाकात

अवधनामा ब्यूरो

नई दिल्ली/लखनऊ। तेलंगाना कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं पूर्व भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान मोहम्मद अजहरुद्दीन ने कांग्रेस राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी से उनके दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर मुलाकात की।

इस मुलाकात में मोहम्मद अजहरुद्दीन ने इमरान प्रतापगढ़ी को खास तौर पर इस बात के लिए बहुत बधाई दी कि जब से वो कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन बने हैं तब से कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग हर मोर्चे पर कांग्रेस पार्टी के साथ मजबूती से खड़ा नजर आया है और अल्पसंख्यक विभाग का संगठन भी सारे देश में पहले से कई गुना मजबूत हुआ है।

सूत्रों के हवाले से मिली खबर के अनुसार मोहमद अजहरुद्दीन ने इमरान प्रतापगढ़ी को जल्द ही तेलंगाना आने का न्योता दिया और तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में प्रचार करने के लिए भी आग्रह किया और अवगत कराया कि मौजूदा बीआरएस हुकूमत में आम आदमी झुलस रहा है और आम जनता में इस सरकार की कार्यप्रणाली से बेहद नाराजगी है।

सूत्रों के हवाले से मिली खबर के अनुसार मोहमद अजहरुद्दीन ने इमरान प्रतापगढ़ी को जल्द ही तेलंगाना आने का न्योता दिया और तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में प्रचार करने से कांग्रेस पार्टी की हर स्तर पर मजबूती होगी इस बार के चुनाव में कांग्रेस पार्टी सरकार बनाएगी। पूर्व सांसद मोहमद अजहरुद्दीन ने कांग्रेस नेता इमरान प्रतापगढ़ी से बातचीत के दौरान कहा कि मौजूदा बीआरएस हुकूमत में आम आदमी झुलस रहा है और आम जनता में इस सरकार की कार्यप्रणाली से बेहद नाराजगी है और जिस तरह से कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक में जीत का परचम लहराया है उसी तरह तेलंगाना में भी कांग्रेस की बंपर जीत के साथ सरकार बनेगी।

रक्षाबंधन पर्व पर बहनों ने बढ़ चढ़कर फ्री यात्रा का लाभ लिया

लखनऊ। प्रदेश में रक्षाबन्धन के पर्व पर इस वर्ष कुल 24 लाख 44 हजार 970 महिलाओं ने प्रदेश सरकार की फ्री यात्रा का लाभ उठाया, जबकि विगत वर्ष 22 लाख 32 हजार 322 महिलाओं ने फ्री यात्रा का लाभ लिया था। बहनों को फ्री यात्रा का लाभ देने से परिवहन निगम को इस वर्ष 18.98 करोड़ रूपये का वित्तीय व्यय आया है। प्रदेश सरकार की इस योजना का महिलाओं ने प्रशंसा की और मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। यह जानकारी परिवहन मंत्री ने देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप रक्षाबन्धन के पावन पर्व पर प्रदेश की बहनों को दो दिन की सुरक्षित एवं फ्री यात्रा करायी गयी।